दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 31 | अंक :130
प्रतापगढ़ | गुरूवार , 13 मार्च-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

योगी आदित्यनाथ का बयान

संभल सत्य है, किसी के पूजा स्थल पर जबरन कब्जा करना अस्वीकार्य

लखनऊ,एजेंसियॉ। संभल विवाद को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बड़ा बयान आया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि किसी की आस्था को जबरन छीनना और उसकी मान्यताओं को कुचलना अस्वीकार्य है - खासकर तब जब हम संभल के बारे में सच्चाई जानते हैं। योगी ने दावा किया कि संभल का उल्लेख 5,000 साल पुराने ग्रंथों में मिलता है, जो इस्लाम से भी पहले का है। संभल में श्री हरि विष्णु का मंदिर 1526 में नष्ट कर दिया गया था। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि भगवा मेरी पहचान है, सनातन धर्म की पहचान है और मुझे इस पर गर्व है। एक दिन पूरी दुनिया इसे अपनाएगी। लखनऊ में पांचजन्य और ऑर्गनाइजर द्वारा आयोजित %मंथन-महाकुंभ और उससे आगे% कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने पूजा स्थलों का सम्मान करने और धार्मिक स्थलों के संरक्षण के महत्व पर बल दिया। लोगों को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने इस बात पर जोर दिया कि किसी के लिए भी पूजा स्थल पर जबरन कब्जा करना अस्वीकार्य है। उन्होंने संभल का जिक्र करते हुए कहा, ÷संभल सत्य है। मैं सभी संप्रदायों और धर्मों का सम्मान करता हूं, लेकिन अगर कोई जबरन किसी स्थान पर कब्जा करता है और किसी की आस्था को नष्ट करता है तो यह स्वीकार्य नहीं है। संभल में 68 तीर्थ स्थल थे, और हमने अभी तक केवल 18 की पहचान की है। 56 साल में पहली बार वहां एक शिव मंदिर में जलाभिषेक किया गया।योगी आदित्यनाथ ने गणतंत्र दिवस पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति द्वारा दिए गए बयान का हवाला देते हुए विदेशी आक्रांताओं के महिमामंडन की कड़ी आलोचना की।

उन्होंने कहा, ÷इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने हाल ही में कहा था कि जब उनका डीएनए टेस्ट होगा तो वह भारत का होगा। जो लोग भारत के संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं, उन्हें पहले अपना डीएनए टेस्ट कराना चाहिए। विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन करना बंद करें, क्योंकि जब संभल जैसी सच्चाई सामने आएगी तो कोई मुंह दिखाने लायक नहीं रहेगा।सीएम ने महाकुंभ के महत्व पर भी प्रकाश डाला और इसे सनातन धर्म का सच्चा प्रतिनिधित्व बताया। उन्होंने कहा, ÷महाकुंभ सनातन धर्म के सच्चे सार की एक झलक है। इसने दुनिया को भारत की पहचान का एक दर्शन दिया, दुनिया को दिखाया कि भारत वास्तव में किस लिए खड़ा है÷ %एक भारत श्रेष्ठ भारत%।÷ अपने संबोधन में, मुख्यमंत्री योगी ने महाकुंभ के बारे में कांग्रेस की नकारात्मक टिप्पणियों पर भी कटाक्ष किया। योगी ने कहा, ÷वे हर अच्छी पहल का विरोध करते हैं। आजादी के बाद पहला कुंभ मेला 1954 में आयोजित किया गया था, जब कांग्रेस सत्ता में थी और यह भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और अराजकता से भरा था। 1,000 से अधिक मौतें हुई और उसके बाद हर कुंभ मेले में यही होता रहा। यह एक ऐसा तथ्य है जिसे छिपाया नहीं जा सकता।

संभल जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई की इजाजत

प्रयागराज (आरएनएस)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद की कमेटी को मस्जिद की बाहरी दीवारों पर रंगाई-पुताई करने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने मस्जिद कमेटी की अर्जी को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए यह आदेश दिया कि रंगाई-पुताई सिर्फ मस्जिद की बाहरी दीवारों पर ही की जा सकती है।इसके अलावा, हाईकोर्ट ने कहा कि बाहरी दीवारों पर लाइटिंग भी लगाई जा सकती है, लेकिन यह काम किसी भी ढांचे को नुकसान पहुंचाए बिना किया जाना चाहिए।मस्जिद कमेटी ने यह याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल की थी, जिसमें उन्होंने रंगाई-पुताई कराने की अनुमति मांगी थी।

यूपी में होली के पर्व के दौरान ढकी जाएगी मस्जिदें

● अलर्ट मोड में पुलिस, जुलूस स्थलों पर ड्रोन से निगरानी

लखनऊ, (हि.स.)। होली का त्यौहार और जुमे की नमाज को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। संवेदनशील इलाकों में फोर्स तैनात कर दी गई है और हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। होली पर चलने वाले रंग को देखते हुए मस्जिदों को तिरपाल से ढकने की व्यवस्था की गई है। कुछ जगहों पर ढक दी गई हैं।

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने प्रदेशवासियों से आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की है। साथ ही हुड़दंग करने वालों से सख्ती से निपटने के आदेश पुलिस को दिये हैं।पुलिस महानिदेशक ने अधिकारियों से कहा है कि त्यौहारों के दौरान किसी भी प्रकार की नई परम्परा शुरू करने की इजाजत न दी जाए। जिन जगहों पर होलिका दहन, जुलूस निकलते हैं वहां पर फोर्स तैनात किए जाए।उन्होंने कहा कि होली पर्व शुक्रवार (जुमे) के दिन पड़ने के चलते प्रशासनिक अधिकारी सभी धर्मगुरुओं, आयोजकों के साथ बैठक कर लें। इनकी ओर से त्यौहार से संबंधित बतायी गई सारी समस्याओं का पहले से निस्तारण कर लिया जाए।मिश्रित आबादी के क्षेत्रों के जुलूस के मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरा, ड्रोन कैमरे से नजर रखी जाए। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर विशेष निगरानी रखते हुए उन पर कार्रवाई करें।मस्जिदें ढकी रहेंगी शुक्रवार को होली के पर्व पर रंग खेला जाएगा और इस दिन जुमे की नमाज भी पढ़ी जाएगी। ऐसे में मुस्लिम धर्म गुरुओं ने रंग चलने के दौरान मस्जिदों को ढकने का निर्णय लिया है। प्रदेश के सबसे चर्चा में आने वाला जिला संभल में जामा मस्जिद समेत 10 मस्जिदें ढकी जाएंगी। इसके अलावा शाहजहांपुर में 'लाट साहब' का बहुत बड़ा जुलूस निकलता है। इस दौरान जुलूस के रास्ते में पड़ने वाली 32 मजिस्दों को आपसी सहमति से ढक दिया गया है। ऐसे कई शहरों में किया गया है।

जांच अधिकारी के समक्ष पेश हुए अबू आजमी

बोले- मैं डरा हुआ हूं

मुंबई ,एजेंसियॉ।औरंगजेब के बारे में अपने विवादास्पद बयान को लेकर आज समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आज़मी पुलिस के सामने पेश हुए। पुलिस के सामने पेश होने के बाद अबू आज़मी ने कहा कि बयान दर्ज करने की कोई जरूरत नहीं है, कोई मामला नहीं है। मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। मैंने अग्रिम जमानत ली थी। मुझे जमानत मिल गई है और मुझे 3 दिन के लिए आकर हस्ताक्षर करने होंगे। मैं डरा हुआ हूं, मैंने कुछ नहीं किया फिर भी मामला दर्ज हो गया। मुझे आतंकवादी तक कहा गया, मुझे पूरे सत्र से निलंबित कर दिया गया।

इससे पहले मुंबई की एक अदालत ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी को मुगल बादशाह औरंगजेब की प्रशंसा करने संबंधी टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ दर्ज एक मामले में अग्रिम जमानत दे दी। आजमी ने अर्जी में कहा कि उनकी टिप्पणी किसी व्यक्ति विशेष का अपमान करने या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए नहीं की गई थी, जिसके बाद अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वी जी रघुवंशी ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली। महाराष्ट्र विधानसभा से 26 मार्च तक निलंबित आजमी को राहत देते हुए अदालत ने कुछ शर्तें लगाई

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को एम्स से मिली छुट्टी

नई दिल्ली,(हि.स.)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से छुट्टी मिल गई है। बुधवार को एम्स द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को हृदय संबंधी बीमारियों के कारण 9 मार्च को एम्स में भर्ती कराया गया था।एम्स में चिकित्सा दल द्वारा आवश्यक देखभाल के बाद उनकी स्थिति में संतोषजनक सुधार हुआ और 12 मार्च को उन्हें छुट्टी दे दी

होली पर 1.86 करोड़ पात्र लाभार्थियों को मिली रसाई गैस सब्सिडी

लखनऊ, (हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली पर्व के अवसर पर बुधवार को यहां लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र लाभार्थियों को 1,890 करोड़ रुपये की गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरण की शुरुआत की।

इस अवसर पर प्रदेश के हर जिले में सब्सिडी वितरित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि हम सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आभारी हैं। महिला सशक्तीकरण के लिए इस अभियान को मोदी ने 2016 में शुरू किया। इस अभियान के तहत देश के 10 करोड़ परिवारों को इसका लाभ प्राप्त हुआ। उन्हें फ्री में रसोई गैस कनेक्शन मिले। प्रदेश में लगभग दो करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हुए। हम लोगों ने 2022 के चुनाव में वादा किया था कि फिर से सरकार बनने पर दीपावली और होली पर फ्री में सिलेंडर दिया जाएगा। मुझे प्रसन्नता है कि होली के पहले यह एक उपहार आप सबको मिल रहा है। होली के साथ रमजान भी है। दोनों लोग इसका लाभ पाएंगे।पहले क्या होता था, कनेक्शन ही नहीं मिल पाता था। 20 से 30 हजार रुपये घूस देना पड़ता था। उसके बाद भी रसोई गैस नहीं मिलती थी। पर्व और त्योहारों के समय तो बड़ी किल्लत होती थी। उन्होंने कहा कि माताओं की आंखों को बचाने के लिए इस योजना की बड़ी भूमिका है। बिना किसी भेदभाव के कोई भी इस योजना का लाभ पा सकता है। प्रदेश भर के सभी लाभार्थियों को जिन्हें पैसा भेजा जा रहा है, उन्हें बधाई देता हूं। प्रदेश में 80 हजार राशन कोटे की दुकान है। पहले राशन नहीं मिलता था। अब सबको मिल रहा है।उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि मोदी और योगी की सरकार बनती है तो वह गरीबों की सरकार होती है। जब सपा की सरकार बनती है तो सैफई में बॉलीवुड के कलाकारों को बुलाकर नाच देखते हैं। एक-एक गाड़ी में 10-10 बंदूक वाले घूम रहे थे। अब कोई नहीं घूमता।इस मौके पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

रंगोत्सव पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएँ

सनातन की जय हो

आओ रंग गुलाल लगायें, अपने मन का मलाल मिटायें

जयशंकर शुक्ल (जय भैया)

अध्यक्ष

श्री रामचन्द्र शुक्ल संकल्प ट्रस्ट

दिघिया, माण्डा-मेजा, प्रयागराज

मैं हिंदू हूं, और मुझे बीजेपी से प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं-ममता

कोलकाता, एजेंसियॉ। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र स्थायी है, लेकिन कुर्सी नहीं। कुर्सी का सम्मान करें। आप मुस्लिम विधायकों को बाहर निकालने के बारे में कैसे सोच सकते हैं। वे (बीजेपी) मुसलमानों को निशाना बना रहे हैं क्योंकि यह रोज़ा का महीना है, और उन्हें यह पसंद नहीं है। उन्होंने कहा कि वे सांप्रदायिक बयान देकर देश का ध्यान आर्थिक और व्यापार पतन से भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं एक हिंदू हूं, और मुझे बीजेपी से प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है।दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में हिंदू मंदिरों पर हमलों के खिलाफ भाजपा ने विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। पश्चिम बंगाल के नेता सुवेन्दु अधिकारी ने कहा कि पिछले 4-5 दिनों से बरुईपुर, बशीरहाट में हिंदू मंदिरों और मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है। एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने दावा किया कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत का जश्न मना रहे लोगों पर हमला किया गया। इसके खिलाफ भाजपा विधायक ने विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव लाया, लेकिन उन्हें बोलने तक नहीं दिया गया।

समस्त छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों एवं जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

कन्हैयालाल बसन्तलाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय

(सम्बद्ध मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय मीरजापुर)

मुसफ्फरगंज, मीरजापुर स्थापित वर्ष 1957

(स्नातक) कला संकाय- मध्यकालीन इतिहास, प्राचीन इतिहास, समाज शास्त्र राजनीति शास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, अर्थशास्त्र, दर्शन शास्त्र, मनोविज्ञान शिक्षा शास्त्र, भूगोल, सैन्य विज्ञान, संगीत, शिक्षा शास्त्र, चित्रकला ।

विज्ञान संकाय- बी0एस0सी0 1 बायो- (वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, रसायन विज्ञान / रक्षा अध्ययन (सैन्य विज्ञान)

विज्ञान संकाय- बी0एस0सी0 1 मैथ- (गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान/ रक्षा अध्ययन (सैन्य विज्ञान)

स्नातकोत्तर (एम0ए0) कला संकाय- हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, इतिहास, राजनीति शास्त्र ।

स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम- एम.ए.- समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, प्राचीन इतिहास भूगोल, मनोविज्ञान । एम.एस.सी.- रसायन शास्त्र

शिक्षा संकाय- (बी0एड0)

श्री विशाल कुमार
प्राधिकृत नियंत्रक/
सी.डी.ओ. मीरजापुर

डा0 अशोक कुमार सिंह
प्राचार्य
के.बी.पी.जी. कालेज, मीरजापुर

मुसफ्फरगंज, मीरजापुर

संक्षिप्त खबरें

अराजकतत्वों ने होलिका में लगाई आग लोगों ने की शिकायत

लेड़ियारी (प्रयागराज)। खीरी थाना क्षेत्र के खौरिया गांव में मंगलवार को रात में अराजकतत्वों ने लगाई गई होलिका में आग लगा दिए जाने से लोगों ने शिकायत की। मौके पर पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया। जबकि आरोपी फरार होने में सफल रहा।

गांव के संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि खौरिया गांव में सौ साल से होलिका लगाई जाती है। लोग ढ़ोल मजीरा के साथ दहन के दिन एकत्रित होकर होलिका जलाई जाती है। जबकि आसपास व मुहल्ले के लोग लकड़ी, उपली बड़ा योगदान करके रात में होलिका जलन पर एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर छोटे बड़ों का आशीर्वाद लिया करते हैं। लेकिन गांव के कुछ अराजकतत्वों ने तीन दिन पूर्व दहन किए जाने पर गांव में तनाव व्याप्त है। सूचना पर बुधवार को दोपहर हल्का लेखपाल श्याम नाथ व कानूगों शिव प्रसाद केसरवानी घटनास्थल पर पहुंचे उन्होंने कार्रवाई करने की बात कही।

खीरी उपनिरीक्षक के, के सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे। जबकि अराजक लोग फरार हो गए थे।

प्रेमी - प्रेमिका को ग्रामीणों ने देखा सूचना पर पुलिस पहुंची

लेड़ियारी (प्रयागराज)। किसी ने ही ठीक कहा है कि जब प्रेम परवाना चढ़ जाता है तो कुछ नहीं समझ पाते। यही हाल एक गांव का मंगलवार देर रात का मामला प्रकाश में आया है। प्रेमी - प्रेमिका को ग्रामीणों ने पकड़े जाने पर पुलिस को सूचना दी गई। युगल जोड़ी को पुलिस सहायता केंद्र लेड़ियारी में ले जाया गया।

बताया जाता है कि लेड़ियारी में एक ही कक्षा बारह में पढ़ने वाले छात्र - छात्रा एक ही गांव के रहने वाले हैं। जबकि एक वर्ष में दोनों चोरी छिपे मिलते जुलते रहे। लेकिन मंगलवार को सामाजिक विषय की परीक्षा समाप्त होने पर एक गांव में दोनों संदिग्ध परिस्थितियों में देखें जाने तथा घर में बाहर जाने का मन बना रहे थे कि गांव के ही एक व्यक्ति ने देखा तो उनके स्वजनों को सूचना दी। लेकिन तब तक वहां से फरार होने में सफल रहे।

वही दूसरे दिन लोगों की नजर पड़ने पर पुलिस को सूचना दी। जिससे मौके पर पहुंचकर दोनों को केंद्र पर लाया गया है। दोनों के परिजनों को बुलाया गया है। लेकिन अभी तक पुलिस सहायता केंद्र पर नहीं पहुंचे ।

होली के रंग, त्रिशला के संग, कार्यक्रम आज

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। त्रिशला फाउंडेशन सेरेब्रल पालसी की ओर से कल बृहस्पतिवार को होली के उपलक्ष्य में होली के रंग त्रिशला के संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम त्रिशला फाउंडेशन न्यू एडवांस सेंटर मैदान कर्नलगंज, टैगोर टाउन में सम्पन्न होगा।

उक्त जानकारी देते हुए त्रिशला फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में सेरेब्रल पालसी प्रभावित बच्चे एवं उनके अभिभावक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बृज में खेली जाने वाली फूलों की होली पर कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। बता दें कि त्रिशला फाउंडेशन सेरेब्रल पालसी से प्रभावित बच्चों के लिए एक समर्पित संस्था है। फाउंडेशन इन दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास के साथ-साथ समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए समय-समय पर तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। इसका उद्देश्य बच्चों के अन्दर छुपी प्रतिभा को निखारना होता है।

जंगली जानवर के दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया । स्थानीय थाना क्षेत्र के तुलापुर गांव में बाघ के शक्ल का जंगली जानवर के दिखाई देने पर ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। कुछ लोग जानवर का वीडियो बना कर वायरल भी किया है। इधर जानवर ने एक गौवंश और एक कुत्ते के बच्चे को निशाना भी बनाया। जानकारी होने पर वन विभाग की टीम बुधवार को तुलापुर गांव पहुंची और जंगली जानवर की तलाश शुरू की। लेकिन सफलता नहीं मिली। टीम ने जानवर के पद चिन्हों का नमूना लिया और लोगों से सतर्क रहने को कहा।तुलापुर गांव में मंगलवार की शाम ग्रामीणों ने बाघ की आकृति का एक जंगली जानवर देखा तो दूर से उसका वीडियो बनाया। वायरल वीडियो में बाघ की शक्ल का जंगली जानवर देख ग्रामीण दहशत में आ गए। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुनीषा नंद ने वन विभाग के उच्च अधिकारियों को सूचना दी। वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंचकर जंगली जानवर के पद चिन्ह के फोटोग्राफ्स लिए और तलाशी अभियान चलाया। सहायक वन क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र चौधरी ने बताया कि लोग सतर्कता बरते। जैसे ही जानवर किसी को दिखाई पड़े वे तुरंत सूचित करें।

बतादें कि दो दिन पूर्व उस जंगली जानवर ने श्याम जी मिश्र के गोवंश पर रात्रि लगभग डेढ़ बजे हमला किया जैसे ही गौवंश ने आवाज लगाएगी घर के लोग जाग गए। और मौके पर पहुंचे तों जंगली जानवर भाग खड़ा हुआ। सोमवार की रात्रि संदीप मिश्र के कुत्ते के पिल्ले का सिर खा गया था। तो लोगों ने समझा की भेड़िया हो सकता है किंतु जब वीडियो देखें तो उसे वीडियो में बाघ की शक्ल का जंगली जानवर दिखाई पड़ रहा है। वन विभाग के अधिकारी सत्येन्द्र चौधरी भी आशंका जता रहे हैं किन्तु खुलकर नहीं बोल रहे हैं। बन विभाग की टीम में डिप्टी रेंजर अरविंद कुमार बन दरोगा पन्ना लाल, प्रेमचंद सिंह राजेश कुमार रामचंद्र यादव रहे।

देवालयों से मिलती है ऊर्जा व शांति-योगेश शुक्ल

➪जन कल्याण की साप्ताहिक कुम्भ कलश यात्रा सम्पन्न ➪पांती के सिद्ध हनुमान मंदिर पर जलाभिषेक कर लगाए जयकारे

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने मेजा क्षेत्र के पाती गांव में स्थिति मंगलकारी श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में विहिप जिलाध्यक्ष नित्यानंद उपाध्याय व मेजारोड व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय के साथ जलाभिषेक कर साप्ताहिक कुम्भ कलश यात्रा का समापन किया। उन्होंने कहा कि प्राणी कल्याण का यह संकल्प क्षेत्र के लोगों के सहयोग व समर्पण से सम्पन्न हुआ है। यह यात्रा का प्रथम चरण था, भविष्य में वह इसे व्यापकता देते हुए सनातन के गौरव देवालयों को सांस्कृतिक व आध्यात्मिक का केंद्र बनाने का प्रयास रहेगा।

भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने कहा कि ईश्वर की कृपा और लोगों के आशीर्वाद से अमृत कलश यात्रा का प्रथम चरण पूरा हो गया है। कुम्भ के अवसर पर लिए गए जल से प्रयागराज के प्रमुख सार्वजनिक मंदिरों में अभिषेक करके आज मैं और मेरे साथी, सहयोगी असीम आत्मिक संतोष का अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि

सभी मंदिर हमें ईश्वर के करीब ले जाते हैं, भक्तों को अपने इष्ट देव से जोड़ने में सहायक होते हैं, मनुष्य को आध्यात्मिक ऊर्जा और हमारे मन को शांति प्रदान करते हैं। सदियों से

हमारे मंदिर धार्मिक गतिविधियों के साथ साथ समाज के व्यापक हितों के केंद्र रहे हैं। मंदिरों से ही हमारे सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं उनके विकास का कार्य होता रहा है।हमारे मंदिर हमेशा से सामुदायिक एकत्रीकरण, प्रकृति संरक्षण तथा आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ शिक्षा , ज्ञान , स्वास्थ्य एवं संगीत कला के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं।

इस अवसर पर समाजसेवी सिद्धांत तिवारी ,जय शंकर पाण्डेय, हेमंत दुबे, हीरा लाल दुबे, राम जी तिवारी, विशाल सिंह पटेल, शिवम् शुक्ल, विनय शुक्ल, सत्येंद्र त्रिपाठी, जगत नारायण पांडेय, राम प्रताप पाण्डेय, अवनीश मिश्र, पुनीत उपाध्याय, शिव उपाध्याय,सुरेन्द्र तिवारी, अवस्थी जी, सर्वेश मिश्रा, रजनीश मिश्रा, राजन मिश्रा, महेश तिवारी,शमी शुक्ल, रमा शंकर निषाद, रघुनंदन गुप्ता, शेष मणि शुक्ल सहित कई लोग मौजूद रहे।

दीदी, ये सोमरस का गीत है, जिसमें प्रेम की मदिरा है-केशरी

रचनाकारों का रंग, हरिवंश राय बच्चन ने ऐसे आयोजनों में कई बार फाग सुनाकर बटोरी वाहवाही

लेड़ियारी (प्रयागराज)

प्रयागराज के संगम नगरी में एक दौर था जब साहित्यकारों की होली देश के साहित्य जगत में सुर्खियों बनती थी । यह निराली होली होती थी । कवयित्री महादेवी वर्मा के अशोक नगर स्थित निवास पर अपने समय के नामचीन रचनाधर्मी इस उत्सव में शामिल होते थे । हरिवंश राय बच्चन ने ऐसे ही आयोजनों में कई बार फाग सुनाकर वाहवाही बटोरते रहे । रंग बरसे भीगे चुनर वाली रंग बरसे , और होली खेले रघुबीरा अवध में जैसा फाग उनके मुंह से यहां पहुंचने वाले साहित्यकारों ने बहुत पहले ही सुन लिया था । इन गीतों पर सुमित्रानंदन पंत जैसे साहित्यकार तो थिरकते भी थे । अब सब यादें भर है । रचनाधर्मियों की ऐसी होली नहीं होती ।

1981 में सिलसिला और फिर 2003 में रिलीज हुई फिल्म ,बागवान , के जरिए अमिताभ बच्चन की आवाज में फाग गीत रंग , बरसे भीगे चुनर वाली रंग बरसे तथा होली खेले रघुवीरा अवध लोकप्रियता के चरम पर जा पहुंचा । शायद ही आज कोई होली इन गीतों के बिना होती हो । वैसे तो अवध के गांवों में यह फाग सदियों से गाया जाता था । लेकिन बॉलीवुड ने इसे लोगों की जुबां पर चढ़ा दिया । महादेवी के निवास पर सूर्यकांत त्रिपाठी निराला , सुमित्रानंदन पंत , इलाचंद्र जोशी , अमृत राय , धर्मवीर भारती , जगदीश गुप्त जैसे रचनाकार जुटते थे । ढोल और मजीरे की थाप पर हरबंश राय बच्चन जब सुर लहरी बिखेरते थे तो सुमित्रानंदन पंत सहित अन्य रचनाकार थिरकने लगते थे । कोई अपने आपको नहीं रोक पाता था । छायावाद की प्रमुख स्तंभ महादेवी वर्मा बतौर प्रयाग महिला विद्यापीठ की प्रधानाचार्य काफी समय तक परिसर में बने आवास में रही । यहां वह होली पर शिक्षिकाओं और छात्राओं को अपने हाथ में गुझिया , पापड़ बनाकर खिलाने के बाद अबीर - गुलाल लगाकर आशीष देती थी । अशोक नगर स्थित मकान में उनके 1957 में आने के बाद तो होली पर साहित्यिक कुंभ सरीखा आयोजन होने लगा था ।यह क्रम 1987 तक जारी रहा । महादेवी से आत्मीय जुड़ाव रखने वाले और उनकी होली का हिस्सा रहे । प्रख्यात कवि यश मालवीय बताते थे कि दिल्ली जाने के बाद भी कई बार बच्चन होली पर महादेवी वर्मा के घर आए थे । रंग बरसे भीगे चुनर वाली आज बिरज में होली मेरे रसिया , रंग डालूंगी जैसे गीत संग मधुशाला के छंद भी सुनाते थे । एक बार महादेवी वर्मा ने उनसे कहा तुम ये दारू के प्रचार का गीत न सुनाया करो । उनकी बात सुनकर बच्चन ने हंसते हुए कहा कि दीदी, ये सोमरस का गीत है । इसमें प्रेम की मदिरा है । यह सुन महादेवी ठहाका लगाकर हंस पड़ी थी ।

ससुर और देवर ने महिला को मारपीट कर घर से भगाया

फाफामऊ। थाना क्षेत्र के गोहरी गांव में बुधवार को एक विधवा महिला को जमीन के बंटवारे के विवाद को लेकर महिला के ससुर और उसके देवर ने महिला की जमकर पिटाई किया और उसे घर से भगा दिया। मारपीट में घायल महिला ने अपने ससुर और देवर के खिलाफ फाफामऊ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। गोहरी की सुनीता देवी का आरोप है कि उसके पति की चार साल पहले मौत हो गई जिस पर उसके ससुर और देवर ने उसके हिस्से की भी जमीन बेच डाला। अब वह जिस मकान में रह रह थी उसमें से भी मारपीट कर भगा दिया। पुलिस ने सुनीता की तहरीर पर ससुर राम लखन, देवर रामदेव, सरिता देवी, शैल कुमारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

स्कूल में हुआ होलिकोत्सव का आयोजन

नैनी(प्रयागराज)। मुखिया नगर ,अरैल नैनी स्थित बी.एल एकेडमी डे बोर्डिंग स्कूल में होली -उत्सव भव्य तरीके से मनाया गया ,जिसमें शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर - गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी ,।कार्यक्रम के दौरान हास्य कविता एवं हंसी ठिठोली ने माहौल को खुशनुमा एवं आनंदमय बना दिया। विद्यालय की प्रिंसिपल शालिनी त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों और शिक्षकों को एक दूसरे के साथ मिलकर त्योहारों की खुशियों को बांटने का अवसर प्रदान करता है ,छात्रों और शिक्षकों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा रंग बिरंगी होली आप लोगों के जीवन को खुशियों से सराबोर कर दे।

इस अवसर पर राघवेंद्र अमित , मिथिलेश, राजकुमार , संध्या, मनु ,प्रतिमा ,श्वेता ,रमा प्रतिभा, जान्हवी ,खुशी, नमिता, शताक्षी, आयुषी ,हिमांशी ,पायल यशस्वी, हलीमा, प्रीति ,रेखा ,राखी ,दरक्षा, अवनीश ,माधवेंद्र ,पुष्पेंद्र, यशार्थ, आकाश, पूजा ,अनीता ,अलका, शोभा,सीमा, रोशनी ,सुरेखा, सौम्या सहित कई शिक्षक,शिक्षिका और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जनसमस्याओं को लेकर नागरिकों की बैठक सम्पन्न

नैनी(प्रयागराज)। नैनी विकास परिषद के तत्वावधान में क्षेत्रीय सम्भ्रांत नागरिको की बैठक अवन्तिका कालोनी नैनी में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ट समाजसेवी डी के सिंह एवं संचालन रवि करन सिंह तोमर ने किया। बैठक में क्षेत्रीय समस्याओं एवं गृहकर निर्धारण में व्याप्त विसंगतियों को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया।

परिषद के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि जब नगर निगम द्वारा नैनी के विस्तारित क्षेत्र अवंतिका कालोनी के भवन स्वामियों को त्रुटिपूर्ण नोटिसे भेजी गई तो लोगों ने शिकायते दर्ज कराने के साथ ही महापौर सहित उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया था। वहीं मुख्य कर अधिकारी ने पूर्ण आश्वासन दिया था कि बिना गलतियों को ठीक कराये बिल जमा नहीं किया जायेगा।

परन्तु बिना कोई सुधार किये पुनः त्रुटिपूर्ण बिल भेजा जा रहा है।

अवन्तिका विकास समिति के महामंत्री अखिलेश सिंह ने आरोप लगाया कि कालोनी में नाली, सड़क, सफाई एवं गलियों की व्यवस्थाएं ध्वस्त है फिर भी बिना किसी सूचना के नगर निगम द्वारा कैम्प लगाकर गृहकर वसूली का दबाव बनाया जा रहा है जो उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री तथा महापौर को पत्र भेजकर विस्तारित क्षेत्रों में गृहकर निर्धारण वर्ष की सीमा बढ़ाने तथा समुचित विकास करने के बाद ही गृहकर वसूली किये जाने की मांग की गई है।

बैठक में सर्वश्री रणबीर प्रताप सिंह, रितेश चौहान, पुन्य प्रताप सिंह, सुशील कुमार, रवि कुमार, रामेश्वर प्रताप सिंह, दिलीप सिंह, आनंद सिंह आदि ने भी विचार व्यक्त किये।

सौहार्दपूर्ण मनाए होली का त्यौहार-एसीपी कौंधियारा

कौंधियारा (प्रयागराज)। होली, रमजान को लेकर बुधवार को दोपहर कौंधियारा थाना के जारी चौकी परिसर में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एसीपी कौंधियारा विवेक यादव , थाना प्रभारी कुलदीप शर्मा ,जारी चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह चौहान जारी क्षेत्र के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे। बैठक में एसीपी विवेक यादव ने कहा की सभी लोग सौहार्दपूर्ण त्यौहार मनाएं। सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की पूरी नजर बनी हुई है। माहौल खराब करने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। एसीपी कौंधियारा ने थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारी से होली दहन के जगहों

पर जाकर निरीक्षण के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप व्यापार मंडल यमुनापार प्रभारी जितेंद्र केसरवानी (बबलू) ,रंजीत गुप्ता , अनीश केसरवानी , शिव भोला बिंद , पिंटू मिश्रा , विनोद शुक्ला आशीष पाल , अनुराग पांडे ,राम बाबू प्रजापति , रोहन केसरवानी , शिवम वर्मा , गोलू गुप्ता समेत पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

तराबी मुकम्मल कराई गई

करछना (प्रयागराज)। हल्दी कला मस्जिद में 11 रोज को तरबी मुकम्मल किया गया तरबी मुकम्मल करने के लिए फखरुद्दीन हाफिज ने हल्दी कला के मस्जिद में तरबी मुकम्मल कराया।

इस मौके पर काफी लोगों ने एकत्र होकर तराबी पढ़ा तराबी मुकम्मल होने के बाद देश में अमन चैन के लिए दुआ मांगा गया और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की गई। आपसी सौहार्द न बिगड़ने पाए और देश के तरक्की के लिए भी दुआ मांगा गया। उक्त मस्जिद में एक दूसरे को गले लगा कर तराबी मुकम्मल होने पर खुशी जाहिर की और टाबर रुक बाटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।

आपसी सौहार्द और भाईचारा के साथ मनाए त्योहार-पयासी

कोरांव(प्रयागराज)। अपना भारत देश विभिन्न धर्मों विभिन्न मान्यताओं को मानने वाला देश है यहां हर धर्म जाती पंथ विचारधारा के लोग सभी धर्मों के लोग खुशी खुशी रहते हैं और एक दूसरे को भाई मानकर जीवन जीते हैं स्थानीय सपा नेता चर्चित समाजसेवी कोराव प्रमोद मिश्र पयासी ने कहा की हम सब को सभी त्योहार मिल जुलकर आपसी सौहार्द व भाई चारे के साथ सद्भावना पूर्वक मनाना चाहिए जिससे भाई चारा और आपस में प्रेम बना रहे प्रमोद पयासी ने सभी धर्मो

के लोगों से अपील की है हम अपनी होली मना ले और अपनी नमाज़ अदा कर रमजान मना लो कहीं कोई भी इसमे दरार नहीं आनी चाहिए सबसे अपील की कहीं कोई बात विवाद ना उत्पन्न करते हुए शांति सद्भभावना सौहार्दपूर्ण भाई चारे से त्योहार मनाने की अपील करते हुए हर धर्म के त्योहार को मनाए और एक दूसरे की खुशियो मे शामिल हो और बधाई शुभकामनाये दे।

गोपाल विद्यालय में बच्चों ने गुलाल से खेली होली

कोरांव(प्रयागराज)। गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज अंग्रेजी माध्यम कोरांव प्रयागराज में गृह परीक्षा के उपरांत विद्यालय में अबीर गुलाल के साथ छात्र-छात्राओं अध्यापक अध्यापिकाओं द्वारा होली मनाई गई। छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं ने अध्यापक अध्यापिकाओं के साथ अबीर गुलाल उड़ाए गए। विद्यालय के विभागाध्यक्ष बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं एवं अध्यापक अध्यापिकाओं को होली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

गोविंद मिश्रा ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को बताया कि होली का पर्व आप सभी के लिए खुशियों भरा हो और आप स्वस्थ रहें, आपसी

सौहार्द बनाएं रखें। उन्होंने बताया कि होली पर केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग न करें और बदलते मौसम को देखते हुए अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सजग एवं सतर्क रहें। उक्त कार्यक्रम में कृष्ण भान, नीरज सोनी, अशोक यादव, अशोक पांडेय, बालमुकुंद मिश्र, सुरेन्द्र पाल, निखिल श्रीवास्तव, अरविन्द श्रीवास्तव, विवेक उपाध्याय, पवन त्रिपाठी, आदर्श मिश्रा, धर्मशीला, सुनीता सिंह, रेखा कुशवाहा, रुचि शुक्ला, रानी सिंह, कविता सिंह, रेखा चंद्रौल, सीमा के अलावा विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिका उपस्थित रहे।

आरोप- पांच हजार में दलित बालिका की आबरू का सौदा.....!

● शिकायत पर भाई का चालान, मामला थाना पश्चिम शरीरा का
● पुलिस अधीक्षक से शिकायत, कार्यवाही का आदेश

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। दलित बालिका से वर्ग विशेष के लोगों ने दलित बेटी के साथ दुष्कर्म किया। मामला जब इलाकाई पुलिस के पास पहुंचा तो उसने आरोपियों के ऊपर कार्रवाई के जगह पांच हजार रुपए में बेटी के आबरू का सौदा करने के लिए मां पर दबाव डाला। जब मां ने इनकार किया तो पीड़िता के भाई का ही पुलिस ने चालान कर दिया। बुधवार को जिला मुख्यालय पहुंची पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले में शिकायत किया तो मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई के आदेश दे दिए हैं।

अपने शिकायती पत्र में पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने आरोप लगाते हुए बताया कि 08 मार्च 2025 दिन शनिवार शाम लगभग 6 से 7 बजे के बीच गांव के ही रहने वाले दो युवक मेरे घर में घुस आए और मेरी नाबालिक पुत्री निशा के साथ छेड़खानी करते हुए अश्लील शब्दों का प्रयोग करने लगे। आवाज सुनकर जब वहां पहुंची यह दोनों उसकी बेटी के साथ गलत काम करने का प्रयास कर रहे थे। मेरे विरोध करने पर इन्होंने मुझे व बेटी को मारपीट कर वहां से भाग गए। इसकी शिकायत मैंने अपने बेटे से किया तो मेरा बेटा अजय और जेठ उनके घर शिकायत करने गए। जब यह लोग युवक की दुकान पर पहुंचे और इन लोगों करतूत बताई तो यह उल्टा मेरे बेटे और जेठ के साथ ही झगड़ा करने लगे। युवक ने आवाज देकर बुलाया तो वहां पर कुछ लोग उनके घर की तीन औरतें भी मौके पर आ गई। इन लोगों ने मेरे बेटे वह जेठ को मारने पीटने लगे और गाली दीं। पीड़िता ने बताया कि उसने लिखित तहरीर थाना पुलिस को दिया था लेकिन पुलिस ने पहले तो उसे पर दबाव डाला कि वह पैसे लेकर पूरे मामले पर सुला कर दे। जब वह नहीं मानी तो उसके बेटे को ही रात भर थाने में रखने के बाद देर शाम उसका चालान कर दिया गया। पिता ने बताया कि अब उसके परिवार के ऊपर कभी भी जानलेवा हमला हो सकता है। थाना अध्यक्ष आरोपियों के पक्ष में खड़े होकर लड़ाई लड़ते हुए दिख रहे हैं। क्षेत्र के संवेदनशील गांव में इस तरह के मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने मामले में तत्काल कार्रवाई के आदेश दे दिए हैं।

रोडवेज बस से टकराया ट्रक ,दो यात्री चोटहिल

सिराथू, (कौशाम्बी)। सैनी कोतवाली के स्थानीय चौराहे पर फ्लाईओवर के सामने सर्विस लेन में मंगलवार की रात लीडर रोड डिपो की बस अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई जिसमें बस का गेट क्षतिग्रस्त होने के साथ दो यात्री चोटहिल हो गए। जबकि बस में बैठे अन्य लोग बाल बाल बच गए है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए कछुआ स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। बताया जाता है कि लीडर रोड की बस मंगलवार की देर रात प्रयागराज से कानपुर जा रही थी, करीब साढे दस बजे सैनी चौराहे पर देवीगंज की ओर से आ रहा ट्रक नेशनल हाईवे के ओवरफ्लाई सर्विस लेन पर बस से टकरा गया। हादसे में बस का गेट क्षतिग्रस्त हो गया और गेट के पास बैठे सैदपुर पचमई निवासी शिवनंदन पुत्र बहाती व हरदोई जनपद निवासी सलोनी पुत्री लाल सिंह जख्मी हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

सड़क की पटरियों पर बालू पड़े रहने से कभी भी हो सकता है हादसा

लोकमित्र ब्यूरो

बेनीराम कटरा, (कौशाम्बी)। बेनीराम कटरा चौराहे के आसपास सड़क की पटरियो पर बालू पडे रहने से दो पहिया वाहन जरा सी असावधानी पर फिसल कर गिरना आम बात रहता है। बताया जाता है कि इन दिनों नेवादा विकास खंड के आसपास बाजारो एवं चौराहों के नजदीक सड़क की पटारियो पर बालू पडे रहने एवं फैल जाने से अक्सर दो पहिया वाहन जरा सी असावधानी पर फिसल कर गिर जाया किया करते हैं तथा वही चोटिहल होने से बाज नही आतें हैं। वहीं प्रमुख से ये नजारा बेनी राम कटरा चौराहे के प्रमुख मार्ग जनपद के मुख्यालय रोड पर बुधवार दोपहर पत्रकार संतोष कुमार अपनी जीविकोपार्जन हेतु अपने दो पहिया वाहन जा रहे थे कि वही बिना नंबर के बालू लदे डंफर देख सड़क से जैसे ही पटरी पर अपने दो पहिया वाहन को उतारा कि वाहन फिसल गए वही मौके पर बेनीराम कटरा पुलिस चौकी से संबंधित दो पुलिस कर्मियों ने पहुँच कर उठाया तथा इसी तरह बालू व गिटटी के ढेर करन चौराहे के नजदीक सड़क पर पडे रहने से दुर्घटना को दावत दे रहे हैं, तथा इस ओर से संबंधित विभाग के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार जख्मी

सिराथू, (कौशाम्बी)। पइंसा थाना के समीप अफजलपुरवारी व पइसा मार्ग पर राशन लदे ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया हादसे में बाइक सवार गिरकर जख्मी हो गया। आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

बताया जाता है कि फ्तेहपुर जनपद के धाता थाना के जाम निवासी अजय विश्वकर्मा पुत्र मेवालाल विश्वकर्मा बुधवार की सुबह बाइक से घर लौट रहा था बाइक सवार जैसे ही पईसा थाना के नजदीक पहुंचा तभी अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया हादसे में बाइक सवार अजय जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने हादसा देखा तो पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।

श्यामलाल मौर्य कौशाम्बी पब्लिक स्कूल में बच्चों ने खेली होली

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, (कौशाम्बी)। होली से पहले अंतिम कार्य दिवस पर बुधवार को स्कूलों में रंगोत्सव होली धूमधाम के साथ मनाया गया। शिक्षकों ने छात्रों को होली के त्योहार और जीवन में रंगों के महत्व के बारे में बताया। वहीं बच्चों ने अबीर गुलाल लगाकर शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

कामधेनु ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के निदेशक योगेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में चल रहे सिराथू कस्बे में स्थित श्यामलाल मौर्य कौशांबी पब्लिक स्कूल में बुधवार को विद्यालय के बच्चों ने होली का पर्व मनाया, बच्चों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली खेली। स्कूल की प्रधानाचार्या शबा सिद्दकी ने बताया कि बच्चों ने भी होली पर विशेष टी शर्ट पहनकर इस रंगोत्सव में शामिल होकर होली उत्सव में अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी। होली पर्व बुराई पर अच्छाई का संदेश देता है । विद्यालय के प्रबंधक ऋषि कुशवाहा ने विद्यालय के बच्चों व शिक्षकों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली रंगों का त्यौहार है हर रंग हमें एक नई प्रेरणा देता है , हम सबको आपसी गिले शिकवे दूर कर होली मानना चाहिए।

जानकीपुर में शिक्षिका ने बच्चों संग खेली होली

शहजादपुर, (कौशाम्बी)। सिराथू के जानकीपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को होली का त्योहार मनाया गया। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिका शालिनी सिंह ने बच्चों को होली आर्ट और होली झालर बनाना सिखाया। इस दौरान शिक्षिका शालिनी सिंह ने होली के महत्व को बताते हुए कहा कि होली रंगों का तथा हँसी-खुशी का त्योहार है। और हिरण्यकश्यप और प्रहलाद का प्रसंग भी बच्चों को सुनाया गया। तत्पश्चात झाँकी प्रस्तुत की गई और बच्चों ने एक -दूसरे को रंग लाकर अपनी होली मनाते हुए नृत्य भी किया।

सावधान-मिलावटी रंग होली में डाल सकते है खलल

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। होली के दिन दिल खिल जाते हैं. रंगों में रंग मिल जाते हैं...मस्ती, धमाल और उल्लास के पर्व होली का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। हुड़दंग का असली आनंद तो रंगों से ही है, पर जरा ठहरिए खुशियों के रंगों से सराबोर करने वाली होली पर रंग खलल डाल सकते हैं। बाजार में मिलावट वाले रंग भी तेजी से बिक रहे हैं। इनसे त्वचा, आंख व बालों तक को नुकसान हो सकता है। जरूरी है कि रंग पर्व पर खुद ही सावधानी बरती जाए। वरना धड़ल्ले से बिक रहे ये मिलावट वाले रंग बड़ी मुसीबत खड़ी करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। होली को लेकर बाजारों में रौनक है। पर्व में मस्ती करने के लिए लोग पहले से ही खरीदारी में जुटे हैं। बाजार में दर्जनों किस्म के रंग-गुलाल और स्प्रे मौजूद है। हालांकि, इस बार हर्बल कलर की भी बाजार में भरमार है। ऐसे में लोगों को केमिकल मुक्त रंगों से परहेज करने की जरूरत है, क्योंकि रंगों का केमिकल खुशियों में खलल डाल सकता है। पिछले वर्ष के मुकाबले इस बार होली में खरीदारों की ज्यादा भीड़ है। मांग और खरीदारी के बीच मिलावटी रंग भी खूब बेचा जा रहा है। बाजार में तरह-तरह की क्वालिटी वाले रंगों की कीमत भी अलग-अलग है।

त्योहारी जश्न मानने को आतुर लोग भी यह भूल रहे हैं कि रंगों में मिलावट व्यापक स्तर पर हो रही है। मिलावटी रंग का धंधा फल-फूल रहा है। मिलावट में ऐसी कारीगरी की विशेषज्ञ भी चकमा खा जाए। हर्बल रंगों के आड़ में केमिकल रंगों की बिक्री नई बात नहीं हैं। जानकारों के अनुसार, होली पर रंगों को चटख बनाने के लिए खतरनाक केमिकल का इस्तेमाल हो रहा है जो बाजार में खुलेआम बिक रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि रंगों के खतरनाक केमिकल से त्वचा, आंख, किडनी, लिवर और फेफड़े में इंफेक्शन का खतरा रहता है। ये कहीं खुशियों को बदरंग न कर दें। स्किन और आंख रंगों के केमिकल से सबसे ज्यादा प्रभावित होती है।

कौशांबी के मजदूर की झारखंड में ईंट भट्ठा पर मौत, कोहराम

चायल, (कौशाम्बी)। चरवा थानाक्षेत्र के बाबा तारा मोहल्ला का एक युवक झारखंड में एक ईंट भट्ठा पर रह कर मजदूरी करता था। मंगलवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। साथ रहे मजदूर उसका शव लेकर गांव पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।चरवा के बाबा तारा मोहल्ला निवासी रामबाबू पुत्र धर्मराज ने बताया कि उसके पिता 42 वर्षीय धर्मराज झारखंड में एक ईंट भट्ठा पर काम करते थे। मंगलवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी जब परिजनों को फोन के माध्यम से हुई तो कोहराम मच गया। मोहल्ले के ही तीन लोग मृतक का शव लेकर गांव पहुंचे। शव देख कर परिजनों को कोहराम मच गया। बेटे के मुताबिक उनके पिता के बदन में चोट के निशान भी मिले हैं। इस संबंध में इंस्पेक्टर शिव चरन राम का कहना है कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

खरौना में हर्षोल्लास के साथ मनाया शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। खरौना में स्थित प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को स्कूल परिसर में शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में मां सरस्वती की पूजा व वंदना के बाद बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत कर सभी को टाली बजाने पर मजबूर कर दिया। अंत में प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार ने सभी बच्चों को होली की शुभकामनाएं देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को स्टेशनरी देकर पुरस्कृत किया। बच्चों ने जाते जाते होली का भी लुत्फ नृत्य करते हुए एक दूसरे की अबीर गुलाल लगाकर उठाया। सभी बच्चों को मिष्ठान्न व विशेष पकवान के अंतर्गत खीर का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान योगेन्द्र त्रिपाठी, क्षेत्र पंचायत सदस्य गंगा प्रसाद सरोज, यू पी एस खरौना के प्रधानाध्यापक कौशलेंद्र सिंह सहित स्कूल के संकुल शिक्षक अंकित श्रीवास्तव, रवि शंकर दुबे, आकांक्षा पांडे व कल्पना देवी उपस्थित रही।

चरवा थाना अन्तर्गत हुई हत्या के वांछित को किया गया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। 10 मार्च, 2025 को समय लगभग 09:50 बजे रात्रि में सत्यजीत निवासी ग्राम काजू, थाना चरवा द्वारा सूचना दी गई कि उसके गांव के ही शनी व श्रवण तथा शांति देवी अपनी पुत्री से वादी उपरोक्त के भाई कल्लू उर्फ सर्वजीत का सम्बन्ध बताकर रात्रि करीब 9 बजे कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिस पर थाना चरवा पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर जाकर गंभीर रूप से घायल कल्लू उर्फ सर्वजीत तथा उसकी मां संगीता को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान दोनों घायलों की मृत्यु हो गई। इस सम्बन्ध में थाना चरवा पर अभियोग पंजीकृत किया गया। उच्चाधिकारियों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा तत्काल टीमों का गठन करते हुये आरोपी की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। इस क्रम में आज थाना चरवा पुलिस प्रभारी निरीक्षक शिवचरन राम मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित श्रवण कुमार निवासी ग्राम काजू थाना चरवा को ग्राम काजू सरकारी ट्यूबवेल के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से आला कत्ल 01 अदद कुल्हाड़ी बरामद किया गया।

वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस उपनिरीक्षक लोकेश कुमार शर्मामय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी राजू निवासी रामसहायपुर थाना मो0पुर पइन्सा को गिरफ्तार किया गया।

25,000 रूपए के इनामिया अन्तर्जनपदीय वांछित को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ किया गया गिरफ्तार

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गस्त चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना संदीपनघाट व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा वांछित सुनील गौड़ निवासी छोटकी सिरिया थाना बांसडीह हालपता नैनी मढ़ोका रोड़ थाना नैनी को चोरी की 01 अदद मोटर साइकिल हीरो स्पेलेण्डर व 5120 रूपए नगद के साथ इमामगंज के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना संदीपनघाट पर अभियोग पंजीकृत किया गया। आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है जिसके विरूद्ध प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कुल 50 से अधिक अभियोग पंजीकृत है। चोरी गये टावर के उपकरण के बारे में पूछने पर आरोपी द्वारा बताया गया कि मैने अपने 03 अन्य साथियों के साथ मिलकर जनवरी महीने मे इसी क्षेत्र से टावर से बैट्री चोरी किया था, पिछले वर्ष जून महीने मे भी इसी क्षेत्र में एक टावर से सम्बन्धित उपकरण चोरी किया था तथा जून महीने में ही थाना पिपरी क्षेत्र अन्तर्गत तिल्हापुर मोड़से भी एक ही रात्रि में दो टावरों से बैट्री चोरी किया था। इन सभी टावरों में चोरी किए गये उपकरण व बैट्री अपने साथी,जो मध्य प्रदेश में कबाड़ की दुकान चलाता है उसी के माध्यम से बेंच दिया थाजो पैसे मेरे पासहै वह इन्ही सब चोरी के बेचे गये समान से मुझे मेरे हिस्से मे मिले थे, शेष रूपये खर्च हो गये।

हादसे में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत, कोहराम

लोकमित्र ब्यूरो

चरवा, (कौशाम्बी)। चरवा थानाक्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में एक सप्ताह पूर्व हादसे में घायल हुये अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई। अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। उन्होंने पुलिस को सूचना दिये बगैर शव का दाह संस्कार कर दिया।

बलीपुर टाटा गांव निवासी जितेंद्र कुमार ने बताया कि उसका पिता लवकुश सरोज (55) पुत्र परसू सरोज एक सप्ताह पूर्व छत से नीचे उतर रहा था। इसी दौरान सीढ़ी पर पैर फिसलने के कारण वह सिर के बल जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देखकर परिजनों की होश उड़ गए। उन्होंने घायल को इलाज के लिए पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बुधवार की सुबह उसकी मौत हो गई। अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। उन्होंने बिना पोस्टमार्टम कराये शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

अभय के दम पर क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ फाइनल में

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, (कौशाम्बी)। क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ ने रिजवी कप के लिए आयोजित 15वीं आबिश एवं शाकिब रिजवी स्मारक ऑल इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल मैच में हरियाणा क्रिकेट अकादमी को तीन विकेट से हराकर प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले में जगह बनाई हैं, जहाँ उसका मुकाबला गुरुवार को मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन से खेला जाएगा। विजेता टीम के अभय द्विवेदी के नाबाद बहुमुखी पारी (83 रन, 51 गेंद, छह चौके, चार छक्के) खेल अपनी टीम को फाइनल में पहुँचाया।

बुधवार को करारी स्थित रिजवी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हरियाणा क्रिकेट अकादमी के मयंक शांडिल्य के नाबाद शतक 105 रन, 113 गेंद, चार चौके, तीन छक्के व शुभम लाम्बा 30, विनय कुमार, 29, सामंत जाखड़ 25, के बदौलत टीम 40 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 281 रन बनाए। क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ के गेंदबाज कृतज्ञ सिंह के दो और कुलदीप चौहान, अभय द्विवेदी, आदित्य सिंह, सार्थक दीक्षित और आसिफ अली को एक - एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उत्तरी लखनऊ की टीम के अभय द्विवेदी के नाबाद 83, प्रशांत पाण्डेय 67 और कृतज्ञ सिंह के 45 रनों के दम पर 39.2 ओवर में सात विकेट पर 282 रन का लक्ष्य को हासिल कर लिया। हरियाणा के गेंदबाज मयंक शांडिल्य के तीन, विवेक कुमार दो, और शुभम लम्बा व कबीर बिश्नोई को एक - एक सफलता मिली। मैच के बाद उत्तरप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के डायरेक्टर व संयुक्त सचिव प्रिंस रियासत अली ने अभय द्विवेदी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में आसिफ रजा व विभोर दुबे ने अंपायरिंग और अनूप कुमार शर्मा व प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की। प्रतियोगिता में गुरुवार को मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन व क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ के बीच खिताबी मुकाबला प्रातः नौ बजे से खेला जाएगा।

पुरानी रंजिश में हुई मारपीट के मामले में कोर्ट के आदेश पर तीन पर मुकदमा

सिराथू, (कौशाम्बी)। सैनी कोतवाली के एक गांव में पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने पीड़ित के साथ मारपीट जख्मी कर दिया और जातिसूचक शब्दों व धमकी देकर फरार हो गए , पीड़ित ने कार्यवाही हेतु पुलिस से गुहार लगाई लेकिन सुनवाई न होने पर न्यायालय की शरण में गया, न्यायालय के आदेश पर सैनी पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।सैनी कोतवाली के परास का मजरा मोगरी निवासी सोहन पुत्र स्व राम भरोसे ने बताया कि लगभग पांच माह पहले तीन नवंबर की शाम वह अजुहा कस्बे से वापस घर लौट रहा था , जैसे ही वह लोहदा गांव के नजदीक पहुंचा तभी पुरानी रंजिश के चलते गांव के तीन दबंगों ने उसे रोक लिया और गाली गलौच करते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी देने लगे । जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई , जिसके बाद सोहन न्यायालय की शरण में गया। न्यायालय के आदेश पर सैनी पुलिस ने बुधवार को गांव के रवि पांडेय , भोला पांडेय व मो उबैद के विरुद्ध मारपीट , जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

नगर भी अपना है, नगर की सड़कें भी अपनी है,भरवारी के जाम के चलते सवा घंटे खुला रहा

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, (कौशाम्बी)। सड़क पर वाहन चले न चले अपनी दुकानें चलनी चाहिए, पैदल यात्रियों के लिए बने फुटपाथ पर भी अतिक्रमणकारियों का ही कब्जा है। बुधवार की शाम 5.30 बजे रेलवे फाटक बंद हुआ तो सवा घंटे बाद 6.35 बजे ही खुला तो लगातार सवा घंटे तक वाहनों का काफिला निकलता रहा जिससे कस्बे में घंटों जाम लगा रहा स पैदल यात्री फुटपाथ की जगह भीड़ भरे सड़क पर चलते हैं और दुर्घटना का शिकार होते है। जाम में पैदल यात्री भी फंसते हैं। आप भरवारी नगर कस्बे की जिस सड़क पर चले जाए आपको जाम की समस्या का सामना करना पड़ेगा है। इन दिनों होली पर्व को लेकर एक ओर जहां बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ने लगी है। वहीं स्थाई दुकानों के अलावे अस्थाई दुकानों की भी सड़क किनारे भरमार लग गई है। छोटे-छोटे दुकान तो दूर की बात रही बड़े-बड़े मॉल व प्रतिष्ठान के पास भी पार्किंग की जगह नहीं है। नतीजा है कि लोग सड़क पर वाहन पार्किंग कर देते। बेचारी सड़क एक साथ कई दंश झेलने को विवश है। अतिक्रमण, ठेला व अन्य अस्थाई दुकान के साथ यह वाहन पार्किंग स्थल भी बना हुआ है। ऐसे में इस पर वाहनों का जाम में फंसना तो लाजमी है। कस्बे के अतिक्रमणकारियों के आगे शायद प्रशासन विवश है। प्रशासन के बार-

बार प्रयास के बाद भी शहर की सड़कों से अतिक्रमण नहीं हट रहा है। प्रत्येक वर्ष दो से तीन बार प्रशासन अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अभियान चलाता है। पूरे ताम झाम से चलाए गए अभियान का हर बार नतीजा सिफर रहता है। कई बार जेसीबी का भी प्रयोग हुआ। अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस मिली लेकिन ठीक उसी तरह फिर अतिक्रमणकारी काबिज हो जाते जैसे बार-बार दूध पर लगने वाली मक्खी को उड़ा दिया जाता और थोड़ी देर बाद वह फिर पहुंच जाता है।

जाम को लेकर क्या कहते हैं लोग

कौशाम्बी। भरवारी निवासी राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शिवम केसरवानी ने कहा कि कस्बे में जितने भी व्यापारी नालियों और सड़को पर अतिक्रमण किए है उनपर नगर प्रशासन कार्यवाही करें, सभी दुकानदार अपनी दुकानें सड़क पर न ले जाए, ग्राहकों की सुविधाओं को देखते हुए नालियों से अंदर की तरफ दुकान लगाए जिससे व्यापार चौपट न हो, अतिक्रमण करने से ग्राहकों का कस्बे से मोहभंग हो जायेगा और व्यापार भी नहीं होगा स बिसारा निवासी सुनील कुमार यादव ने कहा कि भरवारी कस्बे में जब तक रेलवे फाटक के लिए ओवरब्रिज या अंडरपास नहीं बनता तब तक जाम लगता ही रहेगा स बिसारा निवासी सौरभ ने कहा कि सबसे खराब स्थिति मूरतगंज रोड और गौरा रोड की है जहां पटरियों में दुकानें सजी है, ई रिक्शे सड़को पर कब्जा किए है और तभी चार पहिया गाड़ी आते ही जाम लगना शुरू हो जाता है लेकिन नगर प्रशासन ध्यान ही नहीं दे रहा।

इस सम्बंध मे अधिशासी अधिकारी राम सिंह ने कहा कि भरवारी कस्बे में शनिवार को नगर कर्मियो द्वारा अलाउंसमेंट करवा दिया जायेगा कि जिसने भी अतिक्रमण किया है वो अतिक्रमण हटवा ले नहीं तो सोमवार से अतिक्रमण हटाओ विशेष अभियान चलेगा और नगर प्रशासन, प्रशासन जेसीबी से अतिक्रमण को हटाएं जायेगे।

संक्षिप्त खबरें

खुद की बनवाई गई कब्र में दफन किए गए समाजसेवी

कुंडा प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के छतार गांव निवासी समाजसेवी नन्हेलाल यादव की 63 वर्षीय पत्नी बल्लहिन की मौत 2017 में हुई थी। पत्नी का अंतिम संस्कार अपनी जमीन में करके कब्र बनवाई। इसके बाद उन्होंने पत्नी के कब्र के बगल ही अपनी भी पक्की कब्र बनवाई। भतीजों से कहा कि मेरी मौत के बाद शव को इसी कब्र में दफन करना। मंगलवार को भोर में नन्हेलाल की मौत हो गई तो ग्रामीण उनका शव अंतिम संस्कार को श्रृंग्वेरपुर गंगा घाट ले जाने लगे। भतीजों ने विरोध करके उनकी कही बातें लोगों को बताई। ग्रामीणों की सहमति के बाद नन्हेलाल का शव उनकी खुद की बनवाई कब्र में दफन किया गया। अंत्येष्टि में महेन्द्र, अजीत, विनोद, संतोष विजय, लल्लन, प्रधान राम शिरोमणि यादव, पूर्व प्रधान गणेशशुक्ला, राम बरन यादव, दिनेश यादव, त्रिभुवन यादव, संगम यादव आदि मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कराए जाने की उठाई माँग

दुर्गागंज प्रतापगढ़। रानीगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पूरेरामसहाय का मजरा कुकरी का पूरा का जो कि लगभग दो सौ घरों की आबादी, पंचायत भवन,व प्राथमिक विद्यालय आदि मोहल्ले में स्थित है। वहां पहुंचने के लिए देल्हूपुर रानीगंज मार्ग के नरसिंहगढ़ पुल के पास से विगत कई वर्षों पूर्व खड़न्जा मार्ग का निर्माण हुआ था। जो अब जर्जर हालत में पहुंच चुका है। जबकि उसे खड़न्जा मार्ग से लोग प्रयागराज जिले के ग्राम देवगलपुर के लोगों सहित मजरा वासिओं का आना-जाना लगा रहता है। प्राथमिक विद्यालय व पंचायत भवन पूरेरामसहाय का स्थित होने के कारण ग्रामीणों के आने-जाने हेतु दो किलोमीटर की दूरी असुविधा जनक है। उक्त मार्ग निर्माण के लिए युवा समाजसेवी विनोद कुमार यादव रमेश पटेल अभिषेक यादव, आदर्श मिश्रा, अंशु सरोज, शिवम सरोज, ऋषभ पाल, प्रेम शंकर, राजूयादव, अवनीश पटेल, अफसर अली, अजय यादव, सचिन पांडे, उमेश सरोज, आसमान गौतम, प्रियांशु पटेल, सागर सरोज, संजय यादव, अजीत सरोज आदि ग्रामीणों द्वारा शासन प्रशासन से मांग है कि खड़न्जा मार्ग को दो किलोमीटर काली सड़क बनवाया जाए।

मंदिर में दर्शन करने निकली किशोरी लापता,केस दर्ज

पट्टी प्रतापगढ़ । स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर किठौली गांव की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है। पीड़िता की 15 वर्षीय नाबालिग बेटी बीते 26 फरवरी को घर से बाबा बेलखर नाथ धाम दर्शन करने के लिए निकली थी। पीड़िता की बेटी शाम तक घर वापस नही आई और उसके पास फोन भी नही था। पीड़िता ने अपनी पुत्री की खोज बीन शुरू की। खोजबीन के बाद भी उसका कही कुछ पता नहीं चला। पीड़िता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार को दिन में अज्ञात पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया तथा नाबालिग की खोजबीन में जुटी हुई है।

निराधार निकला पुलिस द्वारा बुजुर्ग की पिटाई का मामला

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस के द्वारा बुजुर्ग की कथित पिटाई को लेकर मंगलवार को एक वायरल वीडियो चर्चा में आया। मामले में पीड़ित ने तहरीर देकर पुलिस के द्वारा उसके साथ मारपीट किये जाने की बात को निराधार बताया है। पीड़ित के मुताबिक उसने कुछ लोगों के बहकावे में आकर पुलिस के खिलाफ बयान दे दिया। सांगीपुर थाना के शाहबरी गांव निवासी शंभूशरण सिंह ने वायरल वीडियो मे सांगीपुर पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि थाने के एक दरोगा उसके घर आये और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जबकि पुलिस ने पीड़ित के साथ किसी भी प्रकार की अविधिक कार्रवाई से इंकार किया है। एसओ मनीष तिवारी ने बताया कि पीड़ित शंभूशरण ने स्वेच्छा से दी गई तहरीर में कहा है कि उसे चोट उसके गिर जाने के कारण लगी। पुलिस द्वारा उसके साथ मारपीट नही की गयी। कुछ लोगों के बहकावे में आकर वीडियो वायरल हो गया।

दफन हुआ वृद्ध का शव, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

लालगंज, प्रतापगढ़। मारपीट में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। परिजनों ने बुधवार को मृतक के शव को दफन कर दिया। उधर पुलिस घटना में आरोपियों की तलाश कर रही है। लीलापुर थाना क्षेत्र के नागापुर तिलौरी गांव निवासी अब्दुल सलाम पुत्र मो. रईश ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चार मार्च की सुबह करीब दस बजे घर के बाहर हैण्डपम्प पर नहाने के दौरान उसके दादा हदीश अहमद 93 को मारपीट कर घायल कर दिया गया था। इलाज के दौरान सोमवार की रात उनकी मौत हो गयी थी। मामले में पुलिस ने गांव के नवीनउल्ला उर्फ आसिफ व इबाद अली पुत्रगण जोधा, मुन्ना पुत्र मुबारकअली तथा रफीक अहमद पुत्र शोहराब अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपी इबाद अली को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। एसओ अरूण कुमार सिंह का कहना है कि परिजनों ने शव को दफन कर दिया। मुकदमें में नामजद आरोपियों की तलाश की जा रही है, शीघ्र ही शेष सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

चोरी की चार बकरियों समेत दो युवक गिरफ्तार

कुंडा प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के दयामऊ अंधरीपुर गांव निवासी दर्शन पटेल की चार बकरियों को सोमवार को रात चोर खोल ले गए थे। बकरियों के चीखने पर परिजन जागे लेकिन तब तक चोर बकरी लेकर भाग निकले। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने बकरी चोरी की रिपोर्ट दर्ज करके बकरी चोरों की तलाश में लगी थी। दरोगा बीरपाल सिंह पुलिस टीम के साथ तलाश में निकले तो दो युवकों को अंधरीपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए युवक डबलू उर्फ सुरेन्द्र निवासी ग्राम मुरेठी नवाबगंज, बादल निवासी उमरा थाना सलोन रायबरेली हैं। पुलिस ने पकड़े गए युवकों की निशानदेही पर खेत में बांधी गई चोरी की गई चारों बकरियां बरामद की। गिरफ्तार किए गए युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके न्यायालय में प्रस्तुत करने को भेजा।

प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री समाज के लिये जीते है और समाज में खुशहाली लाने का करते है कार्य-प्रभारी मंत्री

- जनपद में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत लखनऊ में मुख्यमंत्री के गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का देखा गया सजीव प्रसारण
- प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी की धनराशि के डेमो चेक का किया गया वितरण

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। होली के त्योहार के अवसर पर खुशियों के उपहार के रूप में प्रदेशवासियों को प्रधानमंत्री उज्जवला योजनान्तर्गत 1890 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी का वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन सभागार लखनऊ में किया गया जिसका सजीव प्रसारण जनपद के क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में किया गया, कार्यक्रम के सजीव प्रसारण का अवलोकन राज्यमंत्री परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि राय साहब, विधायक सदर के प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य, भाजपा जिला महामंत्री राजेश सिंह सहित प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लगभग 200 लाभार्थियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री एवं अन्य अतिथियों ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 508 रूपये सब्सिडी का डेमो चेक वितरण किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने माताओं, बहनों एवं जनपदवासियों को होली की बधाई देते हुये कहा कि 01 मई 2016 को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की शुरूआत बलिया से प्रारम्भ की गयी थी। महिलाओं को लकड़ी से खाना बनाने में जो परेशानी एवं दिक्कते आती थी, लकड़ी से खाना बनाते समय जो धुआं निकलता था वह माताओं एवं बहनों का स्वास्थ्य खराब कर देता था इसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी माताओं एवं बहनों को परेशानी से दूर करने के लिये प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की शुरूआत की थी। उन्होने कहा कि पहले गैस कनेक्शन लेने में काफी कठिनाई होती थी, सिलेण्डर लाइन लगाकर लेना पड़ता था, लेकिन जब से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना आयी हर व्यक्ति चाहे वह गरीब हो या झोपड़ी में रहता हो आज उसके घर में गैस कनेक्शन और चूल्हा है। 10 करोड़ से ज्यादा माताओं बहनों को गैस सिलेण्डर प्राप्त हो चुका है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली एवं दीपावली पर्व के प्रदेशवासी प्रसन्नता एवं खुशहाली के साथ मनाये इसके लिये निःशुल्क सिलेण्डर देने का निर्णय लिया। गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी का निःशुल्क पैसा सीधे लाभार्थियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजा जा रहा है। उन्होने कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलायें आत्मनिर्भर हो रही है, हर क्षेत्र में महिलाये आगे बढ़ रही है, प्रदेश में कई प्रकार की योजनायें चलायी जा रही है जिसमें महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर कार्य किया जा रहा है। परिवहन विभाग में कन्डेक्टर की भर्ती सीधे महिलाओं की लिये जा रही है, कोई भी महिला योग्य है कम्प्यूटर का ज्ञान है तो सीधे मेला लगाकर भर्ती की जा रही है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री चाहते है कि महिलायें केवल खाना बनाने तक न रहें बल्कि समाज के हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

उन्होने कहा कि पहले शौच के लिये माताओं बहनो को काफी समस्या का सामना करना पड़ता था लेकिन स्वच्छता अभियान चलाकर के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर घर में शौचालय देने का कार्य किया है।

प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री समाज के लिये जीते है और समाज में खुशहाली लाने एवं सभी को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहे है।इस अवसर पर विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने गरीबों के लिये होली पर्व पर सब्सिडी देने को जो निर्णय लिया वह सराहनीय है, योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिया जा रहा है। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा बिना किसी भेदभाव के सभी जाति व धर्म के लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना ने हर घर में कायाकल्प करने का कार्य किया है, होली पर्व पर सरकार ने गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी का जो चेक वितरण किया है यह बहुत शुभ है। अन्त में जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने आये हुये अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी उज्जवला नकुल केन, एलपीजी वितरण एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुशील कुमार पाण्डेय, पंकज सिंह के साथ-साथ जिला पूर्ति कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्ति निरीक्षक शिव कुमार मिश्र द्वारा किया गया।

पत्रकार राघवेंद्र की हत्या पर आक्रोश, सीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

- पत्रकार के हत्यारोपियों के खिलाफ होनी चाहिए कठोर कार्रवाई -रुपेंद्र शुक्ला

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। सीतापुर जिले में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या को लेकर बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ कुंडा तहसील इकाई की ओर से राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया के मौजूदगी में एवं कुंडा अध्यक्ष रूपेंद्र शुक्ला की अगुवाई में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन पत्रकारों ने एसडीएम कुंडा को सौंपा।ज्ञापन में दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। सीएम को संबोधित ज्ञापन में सरकार से पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेयी के हत्यारों को तत्काल गिरफ्तार किये जाने की मांग उठायी है। वही इस जघन्य हत्या कांड की उच्चस्तरीय जांच के लिए शासन से सीबीआई से जांच कराये जाने के लिए केन्द्र सरकार को संस्तुति भेजवाने पर जोर दिया गया है। महासंघ के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया ने इस घटना को लोकतंत्र की हत्या बताते हुए कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर सरकार को ठोस कदम उठाना चाहिए, ताकि लगातार पत्रकारों के साथ हो रही घटनाओं पर अंकुश लग सके।एसडीएम कुंडा ने पत्रकारों के प्रतिनिधिमण्डल का ज्ञापन मुख्यमंत्री तक भेजवाये जाने का भरोसा दिलाया। ज्ञापन देने के बाद भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के मौजूद पदाधिकारी ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान रविंद्र दुबे, गौरव मिश्रा,महामंत्री अरशद खान , रामभरोस मिश्रा, जफर सिद्दीकी, अब्दुल हाशिम, रविकांत तिवारी, बबलू सरोज, शरिक अली, शंकर लाल, अजय यादव, सुशील पटेल , आदि मौजूद रहे।

वी.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में प्राकृतिक रंगों की छटा के साथ सजी रंगों की होली, नौनिहालों ने राधा-कृष्ण रूप में मोह लिया मन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। वी.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने प्राकृतिक फूलों, सूखे रंगों और अबीर-गुलाल के साथ प्रेम, सौहार्द और आनंद का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का शुभारंभ बाल कलाकारों द्वारा भव्य राधा-कृष्ण स्वरूप धारण करके हुआ, जहां श्रीकृष्ण के रूप में सजे नन्हें बालकों ने अपनी मनमोहक छवि से दर्शकों का मन मोह लिया। छात्र शिवाय, प्रांश, सौभाग्य और धरिया ने अपने लीलाधर स्वरूप से वातावरण को वृंदावन सा सुरभित कर दिया।वहीं, तनिष्का, अनाया, सहर्ष, मिशिका, आर्या, विधि और भूमि राधा के सौंदर्य और गरिमा को सजीव कर दिया। उनके मुखर भाव, नृत्य की लयकारी और आकर्षक परिधानों ने ऐसा प्रतीत कराया मानो स्वयं राधा-कृष्ण होली खेलने पधारे हों।दूसरे चरण में कक्षा तीन से आठ तक के बच्चों ने अबीर-गुलाल से एक-दूसरे को सराबोर कर होली की शुभकामनाएं दीं। पिचकारियों से फूटती रंगों की धाराओं और गूंजते होली गीतों ने पूरे विद्यालय को आनंद के रंगों में डुबो दिया।इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक श्री धीरेंद्र कुमार सिंह ने प्रेम और सौहार्द का संदेश देते हुए कहा,÷होली का त्योहार न केवल रंगों का उत्सव है, बल्कि यह पर्व आपसी सद्भावना, प्रेम और एकता का प्रतीक है। हमें चाहिए कि इस पावन पर्व को प्राकृतिक रंगों के माध्यम से मनाकर अपनी संस्कृति का संरक्षण करें।विद्यालय की निदेशिका श्रीमती अलका सिंह और श्री राकेश सिंह ने विद्यालय परिवार को होली की मंगलकामनाएं देते हुए कहा,÷होली का यह रंगोत्सव आपके जीवन में सुख, समृद्धि और सौहार्द के नए रंग भरे। यह पर्व हमें प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है, जिसे हमें सदैव अपने जीवन में अपनाना चाहिए।अंत में विद्यालय के समस्त स्टाफ ने एक-दूसरे पर प्राकृतिक अबीर-गुलाल की पुष्पवर्षा कर होली के पावन पर्व को प्रेम और सौहार्द के रंगों से सराबोर कर दिया।विद्यालय परिसर में होली के रंग और खुशियों की गूंज देर तक माहौल को सजीव बनाए रही।

एलायंस क्लब ने दिव्यांग बच्चों संग मनाया होली का त्योहार, दिए उपहार

दिव्यांग बच्चे हैं कल के भविष्य, इनमें प्रतिभा की नहीं है कमी- रोशनलाल उमरवैश्य

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। एलायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा होली के अवसर पर अक्षम विद्यालय बढ़नी में दिव्यांग बच्चों के साथ होली की खुशियां बांटी गई।

क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में क्लब के पदाधिकारीयों ने दिव्यांग बच्चों को होली के त्यौहार में कोई कमी ना हो इसके लिए कार्यक्रम आयोजित करके होली से संबंधित रंग, पिचकारी, मिठाई, गुझिया, नमकीन आदि उपहार देकर होली की खुशियां बांटने की कोशिश की। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि कोई भी त्योहार हो इन दिव्यांग बच्चों के बिना हमारा पूरा नहीं हो सकता। गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिव्यांग बच्चों के साथ होली मनाई गई और इन सबको विभिन्न उपहार दिए गए। यह दिव्यांग बच्चे कल के भविष्य हैं। इन सब का उत्साह बढ़ाने की जरूरत है। आज जो बच्चे हाई स्कूल की परीक्षा दे चुके थे, उनके विदाई समारोह का भी आयोजन हुआ। इस दौरान संजय, मो0 अख्तर ने होलिया में उड़ेला गुलाल होली गीत गाया। वहीं सचिन वर्मा, अमन मौर्य, महेश ने चुटकुला सुना कर सभी को मनमुग्ध कर दिया।अक्षम विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश चौधरी ने कहा कि समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य हर त्योहार पर दिव्यांग बच्चों के बीच खुशियां बांटने आते हैं। यह बच्चे भी इनको अपना अभिभावक मानते हैं और हर त्योहार को इंतजार करते रहते हैं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि इनको शक्ति दे और ऐसे नेक काम करते रहे।

आभार ज्ञापन व संचालन नारायण यादव ने किया।इस अवसर पर अमिता कुशवाहा, अनिरुद्ध तिवारी, शंकर लाल, सुरेश अग्रवाल, संतोष कुमार, देवानंद, छेदीलाल, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, आदर्श कुमार, विवेक कुमार, संजय, नितिन, सचिन वर्मा, ऋतिक, अमन, अख्तर, अमन राय, विशाल पटेल, आदित्य, महेश आदि बच्चे व विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

अधिवक्ता के घर का दिनदहाड़े ताला तोड़कर चोरी

प्रतापगढ़। नगर कोतवाली क्षेत्र में महुली के गांव बड़वा निवासी अधिवक्ता के यहां चोरों ने दिन दहाड़े घटना को अंजाम दिया। तीन नकाब पोश युवकों ने दिया चोरी को अंजाम। बताया गया कि अधिवक्ता की पत्नी बच्चे स्कूल से लाने कै लिए दोपहर 1.45 मिनट पर गई थी। इसके बाद स्कूल से 2.05 बजे बेटी को लाने के बाद देखा कि घर का गेट खुला था और अलमारी का ताला तोड़कर चोरी लाखों का गहना चोरी कर ले गए थे ।आस पास के बच्चों ने देखा तो शोर मचाया। इसी बीच चोर अपनी मोटर साइकिल से भाग निकले। मौके पर पहुंची चिलबिला पुलिस को पीड़ित ने घटना की जानकारी दी। पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

अधिवक्ताओं ने एक दूसरे पर उड़ाये गुलाल, दी शुभकामनाएं

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। तहसील परिसर में बुधवार को परम्परागत होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। हंसी ठहाकों के बीच अधिवक्ताओं ने जमकर एक दूसरे पर अबीर गुलाल उड़ाये। वहीं अधिवक्ताओं ने फाग गीतों पर भी मनमोहक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में और मिठास घोल दिया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह की अगुवाई में हुए होली मिलन समारोह में साथी अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं सौंपी। वहीं अधिवक्ताओं ने राजस्वकर्मियों को भी गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम का संयोजन अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी व वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकरनाथ शुक्ल ने संयुक्त रूप से किया तथा संचालन महामंत्री सूर्यकांत निराला ने किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, देवी प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल गुडडू, दीपेन्द्र तिवारी, सिंटू मिश्र, संतोष पाण्डेय, विपिन शुक्ल आदि मौजूद रहे।

छात्रों ने गुरुजनों को अबीर- गुलाल का चंदन लगाकर लिया आशीर्वाद

दुर्गागंज प्रतापगढ़। होली की छुट्टी से पहले के पी सिंह हाई स्कूल कसेरुआ में छात्रों ने गुरुजनों के मस्तक पर अबीर गुलाल का चंदन लगा कर आशिर्वाद प्राप्त किया। साथ ही आपस में एक दूसरे सहपाठी को अबीर गुलाल लगाकर गले मिले।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक समाजसेवी लव सिंह गहलौत एडवोकेट ने छात्रों को बताया कि होली अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक और गिले शिकवे दूर करके प्रेम से गले लगाने का पर्व है।

गहलौत ने छात्रों को समझाया कि होली केवल रंग और अबीर से ही खेलें। केमिकल, डीजल, जला हुआ काला तेल,मिट्टी आदि से नहीं खेलें।

इस अवसर पर सहायक अध्यापक रामआसरे मिश्र, आकाश श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार पटेल, सचिन चौरसिया, एपी सिंह, विपिन पाल, सुमन सिंह नेहा सिंह, कावित्री सिंह, आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

होली त्यौहार पर आबकारी की थोक व फुटकर बिक्री के समस्त दुकाने बंद रखने के आदेश

कौशाम्बी। जिला मजिस्ट्रेट मधुसूदन हुल्गी ने संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम-1910 की धारा-59 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों एवं अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद में होली त्यौहार पर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जनपद में आबकारी की थोकध्फुटकर बिक्री के समस्त अनुज्ञापनों यथा-देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, भांग एवं एफएल-16/17, एफ0एल0-2, 2बी एवं सी0एल0-2 आदि की 14 मार्च, 2025 (रंग खेले जाने वाले सम्पूर्ण दिवस) को बंद रखने का आदेश दिया है। इस बंदी के लिए अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का प्रतिफल अथवा छूट देय नहीं होगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकाकरियां को आदेश का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें हैं।

महाकुंभ में उत्कृट कार्य के लिए एडीओ समाज कल्याण को मिला प्रशस्ति पत्र

कौशाम्बी। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में उत्कृट कार्य के लिए एडीओ समाज कल्याण कड़ा को विभाग के मंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया है। प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित महाकुंभ में समाज कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित कल्याण कुंभ में उत्कृट कार्य करने वाले सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण कड़ा उमेश प्रताप सिंह को सम्मानित किया गया है। समाज कल्याण अनुसूचित जाति एवं जनजाति उत्तर प्रदेश शासन के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने एडीओ समाज कल्याण को प्रशस्ति पत्र भेजकर उज्ज्वल भविष्य कामना किया है।

महाकुंभ में उत्कृट कार्य हेतु डीआईजी होमगार्ड द्वारा समाजसेवी को किया गया सम्मानित

कौशाम्बी। प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ मेंला में श्रद्धालुओं की सेवा करने एवं उनके रहने की व्यवस्था एवं उनको गन्तव्य तक पंहुचाने आदि की व्यवस्था से कड़ा धाम के समाजसेवी विनय कुमार पांडेय को उनके उत्कृष्ट कार्यो को लेकर डी0आइ0जी0होमगार्डस पूर्वांचल परिक्षेत्र प्रयागराज संतोष कुमार द्वारा प्रयागराज में बुधवार को समाजसेवी विनय पाण्डेय को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्टेनो डी0आई0जी0 उपेंद्र नाथ ओझा , निरीक्षक राजेश कुमार , अजय कुमार पाल बी0ओ0, अजय कुमार यादव एवं अधिवक्ता अजय कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मनौरी खोया मण्डी में की छापेमारी

कौशाम्बी। होली पर्व पर आम जनमानस को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के आदेश एवं सहायक आयुक्त खाद्य ममता चौधरी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के खाद्य सचल दल द्वारा मनौरी कस्बे के खोया मण्डी में बुधवार की सुबह छापेमारी के दौरान खोये के तीन नमूने संगृहीत किये गए । जिसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम चरवा बाजार पहुंची लेकिन खोया विक्रेता मौके से फरार हो गए जिसके बाद टीम फैजीपुर पहुंची जहां पापड़ का नमूना एवं सराय आकिल से एक बेसन का भी नमूना लिया गया। टीम ने नमूना संगृहीत कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शाहबुद्दीन ने बताया कि प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उन्होंने खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य नियमो के अनुसार खाद्य व्यापार करने के सख्त निर्देश दिए गए। साथ ही रंगीन कचरी और पापड़ किसी भी दशा में न बेचने के निर्देश दिए गए। होली अभियान में अबतक 24 नमूने संगृहीत किये गए, साथ ही 953 लीटर सरसो तेल 458 किलोग्राम रंगीन कचरी व 274 किलोग्राम मैक्रोनी जब्त भी की गई है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शहाब उद्दीन सिद्दीकी , नितिन कुमार और सुपरवाईजर अनिल कुमार शामिल रहें।

छात्रों ने होली के रंगों से दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

सिराथू, (कौशाम्बी)। ब्रज में होली की एक हफ्ते पहले शुरुवात के साथ ही द्वाबा के विद्यालयों में छात्रों ने भी होली अवकाश के पहले एक दूसरे को गुलाल रंग लगाकर होली की खुशियों को साझा करना शुरू कर दिया है। वहीं विकासखंड सिराथू के प्राथमिक विद्यालय रामपुर धमावां के छात्रों ने सड़क सुरक्षा के संदेश के साथ सभी लोगों से सुरक्षित होली मनाने की अपील कर एक अनुकरणीय पहल पेश की है। विद्यालय के सहायक अध्यापक दीपनारायण मिश्र के मार्गदर्शन में ईकोक्लब के सदस्य छात्रों ने ट्रैफिक लाइट के प्रतीक के रूप में लाल, पीले व हरे रंग के गुलाल लगाकर सभी छात्रों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी एवं यह अपील भी की कि इस त्यौहार के माहौल में नशे में गाड़ी न चलाए अन्यथा खुशी का त्यौहार मातम में बदल सकता है। नोडल शिक्षक ने छात्रों को होली मनाने के कारण को समझाते हुए स्वास्थ्य व पर्यावरण की दृष्टि से केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग न करने को कहा। उन्होंने छात्रों को समझाया कि होली के अवसर पर प्राकृतिक रंगों के साथ सूखे रंगों का अधिक से अधिक प्रयोग करें एवं जानवरों को अनावश्यक रंग लगाकर उन्हें न परेशान करें। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका भावना शुक्ला व सहायक अध्यापक शशांक कुमार भी उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश सरकार के 08 साल, बेमिशाल- प्रभारी मंत्री

- उ0प्र0 सरकार जनता को जनार्दन मानकर कार्य करती है- दिनेश प्रताप सिंह
- मंत्री ने महाकुम्भ-2025 के सफल आयोजन के सहयोग में प्रशासन को दी बधाई
- मंत्री ने जनपदवासियों को दी होली की बधाई एवं शुभकॉमनायें
- उ0प्र0 सरकार महिलाओं के लिए उज्ज्वला योजना सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित कराकर उन्हें बना रहीं सशक्त व स्वावलम्बी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। प्रदेशवासियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत 1890 करोड़ की धनराशि से उ0प्र0 के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी का वितरण मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन सभागार, लखनऊ से किया गया। जिसका लाइव प्रसारण उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में किया गया।

प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उ0प्र0 प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा आज मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत उज्ज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल की सब्सिडी के चेक वितरण कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर मंत्री द्वारा उदयन सभागार में 10 लाभार्थियों को सब्सिडी का प्रतीकात्माक चेक प्रदान किया गया, जिसमें लाभार्थी-शीलू देवी, रिंकी, नत्थी देवी, सुषमा देवी पूजा देवी, शीलू , रन्नू देवी, साधना, रीता देवी, रेखा देवी सम्मिलित रहीं। मंत्री ने उपस्थित जनसमुदाय, महिला लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा होली एवं दीपालवी के अवसर पर उज्जवला लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी प्रदान की गई है। जनपद में 182561 उज्ज्वला गैस कनेक्शन धारक है, जिनके सापेक्ष दीपावली में माह अक्टूबर से दिसम्बर 2024 तक 79105 लाभार्थियों को एवं होली में जनवरी 2025 से मार्च 2025 में अभी तक 52119 लाभार्थियों को वितरित किया जा चुका है तथा मार्च के अन्त तक यह संख्या लगभग 80 हजार हो जायेंगी। उन्होंने उपस्थित सभी को होली की शुभकॉमनायें देते हुए कहा कि सरकार आपके साथ हमेशा कंधा से कंधा मिलाये खड़ी हुई है। आप सभी मातृशक्तियों को सरकार की सभी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है, जिसमें से एक उज्ज्वला योजना भी है। पहले की सरकारों में गैस कनेक्शन लेना भी बहुत मुश्किल था, यदि मिल गया तो सिलेण्डर लेने के लिए बड़ी संख्या में लाइन लगानी पड़ती थी। आज प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की डबल इंजन की सरकार ने महिलाओं को उज्ज्वला योजना में त्यौहार के दिन निःशुल्क गैस सिलेण्डरों का वितरण किया जा रहा है। आज बिना लाइन लगाये एवं बिना दौड़भाग किये कनेक्शन व सिलेण्डर उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग खुशी-खुशी होली मनाइये, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार के 08 वर्ष पूर्ण होने पर खुशी जताते हुए उनकी उपलब्धियां बताते हुए कहा कि उ0प्र0 सरकार लगातार रोजगार को बढ़ावा दे रहीं है, ईमानदारी के साथ भर्तियां की जा रही है, कृषकां को सम्मान निधि देकर स्वावलम्बी बनाया जा रहा है। एक्सप्रेसवे, हाइवे उ0प्र0 में चमक रहें है, नये एयरपोर्टों का निर्माण एवं संगठित अपराधो का खात्मा के साथ ही उ0प्र0 लगातार विकास के पथ पर निरन्तर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी बजट की तारीफ करते हुए कहा कि इस बजट से उ0प्र0 विकास की ओर और आगे तेज गति से बढेगा, बजट किसानों गरीबों एवं असहायों के लिए है। उन्होंने कहा कि इस बजट से सभी को लाभ होगा तथा रोजगार के नये अवसर खुलेंगे।

मंत्री ने कहा कि उ0प्र0 सरकार के 08 वर्ष बेमिशाल रहें हैं। सरकार बिना भेदभाव के सेवा में लगी हुई हैं। डबल इंजन की सरकार जनता को जनार्दन (भगवान) मानकर सेवा कर रहीं हैं, जिससे उसको उसका प्रतिफल भी मिल रहा हैं। सरकार द्वारा बेटियों की शादी करायी जा रही है व नगद एवं गिफ्ट देकर घर बसाने में योगदान दिया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की देखरेख में महाकुम्भ, दिव्य कुम्भ-2025 की पूरी दुनियॉ में चर्चा हुई। मुख्यमंत्री द्वारा 17 बार प्रयागराज पहुँचकर महाकुम्भ की व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की गई, जिससे 66 करोड़ से ज्यादा लोगों ने संगम स्नान कर इतिहास दर्ज किया। इसना भव्य एवं दिव्य आयोजन इसी सरकार में सम्भव हैं। मंत्री ने महाकुम्भ को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कौशाम्बी जनपद के प्रशासन, मीडिया, जनप्रतिनिधियों के सहयोग की भूरि-भूरि प्रसंसा की। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ के दौरान भारी भीड़ संगम स्नान करने के लिए बिना किसी परेशानी के इस जनपद से होकर गई एंव संगम स्नान करके वापस आई, इसके लिए जनपद कौशाम्बी का प्रशासन, पुलिस एवं सभी जनपदवासी बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, महिला आयोग की सदस्या प्रतिभा कुशवाहा, कविता पासी, पूर्व विधायकगण शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, लाल बहादुर, संजय गुप्ता, जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार, को-आपरेटिव के अध्यक्ष शिवमोहन मौर्य एवं अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें। तत्पश्चात मंत्री द्वारा जनपद की योजनाओंध्विकास के सम्बन्ध में राज्य सरकार के वर्ष 2025-26 के बजट पर तथा उ0प्र0 सरकार के 08 वर्ष पूर्ण होने एवं महाकुम्भ-2025 के सफल आयोजन के सम्बन्ध में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता की गई। इस अवसर पर मंत्री ने दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित कर उन्हें सम्मानित किया।

प्रभारी मंत्री ने कॉमन सर्विस सेन्टर, अन्नपूर्णा भवन, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र का किया लोकार्पण व शिलान्यास

- प्राथमिक विद्यालय, ऑगनबाड़ी केन्द्र, तथा ग्राम पंचायत भवन का किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह जी ने विकास खण्ड मंझनपुर के ग्राम-सैदनपुर पहुँचकर कॉमन सर्विस सेन्टर का लोकार्पण, अन्नपूर्णा भवन, स्वच्छ भारत मिशन फेज-02 ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र (आर0आर0सी0) का शिलान्यास, प्राथमिक विद्यालय, ऑगनबाड़ी केन्द्र एवं ग्राम पंचायत भवन-सैदनपुर का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कक्षा-02 एवं कक्षा-06 के क्लासरूम में पहुँचकर बच्चों से बात-चीत कर पढ़ाई से सम्बन्धित प्रश्न पूछें, जिसका कुछ बच्चों द्वारा सही एवं कुछ बच्चों द्वारा गलत जवाब दिया गया। इसी प्रकार बच्चों द्वारा सामान्य जानकारी जैसे- राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं महापुरूषों के नाम पूछे जाने पर बच्चों द्वारा सही जवाब नहीं दिया गया, जिस पर प्रभारी मंत्री ने कठोर नाराजगी व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य को निलम्बित करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को दियें। मंत्री ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ सामान्य जानकारी दिये जाने के भी निर्देश दियें। उन्होंन विद्यालय में संचालित स्मार्ट क्लॉस का भी अवलोकन किया।

ऑगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने ऑगनबाड़ी केन्द्र की व्यवस्था को देखकर प्रशन्नता व्यक्त की एवं बच्चो को अपने हॉथो से बिस्केट का वितरण किया। मंत्री ने नव-निर्मित कॉमन सर्विस सेन्टर एवं अन्नपूर्णा भवन का शिलान्यास करते हुए भवन के अन्दर बैठी महिला लाभार्थियों से मिलकर वार्तालाप किया एवं सभी को होली की शुभकॉमनायें दी। उन्होंने महिलाओं से पूँछा कि आप सभी को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिल रहा है, जिस पर सभी महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। तत्पश्चात मंत्री ने आयुष्मान कार्ड धारक 70 वर्ष से ऊपर वाले 05 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। उन्होंने टी0बी0 रोग की 03 महिला मरीजों को पोषण पोटली का वितरण एवं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई भी किया। मंत्री ने 04 महिला स्वयं सहायता समूहों को सी0आई0एफ0 एवं सी0एल0एफ0 स्टार्ट-अप के तहत 09 लाख 50 हजार का डेमो चेक एवं किसानों को पोर्टेबल स्प्रिकंलर प्रमाण पत्र वितरित किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, महिला आयोग की सदस्या प्रतिभा कुशवाहा, जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

पीड़िता की तहरीर पर पुस्तैनी मकान पर कब्जा करने वाले पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

लोकमित्र ब्यूरा

कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी के नया बाजार मोहल्ले की रीता केसरवानी पत्नी अमित कुमार का आरोप है कि सैनी के केन निवासी दबंगों से मकान का विवाद चल रहा है। मामले में न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद सात मार्च की भोर विपक्षियों ने ताला तोड़कर मकान पर कब्जा कर लिया। किराएदार की दुकान में रखा 1.60 लाख रुपया व अभिलेख लूट ले गए। इसका विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। रीता केसरवानी निवासिनी नया बाजार भरवारी का मेहता रोड में मकान दुकान निर्मित है जिसे किराये पर नितिन केसरवानी पुत्र भगवानदास निवासी मेहता रोड भरवारी ने सीमेन्ट सरिया, लोहे की चद्दर व अन्य सामग्री की दुकान हेतु दे रखी है। युवक मकान में कब्जा करने पर आमादा रहे तो पीड़िता ने किसी प्रकार का विवाद मौके पर न करके मा सिविल न्यायालय (कनिष्ठ श्रेणी) कौशाम्बी की अदालत में वाद संख्या 13,25 रीता केसरवानी बनाम प्रिन्सू सिंह आदि दाखिल करके न्यायालय द्वारा 6 जनवरी को मौके पर यथास्थिति बनाये रखे जाने का आदेश प्राप्त किया। आदेश की प्रति का अनुपालन विपक्षीगण को नियमानुसार कराया गया। विपक्षीगण मुकदमा उपरोक्त में हाजिर होकर अपना जवाब दावा भी प्रस्तुत कर चुके हैं। विपक्षीगण माननीय न्यायालय के स्थगन आदेश से वाकिफ होने के पश्चात भी 7 मार्च की भोर सुबह लगभग 4-5 बजे कुछ अराजक तत्वों व महिलाओं नाम पता अज्ञात के साथ प्रार्थिनी के मकानध्दुकान के मुख्य गेट का ताला तोड़कर अवैध कब्जा कर लिया। सुबह किरायेदार के माध्यम से जानकारी प्राप्त होने पर प्रार्थिनी अपने पति व परिवार के लोगों के साथ मौके पर जाकर अवैध तरीके से ताला तोड़कर कब्जा करने के सम्बन्ध में पूछा तो विपक्षीगण प्रिन्सू सिंह व उसके पिता सिद्ध गोपाल सिंह तथा शीलू सिंह व अन्य अराजक तत्वों जिसमें महिलायें व चार-पांच पुरुष ने पीड़िता को भद्दी-भद्दी गालियों देते हुए धमकी देने लगे कि अभी तो कब्जा ही किये हैं। अगर हमारे कब्जा दखल में हस्तक्षेप करने की कोशिश किसी ने किया तो यहीं गोली मार देंगे। इस संबंध में कोखराज थाना प्रभारी चंद्रभूषण मौर्य ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच कर कार्यवाही की जा रही है।

श्री राम कथा व सवा करोड़ सीताराम जाप समापन के बाद दारानगर में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, (कौशाम्बी)। नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम क्षेत्र के दारानगर स्थित छोटी दरबार में संगीतमय श्री राम कथा स्वामी पुंडरीकाक्षाचार्य वेदांती जी महाराज श्री धाम वृंदावन द्वारा और सवा करोड़ सीताराम जाप कार्यक्रम आचार्य सुदर्शन दास जी महाराज चित्रकूट धाम के द्वारा संपन्न किया गया। तत्पश्चात हवन पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्री राम कथा का आयोजन भक्तों को श्री राम के आदर्शो और जीवन से प्रेरित करने के लिए किया गया था, जबकि सवा करोड़ सीताराम जाप का उद्देश्य राम के नाम का उच्चारण कर पुण्य प्राप्ति और समाज में सद्भावना का संचार करना था। श्रीराम कथा के समापन के बाद हवन पूजन व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें पहुंचे बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया । इस दौरान एडवोकेट लक्ष्मीकांत त्रिपाठी , डीजीसी आद्या प्रसाद पांडेय, अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण केसरवानी, पूर्व प्रधान मूल प्रकाश त्रिपाठी, राजेश मिश्रा, प्रभाकर शुक्ला , ओमनीश तिवारी, जय मणि तिवारी, रवि मणि तिवारी, विनोद मिश्रा, राजेश त्रिपाठी, नील कमल मिश्र, मनीष मिश्र, मनीष पाठक, प्रशांत त्रिपाठी ,शशि कमल, रंजन पांडेय , धर्मेंद्र मिश्रा, अभिजीत शुक्ला, अभिषेक शुक्ला ,ऋषि नंदन साहू, आशू शर्मा, आर्या शुक्ला ,राहुल त्रिपाठी, मनोज त्रिपाठी ,रमेश साहू, राजेश मुन्ना साहू , मनोज पटेल, मिश्रीलाल, चक्रधर पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

वीबीपी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया रंगों का पर्व होली

चायल, (कौशाम्बी)। विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर में बुधवार को अवकाश से पूर्व होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक राकेश मालवीय ने बच्चों को होलिका दहन की कहानी सुनाकर बताया कि बुराई पर अच्छाई किस तरह से विजयी होती है। जैसे प्रह्लाद की बुआ होलिका अपनी बदनीयत से जल मरी और उसको मिला वरदान भी निष्फल हो गया, जबकि प्रह्लाद बच गया। आप सब त्योहार को उमंग और आनंद से मनाएँ, परन्तु किसी को कोई नुकसान न पहुँचे, इसका ध्यान रखें। इस अवसर पर बच्चों और शिक्षकों ने एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। प्रधानाचार्या प्रीति मिश्रा ने सभी को होली की बधाई दी और पर्व का महत्त्व समझाया। इस अवसर पर उत्थान संस्था के सचिव डॉक्टर केके तिवारी अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार और मैनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक तिवारी ने अपने संदेश में सभी को होली की बधाई दी। इस अवसर पर सोमनाथ पाण्डेय, बलदाऊ पाण्डेय, अभिनन्दन पाण्डेय, नकुल तिवारी, मनीष अग्रहरि, दीक्षा, ब्रह्म प्रकाश शुक्ल, अतुल पाण्डेय, रवींद्र उपाध्याय, रिंकू नाग, सुधा पाण्डेय, मनीषा शर्मा, सदफ शेख, श्वेता सिंह, प्रतिभा, साधना, तरन्नुम काजमी सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

ऊसर भूमि में ऊसर रोधी प्रजाति है वरदान- डॉ0 अजय

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा निकरा परियोजना अंतर्गत फसल सरसों (प्रजाति-बै 60 एवं बृजराज) का प्रक्षेत्र दिवस ग्राम दरियापुर मझियावा ब्लॉक सिराथू में संपन्न हुआ। इस प्रक्षेत्र दिवस का उद्देश्य फसल सरसों की उसर रोधी प्रजाति के उत्पादन कीट पतंगो, बीमारियों और उसके रोकधाम के बारे में कृषकों से चर्चा करना था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन दरियापुर मझियावा के सभासद के सदस्य विजयपाल ने की उन्होंने बताया कि कृषक भाई बहन कविके से जुड़कर विज्ञान आधारित खेती करें जिससे तकनीक को अपना कर ज्यादा से ज्यादा उत्पादन करें। इसी कड़ी में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अजय कुमार ने बताया कि निकरा परियोजना अंतर्गत समय-समय पर के.वी.के द्वारा चयनित गांव में कृषि के साथ-साथ अन्य घटकों के द्वारा कृषकों की आमदनी और उत्पादन को बढ़ाया जाता है। उन्होंने बताया कि महिलाएं समूह बनाकर बकरी पालन मुर्गी पालन सिलाई कढ़ाई अचार आदि का प्रशिक्षण लेकर अधिक से अधिक आमदनी प्राप्त कर सकते हैं और आत्मनिर्भर हो सकती है और अपने समूह एवं गांव की अन्य महिलाओं को जोड़कर गांव को समृद्ध बन सकती हैं। इस करी में कृषि विभाग के राधे श्याम ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। केवीके कौशांबी के प्रसार वैज्ञानिक डॉ अमित कुमार केशरी ने कृषकों से फसल सरसों की ऊसर प्रजाति सीईओ 60 एवं बृजराज की उत्पादन, फली के आकार, फली में दाने पौधों की ऊंचाई आदि परिमाप के बारे में जानकारी ली। इस प्रजाति को सभी कृषकों ने अच्छा बताया साथ ही साथ डॉ. केशरी ने जायद मौसम में उगने वाले फसल उर्द, मूंग, सूरजमुखी आदि फसलों के बारे में जानकारी दी। अंत में केवीके कौशांबी के निकारा परियोजना के एस.आर.एफ श्री प्रदीप कुमार जी ने आए हुए कृषकों को धन्यवाद दिया और कृषकों एवं वैज्ञानिकों के साथ मिलकर सरसों के प्रक्षेत्र में जाकर वास्तविक जानकारी देखी। इस कार्यक्रम में प्रमोद कुमार, छंगू लाल, पलटू,सरताज, भाईराम सुमन, नीता देवी आदि सहित कुल 72 कृषकों ने प्रतिभाग किया।

पीड़िता ने पिता व सौतेली मां पर प्रताणित करने का लगाया आरोप

सैनी, (कौशाम्बी)। सैनी कोतवाली के एक गांव में एक पीड़िता ने अपने पिता व सौतेली मां पर भाई बहन को प्रताणित करने एवं घर से मारपीट कर भगाने का आरोप लगाते हुए मामले की लिखित शिकायत सैनी पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की हैसैनी कोतवाली के परास का मजरा मोगरी निवासी रफ्त बानो पुत्री रिजवान अहमद ने बुधवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पिता ने दो शादियां की है , पहली मां से दो बहन रफ्त बानो , मुस्कान व एक भाई का फरमान है, रफ्त बानो का आरोप है कि सौतेली मां की प्रताड़ना के कारण उसकी मां व बड़ी बहन की मौत हो चुकी है। और उसकी सौतेली मां दोनों बहनों व भाई को आएदिन प्रताणित कर मारपीट करती है और खाना नहीं देती , जिससे वह तीनों भाई बहन दर दर ठोकरें खाने को विवश है। सौतेली मां के कहने पर उसके पिता भी मारपीट करते है।

सम्पादकीय

कश्मीर भारत का अभिन्न अंग

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लंदन में चैथम हाउस थिंक टैंक के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर समस्या का समाधान जम्मू-कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद होगा जो अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में है। यह याद रखना चाहिए कि 22 फरवरी, 1994 को भारत की संसद में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसमें दोहराया गया था कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है, और रहेगा। पाकिस्तान को वह हिस्सा छोड़ना होगा जिस पर उसने कब्जा जमा रखा है।वास्तव में जयशंकर की टिप्पणी संसद के इसी प्रस्ताव की प्रतिध्वनि है। जयशंकर ने यह भी कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करना भारत का पहला प्राथमिक कदम था। सूबे में विकास, आर्थिक गतिविधियां और सामाजिक न्याय की बहाली दूसरा कदम और यहां निष्पक्ष चुनाव कराना तीसरा कदम था। वास्तव में भारत अच्छी तरह से जानता है कि पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर उसके लंबे समय से चले आ रहे दावे के अलावा पाकिस्तान का भी दावा है और स्वयं उन कश्मीरियों का अपना दावा है जो उस हिस्से की आजादी की मांग कर रहे हैं या भारत में विलय के लिए मांग कर रहे हैं।चौथा दावा चीन का भी है जिसने वहां भारी निवेश किया है। इस अर्थ में जयशंकर का कहना जायज है कि पीओके भारत के नियंत्रण में आ जाए तो वह भी भारतीय जम्मू-कश्मीर की तरह विकास के रास्ते पर बढ़ सकता है। परंतु व्यवहार में यह काम इतना आसान नहीं है। हाल-फिलहाल यह हो सकता है कि पीओके में पाकिस्तानी सरकार के जो जुल्म बढ़ रहे हैं और जिनसे वहां के निवासी आक्रांत रहे हैं, उनके लिए वैश्विक समर्थन जुटाया जाए और स्वयं भारत भी उन्हें स्पष्टत- आश्वासन दे कि वह उनकी जायज मांगों का समर्थक है। गिलगिट-बलूचिस्तान में रहने वाले लोगों ने अपने क्षेत्र पर पाकिस्तान के बलात कब्जे को कभी स्वीकारा नहीं है।यहां राजनीतिक अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक आवाजें उठ रही हैं। पाकिस्तान की कुल भूमि का 40 फीसद हिस्सा यहीं है, लेकिन इसका विकास नहीं हुआ है। करीब एक करोड़ 30 लाख की आबादी वाले इस इलाके में सर्वाधिक बलूच हैं। इसलिए इसे गिलगिट-बलूचिस्तान भी कहा जाता है। भारत को पीओके के निवासियों की पूरी चिंता है। लेकिन भारत का यह पक्ष केवल बातों में ही नहीं, व्यवहार में भी सामने आना चाहिए। पाकिस्तान के अवैध कब्जे से कश्मीर के इस हिस्से को भारत में वापस लाने का एक रास्ता यह हो सकता है।

क्या बलूचिस्तान अपनी आजादी के बेहद नजदीक पहुंच गया है

अशोक भाटिया

बलूचिस्तान में लिबरेशन आर्मी द्वारा क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक करने की 11 मार्च की घटना ने, बलूच और पाकिस्तानी शासन के बीच लंबे समय से चले आ रहे संघर्षों की यादों को एक बार फिर से ताजा कर दिया है। ब्लूच लड़ाकों द्वारा किया गया ये अटैक और हाईजैक बलूचों की स्वतंत्रता की लगातार मांग का नतीजा है। यह लड़ाई आर्थिक उत्पीड़न, राजनीतिक रूप से हाशिए पर धकेले जाने, सांस्कृतिक भेदभाव और स्टेट स्पॉन्सर्ड दमन के आरोपों का भी अंजाम है, जो 1947 में पाकिस्तान की स्थापना के बाद से ही चल रहा है।बताया जाता है कि हाल ही में बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान पर सबसे बड़ा हमला कर दिया है। जिसके बाद कहा जा रहा है कि बलूचिस्तान अपनी आजादी के बेहद नजदीक पहुंच गया है। अब तो अमेरिका तक ने एक बड़ा ऐलान कर दिया है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने दावा किया है कि उसने पाकिस्तान की एक ट्रेन जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक कर लिया है। इस ट्रेन में पाकिस्तान के 450 लोगों को बंधक बना लिया गया है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान की सेना ने जरा सी भी हरकत करने की कोशिश की तो सभी यात्रियों को मार दिया जाएगा। बलूचिस्तान के कच्छी जिले के माच टाउन के आब-ए-गम इलाके के पास ट्रेन को हाईजैक किया गया है। खबर के मुताबिक, करीब छह हथियारबंद लोगों ने ट्रेन पर गोलीबारी की, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार, बीएलए का मुकाबला करने के लिए पाक सेना एयर स्ट्राइक की तैयारी कर रही है और एयर एसेट तैनात किए गए हैं।ट्रेन हाईजैक करते हुए बलूच आर्मी ने पाकिस्तान के 11 सैनिकों को मार दिया है। सबसे हैरान करने वाली बात तो ये है कि इस ट्रेन में पाकिस्तान की सेना, पाकिस्तान की पुलिस और पाकिस्तान के आतंकवाद निरोधक दल के अफसर व आईएसआई के अधिकारी भी बैठे हैं। बताया जा रहा है कि इस ट्रेन में बैठे पाकिस्तान के अधिकारियों की संख्या 182 से ज्यादा है। ये सभी अफसर छुट्टी मनाने के लिए पाकिस्तानके पंजाब प्रांत में जा रहे थे। बलूचों ने ट्रेन में बैठे इन पाकिस्तानी अधिकारियों को भी चेतावनी दी है कि जरा सी हरकत की तो सभी यात्रियों को मार दिया जाएगा। खबर सामने आ रही है कि बलूच आर्मी ने इस ट्रेन से महिलाओं और बच्चों को रिहा कर दिया है। बलूच लिबरेशन आर्मी की फिदायिन आर्मी और मजीद ब्रिगेड इस मिशन को लीड कर रही है। गौर करने वाली बात ये है कि कुछ दिन पहले ही बलूच आर्मी ने ऐलान किया था कि वो पाकिस्तान पर अपने हमले के तरीकों को बदल देगा। कुछ दिन पहले ही बलूचिस्तान और सिंध प्रांत के पांच संगठनों ने पाकिस्तान और चीन के खिलाफ हाथ मिला लिया था। इनमें तीन संगठन बलूचिस्तान के हैं और दो संगठन सिंध प्रांत के हैं। मकसद साफ है बलूचिस्तान और सिंध प्रांत को पाकिस्तान से अलग करना और काम शुरू भी हो चुका है। कुछ दिन पहले पाकिस्तान की संसद में भी बयान दिया गया था कि बलूचिस्तान से पांच से सात प्रांत खुद को आजाद घोषित करने वाले हैं। बलूचिस्तान में पिछले एक साल में आतंकवादी हमलों में वृद्धि देखी गई है। नवंबर 2024 में क्वेटा रेलवे स्टेशन पर हुए आत्मघाती धमाके में कम से कम 26 लोग मारे गए थे और 62 अन्य घायल हुए थे। तेल और खनिज संपन्न बलूचिस्तान, पाकिस्तान का क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे बड़ा लेकिन सबसे कम आबादी वाला प्रांत है। ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगा बलूचिस्तान लंबे समय से हिंसक अलगाववाद से जूझ रहा है। बलूच विद्रोही समूह अक्सर सुरक्षा कर्मियों, सरकारी परियोजनाओं और क्षेत्र में 60 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत वाली चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं को निशाना बनाकर हमले करते रहते हैं।गौरतलब है कि भारत में इससे पहले अगस्त, 2016 में बलूचिस्तान का मुद्दा जोरदार ढंग से चर्चा में आया था और तब इसकी वजह यह थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त के मौके पर लाल किले से दिए अपने भाषण में बलूच लोगों पर पाकिस्तान के अत्याचारों का जिक्र किया था। तब प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर पाकिस्तान की ओर से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई थी जबकि बलूचिस्तान के नेताओं ने इस मुद्दे को उठाने के लिए मोदी को धन्यवाद दिया था। ज्ञात हो कि इस समय पाकिस्तान में क्षेत्रफल के लिहाज से बलूचिस्तान सबसे बड़ा सूबा है लेकिन यहां आबादी कम है और बाकी प्रांतों के मुकाबले यहां के लोग गरीब हैं। यहां रोजगार के मौके भी बहुत कम हैं लेकिन प्राकृतिक संसाधन विशेषकर तेल यहां बहुत ज्यादा है और इसलिए यह सूबा पाकिस्तान के लिए बेहद अहम है।बलूचिस्तान के इतिहास के अनुसार 1947 में भारत के विभाजन के बाद जब पाकिस्तान बना तभी से बलूचिस्तान के लोगों ने पाकिस्तानी आर्मी और हुकूमत के द्वारा की जा रही हिंसा, कत्लेआम और उनकी आवाज को दबाने के लिए की गई कार्रवाइयों को देखा है। 1947 से पहले बलूचिस्तान में मकरान, लस बेला, खारन और कलात इलाकों के सरदार शामिल थे। ये सभी ब्रिटिश हुकूमत के प्रति वफादार थे। इन सभी में कलात का सरदार सबसे शक्तिशाली था और बाकी इलाकों के सरदार उसके अधीन थे।जब भारत से ब्रिटिश शासन का अंत होने वाला था तब कलात के अंतिम 'खान' सरदार अहमद यार खान ने एक स्वतंत्र बलूच राष्ट्र की मांग को उठाया। अहमद यार खान ऐसा मानते थे कि उनके और मोहम्मद अली जिन्ना के संबंध बेहद अच्छे हैं और इस वजह से उन्हें पाकिस्तान में शामिल करने के बजाए एक अलग देश की मान्यता मिलेगी। 1947 में पाकिस्तान ने उनके साथ एक मैत्री समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि अंग्रेज चाहते थे कि कलात का पाकिस्तान में विलय हो जाए।अक्टूबर, 1947 में पाकिस्तान ने एक चतुराई भरा खेल खेला और कलात का पाकिस्तान में विलय करने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। 17 मार्च, 1948 को पाकिस्तान की सरकार ने कलात के तीन इलाकों को अपने साथ शामिल कर लिया।

इसी दौरान ऑल इंडिया रेडियो पर यह अफवाह फैल गई थी कि कलात के खान भारत में विलय करना चाहते हैं। इस वजह से 26 मार्च, 1948 को पाकिस्तान की सेना बलूचिस्तान में घुस गई और इसके अगले दिन कलात के विलय के समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए गए। लेकिन इस विलय के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए।बलूचिस्तान की आजादी के लिए अब तक पांच युद्ध (1948, 1958-59, 1962-63, 1973-1977 और 2003 से जारी) लड़े गए हैं, जिनमें से पहला युद्ध 1948 में शुरू हो गया था। पाकिस्तान की सेना के लिए बलूच विद्रोहियों से निपटना बेहद मुश्किल साबित हुआ है। पाकिस्तान की सेना और वहां की हुकूमत ने बलूच विद्रोहियों का निर्दयता से दमन किया है, इस तरह के आरोप अलग बलूचिस्तान की मांग करने वाले लोगों की तरफ से लगातार लगाए जाते हैं।

पाकिस्तान की सेना पर बलूचिस्तान के लोगों का अपहरण करने, उन पर अत्याचार करने, मनमानी गिरफ्तारी करने और हत्याओं तक को अंजाम देने के आरोप लगते रहे हैं। इस बारे में कोई सटीक आंकड़ा नहीं है कि 1948 से अब तक पाकिस्तान की सेना ने बलूचिस्तान के कितने नागरिकों को मारा है। लेकिन एनजीए के मुताबिक, 2001 और 2017 के बीच लगभग 5,228 बलूच नागरिक लापता हो गए और यह मान लिया गया है कि वे अब जिंदा नहीं हैं।इसी कारण पाकिस्तान की सेना की हिंसा के जवाब में बलूचिस्तान की लड़ाई लड़ रहे संगठनों ने भी हिंसा का सहारा लिया है। उन पर ऐसा आरोप लगता है कि उन्होंने गैर-बलूच लोगों की हत्याएं की हैं और बड़े पैमाने पर मानवाधिकारों का उल्लंघन किया है।इस्लामाबाद के एनजीओ की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है, 'बलूच विद्रोही गुटों, मुख्य रूप से बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने 2023 में बलूचिस्तान में 78 हमले किए, जिसमें 86 लोग मारे गए और 137 लोग घायल हुए।

ये हमले मुख्य रूप से बलूचिस्तान के मध्य, दक्षिणी और दक्षिण-पश्चिमी हिस्सों के 19 जिलों में हुए और इनमें बड़े पैमाने पर सुरक्षा बलों को निशाना बनाया गया।'एक सवाल यह भी खड़ा होता है कि बलूचिस्तान की अलग मांग को किस वजह से समर्थन मिला। इसके पीछे दो बातें सामने आती हैं। पहला भेदभाव होना।

बलूचिस्तान के लोगों का इतिहास, भाषा और संस्कृति एक जैसी है लेकिन यह बात कही जाती है कि पाकिस्तान बनने के बाद से ही वहां सिर्फ पंजाब के लोगों का दबदबा है। पंजाब के लोगों का पाकिस्तान की नौकरशाही, सारे संस्थानों पर जबरदस्त कब्जा रहा है। पाकिस्तान की क्रिकेट टीम में भी पंजाबियों का दबदबा है और इस वजह से बलूचिस्तान के लोग ऐसा महसूस करते हैं कि उनके साथ भेदभाव हुआ है।दूसरी वजह है कि बलूचिस्तान के लोग मानते हैं कि उनके संसाधनों पर कब्जा हो रहा है और उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। बलूचिस्तान का इलाका प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है और यह ईरान और अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर स्थित है और इसलिए भी यह पाकिस्तान के लिए रणनीतिक लिहाज से अहम है लेकिन पाकिस्तान के बाकी हिस्सों की तुलना में यहां के लोग आर्थिक रूप से कमजोर हैं।इस वजह से बलूचिस्तान के लोगों के मन में यह बात बैठ गई है कि पाकिस्तान में उनके साथ नाइंसाफी हो रही है और उन्हें अलग देश दिया जाना चाहिए जिससे वे अपने संसाधनों का इस्तेमाल कर सकें।

उनका तर्क है कि बलूचिस्तान के प्राकृतिक संसाधनों का ज्यादातर फायदा पाकिस्तान के पंजाब के लोगों को मिलता है। उदाहरण के लिए जैसे चीन के द्वारा बनाए जा रहे ग्वादर पार्ट में अरबों रुपए का निवेश हुआ है लेकिन इससे बलूचिस्तान को फायदा नहीं मिला है बल्कि पंजाबी और सिंधी इंजीनियरों को यहां काम पर रखा गया। इस वजह से कई बार बलूच लड़ाकों ने पंजाब के लोगों को निशाना बनाया है।अब लगता है कि बलूची आर पार की लड़ाई के मूड में है और वह अलग बलूचिस्तान लेकर ही मानेंगे

वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

सरोकार

नई शिक्षा नीति और त्रिभाषा फॉर्मूले को लेकर विवाद

अजीत द्विवेदी

यह अनुरोध सिर्फ केंद्र सरकार से नहीं है, बल्कि तमिलनाडु सरकार से भी है। नई शिक्षा नीति और त्रिभाषा फॉर्मूले को लेकर जो विवाद केंद्र सरकार और तमिलनाडु सरकार के बीच छिड़ा है वह कोई भाषा और संस्कृति का विवाद नहीं है, बल्कि राजनीतिक विवाद है। इसलिए किसी भी भाषा को और खास कर हिंदी को खलनायक बनाने की जरुरत नहीं है। असलियत यह है कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले दोनों पक्ष अपने अपने हथियारों को धार दे रहे हैं। यह दुर्भाग्य होगा अगर एक बार फिर भाषा का विवाद छिड़ेगा और राजनीतिक फायदे के लिए पार्टियां इसका इस्तेमाल करेंगी। ऐसा लग रहा है कि चार साल शासन करने के बाद मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को भाषा के विवाद में अवसर दिख रहा है तो दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को इसी बहाने अपने को हिंदी हितैषी दिखाने का मौका मिला है। हिंदी हितैषी का यह नैरेटिव भाजपा को अगर तमिलनाडु में ज्यादा फायदा नहीं भी पहुंचाता है तब भी देश के 40 फीसदी से ज्यादा हिंदी भाषी इलाके में अच्छी बढ़त दिला सकता है।इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह एक राजनीतिक मसला है, जिसका भाषा और संस्कृति से ज्यादा सरोकार नहीं है। एमके स्टालिन नई शिक्षा नीति यानी एनईपी के बहाने हिंदी बनाम तमिल का मुद्दा इसलिए बना रहे हैं ताकि वे अपने को द्रविड अस्मिता का चैम्पियन दिखा सकें। वे एक आभासी लड़ाई छेड़ कर उसका राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं। इस तरह के कई काम वे और उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन पहले भी कर चुके हैं। उदयनिधि ने इसी तरह के राजनीतिक लाभ के लिए सनातन धर्म के खिलाफ अवांछित टिप्पणी की थी। सनातन बनाम द्रविड संस्कृति का विवाद उन्होंने खड़ा किया था तो तमिल बनाम हिंदी का विवाद एमके स्टालिन बना रहे हैं। पहले तो उनका विरोध इतना था कि वे एनईपी के जरिए त्रिभाषा फॉर्मूला लागू करने और तमिल व अंग्रेजी के साथ तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी पढ़ाए जाने के प्रयास का विरोध कर रहे थे। उनका आरोप था कि केंद्र सरकार हिंदी थोपना चाहती है।लेकिन बाद में उन्होंने हिंदी का विरोध शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि हिंदी का वर्चस्व स्थापित करने के प्रयासों के चलते उत्तर भारत की 25 बोलियां समाप्त हो गईं। उनका यह निष्कर्ष भी राजनीतिक है और अधूरा है। अव्वल तो उत्तर भारत की बोलियां समाप्त नहीं हुई हैं। आज भी करीब 15 करोड़ लोग भोजपुरी बोलते हैं और पूर्वांचल के अलावा देश भर में और विदेशों में भी भोजपुरी बोली जाती है। भोजपुरी के अलावा बिहार में मगही, मैथिली, अंगिका, वज्जिका आदि बोलियां भी चलती हैं तो उत्तर प्रदेश में भोजपुरी के साथ साथ अवधि व ब्रज भाषा का भी चलन है। राजस्थान, मध्य प्रदेश में भी कई बोलियां प्रचलित हैं। इन बोलियों को मानक भाषा नहीं माना गया है। मानक भाषा के तौर पर हिंदी को संविधान में स्वीकार किया गया। संविधान बनाने वालों ने 1950 हिंदी को आधिकारिक राजभाषा बनाया और साथ ही कहा कि 15 साल तक अंग्रेजी सहायक राजभाषा बनी रहेगी। हालांकि बाद में तमिलनाडु और दूसरे राज्यों के विरोध की वजह से 15 साल की समय सीमा हटा दी गई। इसलिए हिंदी के साथ साथ अंग्रेजी भी कामकाज की भाषा बनी हुई है। तभी हिंदी को उसका विकास करने वाली बोलियों के विरोध में खड़ा करने की स्टालिन की राजनीति ठीक नहीं है।अगर उनके इसी तर्क के हिसाब से देखें तो सवाल उठेगा कि क्या तमिल भाषा ने तमिल बोलियों को समाप्त नहीं किया है? तमिलनाडु के अलग अलग इलाकों में कई बोलियां प्रचलित रही हैं। आज भी अनेक बोलियों का अस्तित्व है लेकिन उनको मानक तमिल भाषा नहीं माना जाता है। कोंगु तमिल, मद्रास बशई, मदुरै तमिल, नेलाई तमिल, कुमारी तमिल आदि बोलियां हैं।

इसके अलावा श्रीलंका के जाफना में या मलेशिया में मानक या शास्त्रीय तमिल भाषा नहीं इस्तेमाल होती है। वहां की अलग बोलियां हैं। ऐसा ही कन्नड़, मलयालम, तेलुगू आदि मानक भाषाओं का विकास भी बोलियों से ही हुआ है। जिस तरह से उत्तर भारत की बोलियों ने हिंदी को समृद्ध किया है उसी तरह अन्य मानक भाषाएं भी अपनी बोलियों से ही समृद्ध हुई हैं। इसलिए भाषा और बोली के बीच दशकों पहले सुलझ चुके विवाद को फिर से छेड़ने की जरुरत नहीं है।दूसरी अहम बात यह है कि अगर अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य संपर्क भाषा की बात होगी तो क्या वह हिंदी नहीं होगी? हिंदी के अलावा किसको पूरे देश की संपर्क भाषा कह सकते हैं? क्या तमिलनाडु के लोग देश के दूसरे हिस्सों में जाते हैं तो वे हिंदी का प्रयोग नहीं करते हैं? क्या वे हिंदी की फिल्में नहीं देखते हैं या हिंदी के गाने नहीं सुनते हैं? देश में उनका काम तमिल और अंग्रेजी के दम पर नहीं चल सकता है। खुद तमिलनाडु का तीर्थाटन और पर्यटन का विशाल कारोबार बड़ी हिंदी आबादी के दम पर ही चल रहा है। हिंदी भाषी पर्यटकों के साथ तमिल लोगों को कामचलाऊ हिंदी से कोई आपत्ति नहीं होती है।

परंतु स्टालिन ने अपने राजनीतिक फायदा के लिए इसका विवाद बना दिया है।इसी तरह भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने भी राजनीतिक लाभ के लिए इसे मुद्दा बनाया है। नई शिक्षा की नीति में कई चीजें अच्छी हैं, जिनको लागू कराना चाहिए। लेकिन ऐसा लग रहा है कि केंद्र सरकार का सारा जोर हिंदी पढ़वाने पर है। वह अपने को हिंदी हितैषी दिखाने के लिए दूसरी भाषाओं को हिंदी के विरोध में खड़ा करवाने की राजनीति कर रही है। वैसे भी तमिलनाडु में बड़ी संख्या में केंद्रीय विद्यालय हैं, जिनमें हिंदी पढ़ाई जा रही है। इसी तरह ज्यादातर निजी स्कूलों में भी हिंदी की पढ़ाई हो रही है। सीबीएसई, आईसीएसई और आईबी बोर्ड वाले स्कूलों में भी हिंदी की पढ़ाई हो रही है। क्या इतना पर्याप्त नहीं है, दक्षिण में हिंदी के प्रसार के लिए? इसके अलावा भी दक्षिण में हिंदी के प्रसार के लिए संस्थाएं बनी हैं। फिर क्यों केंद्र सरकार तमिलनाडु के सरकारी स्कूलों में हिंदी अनिवार्य कराने में लगी है? अगर त्रिभाषा फॉर्मूले की ही बात करें तो उत्तर भारत के कितने स्कूलों में इसको लागू किया गया है? ज्यादातर सरकारी स्कूलों में सारी पढ़ाई हिंदी में ही होती है। उत्तर भारत की बड़ी आबादी के लिए अंग्रेजी आज भी एलियन भाषा है। अंग्रेजी पढ़ाने के लिए रखे गए ज्यादातर शिक्षक हिंदी में ही अंग्रेजी पढ़ाते हैं। ज्यादातर जगहों पर तीसरी भाषा के तौर पर संस्कृत को रखा गया है इसके बावजूद अधिकतर छात्रों को सिर्फ परीक्षा पास करने लायक संस्कृत आती है, जिसका इस्तेमाल वे फिर जीवन में कभी नहीं करते हैं। इसलिए भाषा को लेकर इतना आग्रह या विवाद ठीक नहीं है।

राशिफल

मेष	आज आप एनर्जेटिक रहेंगे। इंजीनियर्स को आज अच्छा प्रोजेक्ट मिलेगा जो उनके जीवन का अहम प्रोजेक्ट होगा। आज आप उस बात का समर्थन करेंगे जो आपके लिए लाभदायक है। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, जिससे आपके सारे काम भी अच्छे ढंग से होंगे। आज बच्चों को चिड़ियाघर घुमाने ले जाएंगे, जहां बच्चे खूब आनंद उठाएंगे।
वृष	आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। इस राशि के जो लोग बिजनेस करते है आज उन्हें धनलाभ होने के योग बन रहे है। जो लोग नौकरी की तलाश में उन्हें नौकरी मिलने की संभावना है। इस राशि के जो लोग कवि है आज उनकी कविता की पुस्तक प्रकाशित हो सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।
मिथुन	आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज बहुत से अच्छे मौके आपका इंतजार कर रहे हैं। लेकिन आपको उनके लिए लगातार कोशिशें करनी होंगी। इस राशि के जिन लोगों का सिंगिंग में रुझान है आज उन्हे किसी टीवी शो में गाने का ऑफर आ सकता है। आज आप महंगी खरीददारी के बारे में भी अपना मन बना सकते है
कर्क	आज आप काफी उत्साहित रहेंगे। अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने के लिए आज आप नया प्लान बनाएंगे। आज आपकी मुलाकात कुछ ऐसे लोगों से हो सकती है जो भविष्य में आपकी सहायता कर सकते है। आज सकारात्मक सोच रखकर कार्य करेंगे तो आपको सफलता जरूर मिलेगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।
सिंह	आज आपका दिन लकी रहेगा। मेडिकल स्टूडेंट्स आज अपने सीनियर्स से कुछ नया अनुभव सीखेंगे, जो उनको आने वाले जीवन में लाभ देगा। लेखकों की आत्मकथा आज पब्लिश होगी जो लोगों के द्वारा काफी पसंद की जाएगी। साथ ही आज दूसरों की परवाह करने के लिए अपनी इच्छाओं को न रोकें, जो कार्य आपको अच्छा लगें, वहीं करें। शुभ रंग- मैजेंटा
कन्या	आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे जिससे घर में खुशियों का माहौल रहेगा। बच्चो को ज्ञान की बातें बतायेंगे जिससे बच्चे अच्छे रास्ते पर चले। आज आप जो भी काम करेंगे उसमें आपको सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ टाइम स्पेंड करने से आपकी उलझने कम होंगी।
तुला	आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे, जिससे आपको आपके काम के लिए अच्छी रेटिंग मिलेगी। आज आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे जिससे आप खूब सारा धन कमाएंगे। आज आपके कार्यक्षेत्र और परिवार के बीच संतुलन रहेगा। अविवाहित जातकों के लिए विवाह के अच्छे प्रस्ताव आयेंगे।
वश्चिक	आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। किसी पुरानी बात को लेकर आप उलझन आ सकते है, अपने मित्र से शेयर करके आपको उस उलझन से राहत मिलेगी। आपके घर पर मेहमान मेहमान आयेंगे, जिससे घर का माहौल व्यस्त रहेगा। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए दिन फेवरेबल रहेगा, आप नई तकनीकी सीख सकते है जो भविष्य में काम आयेगा।
धनु	आज आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। आज परिवार वालों के साथ घर की साफ-सफाई में हाथ बटायेंगे। साथ ही कुछ जरूरी सामान खरीदने बाजार जा सकते हैं। आज आप घर में स्वादिष्ट भोजन का आन्नद लेंगे। इस राशि के नव-विवाहित के लिए आज का दिन बेहतरीन है। लवमेट आज कहीं घूमने की प्लानिंग कर सकते है
मकर	आज आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। बड़ों की सलाह आपके लिए कारगार होगी, इसलिए उनसे सलाह लेकर ही काम को करें। आपको उन लोगों से दूरी बनाकर रखनी है, जिनके विचार नकारात्मक हों। कारोबार में आ रही समस्याएं आज समाप्त होंगी। आपका नए लोगों से जल्दी ही परिचय हो सकता है।
कुम्भ	आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। शाम को दोस्तों से मिलने के बाद आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी। जिससे आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। जीवनसाथी को आज सरप्राइज पार्टी देंगे, जिससे आपके बीच का प्यार ज्यादा बढ़ेगा। कार्यों को आप धैर्य पूर्वक पूरा करेंगे, जिससे आपका काम सफल होगा।
मीन	आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए अपने सहयोगियों के साथ मीटिंग करेंगे। अपने बच्चों के साथ आज घर पर गेम खेलेंगे, जिससे पारिवारिक सौहार्द बढ़ेगा। आज जो भी फैसला करें काफी सोच विचार कर ही करें, हो सके तो परिवार वालों की राय जरूर लें।

समसामयिक

कुंभ में डुबकी पापों को पुण्य में बदला

हरिशंकर व्यास

जो आस्थावान हैं वे परमहंस अवस्था में हैं। उन्हें मुक्ति मिली। मोक्ष के साथ स्वर्गलोक में स्थान पक्का! जीवन तथा जन्म धन्य। ऐसे कोई 66 करोड़ हिंदुओं ने मौका नहीं चुका है। इन्होंने कुंभ में डुबकी लगाई और पापों को पुण्य में बदला। जन्म-जन्मांतर से मुक्ति हुई। स्वर्ग (ब्रह्म में लीन) सुख की गारंटी पाई। दूसरी तरफ वे संसारजीवी हिंदू हैं, जो हैरानी से मन ही मन मान रहे हैं कि मार्केटिंग के रणनीतिकारों की कोई न कोई टोली, कोई थिंक टैंक है, जिसकी प्लानिंग से योगी और मोदी हिंदुओं में आस्था की सुनामी बनाते हुए हैं!बकौल प्रधानमंत्री मोदी के शब्दों में- यह आयोजन, आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए, प्लानिंग और पॉलिसी एक्सपर्ट्स के लिए, नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है।सौ टका सही बात है। निश्चित ही डोनाल?ड ट्रंप व इलॉन मस्क सहित दुनिया के उन सभी कर्णधारों को अपने राजनीतिक-धार्मिक, कारोबारी रणनीतिकारों को हड़काते हुए आदेश देना चाहिए कि वे भारत जा कर योगी और मोदी के चरणों में बैठें, उनसे सीखें! इन्होंने 45 दिनों में पूरी दुनिया को पछाड़ दिया है। हिंदू आस्था की महाशक्ति के विश्व रिकॉर्ड बने हैं। सो, कहां गए हमारे धर्म के धर्माचार्य? हमें वेटिकन में भीड़ का रिकॉर्ड बनाना है। जाहिर है इस होड़ में सर्वाधिक घायल चीन ही होगा। इसलिए क्योंकि वह कम्युनिस्ट देश है। धर्म तथा आस्थाविहीन देश है। उसे मोदी के भारत ने पहले आबादी में पछाड़ा। अब आस्था की ताकत में भी पछाड़ा!गौर करें कुंभ बाद सरकारी प्रेस रिलीज, मीडिया रिपोर्टों की इन बातों परङ्क 45 दिनों में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। अमेरिका सहित एक सौ देशों की आबादी से अधिक लोग कुंभ के दौरान प्रयागराज पहुंचे। यह संख्या मक्का और वेटिकन सिटी जाने वाले श्रद्धालुओं से भी अधिक है। सऊदी अरब के मक्का और मदीना जाने वाले हजयात्रियों से यह संख्या दो सौ गुना अधिक है। इस महाकुंभ ने इतिहास रचा है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में कई रिकॉर्ड बने हैं आदि, आदि।मुख्यमंत्री योगी ने विधानसभा में बाकी धर्मों को पछाड़ने के दो टूक आंकड़े भी प्रस्तुत किए। उन्होंने महाकुंभ से तुलना में मक्का, मदीना का आंकड़ा बताते हुए कहा- मक्का में 24 दिन में एक करोड़ 40 लाख यानी करीब डेढ़ करोड़ लोग पहुंचे हैं। ईसाइयों के सबसे बड़े धार्मिक स्थल वेटिकन सिटी में 80 लाख पहुंचे हैं। लेकिन अयोध्या में इसके 12 गुना यानी 16 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे। वही महाकुंभ में 45 दिनों में 64 करोड़ लोगों ने संगम स्नान किया है।ज्इस्लाम, ईसाई या किसी अन्य धर्म में सनातन धर्म के इस वैश्विक आयोजन का कोई मुकाबला नहीं है।जाहिर है इसकी वजह को भारत परम धाम प्राप्त है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा हैं- ये कुछ ऐसा हुआ है, जो बीते कुछ दशकों में पहले कभी नहीं हुआ। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो आने वाली कई-कई शताब्दियों की एक नींव रख गया है।ज्144 वर्षों के बाद पड़े इस तरह के पूर्ण महाकुंभ ने भी हमें भारत की विकास यात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है। ये संदेश है- विकसित भारत का।उन्होंने आगे कहा- आजादी के बाद भारत की इस शक्ति के विराट स्वरूप को यदि हमने जाना होता, और इस शक्ति को सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की ओर मोड़ा होता, तो ये गुलामी के प्रभावों से बाहर निकलते भारत की बहुत बड़ी शक्ति बन जाती। लेकिन हम तब ये नहीं कर पाए। अब मुझे संतोष है, खुशी है कि जनता जनार्दन की यही शक्ति, विकसित भारत के लिए एकजुट हो रही है। जाहिर है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आस्थावान हिंदुओं को परमहंस अवस्था में पहुंचा दिया है। इस अमृतकाल से भारत अमृतमय हो गया है और बाकी सभी धर्मों को पछाड़ दिया है। भारत विश्वगुरू है!

सामाजिक एवं विधिक मूल्यों के प्रति सदैव ईमानदार रहे पं0 कृपाशंकर ओझा-रामसेवक

● वकील परिषद में समारोहपूर्वक मनायी गयी पूर्व अध्यक्ष स्व0 ओझा की द्वितीय पुण्यतिथि

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जाने माने समाजवादी तथा वकील परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकतंत्र सेनानी स्व0पं0 कृपाशंकर ओझा की द्वितीय पुण्यतिथि यहां कलेक्टेज्ट कचहरी स्थित वकील परिषद के सभागार में समारोहपूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ लोकतंत्र सेनानी एवं प्रख्यात कानूनविद समाजसेवी पं. रामसेवक त्रिपाठी तथा वकील परिषद के अध्यक्ष आनन्द पाण्डेय ने स्व0 कृपाशंकर ओझा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष पं. रामसेवक त्रिपाठी ने कहा कि सामाजिक चेतना को बनाए रखने तथा लोकतंत्र में लोगों की अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनविद स्व0 पं0 कृपाशंकर ओझा का अदम्य साहस और निडर व्यक्तित्व सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उन्होने कहा कि स्व. कृपाशंकर ओझा ने इमरजेंसी के दौरान जेल की यातना सहकर भी लोकतंत्र की आवाज को बुलंद करने का अदम्य साहस जीवन्त बनाए रखा। कार्यक्रम में जाने माने साहित्यकार राज नारायण शुक्ल राजन तथा वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. श्यामशंकर शुक्ल श्याम ने स्व. ओझा के कृतित्व व व्यक्तित्व पर केन्द्रित काव्यपाठ कर समारोह को ऊंचाईयां प्रदान की। वहीं अधिवक्ता सलीम ने शेरो शायरी के जरिए ओझा जी के जिंदगानी के यादगार लम्हों को बयां किया। धर्माचार्य अनिरूद्ध रामानुजदासानुदास ओमप्रकाश पाण्डेय ने स्व. पं. कृपाशंकर ओझा के संघर्ष भरे जीवन पर प्रकाश डाला। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की ओर से मीडिया प्रभारी एवं रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने वकालत के मिशन में स्व. ओझा के प्रतिपादित सिद्धांतों को प्रेरणास्पद ठहराया। पूर्व सपा विधायक नागेन्द्र यादव मुन्ना ने भी स्व. कृपाशंकर ओझा के सामाजिक योगदान का बखान किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी तथा रामुपरखास की विधायक आराधना मिश्रा मोना का संदेश स्व. कृपाशंकर ओझा की स्मृति में पढ़ा। सपा नेता एवं पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव का संदेश जूनियर बार एसोशिएसन के पूर्व अध्यक्ष विनोद पाण्डेय ने पढ़ा। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी ने स्व. पं. कृपाशंकर ओझा को सिद्धांतो की रक्षा के लिए लौहपुरूष कहा। कार्यक्रम के संयोजक एवं रूरल बार एसोशिएसन के प्रदेश अध्यक्ष एवं स्व. कृपाशंकर ओझा के सुपुत्र मुक्तेश्वर नाथ ओझा मुक्कू ने उनके जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वकील परिषद के अध्यक्ष आनंद पाण्डेय ने पूर्व अध्यक्ष स्व. कृपाशंकर ओझा के द्वारा न्यायिक क्षेत्र में दिये गये योगदान पर प्रकाश डाला। समारोह में आयोजन समिति द्वारा लोकतंत्र सेनानी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता पं. रामसेवक त्रिपाठी को अंगवस्त्रम तथा माल्यार्पण एवं भगवान श्रीराम जी की प्रतिमा भेंट कर पं. कृपाशंकर ओझा स्मृति सम्मान से भी नवाजा गया।

समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि बार एसोशिएसन के अध्यक्ष बृजेश सिंह गौतम तथा जूनियर बार एसोशिएसन के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह तथा महामंत्री विवेक त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि रहे। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जिलाध्यक्ष रामअचल वर्मा ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया व एमएलसी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल की ओर से स्व. कृपाशंकर ओझा को पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष आचार्य ओमप्रकाश मिश्र ने किया। आभार प्रदर्शन वकील परिषद के महामंत्री विजय पाण्डेय ने किया। स्मृति दिवस समारोह को पूर्व अध्यक्ष राधेकृष्ण त्रिपाठी, सूर्यकांत निराला, बृजभान ओझा, देवेन्द्र ओझा, चिंतामणि पाण्डेय, पूर्व महामंत्री योगेश शुक्ल किसान, संतोष तिवारी निशुल्क, रमेशचंद्र पाण्डेय, पूर्व प्रमुख विनय सिंह, अधिवक्ता नीरज ओझा, इन्दुभाल मिश्र, संतोष नारायण त्रिपाठी, भाजपा नेता गिरधारी सिंह ने भी संबोधित करते हुए स्व. पं. कृपाशंकर ओझा के जीवन दर्शन पर अपने अपने विचार रखे। स्वागत भाषण स्व. कृपाशंकर ओझा के पुत्र दीपक ओझा व आभार प्रदर्शन वकील परिषद के महामंत्री विजयनाथ पाण्डेय ने किया। इधर कलेक्टेज्ट के संकटमोचन शेड में जिलाध्यक्ष रूरल बार एसोशिएसन की ओर से जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा के संयोजन में वकील परिषद के पूर्व अध्यक्ष स्व.पं. कृपाशंकर ओझा की द्वितीय पुण्यतिथि समारोहपूर्वक मनायी गयी।

मनाई गई वकील परिषद् के पूर्व अध्यक्ष की पुण्यतिथि

लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय तहसील परिसर में बुधवार को प्रतापगढ़ वकील परिषद के पूर्व अध्यक्ष स्व0 पं0 कृपाशंकर ओझा की द्वितीय पुण्यतिथि समारोहपूर्वक मनाई गयी। अधिवक्ताओं के साथ आल इण्डिया रुरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल व संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने स्व0 कृपा शंकर ओझा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कार्यक्रम का संयोजन अधिवक्ता शैलेन्द्र मिश्रा ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता कमाल अहमद, मो ईशा, प्रमोद मिश्रा, रवि सिंह, आशुतोष शुक्ल, शैलेन्द्र शुक्ल, अजय शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

हैप्पी टाइम स्कूल में बच्चों ने मचाया होली का धमाल

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। आज से स्कूलों में होली की छुट्टी हो गई। आज छुट्टी के पहले हैप्पी टाइम प्ले वे स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों ने खूब रंग खेला। ज्यादातर बच्चे आज स्कूल ड्रेस में नहीं आए थे। वे अपने साथ रंग और गुलाल लेकर आए थे लेकिन 17 मार्च से वार्षिक परीक्षा को देखते हुए केवल अंतिम पीरियड में बच्चों को होली खेलने की अनुमति मिली थी।

फिर क्या था? बच्चों ने पहले शिक्षकों को टीका लगाकर उनका आशीर्वाद लिया, फिर आपस में रंग और गुलाब उड़ने लगा। मात्र आधे घंटे में स्कूल के सारे बच्चों की सूरत बदल गई थी। स्कूल के प्रबंधक शैलेन्द्र मिश्र ने बच्चों को होली की शुभकामना देते हुए उन्हें वार्षिक परीक्षा की तैयारी करने को कहा। उन्होंने कहा कि होली के अवकाश का सदुपयोग परीक्षा की तैयारी में जरुर करें।

बच्चों को रंग खेलते समय अनुशासित रखने के लिये शिक्षक उमेश श्रीवास्तव, सौम्या, विभा, ममता, स्वेच्छा, सोनाली आदि सक्रिय रहीं। बता दें कि आज से होली का अवकाश हो गया है। स्कूल खुलने पर 17 मार्च से बच्चों की वार्षिक परीक्षा होगी।

क्षेत्र पंचायत सण्ड़वा चन्द्रिका की बैठक 17 मार्च को

प्रतापगढ़। खण्ड विकास अधिकारी सण्ड़वा चन्द्रिका रामश्री ने बताया है कि दिनांक 17 मार्च 2025 को क्षेत्र पंचायत की बैठक पूर्वान्ह 11 बजे विकास खण्ड सण्ड़वा चन्द्रिका के सभागार में प्रमुख क्षेत्र पंचायत सण्ड़वा चन्द्रिका की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक मित्रों को किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ। बड़ौदा यूपी बैंक क्षेत्रीय कार्यालय में बुधवार को राइनेट कंपनी द्वारा बैंक मित्रों के कार्यों की समीक्षा बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बैंक मित्रों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक एल के बुनकर, उपक्षेत्रीय प्रबंधक केयस भास्कर, वित्तीय समावेशन प्रबंधक दिव्यांशू श्रीवास्तव व राइनेट के क्लस्टर मैनेजर रजनीश श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इसके बाद मुख्य अतिथि एल के बुनकर ने सभी बैंक मित्रों को बैंक के कार्यों में होने वाले परिवर्तन, टेक्नोलॉजी के साथ-साथ विभिन्न कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान किया। अन्य अतिथियों ने बैंक मित्रों को बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। एफआई मैनेजर दिव्यांशू श्रीवास्तव ने बैंक मित्रों से भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित कराए जाने की बात कही । तत्पश्चात अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, नया खाता खोलने व अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक मित्र राहुल सरोज, शेर मोहम्मद, मनजीत मौर्य, अर्जुन यादव, अवनीश कुमार, सुशील कुमार, लवलेश सिंह, शिव मोहन यादव, रवि वर्मा, विकास कुमार सहित अन्य बैंक मित्रों को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राइनेट के क्लस्टर मैनेजर रजनीश श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर क्षेत्रीय कार्यालय से बीसी सुपरवाइजर समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

ससुरालियों ने विवाहिता से की मारपीट, सात नामजद

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। मानिकपुर थाना क्षेत्र के निरंजन का पुरवा खमसरा गांव निवासी चंद्रकेश यादव ने बाघराय पुलिस को तहरीर दी। उसकी बेटी शैलवी का विवाह सात जून 2022 को राम बाबू यादव निवासी धनवासा के साथ हुई थी। शादी में उसने 15 लाख रुपये नकद, तीन लाख के आभूषण समेत काफी उपहार दिया था। आरोप है कि ससुरावाले उसे मारते-पीटते रहे और विवाह में दिए गए आभूषण छीन लिए। मामले को लेकर 9 मार्च को थाने में समझौता करके उसकी बेटी को ले गए। इसके बावजूद 11 मार्च को ससुरालवालों ने उसकी बेटी की पिटाई की और उसके ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने का प्रयास किया। उसके दो मोबाइल भी तोड़ दिए, आभूषण छीन लिए। यूपी-112 पुलिस के पहुंचने पर उसकी जान बची। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने विवाहिता के पति राम बाबू, शिव बाबू, अजय बाबू, ज्ञान बाबू, सास निर्मला देवी, ननद शशि देवी, देवरानी पिंकी पत्नी ज्ञानबाबू के खिलाफ केस दर्ज किया है।

परीक्षा देने गई छात्रा लापता, युवक पर केस दर्ज

कुंडा प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है कि उसकी नाबालिग बेटी इंटर की छात्रा है। वह एक मार्च को सुबह आठ बजे घर से परीक्षा देने निकली। रास्ते में ही उसे गाजियाबाद के अंकुश अपने दोस्त की मदद से उसे बहका फुसलाकर भगा ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। उसे आशंका है कि उसकी बेटी के साथ कोई अप्रिय घटना घट सकती है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अंकुश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

जमीनी विवाद में पूर्व प्रधान की लाठियों से पीटकर नृशंस हत्या

● पुलिस कर रही घटना जांच, परिजनों में मचा कोहराम

लोकमित्र ब्यूरो

कटरा गुलाब सिंह,प्रतापगढ़। थाना क्षेत्र के बलापुर गांव के पूर्व प्रधान छेदी लाल पटेल 75 वर्ष की जमीनी रंजिश के चलते आज सुबह करीब 7 बजे दबंगो ने लाठी डंडों से पीटकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे पुलिस अधिकारी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार बलापुर गांव के पूर्व प्रधान छेदी लाल पटेल का पड़ोसी राम लखन पटेल से एक पुराना जमीनी विवाद न्यायालय में लंबित है। इसके कारण दोनों पक्षों में आए दिन कहासुनी होती रहती है। मामले की शिकायत कई बार की गई थी लेकिन राजस्व विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार व लापरवाही के कारण समाधान नहीं हो सका और विवाद लगातार बढ़ता ही चला गया। मृतक के पुत्र राम अभिलाष पटेल का आरोप है कि राम लखन पटेल धनबल में अधिक हैं और उसकी नंबरी जमीन पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं।

इसका मुकदमा विगत 35 वर्षों से न्यायालय में विचाराधीन है।बुधवार को सुबह पूर्व प्रधान छेदीलाल पटेल खेत की तरफ जा रहे थे, तभी पड़ोसियों से विवाद शुरू हो गया और दबंग पड़ोसियों ने लाठी डंडों से पीट-पीटकर छेदी लाल पटेल की हत्या कर दी।सूचना के बाद पहुंची जेठवारा पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में जमीन का विवाद प्रकाश में आया है और आरोपी फरार है उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया है, जल्दी ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।।

लघु सिंचाई विभाग की संचालित योजनाओं का उठाये लाभ, करें आनलाइन आवेदन

प्रतापगढ़। सहायक अभियन्ता (लघु सिंचाई) विक्रमाजीत ने बताया है लघु सिंचाई विभाग द्वारा मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना उथले नलकूप, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना मध्यम गहरी बोरिंग, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना गहरी बोरिंग व मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत-ट्राली माउन्टेड 02 एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना योजना संचालित की जा रही है जिसके लिये विभागीय पोर्टल पर आनलाइन आवेदन ही स्वीकार किया जायेगा, यह कार्य अनुदान के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। उन्होने मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना उथले नलकूप के सम्बन्ध में बताया है कि लघु एवं सीमान्त सामान्य/अनुसूचित जाति लाभार्थियों को निजी लघु सिंचाई साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग द्वारा उथले बोरिंग का कार्य कराया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत 30.00 मीटर गहराई तक की 110 एम0एम0 (4इंच) व्यास की बोरिंग/नलकूप निर्मित किये जाने का प्राविधान है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में किसान सेवा पोर्टल पर पंजीकृत कृषक पात्र हैं एवं प्रधानमंत्री कुसुम योजना में पंजीकृत कृषकों को योजना में प्राथमिकता दी जाती है। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना मध्यम गहरी बोरिंग के सम्बन्ध में बताया है कि मध्यम गहरे नलकूप योजनान्तर्गत समस्त श्रेणी के कृषकों को 31 से 60 मीटर की गहराई तक की (7इंच) व्यास की बोरिंग का निर्माण कराकर कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना गहरी बोरिंग के सम्बन्ध में बताया है कि गहरे नलकूप योजनान्तर्गत समस्त श्रेणी के कृषकों को 61 से 90 मीटर की गहराई तक की (8इंच) बोरिंग का निर्माण कराकर कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। योजना हेतु विभागीय पोर्टल ररउनचण्वतह पर आनलाइन आवेदन करना होगा। इसी प्रकार मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत-ट्राली माउन्टेड 02 एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना के सम्बन्ध में बताया है कि चेकडैम/तालाबों पर भूस्तरीय सिंचाई सुविधा के रूप में ट्राली माउन्टेड 02 एचपी के सोलर पम्पसेट (ए0सी0/डी0सी0) स्थापना का कार्य अनुदान के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है।

दोस्ती का रिश्ता शर्मसार करके आकाश को उतारा मौत के घाट, मचा कोहराम

● पिता के न पहुंचने से मृतक का आज होगा अंतिम संस्कार

लोकमित्र ब्यूरो

खेमीपुर प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के बड़ूपुर खेमीपुर निवासी 18 वर्षीय आकाश पुत्र अमृत लाल मंगलवार की दोपहर घर पर मौजूद था। तभी गांव के दूसरे समुदाय के एक युवक ने फोन करके उसे नहर पर बुलाया। जब आकाश वहां पहुंचा तो फोन करने वाला युवक उसे टिकरिया लाला की चक्की के पास ले गया। वहां मौजूद अन्य युवकों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद युवको ने आकाश की पिटाई शुरू कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्रयागराज रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रात करीब 9ः00 बजे जब घटना की जानकारी पुलिस को हुई तो मौके पर कोतवाल सत्येंद्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ बड़ूपुर गांव पहुंच गए। जहां पर आक्रोशित स्वजन शव को आरोपितों के घर के सामने दफनाने की मांग कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस आक्रोशित स्वजनों को समझाने में जुट गई। काफ़ी समझाने बुझाने के बाद गुरूवार की भोर करीब 3.00 बजे स्वजन मान गए । इसके बाद पुलिस शव का पंचनामा करके उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के भाई फूलचंद सरोज की तहरीर पर कादिर, नियाज, सचिन, गोविंद, गौरव, हेमंत पटेल, विकास पटेल, आगमन पटेल समेत नौ लोगों के खिलाफ हत्या समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। सुरक्षा की दृष्टि से दो सब इंस्पेक्टर व 6 सिपाही गांव में तैनात किए गए।इंस्पेक्टर सत्येन्द्र सिंह का कहना है कि मुकदमा आरोपितों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। जल्दी आरोपित पकड़े जाएंगे। बवाल की आशंका कों देखते हुए एएसपी पश्चिमी संजय राय, सीओ कुंडा अजीत सिंह एसडीएम कुंडा देश दीपक सिंह इंस्पेक्टर कुंडा सत्येंद्र सिंह,थानाध्यक्ष नबाबगंज धीरेन्द्र ठाकुर, मानिकपुर दीप नारायण समेत पीएसी के जवान मौजूद रहे।

आबकारी निरीक्षक ने की छापेमारी, दुकानदारों में हड़कंप

पट्टी प्रतापगढ़ । स्थानीय तहसील क्षेत्र में शराब के ठेके व मिष्ठान की दुकानों पर आबकारी निरीक्षक ने छापेमारी की। इससे दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।पट्टी तहसील क्षेत्र में बुधवार को दिन में 2 बजे के आसपास आबकारी निरीक्षक रानू चौधरी आ पहुंची। इस दौरान उन्होंने कस्बे की देशी शराब, विदेशी शराब व मिष्ठान के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उन्होंने मिष्ठान प्रतिष्ठानों से सैंपल भी एकत्रित किया। इस दौरान उनके साथ एसडीएम पट्टी तनवीर अहमद, सीओ पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी फूड इंस्पेक्टर रिचा पाण्डे, पट्टी कोतवाल आलोक कुमार मौजूद रहे।

चार के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

लालगंज, प्रतापगढ़। घर में घुसकर मारपीट व गालीगलौज की घटना को लेकर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के वीरभद्रपुर वीरशाहपुर गांव निवासी अनिल कुमार शुक्ल पुत्र ओमप्रकाश शुक्ल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दो मार्च की शाम करीब छः बजे जमीनी रंजिश को लेकर गांव के नीरज व अम्बुज पुत्रगण घनश्याम मिश्र तथा लिटिल शनि पुत्रगण राधेश्याम मिश्र उसके दरवाजे पर पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। आरोपियों ने पीडित को मारापीटा। शोर मचाने पर घर में घुसकर पीड़ित की भयाहू सुशीला देवी को भी मारापीटा तथा घरेलू सामानों में तोडफोड करते हुए धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

सड़क हादसों में पिता -पुत्री समेत सात घायल

कुंडा प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के लवाना भवानीगंज गांव निवासी राम औतार का 55 वर्षीय बेटा दीपक चौरसिया बुधवार को अपनी 21 वर्षीय बेटी पूजा चौरसिया के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। कुंडा इलाके में वाहन की टक्कर से दोनों घायल हो गए। अन्य हादसों में महेशगंज थाना क्षेत्र के माघी चैनगढ़ गांव निवासी 35 वर्षीय मो. नौशाद, पूरे नेवली ताजपुर गांव निवासी 25 वर्षीय अमित जायसवाल, करीम नगर चौंसा निवासी 32 वर्षीय आकाश, मानिकपुर थाना क्षेत्र के शाहाबाद गांव निवासी 19 वर्षीय अमन सरोज, बड़गौ निवासी 50 वर्षीय राम कुमार घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को सीएचसी भेजा।

बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल में वाराणसी को रौंदकर प्रतापगढ़ बना विजेता

● प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका दोनों वर्गों ने सिंगल डबल्स में जीता गोल्ड

लोकमित्र ब्यूरो

कटरा गुलाब सिंह,प्रतापगढ़। गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट कॉलेज लखनऊ में चल रही दो दिवसीय 11 एवं 12 मार्च को 35वीं राज्य स्तरीय बेसिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि एसपीडी एकता सिंह ने किया। प्रताप सिंह बघेल की अध्यक्षता में निदेशक बेसिक उपस्थित रहे।

सहायक शिक्षा निदेशक प्रयागराज मंडल के नेतृत्व में तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ भूपेन्द्र सिंह की दिशा निर्देश में और जिला व्यायाम शिक्षक प्रतापगढ़ राम कुमार सिंह जिला व्यायाम शिक्षिका मंजू सिंह , जिला स्काउट मास्टर सुशील सिंहकी देख रेख में सभी खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया और बढ़ चढ़कर मंडल स्तर की विजई टीमों ने हिस्सा लिया ।

इसमें हॉकी फाइनल में बालिका गोरखपुर मंडल को हराकर विजेता रही और हाकी बालक उपविजेता रहे। यूपीएस कटरा गुलाब सिंह के खिलाड़ी बैडमिंटन फाइनल में बालक वर्ग सिंगल में वाराणसी मंडल को हराकर मनीष पटेल विजेता बने ।

बालक वर्ग डबल्स में सूरज और मनीष वाराणसी को परास्त करके विजेता रहे । बालिका वर्ग में भी फाइनल में वाराणसी को हराते हुए सिंगल में समरीन विजेता बनी और डबल्स में साजिया तथा अलशिफा वाराणसी को हराकर विजेता रही। बास्केटबॉल में बालक एवं बालिका दोनों फाइनल में उपविजेता रहे। मोहम्मद जाबिर 100 मीटर दौड़ में तीसरे स्थान पर रहे। क्रिकेट में फाइनल वाराणसी से काफी संघर्ष के बाद उपविजेता रहे ।

सभी प्रतियोगिता में व्यायाम शिक्षक खुर्शीद अली, कपिल देव विमल कुमार मोहम्मद फरहीम, पितामह यादव, अमशाद अली , साधना मिश्रा ,अजय कुमार आदि ने सराहनीय योगदान दिया। । भूपेंद्र सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी विजेता टीम को बधाई दी है।

मारपीट के आरोपी पर फर्जी केस दर्ज कराने का आरोप

कुंडा प्रतापगढ़। कोतवाली के फूलताली निवासी कमलेश कुमार को 17 जनवरी को कुछ लोगों ने मारपीट करके घायल कर दिया था। मामले में उसकी पत्नी सुमन ने पांच लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज कराया है। सुमन ने एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि कार्रवाई से बचने के लिए विपक्षी की पत्नी ने 17 फरवरी को उसके परिवार वालों के खिलाफ फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराई। इसमें उसके पति कमलेश पटेल, चचेरे देवर राजेन्द्र, दीपक, झूमक लाल को आरोपी बनाया है। जबकि राजेश, झूमकलाल रोजी बाहर रहते हैं। दीपक सुबह छह बजे कोचिंग चला जाता है। सुमन देवी ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

एक देश एक मतदाता सूची का विधान हो - डॉ.नीरज त्रिपाठी

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों संग राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ सदर तहसील के सभागार में उप जिलाधिकारी वर्मा जी के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई बैठक में उपजिलाधिकारी सदर वर्मा ने कार्यवृत्त तैयार करने के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया। वही राजनैतिक दलों के सदर व विश्वनाथगंज के जन प्रतिनिधियों से जल्द से जल्द बूथ लेवल एजेंट (बूक) बनाकर कार्यालय में जमा करने के संबंध में अनुरोध किया द्य राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावली के संबंध में समय समय पर प्राप्त कराएं जाने वाले अभिलेखों के बारे में भी अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए प्रकरणों, बिंदुओं को कार्यवृत्त में अवश्य इंगित किया जाएगा बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस सदर विधानसभा डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वोटर लिस्ट पर पूरे देश में सवाल खड़े हो रहे है, सदन में वोटरलिस्ट पर चर्चा होनी चाहिए द्य इसके बाद ही राजनैतिक दलों के बैठके शुरू की जा रही है श्री त्रिपाठी ने चुनाव आयोग से मांग किया कि हमारे देश में ÷एक देश-एक मतदाता सूची÷ का विधान क्यों नहीं है। लोकसभा,विधानसभा,शहरी निकाय,पंचायत चुनाव में वोटर लिस्ट एक क्यों नहीं हो सकता।

उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में लाखों लोग गरीब है जो अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए दिल्ली, मुंबई, पंजाब, कोलकाता जाकर कमाते हैं और उनका नाम वोटर लिस्ट से गायब रहता है। हमारी मांग है कि पंचायत स्तर पर त्योहारों में होली,दीपावली, ईद या और भी त्योहार में मतदाता सूची का कैंप लगाकर उनका नाम मतदाता सूची में अंकित किया जाए द्य भाजपा में लगभग सभी विधानसभाओं में 7000 से 8000 कैडर वोटर हैं द्य होता क्या है कि नाम, पिता का नाम, उम्र दूसरी विधानसभा में डाल दिया जाता है, जिससे डुप्लीकेसी की वजह से वह दो जगह पर वोट देते हैं। जांच कराकर वोटर लिस्ट से नाम हटवाया जाए।बीएलओ को स्थाई विधायी अधिकार दिए जाएं, उनके बिना ना तो नाम बढ़ाया जा सके और ना ही नाम घटाया जा सके द्य बीएलओ को पावर दिया जाए द्य बी एल ओ और विपक्षी पार्टियों के बीएलओ एक साथ बैठकर पंचायत स्तर पर वोटर लिस्ट का पुनरीक्षण करें जिससे बाहरी वोटरों को बाहर किया जा सके विश्वनाथगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी प्रशांत सिंह प्रिंशु ने कहा कि चुनाव आयोग के अधिकारियों द्वारा सत्ताधारी दलों को समर्थन प्राप्त रहता है। सत्ताधारी दलों के नेताओं को मीटिंग, गाड़ियों का परमिशन, कार्यालय का परमिशन आदि लेने की आवश्यकता नहीं होती है। वही हम विपक्षी दलों को कदम कदम पर चुनाव आयोग के अधिकारियों द्वारा परेशान किया जाता है, पारदर्शिता बरती जाए।काशीराम कॉलोनी व भोरई का पुरवा के मतदाताओं का नाम ना तो शहर में है और ना तो गांव में ही है। जांच करा कर मतदाता सूची में नाम अंकित कराया जाए द्य चुनाव के दौरान 10 दिन पहले मतदाता सूची में नाम जोड़ा जाता है और पचासों नाम हटाया भी जाता है। ऐसा क्यों हो रहा है

इस पर भी जवाब अपेक्षित है द्य बैठक में सदर तहसील में कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, विश्वनाथगंज विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी प्रशान्त सिंह प्रिंशु,अश्वनी उपाध्याय,पट्टी तहसील में पट्टी ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष तिवारी व पट्टी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुनीता सिंह पटेल, कुंडा तहसील में पूर्व प्रत्याशी विधानसभा कुंडा योगेश यादव व पी सी सी सदस्य दिलीप गौतम,रानीगंज तहसील में जिला महासचिव विमल सिंह व पी सी सी सदस्य संतोष शर्मा उपस्थित रहे द्य

तीस लीटर शराब बरामद, केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से बरामद तीस लीटर शराब मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली के दरोगा विवेक कुमार यादव ने मुखबिर की सूचना पर दस मार्च को जगन्नाथपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास से तीस लीटर अवैध शराब के साथ गांव के दीपक उर्फ दीपू पुत्र शुक्लान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण हेतु राजनैतिक दलों के साथ बैठक 19 मार्च को

प्रतापगढ़। उप जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य प्रजापति ने बताया है कि विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के निरन्तर पुनरीक्षण-2025 के सम्बन्ध में दिनांक 19 मार्च 2025 को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में अपरान्ह 4.30 बजे राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गयी है।

जनता के सहयोग से क्षेत्र का विकास कार्य जारी - अशफाक अहमद

लोकमित्र ब्यूरो

जेठवारा, प्रतापगढ़। मान्धाता ब्लाक सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और जनता के सहयोग से क्षेत्र में विकास कार्य को गति मिली है, और सभी ग्राम सभा में विकास कार्य हुआ है । प्रमुख प्रतिनिधि ने प्रधान, बीडीसी का क्षेत्र के विकास में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। विधायक जीतलाल पटेल ने कहा कि योजनाओं का लाभ जरुरतमंद और पात्र को मिलना चाहिए, ताकि निचले पायदान पर बैठे लोगों को लाभ मिल सके। प्रधान संघ अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि विकास से संबंधित तमाम योजनाओं से ग्राम को अच्छादित करने का काम होना चाहिए। बैठक को संबोधित करते हुए एडीओ आइएसबी ने महिला समूह से संबंधित जानकारी दी। पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुपालन से संबंधित जानकारी से अवगत कराया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे पी डी दयाराम यादव ने तमाम सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी और आवास सर्वे और पात्र अपात्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में एडीओ पंचायत काशी नाथ वर्मा सहित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

संस्कार के वार्षिकोत्सव उद्यानमें दिखी देशभक्ति के साथ संस्कारों की झलक

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जय जवान जय किसान जय हिंदुस्तान के गीत पर बच्चों ने जोरदार प्रस्तुति दी। चाहे जंगल थीम पर नृत्य रहा हो या रेट्रो डांस, मैया यशोदा के गीत पर झूमते हुए बच्चे ऐसी प्रस्तुति दे रहे थे, जैसे सधे हुए कलाकार हों।अवसर था मंगलवार की शाम नगर के महुली रोड स्थित संस्कार प्रज्ञा वर्धन एकेडमी के वार्षिकोत्सव ÷उद्यान÷ के कार्यक्रम का। यह कार्यक्रम नगर के चिलबिला में मौर्य रिसोर्ट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर के के सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में लक्ष्मी नारायण मंदिर के आचार्य मधुसूदनाचार्य रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में किंग जार मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर सुरेश कुमार के साथ प्रोफेसर भास्कर अग्रवाल भी रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ मधुसूदन आचार्य ने किया। इसके बाद कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां करके अभिभावकों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर श्री श्री नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष जय नारायण अग्रवाल श्रीमती सीता अग्रवाल, श्रीमती नीतू राजेश अग्रवाल, डॉ घनश्याम अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, वेंकटेश श्रीनिवास, संस्कृति अग्रवाल सहित नगर के लोगों के अलावा हजारों की संख्या में अभिभावक एवं बच्चों ने कार्यक्रम का आनंद उठाया। अपने संबोधन में मधुसूदन आचार्य ने कहा कि प्रेरणा प्रद कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों ने अभिभावकों को सीख दी। उनके इस कार्यक्रम से न केवल लोगों में जागरुकता आएगी बल्कि सामाजिक कुरीतियों के प्रति लोग जागृत होंगे।

मरहूम मो.आरिफ़ ठेकेदार के लिए शोक सभा आयोजित

कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़। टाउन एरिया ऑफिस कटरा मेदनीगंज, में वार्ड नं.11,पूरब मोहल्ला निवासी मो.आरिफ ठेकेदार (49 वर्ष) के आकस्मिक मौत व आउटसोर्सिंग कर्मी मो.शादाब के 17 वर्षीय बेटे की बेरहमी से हुई हत्या पर शोक सभा आयोजित हुई।पूर्व सभासद मो.आरिफ़ ठेकेदार की कमी उनके पारिवारिक मित्रों व शुभचिन्तकों को हमेशा रहेगी। शोक सभा में पूर्व सभासद के व्यक्तित्व पर विस्तृत रूप से चर्चा कर आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि अजय कुमार गुप्ता ÷ननके÷,सभासद प्रतिनिधि अख्तर अली अंसारी, सभासद मो.साजिद,सभासद इब्ने अली राईन,सभासद गोपाल जी साहू,सभासद पवन सिंह,सभासद पवन कुमार सभासद प्रतिनिधि श्याम किशोर कसेरा आदि मौजूद रहे।

नारी संघ की बहनों ने धूमधाम संग मनाया विश्व महिला दिवस कार्यक्रम

लोकमित्र ब्यूरो

कोहड़ौर प्रतापगढ़। ग्राम विकास सेवा संस्थान द्वारा संचालित ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम मंगरौरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोनी के राजमलपुर में 8 मार्च के उपलक्ष्य में बुधवार को नारी संघ की महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ विश्व महिला दिवस मनाया। वर्ष 2025 को विश्व महिला दिवस की मुख्य थीम लैंगिक समानता महिला अधिकार के क्षेत्र में कार्रवाई में तेजी लाने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोहड़ौर की महिला चिकित्सक डॉ विनीता सिन्हा विकासखंड मंगरौरा से सहायक विकास अधिकारी आई एस बी सिद्धार्थ सिंह बीसीपीएम सुरभि जायसवाल एवं कृषि रक्षा इकाई मंगरौरा फूलचंद पटेल उपस्थित रहे।विश्व महिला दिवस कार्यक्रम में परियोजना निदेशक आमोद चंद्र माहेश्वरी ने बताया कि विश्व महिला दिवस क्यों मनाया जाता है। इसके बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए आयोजित सभा को संबोधित किया।

इसी क्रम में परियोजना समन्वयक अवधेश तिवारी ने विश्व महिला दिवस की थीम लैंगिक समानता में चर्चा करते कहा कि कार्रवाई में तेजी लाएं और महिला जागरूकता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।इसी क्रम में मंगरौरा ब्लॉक के एडीओ आईएसबी सिद्धार्थ सिंह ने महिलाओं को दुर्गा काली सरस्वती के रूप में समाहित करते हुए पुरुषों के अस्तित्व के बारे में बताया कि हमारा अस्तित्व महिलाओं से ही है।कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ विनीता सिन्हा ने महिलाओं को स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए कहा कि हम प्रतिदिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध रहते हैं। आगे उन्होंने बताया की बीमारी के शुरुआती चरण में ही इलाज करना बहुत जरूरी है, जिससे आर्थिक एवं शारीरिक नुकसान होने से बचा जा सके।सुरभि जायसवाल ने महिलाओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि सामुदायिक सोच में परिवर्तन लाने के लिए महिलाएं ही जिम्मेदार हैं क्योंकि घर में किसी अतिथि सम्मान के लिए बेटी ही आगे निकलती है। जबकि यह काम बेटा भी कर सकता है। उन्होंने आगे बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपलब्ध है वहां सभी लोग स्वास्थ्य की जानकारी एवं दवा ले सकते हैं। फूलचंद पटेल ने महिलाओं को बताया कि कृषि रक्षा इकाई पर बीज पर मिलने वाली सब्सिडी और दवा पर मिलने वाली सब्सिडी किसान के लिए उपलब्ध है एवं सम्मान निधि के बारे में जानकारी दिया। कार्यक्रम में नारी संघ की लीडर रेखा मंजू रानी सरस्वती यासमीन सुशीला मीना मंजू आदि लीडरों ने महिलाओं का उत्साह वर्धन किया और प्रेरणा दिया। कार्यक्रम में ग्राम विकास सेवा संस्थान के कार्यकर्ता कृष्ण कुमार तिवारी वीरेंद्र पांडे बृजेश सिंह अनिरुद्ध यादव नीलम देवी नीलम तिवारी जागृति माधव प्रसाद अवधेश तिवारी गुंजन किरण लता मंजू कंचन सुनीता सुमन रेखा सविता आदि समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भयहरण नाथ धाम के होली उत्सव 16 को,एस डी एम सदर होंगे मुख्य अतिथि

प्रतापगढ़। प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम में 16 मार्च को होने वाले परम्परागत होली उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी सदर शैलेंद्र वर्मा होंगे। अध्यक्षता तहसीलदार सदर सुप्रिया चतुर्वेदी करेंगी। नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार मुन्ना यादव, थानाध्यक्ष जेठवारा धर्मेंद्र सिंह तथा एल आई यू प्रभारी निरीक्षक अतुल्य पांडेय विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी देते हुए भयहरण नाथ धाम के महासचिव समाज शेखर ने बताया की 16 मार्च को दोपहर 2 बजे से फूलों की होली आयोजित होगी। काव्य गोष्ठी व फगुवा गायन का सुरुचिपूर्ण कार्यक्रम आयोजित होगा।

महिला ने विपक्षी पर मारने और गाली देने का लगाया आरोप

सुवंशा (प्रतापगढ़)। थाना फतनपुर क्षेत्र गांव भोजेमऊ की निवासिनी मंजू मौर्य पत्नी रणजीत कुमार मौर्य ने विपक्षियों द्वारा जान से मारने और गाली देने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि विपक्षी लोग खेत का मेड़ काट लिए और कहने गई तो भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारने के लिए दौड़ा लिए। किसी तरह घर भाग कर जान बचाई। पीड़िता ने थाना फ़तनपुर में तहरीर देकर विधिक कार्रवाई की मांग की है।

ब्रज उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

प्रतापगढ़। धर्मराज यादव इण्टरमीडिएट कालेज, खजुरी लालगंज में प्रतापगढ ग्रामोत्थान समिति पूरे बेदुआ, अफीम की कोठी की ओर से संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से ब्रज लोकगीत उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पंचायत लालगंज अध्यक्ष के प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने किया। अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक मंगलेश कुमार ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि ब्रज लोक संस्कृति हमारे देश की एक प्राचीन संस्कृति है जिसे हमे गांव गांव पहुंचाना है। इस संस्कृति द्वारा गुरू शिष्य परम्परा और आपसी प्रेम व भाईचारा का संदेश मिलता है। संस्था के सचिव रामेश्वर प्रसाद पाण्डेय ने अतिथियो का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के अध्यक्ष रामशरण वर्मा, सहायक अध्यापक रणविजय यादव, कमलेश यादव, रवि यादव, अच्छेलाल, संदीप शर्मा, आरती, सुधा, अंजू यादव, राम कमल, रमेश यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। संचालन सौम्या यादव व चंचल याद ने संयुक्त रूप से किया।

गीता देवी कान्वेंट स्कूल के बच्चों ने धूमधाम संग मनाया होली का उत्सव

पट्टी प्रतापगढ़ । गीता देवी कान्वेंट स्कूल के बच्चों ने धूमधाम संग होली उत्सव मनाया। प्रबंधक शिवकुमार सेठ द्वारा बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या अदिती यादव द्वारा रंगोली बनाने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की अध्यापिका काजल सरोज, सुंदरी यादव, नीलाक्षी, खुशी यादव, नाजिया खान , बबली यादव व सुदीप बारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के डायरेक्टर रंजीत कुमार सोनी अधिवक्ता उच्च न्यायालय ने सभी लोगों होली की बधाई देते हुए , रंगोत्सव में उचित रंगों का प्रयोग व आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कार्यक्रम का समापन किया ।

राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन

सांगीपुर प्रतापगढ़। राजकीय पी0 जी0 कॉलेज सांगीपुर में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के अंतिम दिन दोनों यूनिट के शिविरार्थियों ने सर्वप्रथम योग किया।

इसके बाद महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 विष्णु प्रताप सिंह और डॉ0 देवेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में शिविरार्थियों ने श्रमदान किया और जगह जगह साफ सफाई कर लोगों को स्वच्छता एवं आस पास के परिवेश को साफ सुथरा रखने के लिए प्रेरित क समापन

दिवस के अवसर पर महाविद्यलय के प्राचार्य डा. चंद्र प्रकाश ने शिविरार्थियों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम अधिकारी डा. विष्णु प्रताप सिंह ,डा. देवेंद्र प्रताप सिंह ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर डा. राकेश कुमार शुक्ल, डा. राजेश कुमार यादव, श्री मती सीमा देवी, डॉ0 मेवालाल यादव, डा. राहुल द्विवेदी, श्री महेंद्र कुमार यादव, अभिशेक कुमार.,श्याम लाल आदि उपस्थित रहे।

आज आयेगें प्रमोद तिवारी

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज गुरुवार को रामपुरखास में विविध कार्यक्रमो में शामिल होगें। वह साढ़े पाँच बजे भटनी के चुर्री चौराहे तथा पौने छः बजे नौढिया पुनेहरी में लोगों से मुलाकात करेगें। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

कार्यालय जिलापूर्ति अधिकारी, प्रतापगढ़

पत्रांक : 192/जि0पू0अ0–विज्ञापन/2024 दिनांक 11.03.2025

सूचना

नगर पंचायत कोहडौर में कोहडौर की रिक्त उचित दर दुकान, अनुसूचित जाति श्रेणी में आवंटित किये जाने हेतु दिनांक 20.03.2025 की सायं 5.00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। नियुक्ति हेतु शर्ते जिला पूर्ति कार्यालय प्रतापगढ़ पर चस्पा की गयी है। आवेदन पत्र किसी भी कार्यदिवस में जिला पूर्ति कार्यालय में रू0 250/– की भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है।

अनुभव त्रिवेदी
जिला पूर्ति अधिकारी,
प्रतापगढ़

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–प्रतापगढ़।

निविदा सं0 : 34/ग्रा0अ0वि0/निविदा/पत्रा0सं0–118/2024–25 दिनांक 27–02–2025

निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशाषी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–प्रतापगढ़ मे निम्न कार्यो हेतु विभाग में पंजीकृत पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा दाता किसी एक अथवा समस्त कार्यो हेतु निविदा डाल सकते है। निविदा पात्रता हेतु श्रेणी ए0बी0सी0डी0 ठेकेदारों को आई0टी0वी0के प्रस्तर 4 में अंकित पात्रता मानक को ध्यान में रखने की सलाह दी जाती है।

कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:–

क्रिटिकल गैप्स योजनान्तर्गत

क्र. सं.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में) (जीएसटी रहित)	धरोहर धनराशि (रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित)	कार्य पूर्ण करने की तिथि (वर्षा ऋतु सहित)	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	जिलाधिकारी का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	प्रतापगढ़	जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, नरायनपुर, प्रतापगढ़ में महिला व पुरूष शौचालय निर्माण (02 यूनिट टायलेट एवं चेजिंग रूम तथा सोकपित का निर्माण)। विकास खण्ड–लक्ष्मणपुर	4.40	8800.00	Rs. 800.00	03 माह	विकास भवन प्रतापगढ़	ऐलनगंज प्रयागराज	कलेक्ट्रेट प्रतापगढ़

1. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि:–
2. निविदा बिक्री प्रारम्भ की तिथि/समय :–24.03.2025 को कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–प्रतापगढ़ पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक।
3. निविदा बिक्री के लिये अन्तिम तिथि/समयः–25.03.2025 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–प्रतापगढ़ अपरान्ह 04:00 बजे तक।
4. निविदा जमा की अन्तिम तिथि/समयः–27.03.2025 को अपरान्ह 01:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय व स्थानः–27.03.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे, कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–प्रतापगढ़।
6. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
7. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात् अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–प्रतापगढ़ से सम्पर्क करें।

नोट– सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व डाक्यूमेन्ट को भली भांति पढ़ लें।

(सुजीत कुमार राय)
अधिशाषी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रतापगढ़।

www.upgov.nic,in
R.O.No.-230943 Date-10/03/2025

प्रेमी संग युवती फरार, केस दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी। बैशाख में वह 20 वर्षीय बेटी की शादी की तैयारियां कर रहा था। लेकिन उसका चोरी छिपे पड़ोसी युवक से बातचीत होती रही। 10 मार्च की रात करीब आठ बजे उसकी बेटी खेत की ओर निकली तो वापस नहीं आई। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला तो आरोपी युवक की खोज की गई, लेकिन वह घर पर नहीं मिला। इससे उसे आशंका है कि उसकी बेटी को आरोपी भगा कर ले गया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

कमाई के साथ वित्तीय प्रबंधन के भी गुर सीखें स्वयं सहायता समूह - राज्यपाल

● श्रीमती पटेल ने गर्भवती माताओं की गोदभराई व नवजात शिशुओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन भी कराया

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने जनपद मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मवई कला स्थित पंचशील महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जनपद में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र/प्रशस्ति पत्र एवं स्वच्छता प्रतिष्ठा की चाभी सौंपी। इसके साथ ही उन्होंने गर्भवती माताओं की गोदभराई व नवजात शिशुओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन भी कराया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं सहायता समूह को सलाह दी कि वे कमाई के साथ वित्तीय प्रबंधन के भी गुर सीखें। राज्यपाल ने एन.आर.एल.एम. समूह की महिलाओं को बैंक सखी योजना के तहत वित्तीय प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण दिलाकर उन्हें अपनी कमाई से प्राप्त धनराशि के सदुपयोग के बारे में प्रशिक्षण दिलाने पर बल देते हुए कहा कि धन के सदुपयोग में महिलाएं सर्तक रहें और किसी भी प्रकार की ठगी से बचें। उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि ऐसी महिलाओं को प्रशिक्षण दिलाकर जागरूक किया जाए यह कार्यक्रम वाराणसी में प्रारम्भ किया गया है। दो, तीन अधिकारियों को वाराणसी में जब प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाए तो वहां भेजकर दिखाएं पुनः वही कार्यक्रम मीरजापुर में भी शुरू कराएं। उन्होंने कहा कि एन.आर.एल.एम. के माध्यम से गांव की महिलाएं जो कभी घर से भी नही निकलती थीं आज वे आत्मनिर्भर बनकर जीवन यापन कर रही हैं। ऐसे लोगो को प्रोत्साहित करने के लिए समाज के बुद्धजीवी लोग भी अपना महत्पूर्ण योगदान करें। राज्यपाल ने नवजात शिशुओं को स्वस्थ रखने के लिए मिशन इन्द्रधनुष अभियान पर बल देते हुए कहा कि सभी लोग अपने शिशुओं का टीकाकरण अवश्य कराएं ताकि वे आने वाली बीमारियों से बचे रहें और स्वस्थ रहें। उन्होंने कहा कि टीकाकरण का विरोध करने वाले व बच्चों के टीकाकरण को लेकर लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों की सफलता की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा गरीबों को दिए जाने वाले पक्के मकान से उन्हें काफी राहत मिल रही है। उन्होंने ग्रीन आर्मी महिलाओं/सदस्यों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में दूरस्थ/आदिवासी क्षेत्रों में व्याप्त नशा, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, दहेज आदि व्याप्त बुराइयों को समाप्त करने की दिशा में जो कार्य कर रही है वह प्रशंसनीय है। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं रसायन उर्वरक श्रीमती अनुप्रिया पटेल, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली, सदस्य विधान परिषद श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह, विधायक छानबे श्रीमती रिंकी कोल, अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कनौजिया, चेयरमैन सहकारी बैंक जगदीश सिंह पटेल, अध्यक्ष नगर पालिका मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी, मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उप महानिरीक्षक आर.पी. सिंह, कुलपति मां विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय शोभा गौड़, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार उपस्थित रहे। इसके पूर्व मण्डलायुक्त बाल कृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उप महानिरीक्षक आर.पी. सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने हेलीपैड पर राज्यपाल को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत व अभिनन्दन किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

राजस्व वसूली को प्रदान करें गति- डीएम

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट - कर-करेत्तर एवं सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक बुधवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने समीक्षा कार्यो का जायजा लेते हुए सम्बन्धितों को जिले की रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने माह फरवरी में जनपद की रैंकिंग को प्रभावित करने वाले कारणों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन बिंदुओं के कारण जनपद की रैंकिंग प्रभावित हुई है, उन पर इस माह में प्रगति कराए अन्यथा सम्बन्धित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग अच्छी है, वह ऐसे ही कार्य करें। इसके बाद जिलाधिकारी ने कर-करेत्तर राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व पूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

कहा कि विद्युत, खनन व बैंकों द्वारा जो आरसी जारी किया गया है, उसे नायब तहसीलदार व पुलिस की संयुक्त टीम के साथ अभियान चलाकर वसूली कराए। जिलाधिकारी ने सहायक आयुक्त खाद्य प्रियंका सिंह को निर्देशित किया कि होली व रमजान पर्व के दृष्टिगत लगातार दुकानों पर छापामारी करें। कहा कि किसी प्रकार के खाद्य पदार्थो में मिलावट नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर अवैध शराब की भट्ठियों को पकड़े तथा जहरीली शराब न बिकने पाए।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, उप जिलाधिकारी मऊ सौरभ यादव, राजापुर हर्षिता देवड़ा, उपायुक्त राज्य कर विक्रम अजीत, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह, डिप्टी आरएमओ अविनाश झा, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला दिव्यांग जन शक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

दो सगे भाईयों को गैर इरादतन हत्या के मामले में न्यायालय ने सुनाई सजा

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट - गैर इरादतन हत्या के मामले में न्यायालय ने दो सगे भाईयों को पांच-पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

साथ ही इसी विवाद में दूसरे पक्ष के नौ आरोपियों को मारपीट के मामले में तीन-तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती आठ जून 2014 को राजापुर थाना क्षेत्र के हरदौली गांव के मजरा भावपुरवा निवासी सुनील सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में शिकायतकर्ता ने बताया था कि गांव के ही रहने वाले उमाशंकर व उसके भाई कहरू ने उसके पिता चन्द्रपाल सिंह एवं परिवार के नथन सिंह व पंकज सिंह पर लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिसमें इलाज के दौरान उसके पिता चन्द्रपाल की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद अपर जिला जज अनुराग कुरील ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी उमाशंकर और उसके भाई कहरू को पांच-पांच वर्ष सश्रम कारावास के साथ 10,000-10,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।इसी विवाद में दूसरे पक्ष के शिवशंकर उर्फ कहरु ने बीती 20 जून 2014 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार उसके गांव के ही रहने वाले नथन सिंह ने अपने बेटे संतोष सिंह, पवन सिंह, अरुण सिंह व भतीजे बडकौना उर्फ अनिल सिंह, ननकौना उर्फ महेन्द्र, चुनकौना उर्फ सुनील सिंह, पंकज सिंह व बलराज सिंह ने उनसे मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में भी मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर सभी नौ आरोपियों को तीन-तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक को 6,000-6,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

25 मार्च तक प्रस्तुत करें बिल

चित्रकूट- जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि शासन द्वारा प्रदेश के कोषागारों में वर्तमान में लागू ऑनलाइन बिल प्रस्तुतीकरण एवं ई-कुबेर प्रणाली के दृष्टिगत, कोषागारों से समस्त देयकों का समयान्तर्गत भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। जिसके तहत सभी आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागारों में समस्त बिल निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आगामी 25 मार्च तक अवश्य प्रस्तुत करें। जिससे कि प्रस्तुत बिलों की जांच के बाद कोषागारों द्वारा बिल पासिंग तथा ई-पेमेण्ट के माध्यम से आगामी 31 मार्च तक भुगतान के लिए प्रमाणित किया जा सके।

प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के द्वितीय चरण के तहत किया गया सब्सिडी वितरण

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट - प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को द्वितीय चरण के कार्यक्रम के तहत बुधवार को कलेक्टरेट सभागार में निःशुल्क रिफिल सिलेण्डर का सब्सिडी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि देश की सभी राशनकार्ड धारक महिलाओं को रसोई गैस उपलब्ध कराए जाने के उददेश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना प्रारम्भ की गयी है। जिसके तहत जनपद में कुल 1,29,574 परिवारों को उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत आच्छादित किया जा चुका है। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 से मुख्य दो त्योंहारों दीपावली एवं होली पर निःशुल्क एलपीजी रिफिल का प्राविधान किया गया है। जिसमें प्रथम चरण के तहत सिलेंडर रिफिल कराया जा चुका है तथा द्वितीय चरण के तहत 31 मार्च तक सिलेंडर निःशुल्क रिफिल किए जाएंगे। बताया कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों को सम्बद्ध एलपीजी वितरक एजेन्सी में ऑनलाइन व ऑफलाइन बुकिंग कर शासन द्वारा निर्धारित भुगतान करते हुए रिफिल कराना होगा। इसके बाद इस योजनान्तर्गत दी जाने वाली सब्सिडी धनराशि उनके आधार प्रमाणित बैंक खातों में सम्बन्धित तेल विपणन कम्पनी द्वारा अंतरित की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में वर्तमान में एलपीजी रिफिल का उपभोक्ता मूल्य 858.42 रुपये प्रति सिलेण्डर है, जिसमें केन्द्र सरकार द्वारा 349.78 रुपये व राज्य सरकार 508.14 रुपये प्रति सिलेंडर रिफिल सब्सिडी धनराशि उनके आधार प्रमाणित बैंक खातों में अंतरित की जाएगी।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने जनपद के चयनित 11 लाभार्थियों सीमा देवी, प्रतिभा देवी, नीतू गुप्ता, जयरानी देवी, मन्तोषिया देवी, केता, सविता सिंह, सुशीला देवी, सुमन देवी आदि को निःशुल्क रिफिल सिलेण्डर की सब्सिडी के लिए प्रतीकात्मक चेक वितरण कार्यक्रम किया गया।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, रामनगर गंगाधर मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

चुनाव आयोग ने नेताओं को बातचीत के लिए किया आमंत्रित

चित्रकूट ब्यूरो- उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि चुनाव आयोग ने कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है।उन्होंने बताया कि भारत का चुनाव आयोग सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल तक ईआरओ, डीईओ व सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए है। जिसके तहत राजनैतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए परस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्ष और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है।बताया कि इससे पहले बीते सप्ताह ईसीआई कान्फ्रेंस के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने तथा इस दौरान प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने और 31 मार्च तक आयोग को कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। साथ ही आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया।

संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हित धारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हित धारक है। आयोग ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

होली के दिन बंद रहेंगी शराब की दुकानें

चित्रकूट- जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि होली के त्योहार के दृष्टिगत जनपद में कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम के तहत होली के अवसर पर 14 मार्च शुक्रवार को मऊ थाना क्षेत्र स्थित कुल पांच आबकारी दुकानों को छोड़कर जनपद चित्रकूट स्थित समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर व भांग की फुटकर बिक्री तथा थोक अनुज्ञापन बंद रहेंगी तथा 15 मार्च को बैजला परंपरा के अनुसार सिर्फ मऊ थाना क्षेत्र स्थित मात्र पांच आबकारी दुकानों को पूर्णतः बंद रहेंगी।

भूमि अधिग्रहण कार्य को पूरा करने के डीएम ने दिए निर्देश

चित्रकूट ब्यूरो- जनपद में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना, बहुउद्देशीय हब निर्माण, लिंक एक्सप्रेस-वे, डिफेंस कॉरिडोर की भूमि अर्जन के सम्बन्ध में बुधवार को कलेक्टरेट सभागार में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में जिलाधिकारी ने राजापुर व मानिकपुर के तहसीलदारों से भूमि अधिग्रहण के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि शासकीय भूमि चिन्हित कर प्राथमिकता के साथ अधिग्रहण कराए तथा समस्या आने पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक व बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को बताएं। जिससे सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा समस्या का निस्तारण किया जा सके। उन्होंने श्रीराम वन गमन मार्ग के लिए की जा रही भूमि अधिग्रहण कार्य की प्रगति की भी जानकारी लेते हुए अवशेष कार्यवाही को पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लिंक एक्सप्रेस-वे की भुगतान की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि जिन लोगों की भूमि का अधिग्रहण किया गया है, उन्हें जल्द से जल्द भुगतान कराएं। कहा कि सम्बन्धित गांव में जाकर चौपाल लगाकर ग्रामीण जनता से भूमि अधिग्रहण के सम्बन्ध में वार्ता करें।इस मौके पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद सहित उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

18 को होगी बैठक

चित्रकूट- उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि निर्वाचक नामावली के संबंध में उपलब्ध कराए गए अभिलेखों एवं बूथ लेवल एजेन्ट नियुक्त किये जाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देशानुसार बुधवार को सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 236 चित्रकूट व 237 मानिकपुर में बैठक का आयोजन किया गया। बताया कि इसी क्रम में आगामी 18 मार्च को जिला स्तर पर समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें निर्वाचक नामावलियों के सम्बन्ध में प्राप्त कराये जाने वाले अभिलेखों एवं प्रत्येक बूथ पर बीएलए नियुक्त किये जाने के सम्बन्ध में चर्चा की जाएगी।

महिला का टीनशेड के एंगल में फंदे पर लटकता मिला शव, हत्या का आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, (कौशाम्बी)। एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के गांजा गांव में मंगलवार की रात घर के अंदर टीनशेड के एंगल में फंदे से लटकता महिला का शव मिला। शव लटकता देख परिजनों के होश उड़ गए। घटना की जानकारी पाकर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पिपरी कोतवाली क्षेत्र के चलौली गांव निवासी शिवसिंह के मुताबिक 15 साल पहले उन्होंने अपनी बहन मधु सिंह (35) की शादी प्रयागराज जनपद के एयरपोर्ट कोतवाली अंतर्गत गांजा गांव निवासी प्रभाकर सिंह के बेटे विकास संग किया था। आरोप है कि शादी के बाद ही ससुरालीजन बहन को कम दहेज को लेकर प्रताड़ित करते थे। इसी बात को लेकर वह पिछले 10 सालों से महिला को मायके नहीं भेज रहे थे। छह माह पहले मायके आने की जिद पर ससुरालियों ने डंडे से पिटाई कर उसका सिर फोड़ दिया था। आरोप है कि मंगलवार की रात भी उन्होंने मधु की पिटाई कर उसकी हत्या कर दी। महिला के सिर, चेहरे, शरीर में कई जगह चोट के निशान भी मिले हैं। आरोप है कि उन्होंने हत्या कर शव टीनशेड के एंगल में रस्सी डालकर फंदे से लटका दिया। बुधवार सुबह घटना की जानकारी मिलने के बाद रोते बिलखते पहुंचे मायके वालों ने ससुरालियों पर महिला का हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। मृतका के भाई ने थाने जाकर सास, ससुर समेत पति के खिलाफ तहरीर दी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

जमीनी विवाद की जांच के लिए नारा पहुंचे नायब तहसीलदार

नारा, (कौशाम्बी)। सिराथू तहसील के नारा गांव में जमीनी विवाद के मामले को संज्ञान में लेते हुए बुधवार को नायब तहसीलदार सिराथू अतुल कुमार जांच के लिए पहुंचे। जहां नायब तहसीलदार अतुल कुमार ने विवाद वाली जगह का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों से मौके का जायजा लिया और हल्का लेखपाल को कार्यवाही के आदेश दिए। नायब तहसीलदार अतुल कुमार ने बताया कि नारा में जमीनी विवाद को लेकर मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल के बाद हल्का लेखपाल को निस्तारण की आदेश दिए गए हैं।

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, चित्रकूट

पत्रांक : 2597/जि0आ0अ0/चित्रकूट/अपील व आ0सू0/2024-25 दिनांक 12 मार्च, 2025

अपील/आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि युवाओं के बीच नशा का बढ़ता प्रचलन चिंता का विषय है। इस नशे की आदत से युवा वर्ग समाज के रचनात्मक विकास में अपना योगदान नहीं कर पा रहा है। ऐसी स्थिति में आप सभी से अपील है कि युवाओ को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव के सम्बन्ध में जागरूक करे, ताकि युवा वर्ग नशा मुक्त जीवन यापन करते हुए समाज के रचनात्मक विकास में महत्वपूर्ण सदस्य की भूमिका अदा कर सकें।

अखिलेन्द्र बहादुर सिंह
जिला आबकारी अधिकारी
चित्रकूट

कार्यालय ग्राम पंचायत उफरौली, विकासखण्ड रामनगर-चित्रकूट

पत्रांकः मेमो/मनरेगा/लेखा/टेंडर/2024-25 दिनांकः 12.03.2025

निविदा सूचना

मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत में कार्य कराया जाना है जिसके लिए आयकर, व्यापार कर, जी0एस0टी0 में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से दिनांक 13.03.2025 तक टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं :-

क्र0 सं0	ग्रा0पं0	कार्य का नाम	सामग्री की मात्रा	स्टीमेट का मूल्य (लाख में)
1	उफरौली	ग्राम पंचायत उफरौली में दयाराम के घर से पिनहा इण्टरलाकिंग रोड तक इण्टरलाकिंग खण्डजा निर्माण कार्य	प्राक्कलन के अनुसार	7.75

इच्छुक सामग्री आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा है कि दिनांक 13.03..2025 से दिनांक 17.03.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक उक्त कार्य हेतु टेंडर फार्म मु0 500 (पांच सौ मात्र) का भुगतान प्राप्त कर उसी तारीख को टेंडर फार्म, जमानत, आवश्यक प्रपत्र जमा कर सकते हैं। आपूर्तिकर्ताओं द्वारा जमा किए गये टेंडर उसी दिनांक को अपरान्ह 4.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोले जायेगें।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत उफरौली
वि0ख0-रामनगर, चित्रकूट

ग्रा0पं0अधि0
ग्राम पंचायत उफरौली
वि0ख0-रामनगर, चित्रकूट

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक जख्मी

सिराथू, (कौशाम्बी)। सैनी कोतवाली के कमासिन चौराहे के समीप नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी सिराथू में भर्ती कराया है। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला मेडिकल कॉलेज मंझनपुर को भेजा है। पश्चिम शरीरा थाना अंतर्गत चांदेराई गांव निवासी आरिफ पुत्र मुनव्वर अली 32 वर्ष मंगलवार की रात दस बजे कडा धाम रिश्तेदारी जा रहा था। जैसे ही वह सैनी कोतवाली के कमासिन चौराहे के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में आरिफ गंभीर रूप से जख्मी हो गया ।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

होली के रंग में रंगा एनएसजीआई परिवार

एनएसपीएस त्रिपुला परिसर में धूमधाम से मनाया होली का त्योहार

रंगों से सराबोर गीतों और नृत्य पर झूमें समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में होली समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स की सभी शाखाओं के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा ने एन.एस.जी.आई. की समस्त शाखाओं के प्रधानाचार्यों के साथ देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया।समारोह की शुरुआत में एन.एस.पी.एस. त्रिपुला के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने विद्यालय में आये हुए सभी आगंतुकों का स्वागत किया और होली पर्व पर होने वाले फाग गीत का गायन कर कार्यक्रम का आगाज किया।कार्यक्रमों की श्रृंखला में श्होली खेले मसाने मेंश् गीत पर भगवान भोलेनाथ और उनके गणों की छवि में थिरक रहे त्रिपुला ब्रांच के शिक्षक और शिक्षिकाओं ने सभी का मन मोह लिया साथ ही 'होली खेल रहे बांके बिहारी, आज रंग बरस रहा' और श्होली खेले रघुवीरा, अवध में होली खेले रघुवीराश् गीत ने सभी को साथ में झूमने को मजबूर कर दिया तो वहीं रंगों से सराबोर गीतों पर सभी लोग खूब थिरके। तत्पश्चात् समूह गान, और एन.एस.जी.आई. की प्रत्येक शाखाओं के द्वारा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। होली के रंगारंग कार्यक्रम में सभी ने बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा ने कहा कि होली का पावन पर्व मानव जीवन में खुशहाली, समृद्धि, भाईचारे एवं सहयोग की भावना का प्रतीक है। ऐसे त्योहारों से हमें प्रेरणा लेते हुए कटुता,विद्वेष एवं भेदभाव को त्याग कर सौहार्दपूर्ण ढंग से अपने कर्तव्य का निर्वहन करना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में डॉ0 शर्मा ने समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को उपहार वितरित करते हुए होली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी, इसके साथ ही उन्होंने ईश्वर से सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजीव सिंह,तारकेश्वर सिंह, कामाक्षा सिंह, शिवांग अवस्थी, आई वी सिंह, प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अनिल कुमार, उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, रजनी श्रीवास्तव, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, रुची मिश्रा, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

एम्स रायबरेली ने अपने संस्थापक अधिशासी निदेशक को दी विदाई

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। एम्स रायबरेली के प्रथम एवं संस्थापक अधिशासी निदेशक, प्रो. (डॉ.) अरविंद राजवंशी का कार्यकाल 16.03.2025 को समाप्त हो रहा है। एम्स परिवार ने मंगलवार 11.03.2025 को एक विदाई समारोह आयोजित कर उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की। प्रो. राजवंशी ने 23.03.2020 को एम्स के अधिशासी निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। अपने 5 वर्ष के इस सफर की बात करते हुए उन्होंने बताया कि जब वे यहां आए थे तो एम्स अपने शैशव अवस्था में था और देश कोविड की चपेट में आ चुका था, कोविड के दौरान ही एम्स में अंतर्रोगी विभाग की शुरूआत एक 50 बेड कोविड अस्पताल के रूप में हुई और कई अन्य विभाग कोविड संबंधी उपचार के साथ किस प्रकार शुरू हुए। एम्स को वर्तमान अवसंरचनात्मक, शैक्षणिक तथा चिकित्सकीय स्थिति पर लाने के लिए उन्होंने अपनी टीम के साथ जो प्रयत्न किए उसकी खट्टी-मीठी यादें साझा की। संस्थान के कई संकाय सदस्यों ने प्रो. राजवंशी के साथ अपने अनुभवों को साझा किया तथा श्रीमती राजवंशी के आतिथ्य सत्कार और सुस्वादु भोजन का जिक्र किया। एम्स प्रशासन तथा लेखा विभाग के आला अधिकारियों ने भी उनके साथ अपने अनुभवों को मंच से साझा किया। कार्यक्रम के अंत में प्रो. राजवंशी तथा एम्स रायबरेली के सफर पर एक छोटी वीडियो प्रस्तुत की गई। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव सुश्री पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने भी अपने संदेश में प्रो. राजवंशी के कार्यों की भूरि सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की।

होली और रमजान को लेकर प्रशासन अलर्ट, नगर में पुलिस का फ्लैगमार्च

लोकमित्र ब्यूरो

परसदेपुर रायबरेली। आगामी होली और रमजान के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। मंगलवार को नगर पंचायत परसदेपुर में निकलने वाले फाग जुलूस को लेकर पुलिस ने फ्लैगमार्च किया, जिससे लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया जा सके। प्रशासन का उद्देश्य है कि दोनों त्यौहार शांति और भाईचारे के साथ सम्पन्न हों। चौकी इंचार्ज परषदेपुर कृष्ण चंद्र यस आई के नेतृत्व में पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील के साथ फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का एहसास दिलाया।इस दौरान सलोन पुलिसबल का नेतृत्व अमरजीत, डीह का विनय पाठक और चौकी परसदेपुर की पुलिस फोर्स नगर पंचायत की गलियों में पैदल मार्च किया। फ्लैगमार्च में घनश्याम मिश्रा, विहिप जिला उपाध्यक्ष महेश विश्वकर्मा, घनश्याम पांडे, शिवशंकर मिश्र समेत कई लोग मौजूद रहे। प्रशासन ने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों से बचें और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखें।

प्रभारी मंत्री ने नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। जनपद रायबरेली के सामुदायिक भवन रतापुर में सदर/सलोन विधानसभा क्षेत्र की नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मा0 मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग, उ0प्र0/जनपद के प्रभारी मंत्री राकेश सचान रहे। इस कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री तथा सदर विधायक अदिति सिंह, सलोन विधायक अशोक कुमार, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा कुल 77 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मा0 मंत्री द्वारा अपने संबोधन में बताया गया कि जनपद रायबरेली में कुल 350 रिक्तध्विज्ञप्ति पद के सापेक्ष 337 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है, तत्क्रम में विधानसभा क्षेत्र सलोन की 61, विधानसभा सदर की 16 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों नियुक्ति पत्र वितरित किया गया शेष अन्य विधानसभाओं में भी जल्द ही नियुक्त पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित कर नियुक्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। नव नियुक्त आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण करने वाला प्रदेश का दूसरा जिला रायबरेली है जहाँ नवनियुक्त आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया साथ ही पोषण पखवाड़ा मार्च 2025 का शुभारम्भ भी किया गया। पोषण पखवाड़ा के अन्तर्गत 16 मार्च से 31 मार्च 2025 तक जनान्दोलन के तहत समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों समस्त लाभार्थियों के पोषण स्तर में सुधार हेतु व्यापक गति विधियाँ सम्पन्न करेंगी। प्रोबेशन विभाग द्वारा संचालित स्पांसरशिप योजना के तहत चयनित पात्र लाभार्थियो का प्रमाणपत्र वितरित किये गये। मा0 मंत्री द्वारा नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री को होली की बधाई देते हुए पूर्ण निष्ठा से कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी राही गौरी राठौर व मुख्य सेविका उपस्थित रही।

अपनी रायबरेली-रमणीय रायबरेली के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा अपनी रायबरेली रमणीय-रायबरेली स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु विकास खण्ड अन्तर्गत तैनात सफाई कर्मचारियों की टीम लगाकर साफ-सफाई का कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये है।जिसके क्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह द्वारा अपनी रायबरेली रमणीय रायबरेली स्वच्छता पखवाड़ा मनाये जाने हेतु समस्त सफाई कर्मियों को कार्यक्रम में सम्मिलित होते हुए टीम भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिये गये। उक्त कार्यक्रम के शुभारम्भ हेतु आज विकास खण्ड-राही की ग्राम पंचायत गोविन्दपुर के राजस्व ग्राम पूरे सिद्धा में टीम लगाकर साफ-सफाई का कार्य प्रारम्भ कराया गया। इस दौरान जिला सलाहकार राहुल सिंह, प्रेरित कटियार, सहायक विकास अधिकारी (पं0) प्रेमपाल सिंह, सचिव ग्राम पंचायत सुषमा वर्मा एवं सुधीर चौधरी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सरस्वती शिशु मंदिर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया होली का पर्व

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज में होली का पर्व बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम मां सरस्वती की पूजा वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक कैलाश वाजपेई, कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप एवं प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाठक ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। विद्यालय के प्रबंधक कैलाश वाजपेई ने होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित भैया बहनों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह पर्व समाज एवं राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने की प्रेरणा देता है। यह पर्व वह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

होलिका दहन का पर्व हमारे पौराणिक ग्रंथों में भी मिलता है। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार यादव ने किया। भैया बहनों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली का पर्व मनाया और बड़े ही उत्साह पूर्वक होली उत्सव का आनंद उठाया।

इस अवसर पर रामनारायण सिंह ,जगदेव , दिवाकर सिंह, रमेश बाजपेई, रामशरण ,सुरेश वर्मा ,रमेश मिश्रा, श्रीमती पूजा मिश्रा, श्रीमती अनामिका पांडे , आर्य श्रीवास्तव , शिवांगी ,रामनाथ मनीषा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाठक ने सभी के प्रति आभार व्यापित किया।

जनपद के प्रभारी मंत्री ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी उपलब्ध कराये जाने का प्रतीकात्मक चेक किया प्रदान



लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन सभागार, लखनऊ में प्रदेश के उज्ज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल की सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसका सजीव प्रसारण जनपद के कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार रायबरेली में किया गया। इस कार्यक्रम में उज्ज्वला योजना के लगभग 100-150 लाभार्थी उपस्थित रहे, जिनके द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी के उज्ज्वला कार्यक्रम के सम्बोधन को सुना गया। इस कार्यक्रम में जनपद में मुख्य अतिथि के रूप में मा0 मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग, उ0प्र0/जनपद के प्रभारी मंत्री राकेश सचान उपस्थित रहे, मा0 मंत्री जी द्वारा उज्ज्वला योजना के 10 लाभार्थियों एवं उपस्थित अन्य समस्त उज्ज्वला लाभार्थियों को राज्य सरकार द्वारा होली के त्यौहार पर सब्सिडी रू0 511.95 का प्रतीकात्मक चेक वितरित किया गया। इस अवसर पर मा0 विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, जिला पूर्ति अधिकारी विमल कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी एवं ऑयल कम्पनियों के विक्रय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

भिक्खू संघ के नेतृत्व में चल रहे अनिश्चित कालीन क्रमिक अनशन के 9वें दिन बुद्धिस्ट संगठन वीरांगना झलकारी बाई कल्याण एंव विकास परिषद के पदाधिकारियों एंव धम्म अनुयायियों ने किया समर्थन और दिया ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। भिक्खू संघ के नेतृत्व में चल रहे अनिश्चित कालीन क्रमिक अनशन के 9वें दिन बुद्धिस्ट संगठन वीरांगना झलकारी बाई कल्याण एंव विकास परिषद् रायबरेली के पदाधिकारियों एंव धम्म अनुयायियों ने किया समर्थन और दिया ज्ञापन। बीटी एक्ट 1949 भारतीय संविधान के अस्तित्व के आने से पूर्व बनाया गया हैं जो संविधान 13 के अनुसार 26 जनवरी 1950 को बिहार सरकार का असंवैधानिक बीटी एक्ट 1949स्वतः शून्य हो गया,यह असंवैधानिक एक्ट को रदद किया जाए - भिक्खू जितेन्द्र वर्धन आज दिनांक12 मार्च 2025 को रायबरेली में बाबा साहब डॉ0 अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर महाबोधि महाविहार बोधगया मंदिर को अबौद्धों से मुक्त कराए जाने एंव बीटीएमसी एक्ट 1949को रदद कर पूर्ण रूप से बौद्धों को सौंपे जाने को लेकर रायबरेली में 4 मार्च 2025 से भिक्खू संघ के नेतृत्व में चल रहे अनिश्चित कालीन क्रमिक अनशन के 9वें दिन बौद्ध अनुयाइयों एंव परिषद् के पदाधिकारियों ने भिक्खू संघ, भिक्खू कमलशील , भिक्खू जितेन्द्र वर्धन को समर्थन कर रोष व्यक्त करते हुए उक्त मांगों को लेकर देश के महामहिम राष्ट्रपति महोदय, एंव महामहिम प्रधान न्यायधीश सर्वोच्च न्यायालय भारत नई दिल्ली द्वारा जिला अधिकारी रायबरेली , को सम्बोधित मांग पत्र जिलाधिकारी कार्यालय में उपस्थित उप जिलाधिकारी महोदया को सौंपा ज्ञापन। क्रमिक अनशन की अध्यक्षता परिषद् के अध्यक्ष राम संजीवन एंव संचालन महासचिव गुसार वर्मा ने किया। परिषद् के पदाधिकारी भिक्खू जितेन्द्र वर्धन के नेतृत्व में ज्ञापन देते हुए मांग किया कि बोधगया तथागत बुद्ध की ज्ञान स्थली है और बौद्धों की विश्व धरोहर हैं बीटी एक्ट 1949 भारतीय संविधान के अस्तित्व के आने से पूर्व बनाया गया हैं यह एक्ट बुद्धिस्टो को संविधान के अनुच्छेद 26 द्वारा मिले मौलिक अधिकारों को न्यून करता हैं। संविधान के भाग- 3 से असंगत हैं संविधान 13 के अनुसार 26 जनवरी 1950 को बिहार सरकार का असंवैधानिक बीटी एक्ट 1949स्वतः शून्य हो गया हैं असंवैधानिक एक्ट का 75वर्षो तक बना रहना दुर्भाग्य पूर्ण है जिसको रदद कर बुद्धिस्टो की विरासत के रख रखाव गैर बुद्धिस्टो का हस्तक्षेप खत्मकर महाबोधि मंदिर का पूरा प्रशासनिक नियंत्रण बौद्ध समुदाय को सौंपा जाए। अनशन में समुझ लाल धीमान, राजा राम विद्यार्थी, राम सहाय, स्वामी विनोदानंद शास्त्री, देवता दीन कुशवाहा, एन के स्वामी, राजेश कुमार,गोवर्धन प्रसाद, देशराज पासी, शिव नारायन सोनकर, बाबू लाल मौर्य, बचोले प्रसाद, सूबेदार हरिप्रसाद शास्त्री आदि दर्जनों लोगों ने समर्थन किया।

होली में हाई अलर्ट पर रहेगी एंबुलेंस सेवा

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। होली के त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए 108 नंबर पर डायल करें, और इमरजेंसी की एंबुलेंस सेवा कुछ ही मिनटों में पहुंच जाएगी। होली के अवसर पर एंबुलेंस सेवाओं को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

108 एवं 102 नंबर की एंबुलेंस सेवा 24 घंटे निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। जिले में इन सेवाओं का संचालन ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज द्वारा किया जा रहा है। सेवा के प्रोग्राम मैनेजर ने बताया कि इस बार होली को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं।

108 नंबर की एंबुलेंस चिन्हित स्थानों, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों और थानों के नजदीक तैनात रहेगी, जिससे आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस समय पर पहुंच सके। सभी एंबुलेंस में जीवन रक्षक दवाओं के साथ इमरजेंसी सुविधाएं और प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद रहेगा।

रंगों के साथ दिली सम्बंधों को दें ऊँचाई-पप्पू गौतम

ब्लॉक सभागार में रंगों से पहले फूलों से खेली गई होली

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। विकास खण्ड उरूवा के सभागार में होली मिलन कार्यक्रम पूरे उल्लास के साथ मनाया गया।होली के गीतों पर झूमते पँचायत परिवार के प्रतिनिधि सबसे पहले प्रमुख प्रतिनिधि पप्पू गौतम के साथ फूलों की होली खेली।इसके बाद सभागार में जमकर रंग व अबीर गुलाल के साथ धमाल मचाया गया है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पप्पू गौतम के द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में लोक कलाकार अमित मिश्र ने होली के गीतों पर प्रधानों व क्षेत्र पँचायत सदस्यों को झूमने के लिए विवश किया है।पूरा सभागार फूलों की पँखुण्डियों से भरा पड़ा था और प्रत्येक पँचायत प्रतिनिधियों के सिर पर केशरिया पगड़ी बंधी हुई थी। ठंढई व गुझिया के साथ होली की खुमारी में डूबे रहे। होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

प्रमुख प्रतिनिधि पप्पू गौतम ने सम्बोधन में कहा कि होली आपसी प्रेम,भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है। इस त्यौहार को बिना किसी भेदभाव के मनाना चाहिए। किसी प्रकार का कोई द्वेष नहीं रखना चाहिए। होली का त्यौहार मिठास व भाई चारे का सन्देश देता है। हमारे त्योहार हमारी परंपरा सनातन की विरासत हैं, इन्हें आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हम सब की है।

मौके पर बीडीओ मनोज कुमार, समाजसेवी सिद्धान्त तिवारी, अवर अभियंता संघ अध्यक्ष प्रदीप अवस्थी, एडीओ पंचायत दिनेश पाठक, नीरज यादव, सितम सिंह, पप्पू दुबे, राम सिंह, रज्जन शर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रधान व बीडीसी सदस्य मौजूद रहे।

प्रमुख चिकित्सा पद्धतियों में रंग से बीमारियों का इलाज-सतीश राय

प्रयागराज। एसकेआर योग एवं रेकी शोध प्रशिक्षण और प्राकृतिक संस्थान, मधुबन बिहार स्थित प्रयागराज रेकी सेंटर पर जाने-माने स्पर्श चिकित्सक सतीश राय ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा भारत में प्रमुख प्राकृतिक उपचार पद्धतियों में रंग चिकित्सा का भी नाम है। इसलिए होली सभी को खेलनी चाहिए। मिस्र देश में प्रचलित चिकित्सा पद्धति क्रोमो थेरेपी और हेलियो थेरेपी में रंग और प्रकाश का इस्तेमाल कर बीमारियों का इलाज किया जाता है।

सूर्य की किरणों में भी है सात रंग

सतीश राय ने कहा कि हजारों वर्ष पूर्व महर्षि चरक भी सूर्य की रोशनी में कई बीमारियों का इलाज करते थे। सूर्य किरणों में सात रंग हैं। बारिश के मौसम में जब बिजली चमकती है उस समय इंद्रधनुष में इन सात रंगों को अपनी आंखों से देख सकते हैं। हमारे शरीर में भी मुख्य सात चक्र (सहस्रार, आज्ञा, कंठ, हृदय, मणिपूरक, स्वाधिष्ठान एवं मूलाधार चक्र) होते हैं। इन चक्रों के रंग भी क्रमशः बैगनी, नीला, आसमानी, हरा, पीला, नारंगी और लाल रंग होते हैं। चक्रों का रंग सूर्य के किरणों से मेल खाता है। इसलिए सूरज की रोशनी हमें एनर्जी देते हैं।

पेट की समस्या को ठीक करता है पीला रंग

सतीश राय ने कहा कि रंग चिकित्सा में यह माना जाता है कि शरीर के जिस चक्र में रंग की कमी हो जाती है उससे सम्बंधित अंगों में रोग उत्पन्न होता है। यदि किसी तरह उस रंग की कमी को दूर कर दिया जाए तो रोग भी ठीक हो जाएगा। रंग चिकित्सा इसी पर आधारित है। जैसे किसी के पेट में प्रॉब्लम है तो उसका मणिपूरक चक्र कमजोर है और उसके शरीर में पीले रंग की कमी है। उस रंग से सम्बंधित फल सब्जी का

ज्यादा इस्तेमाल करें और पीले रंग का कपड़ा पहनने से भी लाभ होगा। पीला रंग हारमोंस में वृद्धि भी करता है, यह पाचन क्रिया को भी ठीक करता है, इससे पेट के रोगों में लाभ होता है।

-कलर थेरेपी का जीवन में जाने -अनजाने होता है रोज उपयोगउन्होंने

कहा कि शरीर में जिन रंगों की कमी होती है व्यक्ति इस रंग की तरफ ज्यादा आकर्षित होता है। रोजमर्रा की जिंदगी में जाने-अनजाने हम अक्सर कलर थैरेपी का इस्तेमाल करते हैं। जैसे अलग-अलग रंगों के फल सब्जी खा- पी रहे हैं, कपड़े पहन रहे हैं। उससे हमें अलग-अलग तरह की एनर्जी रोज मिल रही है।

रंगों की हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका

सतीश राय ने बताया कि शरीर पर रंग लगने के कई फायदे हैं। इससे शरीर और मन दोनों स्वस्थ एवं शांत होते हैं। रंगों के इस्तेमाल से डिप्रेशन और तनाव जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। हरा रंग डिप्रेशन में लाभ देता है। रंग हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बृहस्पतिवार को पीले रंग के कपड़े पहनने से अपने बृहस्पति ग्रह को मजबूत बनाते हैं। अक्सर लोग विशेष मौकों पर कोई खास रंग के कपड़े पहनना पसंद करते हैं।

रंग खेलने के भी हैं फायदे

सतीश राय ने कहा कि हमारे त्योहार शरीर को निरोग रखने में सहायक होते हैं। होली पर सबको रंग खेलना चाहिए, इसके कई फायदे हैं। लाल रंग से कफ रोग ठीक होता है, इससे मानसिक रोग और सिर दर्द में भी आराम मिलता है। नारंगी रंग से मांसपेशियों को मजबूती मिलती है। पीले रंग से पाचन संबंधित समस्याएं दूर होती हैं। हरा रंग मन को प्रसन्न करता है। आसमानी रंग शीतलता प्रदान करता है। दमा में भी इससे लाभ मिलता है। नीला रंग शांति प्रदान करता है। आमाशय अंडकोष और गर्मी के सभी रोगों को नष्ट करता है। बैगनी रंग से खून की कमी नहीं होती है।

मुगल काल में ध्वस्त मन्दिर को दी गयी भव्यता

➪शिव परिवार व हनुमान जी की हुई प्राणप्रतिष्ठा ➪कवीस मिश्र ने कहा, ध्वस्त मूर्तियों का होगा विसर्जन

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। क्षेत्र के धरमपुर ग्राम पंचायत में मुगलिया काल मे ढहा दिए गए मन्दिर को नव निर्मित कर बाबा भोलेनाथ परिवार के साथ हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा कर लोगों के दर्शन पूजन के लिए खोल दिया गया है।आयोजक कवीस मिश्र ने इस मंदिर को भव्यता देने के साथ परिसर के सामने हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की है।मन्दिर परिसर में विभिन्न देवी देवताओं को स्थापित किया गया है।

इस शिव मंदिर परिसर में एक किनारे वह खंडित मूर्तियां भी सहेज कर रखी गयी हैं जो मुगलिया काल की बर्बरता की गवाही दे रही हैं।धार्मिक कार्यक्रम के आयोजक कबीस मिश्र ने कहा कि यहाँ सैकड़ों वर्ष पुराना मन्दिर था। इस मंदिर और इसमें स्थापित मूर्तियों को तोड़ कर सनातन



की भावनाओं व आस्था पर बड़ी चोट की गई थी।गांव के बुजुर्गों में इसे लेकर पीड़ा रही ।देवी देवताओं की खंडित मूर्तियों को देखकर सभी भक्तों के दिल मे टीस होती रही। मन्दिर निर्माण और यहाँ दोबारा करायी गयी प्राण प्रतिष्ठा का यही मकसद रहा।बाबा की कृपा से यह मांगलिक कार्यक्रम बुधवार को हवन,आरती और भंडारे के साथ सम्पन्न हो गया।

मन्दिर परिसर की गुफा इसके प्राचीनतम होने की खुद गवाह है। लोगों की माने तो समय पूर्व यह देवालय आस्था का केंद्र रहा है। समाजसेवी कवीस मिश्र ने इसका कायाकल्प कर भक्तों की आस्था का सम्मान किया। आयोजन के अंतिम दिन मन्दिर परिसर में भारी भीड़ रही और महिलाएं मंगलगीत गाकर देवाधिदेव के प्रति अपना समर्पण दिखा रही थी। विद्वान आचार्यों द्वारा यह अनुष्ठान पूरा कर जनकल्याण के

सीएम योगी विकास और विरासत को प्रत्येक घर में पहुंचा रहे -स्वतंत्र देव सिंह

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आस्था का भव्य जागरण के साथ विकास और विरासत को प्रदेश के हर घर में पहुंचा रहे हैं। यह बात बुधवार को जिला पंचायत सभागार में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर रीफिल सब्सिडी के वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जल शक्ति एवं जिले के प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2014 से करोड़ों गरीब परिवार की महिलाओं एवं बेटियों को मिट्टी के चूल्हे से निकले वाले धुआं से मुक्ति दिलाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। करोड़ों गरीब परिवार को उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराई। इसी तरह प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गरीब महिलाओं को विभिन्न योजनाओं का लाभ देने

भयमुक्त वातावरण से होता है छात्रो का विकास

लोकमित्र ब्यूरो

फूलपुर। तीन वर्ष की आयु का बच्चा अबोध होता है।जब वह आंगनबाड़ी केंद्रों,विद्यालयों को जाता है तो उसके मन में जिज्ञासा,कौतूहल और हिचक रहता है साथ ही भय भी रहता है।इसलिए उसे भयमुक्त माहौल,भयमुक्त समाज और भयमुक्त विद्यालय दिया जाना चाहिये ताकि उसका सम्पूर्ण विकास हो सके।उक्त बातें बीआरसी फूलपुर के सभागार में आयोजित हमारा आंगन,हमारे बच्चे व टीएलएम प्रदर्शनी कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कहीं।विशिष्ट अतिथि बीडीओ एचपी वर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति में बाल वाटिका समेत शिक्षा व्यवस्था में नये सुधार किये गये।इन सभी के प्रति जागरूक होने की जरूरत है।अब आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका और इनका प्राथमिक विद्यालयों के प्रति युग्मन की प्रक्रिया बढ़ गई

है।कार्यक्रम में कई विद्यालयों ने टीएलएम प्रदर्शित किये।सीमा शर्मा,कविता भारद्वाज,परमानंद कुशवाहा,कृष्ण विभूति सिंह ने विभिन्न विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला।ग्यारह संकुलों से पाँच पाँच छात्रों को प्रशस्ति पत्र,उपहार से पुरस्कृत किया गया।इसके साथ ही ग्यारह आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व ग्यारह शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिये स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।अध्यक्षता करते हुए बीईओ प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालयों को निपुण बनाने व विभागीय मंशाओं को पूर्ण करने में पूरी निष्ठा से शिक्षकों को जुटना होगा।संचालन विनोद कुमार सिंह ने किया।मौके पर एआरपी प्रभाशंकर त्रिपाठी,रमेश गुप्ता,पाण्डेय वेद मित्रम,मिथिलेश यादव अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ,संतोष जायसवाल अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ,अशोक मौर्या,हिमानी मौर्या,प्रीति मौर्या,सना गुफरान,साधना सोनकर,रेनू,अरुणा,मनोज,ऋषि आदि मौजूद रहें।

मैलहन में मटका फोड कार्यक्रम 15 मार्च को

लोकमित्र ब्यूरो

फूलपुर । होली मिलन समारोह एवं मटका फोड़ कार्यक्रम मैलहन बाजार में पूर्व की भांति ही आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 15 मार्च को सांय चार बजे मैलहन बाजार में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक उदयभान करवरिया एवं ब्लाक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्रा होंगे। कार्यक्रम के आयोजक हिमांशु दुबे उर्फ छोटू दुबे ने मटकी फोड़ कार्यक्रम में सहयोग करने वाली टीमों से अपनी सहभागिता दर्ज कराने की अपील की है।

हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

सोरांव । सोरांव विकासखंड में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया इस उत्सव में कार्यक्रम का उद्घाटन तहसील सोरांव के उप जिला अधिकारी हीरालाल द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया इस कार्यक्रम में विकासखंड के समस्त 9 न्याय पंचायत से पांच - पांच बाल वाटिका के निपुण बच्चों को स्टेशनरी का गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया गया, इसके अतिरिक्त बल वाटिका के अंतर्गत अच्छा कार्य कर रहे पांच शिक्षकों

एवं पांच आंगनबाड़ी कार्यत्रियों को मेमोंटो देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर उप जिला अधिकारी ने बच्चों को जिम्मेदारी से सवांरने की बात कही ,उन्होंने टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए सभी शिक्षकों को प्रोत्साहित किया। खंड शिक्षा अधिकारी सुमन मिश्रा ने वंडरबॉक्स के सहयोग से बच्चों को बुनियादी शिक्षा के तहत आधारभूत ज्ञान कराने की बात कही। हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम से प्री प्राइमरी की गुणवत्ता बढ़ाने पर बल दिया, खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह द्वारा देकर किया गया साथ ही कार्यक्रम की वृहद जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा पर ए आर पी पंकज कुमार त्रिपाठी, शशिकांत मिश्र एवं बृजेंद्र सिंह द्वारा एकेडमिक वण्डरबाक्स व अकादमिक जानकारी उपस्थित समूह को दी गई। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने के लिए कई मनोरंजक गतिविधियाँ भी की गई। कार्यक्रम के दौरान एआरपी पंकज कुमार त्रिपाठी द्वारा वंडर बॉक्स पर विस्तृत चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर के साथ-साथ सभी कोलोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम की गुणवत्तापूर्ण सफल संचालन में अरुणा मिश्रा, गायत्री यादव, सावित्री यादव धर्मराज यादव और बी आर सी के सभी कार्मिकों का भी पूर्ण योगदान सराहनीय रहा।

थरवई में एटीएम लगवाए जाने की मांग

लोकमित्र ब्यूरो

थरवई । थरवई बाजार सहित आसपास के क्षेत्र में एटीएम की कमी से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी को देखते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों में ग्राम प्रधान जिला पंचायत सदस्यो ने बैंक के अधिकारियों और प्रशासन से यहां एटीएम लगाने की मांग की है।

जनप्रतिनिधियों का कहना है कि थरवई एक बड़ा क्षेत्र है, जहां कई गांवों के लोग रोजमर्रा के लेन-देन के लिए आते हैं। लेकिन एटीएम न होने के कारण उन्हें दूर-दराज के इलाकों में जाना पड़ता है, जिससे समय और पैसा दोनों की बर्बादी होती है।

लोगों ने बताया कि कभी-कभी बैंक में भी भीड़ अधिक होने से उन्हें नकदी मिलने में अधिक समस्या होती है इस समस्या को देखते हुए जनप्रतिनिधियों ने इंडियन बैंक प्रबंधन अधिकारियों से जल्द से जल्द थरवई में एक एटीएम स्थापित करने की मांग करने वाले ग्राम प्रधान कपिल यादव वशिष्ठ नारायण शुक्ला शिवम नंदन त्रिपाठी कमल साहू कमलेश कुमार आदि लोगो ने इस क्षेत्र में शीघ्र एटीएम लगवाए जाने की जोरदार मांग उठाई है ।

भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया । विकास खंड बहरिया के ग्राम पंचायत रामगढ़ कोठारी में सुधाकर शुक्ला के पहल पर नव निर्मित शीतला धाम मंदिर वा भोले नाथ के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा बुधवार को भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ इस मौके पर जनसंघ के प्रदेशाध्यक्ष वा पूर्व ब्लाक प्रमुख कुलदीप पाण्डेय, पंकज शुक्ला,राम जी शुक्ला,मानिक चंद्र शुक्ला, संजय शुक्ला, राजेश शुक्ला,अरुण शुक्ला ,सुनील शुक्ला, क्षेत्र पंचायत सदस्य विपिन शुक्ला, संतोष शुक्ला वा चंचल शुक्ला समेत ग्राम वासी रहे।

मुक्त विश्वविद्यालय में बीएड एवं स्पेशल बीएड में प्रवेश के लिए होली के बाद करें आवेदन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के प्रवेश सत्र 2025-26 के लिए बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश प्रक्रिया होली के बाद प्रारंभ की जाएगी। प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम की प्रस्तावित तिथियों की घोषणा बुधवार को कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने की। बी एड एवं बी एड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश आयोजन एवं संचालन समिति के समन्वयक प्रोफेसर पी के स्टालिन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण, आवेदन एवं शुल्क भुगतान होली पर्व के बाद 18 मार्च 2025 से प्रारंभ किया जाएगा।

ऑनलाइन पंजीकरण, आवेदन एवं शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। दोनों कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित सभी जानकारियां विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती हैं।

महाकुम्भ के बाद अब संगम की रेती उगलेगी सोना

प्रयागराज। प्रयागराज में महाकुम्भ के भव्य आयोजन के बाद अब संगम की रेती में नई संभावनाएं जन्म ले रही हैं। जहां करोड़ों श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगाई, वहीं अब यहां के किसान तरबूज, ककड़ी, खीरे और खरबूजे की फसल से अपनी तकदीर बदलने की तैयारी में हैं। बलुई मिट्टी और गंगा-यमुना के शुद्ध जल से इस क्षेत्र में जायद फसलों की बंपर पैदावार होने की उम्मीद है। यह जानकारी बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र प्रयागराज द्वितीय के वैज्ञानिक डॉक्टर अनुराग सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सबसे खास बात यह है कि इस खेती से हजारों स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। सीएम योगी के निर्देश पर इस बार रिकॉर्ड पानी छोड़ा गया है। जिसकी वजह से सिंचाई की कोई समस्या नहीं होने पाएगी। वैज्ञानिकों के अनुसार बलुई मिट्टी इस फसल के लिए सबसे मुफीद है। महाकुम्भ में अर्थव्यवस्था को मिली मजबूती के बाद अब नए क्षेत्र में संभावनाओं के द्वार खुल गए हैं। बुवाई का काम अब शुरू हो चुका है और किसानों पर मेहरबान गंगा मैया उनकी झोली भरने के लिए तैयार हैं। प्रयागराज के वैज्ञानिक इन किसानों को अधिक उत्पादन की तकनीक भी सीखा रहे हैं।

गंगा-यमुना का वरदान-अब रेतीली मिट्टी उगलेगी सोना

महाकुम्भ क बाद प्रयागराज क सगम तटा पर स्थानाय किसाना न बड़ पमान पर खता शुरू कर दा ह। गगा पार, यमुना पार, झूंसी, फाफामऊ और जसरा क्षेत्र में किसानों ने तरबूज, ककड़ी, खीरे और खरबूजे की बुवाई शुरू कर दी है। प्रयागराज के वैज्ञानिक (उद्यान) डॉक्टर हिमांशु सिंह के अनुसार यहां की बलुई मिट्टी इस तरह की फसलों के लिए सबसे उपयुक्त होती है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस बार गंगा, यमुना में रिकॉर्ड मात्रा में पानी छोड़ा गया है। जिससे किसानों को सिंचाई की कोई समस्या नहीं होने पाएगी।

हजारों युवाओं को मिलेगा रोजगार, लाखों की कमाई का अवसर

जायद फसलों की खेती से न केवल किसानों को फायदा होगा, बल्कि हजारों स्थानीय युवाओं को भी रोजगार मिलेगा। इस फसल से किसान एक महीने में पांच लाख रुपये तक की कमाई कर सकते हैं। डॉक्टर हिमांशु के अनुसार खेती के साथ-साथ पैकेजिंग, ट्रांसपोर्ट और मार्केटिंग के भी नए अवसर खुल रहे हैं। जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को और मजबूती मिलेगी।

महाकुम्भ के बाद कृषि क्षेत्र में नए द्वार, संगम की रेती से समृद्धि की बनेगी नई कहानी

महाकुम्भ ने प्रयागराज ही नहीं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। अब इस भूमि से कृषि की एक नई कहानी लिखी जा रही है। संगम तट पर हजारों किसानों ने उम्मीदों की फसल बोई है। जो आने वाले

केन्द्र एवं प्रदेश सरकार गरीबों के कल्याण व उत्थान के लिए संकल्पित-स्वतंत्र देव सिंह

प्रयागराज। उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी वितरण करने के अवसर पर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की डबल इंजन सरकार गरीबों के कल्याण एवं उत्थान के लिए कृत संकल्पित है। इस योजना से करोड़ों महिलाओं के जीवन में खुशहाली आयी है। उन्होंने कहा कि यह योजना सिर्फ एक योजना ही नहीं बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान व सशक्तिकरण का प्रतीक है। यह योजना महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के साथ उन्हें स्वस्थ व आत्मनिर्भर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

जिला पंचायत सभागार में लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना भारत के गरीब परिवारों की महिलाओं के चेहरों पर खुशी लाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा 01 मई, 2016 को शुरू की गई योजना है। इसके अन्तर्गत गरीब महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन दिए गए हैं। प्रयागराज में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत कुल 5,84,421 गैस कनेक्शन निर्गत हैं। योजना के लाभार्थियों का होली और दिवाली पर निःशुल्क एक-एक एलपीजी सिलेण्डर रिफिल कराया जाता है। बैंक खातें में रिफिल की धनराशि 856 रुपये शासन द्वारा सब्सिडी के रूप में अंतरित की जाएगी। इसमें केन्द्र सरकार द्वारा 348.55 रुपये तथा राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी अंतरण की धनराशि 507.45 रुपये होगी। प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने 10 पात्र

दक्षिणी तमिलनाडु में भारी बारिश के आसार, ऑरेंज अलर्ट जारी

चेन्नई (आरएनएस)। मौसम विभाग ने दक्षिणी तमिलनाडु के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने बुधवार को बताया कि दक्षिणी तमिलनाडु में भारी बारिश के आसार हैं।बारिश का कारण बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र है, जो तमिलनाडु के तट के पास है और समुद्र से 1.5 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। इसके चलते, कन्याकुमारी, तिरुनेलवेली और थूथुकुडी जिलों में भारी बारिश हो सकती है।मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों के साथ-साथ तेनकासी जिले में भी भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। साथ ही चक्रवाती तूफान के खतरे के कारण मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। इसके अलावा, तमिलनाडु और पुडुचेरी में बादल छाए रहने की संभावना जताई गई है। इस दौरान चेन्नई और उसके आसपास के इलाकों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और शहर के कुछ हिस्सों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश और बिजली गिरने की भी संभावना है।क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) द्वारा जारी ऑरेंज अलर्ट के बाद मंगलवार को तमिलनाडु में भारी बारिश हुई थी, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ, जबकि दालों, मूंगफली और मक्का जैसी गर्मियों की फसलों को लाभ भी हुआ है।मंगलवार को डेल्टा क्षेत्र में भारी बारिश हुई थी, जिससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। हालांकि, क्षेत्र के किसान बारिश से खुश हैं और उनका दावा है कि इससे फसलों को लाभ मिलेगा। मंगलवार सुबह 11 बजे शुरू हुई बारिश देर शाम तक जारी रही, जबकि तिरुचिरापल्ली, तंजावुर, पेरम्बलुर और अरियालुर जैसे जिलों में मध्यम बारिश हुई। इसके अलावा तिरुवरुर, मयिलादुथुराई और नागपट्टिनम में पूरे दिन भारी बारिश दर्ज की गई।तिरुचिरापल्ली में शाम 4 बजे तक औसतन 17.49 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो बाद में रात 8 बजे तक घटकर 15.18 मिमी रह गई। हालांकि, दोपहर में बारिश हल्की हुई थी, लेकिन शाम को यह और भी तेज हो गई, जिससे कई इलाकों में जलभराव हो गया।तंजावुर जिले में औसतन 17.45 मिमी बारिश हुई, लेकिन कोई खास नुकसान नहीं हुआ।वहीं, तिरुवरुर शहर में सुबह से शाम 6 बजे के बीच सबसे अधिक 78.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई, जबकि कोडावसल में 59 मिमी बारिश दर्ज की गई है।इसके अलावा, माइलादुथुराई जिले में पूरे दिन लगातार बारिश हुई। माइलादुथुराई में 23 मिमी, मनलमेडु में 30 मिमी और सेम्बनारकोइल में 25 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।हालांकि, भारी बारिश के बावजूद कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। किसानों ने आशा व्यक्त की है कि बारिश से उनकी खेती में मदद मिलेगी। खासकर ग्रीष्मकालीन धान और दालों, मूंगफली और मक्का जैसी मनावरी फसलों के लिए।मौसम विभाग ने दक्षिणी तमिलनाडु में भारी बारिश को लेकर स्थानीय निवासियों और अधिकारियों को सतर्क रहने की सलाह दी है। इसके साथ ही ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है और प्रभावित जिलों के लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

अपार' आईडी न बनाने वाले मदरसों को चेतावनी, समय से काम पूरा न होने पर रद्द हो सकती है मान्यता

बाराबंकी (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में 38 मदरसों पर मान्यता खत्म होने की तलवार लटकी है। इन मदरसों की तरफ से 'अपार' आईडी बनवाने में लापरवाही की गई है। यह आईडी मदरसों के लिए अनिवार्य की गई है। विभाग की ओर से इनको मान्यता रद्द करने की चेतावनी दी गई है।जिला अल्पसंख्यक अधिकारी बालेंदु द्विवेदी ने बताया कि अपार आईडी बनाने का काम पूरे प्रदेश में चल रहा है। रमजान में कुछ मदरसे बंद होते हैं। इस कारण यहां पर 'अपार' आईडी बनाने की प्रक्रिया कुछ धीमी है। उनको कई बार मौखिक रूप से चेतावनी दी गई। लापरवाही बरतने वाले 38 मदरसों को कड़ी चेतावनी दी गई हैं। समय पर कार्य पूरा न होने पर नोटिस दी गई है। अगर तय समय पर कार्य पूरा नहीं हुआ, तो मान्यता रद्द भी की जा सकती है।

पत्रकारों की गिरफ्तारी पर केटीआर ने राहुल गांधी से पूछा, 'क्या यही आपकी मोहब्बत की दुकान है

हैदराबाद (आरएनएस)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और विधायक केटी रामा राव (केटीआर) ने हैदराबाद में दो पत्रकारों की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा।पुलिस ने बुधवार सुबह पत्रकार रेवती और उनकी सहकर्मी तन्वी यादव को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कांग्रेस शासन में अपनी कठिनाइयों के बारे में बात करने वाले एक किसान का वीडियो पोस्ट किया था।केटीआर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, क्या यही आपकी 'मोहब्बत की दुकान' है राहुल गांधी जी? सुबह-सुबह दो महिला पत्रकारों को गिरफ्तार करना! उनका अपराध क्या है? अक्षम और भ्रष्ट कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनता की राय को आवाज देना। पिछली बार जब मैंने देखा था, तो पाया था कि भारत का संविधान, जिसे आप नियमित रूप से पढ़ते हैं, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का समर्थन करता है।इससे पहले केटीआर ने एक पोस्ट में कहा था, मैं वरिष्ठ महिला पत्रकार रेवती की गिरफ्तारी की निंदा करता हूं। सुबह 5 बजे घर पर छापा मारना और पत्रकार रेवती की अवैध गिरफ्तारी राज्य में चल रहे आपातकाल-शैली के शासन का प्रमाण है।उन्होंने कहा था, साथ ही युवा पत्रकार तन्वी यादव की गिरफ्तारी भी बेहद निंदनीय है। एक किसान ने कांग्रेस सरकार में अपनी परेशानियों को बताया, तो उसका वीडियो पोस्ट करने वाले पत्रकारों को गिरफ्तार कर लिया गया। यह गिरफ्तारी सरकार के प्रतिबंधात्मक शासन की पराकाष्ठा है।

सार्वजनिक शासन के तहत मीडिया की कोई स्वतंत्रता नहीं है! क्या यही वह संवैधानिक नियम है जिसकी बात राहुल गांधी कर रहे हैं?सरकार की नाकामियों को छिपाने के लिए मीडिया और सोशल मीडिया की आवाज दबाने वाली इन कार्रवाइयों और गैरकानूनी मुकदमों को रेवंत रेड्डी सरकार को तुरंत रोकना चाहिए।

सांसद इंजीनियर रशीद की अंतरिम जमानत याचिका पर एनआईए को नोटिस

नई दिल्ली, (हि.स.)। दिल्ली हाई कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले के आरोपित और सांसद इंजीनियर रशीद की संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए दायर अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए एनआईए को नोटिस जारी किया है। जस्टिस प्रतिभा सिंह की बेंच ने अंतरिम जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 18 मार्च को करने का आदेश दिया।इंजीनियर रशीद की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एन हरिहरन ने कहा कि इंजीनियर रशीद ने इसके पहले भी संसद सत्र में हिस्सा लेने की अनुमति मांगी थी लेकिन कोर्ट ने केवल दो दिन संसद के सत्र में हिस्सा लेने की अनुमति दी थी। हरिहरन ने कहा कि संसद का सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा। इंजीनियर रशीद बारामूला से सांसद हैं और बारामूला की आबादी जम्मू-कश्मीर की कुल आबादी का 45 फीसदी है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व खाली नहीं रखा जा सकता है। उन्होंने मांग की कि इंजीनियर रशीद को कस्टडी पेरोल पर रिहा किया जाए।सुनवाई के दौरान एनआईए की ओर से पेश वकील अक्षय मलिक ने कहा कि इसके पहले हाई कोर्ट ने जो कस्टडी पेरोल दी थी उस समय इस मामले की सुनवाई के लिए कोई कोर्ट नियत नहीं थी। अब इस मामले में स्पेशल कोर्ट नियत कर दी गई है। ट्रायल कोर्ट ने इंजीनियर रशीद की नियमित जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा हुआ है और 19 मार्च को फैसला सुनाया जाना है। तब कोर्ट ने एनआईए को 17 मार्च तक जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए 18 मार्च को सुनवाई की अगली तिथि नियत करने का आदेश दिया।

शादी समारोह से लौटते समय दर्दनाक हादसा

बीजेपी नेता के बेटे समेत तीन युवकों की मौत, तीन घायल

रांची (आरएनएस)। राजधानी रांची के कोकर इलाके में मंगलवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा रामलखन सिंह यादव कॉलेज के पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।मृतकों की पहचान अग्नि बेसरा (22 वर्ष), पृथ्वी सहदेव (19 वर्ष) और सुरजीत सिंकू (20 वर्ष) के रूप में हुई है। अग्नि बेसरा सरायकेला-खरसावां के भाजपा नेता बास्को बेसरा के पुत्र थे। सभी मृतक गम्हरिया के रहने वाले थे।पुलिस के अनुसार, हादसा मंगलवार सुबह तड़के कोकर इलाके में हुआ। अग्नि बेसरा, जो रांची के जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस) में एमबीए की पढ़ाई कर रहे थे, रविवार रात शादी समारोह के बाद अपने पिता बास्को बेसरा से मिलकर गम्हरिया से रांची लौट रहे थे।

बास्को बेसरा हाल ही में पैर टूटने के कारण घायल हुए थे। सोमवार देर रात, अग्नि अपने दोस्तों पृथ्वी सहदेव और सुरजीत सिंकू के साथ स्कॉर्पियो में गम्हरिया से रांची के लिए निकले थे। कोकर इलाके में उनकी गाड़ी सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि पृथ्वी सहदेव और सुरजीत सिंकू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अग्नि बेसरा गंभीर रूप से घायल थे। अग्नि को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। हादसे में घायल हुए तीन अन्य युवकों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज रांची के रिम्स अस्पताल में चल रहा है।इस हृदयविदारक घटना ने बेसरा परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। महज सात महीने पहले, 4 अगस्त 2023 को, बास्को बेसरा के छोटे बेटे अनमोल बेसरा की भी एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। इतने कम समय में अपने दो बेटों को खोने से परिवार गहरे सदमे में है।हादसे की खबर फैलते ही जमशेदपुर और गम्हरिया में शोक की लहर दौड़ गई। मृतकों और घायलों के परिवारजन तुरंत रांची के लिए रवाना हो गए। शोक संतप्त परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतकों का अंतिम संस्कार मंगलवार शाम को कर दिया गया।पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि स्कॉर्पियो अत्यधिक तेज गति से चल रही थी, जिसके कारण चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन ट्रक से जा टकराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है।

भारतीय अपराधी को नेपाली नागरिकता दिलाने वाले अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू

काठमांडू, (हि.स.)। फरवरी के महीने में फिलीपींस से प्रत्यर्पण करके लाए गए कुख्यात अपराधी जोगिंदर उर्फ जोगा डॉन को नेपाली नागरिकता और पासपोर्ट उपलब्ध कराने में मदद करने वाले सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ जांच शुरू की गई है। भारत से अपराध करके नेपाल में दो साल तक रहने वाले जोगा डॉन ने नेपाल के धनुषा जिले से नेपाली नागरिकता का प्रमाण पत्र हासिल किया था। इसी आधार पर उसने नेपाली पासपोर्ट बनवाया और फिलीपींस भाग गया था।गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ऋषिराम तिवारी ने बुधवार को बताया कि पुलिस की एक विशेष टीम गठन करते हुए इस मामले की जांच शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय अपराधी को नागरिकता दिलाने में मदद करने वाले सभी लोग और नागरिकता का प्रमाण पत्र जारी करने वाले सरकारी कर्मचारियों को जांच के दायरे में लाया गया है। इसी तरह पासपोर्ट जारी करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ भी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि नेपाल पुलिस की जांच से अब तक पता लगा है कि 2018 में जोगा डॉन ने कुछ वर्षों तक नेपाल में रहने बाद धनुषा जिला के जनकपुरधाम से कांति गुप्ता के नाम से नागरिकता हासिल की थी। इसी नागरिकता के आधार पर उसने काठमांडू से पासपोर्ट जारी करवाया था।

बिहार में पिता ने 4 बच्चों को दूध में दिया जहर, 3 की तड़प-तड़प कर मौत

आरा (आरएनएस)। बिहार के आरा जिले से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां एक पिता ने अपने चार बच्चों को जहर देकर मारने के बाद खुद भी जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। इस हृदयविदारक घटना में तीन बच्चों की मौत हो गई, जबकि पिता और एक अन्य बच्चे का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

यह घटना आरा जिले में मंगलवार रात को घटी। मृतक बच्चों की पहचान और उम्र अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। पुलिस के अनुसार, अरविंद कुमार नामक व्यक्ति ने अपने बच्चों को दूध में जहर मिलाकर पिला दिया, और फिर स्वयं भी जहर का सेवन कर लिया।घटना में जीवित बचे बच्चे, आदर्श, ने बताया कि उनकी मां का देहांत आठ महीने पहले बीमारी के कारण हो गया था, जिसके बाद से उनके पिता गहरे अवसाद में थे। अरविंद कुमार बेनवलिया बाजार में एक छोटी सी इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाते थे, जिससे वे अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।आदर्श ने आगे बताया कि मंगलवार की रात उनके पिता ने उन्हें पसंदीदा भोजन पूरी खिलाया और फिर सभी को दूध दिया, जिसे पीने के बाद उन्हें उल्टी और पेट दर्द शुरू हो गया।

घर में कोई और मौजूद नहीं था और वे असहाय होकर कमरे में ही तड़पते रहे। काफी देर बाद दरवाजा खुलने पर उन्हें और उनके पिता को इलाज के लिए आरा के सदर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान दो बेटियों और एक बेटे ने दम तोड़ दिया।ग्रामीण गुप्तेश्वर प्रसाद ने बताया कि गांव के कई लोग पड़ोस में एक बारात में शामिल होने गए थे, और उसी दौरान अरविंद के भतीजे ने फोन पर घटना की जानकारी दी।डॉक्टर शिव नारायण सिंह, जो सदर अस्पताल में ऑन ड्यूटी थे, ने बताया कि मरीजों को अस्पताल लाए जाने पर उनकी आंख की पुतलियाँ सूजी हुई थीं, और उनमें उल्टी, पेट दर्द और शरीर में दर्द के लक्षण थे। उन्होंने बताया कि मरीजों के मुंह और नाक से झाग निकल रहा था, और अभी यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि उन्होंने किस प्रकार के जहर का सेवन किया था। डॉक्टर सिंह ने बताया कि मरीजों का इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम की निगरानी में चल रहा है।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। प्रारंभिक जांच में पत्नी की मृत्यु के बाद अरविंद कुमार के अवसाद में होने की बात सामने आ रही है।

होली पर खरीदारी को लेकर गुलजार हुए बाजार, रंग-बिरंगे गुलाल और पिचकारियां बनी आकर्षण का केंद्र

राजसमंद (आरएनएस)। देश में आपसी सौहार्द और भाईचारे का पर्व होली अब नजदीक आ गया है। होली के मद्देनजर बाजारों में खूब चहल-पहल देखने को मिल रही है। वहीं, राजस्थान में राजसमंद के बाजारों में खासी रौनक देखी जा रही है।होली का त्योहार आपसी सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। राजसमंद के बाजारों में तरह-तरह की आकर्षक पिचकारियां और हर्बल रंगों की खूब बिक्री हो रही है। व्यापारी अपनी दुकानों को सजाकर पिचकारियां, अबीर और गुलाल बेच रहे हैं। वहीं, स्थानीय लोग बच्चों के लिए इन पिचकारियों को खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। मौसम में बदलाव के साथ ही लोगों में होली को लेकर जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है।बता दें कि देशभर में रंगों का त्योहार होली 14 मार्च को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। होली खेलने के लिए केमिकल मुक्त गुलाल की मांग होने लगी है। राजस्थान में हर्बल रंगों की खूब बिक्री हो रही है। राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों में पलाश के फूलों से तैयार प्राकृतिक रंग बेचे जा रहे हैं। राजस्थान के अलावा अन्य राज्यों में भी प्राकृतिक रंगों की मांग बढ़ी है।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान में सिरोही जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्र पिंडवाड़ा उपखंड के बसंतगढ़ में हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है, जो प्राकृतिक होने के कारण सुरक्षित भी है। यह काफी लोकप्रिय हो रहा है। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) के सहयोग से आदिवासी महिलाएं ये गुलाल बना रही हैं। इस गुलाल को बनाने के लिए पलाश के फूलों सहित प्राकृतिक सामग्री का उपयोग होता है, जो इसे हानिरहित और त्वचा के लिए सुरक्षित बनाता है।

80 साल का पिता करना चाहता था दूसरी शादी, बेटे बन रहा था रोड़ा तो बाप ने कर दिया बड़ा कांड

राजकोट (आरएनएस)। गुजरात के राजकोट जिले के जसदण कस्बे में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ एक 80 वर्षीय बुजुर्ग पिता ने अपनी दूसरी शादी की इच्छा का विरोध करने पर अपने 52 वर्षीय बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रारंभिक तौर पर मामला ज़मीन विवाद का लग रहा था, लेकिन पुलिस जांच में हत्या का असली कारण पिता की दूसरी शादी की चाहत और बेटे द्वारा उसका विरोध करना सामने आया है। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के.जी. झाला ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह वारदात रविवार सुबह जसदण कस्बे में घटी। मृतक प्रभात बोरीचा की पत्नी जयाबेन ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। अपनी शिकायत में जयाबेन ने बताया कि उनकी सास का देहांत 20 साल पहले हो गया था। उसके बाद से उनके ससुर रामभाई बोरीचा दूसरी शादी करना चाहते थे, जिसका उनके परिवार ने पुरजोर विरोध किया। इस मुद्दे को लेकर घर में कई बार झगड़े हुए थे और रामभाई ने प्रभात को धमकी भी दी थी कि वह उसे और उसके परिवार को जान से मार देगा।घटना का विवरण देते हुए जयाबेन ने बताया कि रविवार सुबह वह अपने पति प्रभात के साथ ससुर रामभाई को चाय देने गई थी। जब वे लौट रही थीं, तो उन्होंने एक के बाद एक दो गोलियों की आवाज़ सुनी। वह तुरंत दौड़कर ससुर के कमरे की ओर भागी, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था।

दरवाजा खटखटाने पर बुजुर्ग रामभाई बंदूक लेकर बाहर आए और उन्होंने जयाबेन पर भी हमला करने की कोशिश की। डर के मारे जयाबेन अपने घर भाग गईं। बाद में उनका बेटा जयदीप घर आया, जिसे उन्होंने पूरी घटना बताई।जयदीप ने घर पहुंचकर देखा कि उसके पिता प्रभात आंगन में खून से लथपथ पड़े हुए हैं, जबकि रामभाई पास ही बैठे थे। प्रभात को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जयाबेन की शिकायत के आधार पर आरोपी बुजुर्ग रामभाई को हिरासत में ले लिया है।डीएसपी झाला ने बताया कि शुरुआती जांच में दूसरी शादी को लेकर लंबे समय से चला आ रहा विवाद ही हत्या का मुख्य कारण प्रतीत हो रहा है। आरोपी रामभाई से गहन पूछताछ जारी है और पुलिस मामले की हर कोण से जांच कर रही है।

सांबा सेक्टर में संदिग्ध गतिविधियों के चलते सीमा पर सुरक्षा कड़ी, तलाशी अभियान जारी

सांबा (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में सीमा पार से बढ़ रही संदिग्ध गतिविधियों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) द्वारा सीमावर्ती इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।सूत्रों के मुताबिक, हाल ही में सीमा के पास संदिग्ध हलचल देखी गई थी, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। सांबा सेक्टर के संवेदनशील इलाकों में विशेष नाके लगाए गए हैं, जहां जवान हर संदिग्ध व्यक्ति और वाहन की जांच कर रहे हैं।बीएसएफ और एसओजी की संयुक्त टीमें सीमावर्ती गांवों में लगातार गश्त कर रही हैं। सुरक्षा एजेंसियां स्थानीय निवासियों से भी सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की अपील कर रही हैं।सुरक्षाबल हाई-टेक उपकरणों और ड्रोन के जरिए बॉर्डर पर चौकसी बढ़ा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, किसी भी घुसपैठ या आतंकी साजिश को नाकाम करने के लिए पूरी सतर्कता बरती जा रही है।बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार (11 मार्च) को जम्मू-कश्मीर में सक्रिय दो संगठनों को अवैध घोषित किया था। आरोप है कि ये दोनों संगठन उग्र और अव्यवस्था उत्पन्न करने वाली गतिविधियों में शामिल रहे हैं, जो देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए खतरा है।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को बताया था कि जम्मू-कश्मीर में सक्रिय संगठन 'जम्मू-कश्मीर इत्तेहादुल मुस्लिमीन' (जेकेआईएम) और 'अवामी एक्शन कमेटी' (एएसी) को विधि विरुद्ध संगठन घोषित किया है। इन संगठनों को उग्र और अव्यवस्था उत्पन्न करने वाली गतिविधियों में शामिल पाया गया है, जो देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए खतरा पैदा करते हैं।

नौशेरा सेक्टर में सीमा पार से हुई गोलीबारी में सेना का एक जवान घायल

राजौरी,(हि.स.)। राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में बुधवार को सीमा पार से हुई गोलीबारी में सेना का एक जवान घायल हुआ है।आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि नौशेरा सेक्टर में सीमा पर कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखी गई। इसके बाद सुरक्षाबलों ने सर्च अभियान चलाया। इसी बीच सीमा पर से एक संदिग्ध स्नाइपर हमले में सेना का एक जवान गोली लगने से घायल हो गया है। घायल जवान को तुरंत उधमपुर के कमांड अस्पताल ले जाया गया है। उसकी पहचान मन कुमार बेगा के रूप में हुई है।

युवक से दरिंदगी, प्राइवेट पार्ट में गन्ना डालकर मार डाला; नपुंसक कहे जाने पर नाराज था आरोपी

रुड़की (आरएनएस)। उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के रुड़की में एक सनसनीखेज़ वारदात सामने आई है। यहां गे रिलेशन बनाने के दबाव और फिर नपुंसक कहे जाने से गुस्साए 22 वर्षीय युवक ने एक युवक की निर्मम हत्या कर दी। आरोपी ने मृतक के प्राइवेट पार्ट में गन्ना डालकर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।यह मामला हरिद्वार के बुग्गावाला थाना क्षेत्र के हरिपुर टोंगिया गांव का है। पुलिस को दी गई तहरीर में, मृतक शीश कुमार के भाई ने बताया कि उनके गांव के ही रहने वाले प्रमोद पुत्र किशन (22) ने उनके भाई के साथ बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के बाद प्रमोद ने शीश कुमार के प्राइवेट पार्ट में गन्ना घुसा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।बुग्गावाला थाने में दर्ज मामले के अनुसार, पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी प्रमोद को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि हत्या के सही कारणों का पता चल सके।बुग्गावाला थाना प्रभारी निरीक्षक भगवान सिंह महर ने बताया कि घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी द्वारा दिए गए निर्देश पर टीम गठित की गई थी। पुलिस की कई टीमों ने दबिश देकर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने लड़के के मर्डर में इस्तेमाल गन्ने का डंडा भी उसकी निशानदेही पर बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि सोनू उर्फ शिशू जो उससे लगभग 10 साल बड़ा था।आरोपी युवका का कहना था कि वह एक समलैंगिक (गे) था। उसने कई बार अपने साथ अप्राकृतिक संबंध बनाने के लिए कहा था। प्रमोद ने कहा, 'मैंने मना कर दिया था तो उसने गांव में मेरे नपुंसक होने की अफवाह फैला दी। मेरी मर्दानगी को लेकर अकसर छींटाकशी करता रहता था।

कई बार उसे समझाया लेकिन लोगों के सामने मेरी बेइज्जती करता रहता था। इस बात को लेकर उससे कई बार झगड़ा भी हुआ था। मेरे मन में उसके खिलाफ बहुत गुस्सा भरा था।' लड़के को सबक सिखाने के लिए उसने खेत में पड़े गन्ने को उसके प्राइवेट पार्ट्स में डाल दिया था। अधिक खून बहने की वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़कर जेल भेज दिया है।

ऊर्जा मंत्री ने महाकुम्भ में अथक परिश्रम करने वाले विद्युत कार्मिकों को किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन एवं सुचार विद्युत आपूर्ति एवं मेला क्षेत्र में बेहतर लाइटिंग के लिए निरंतर प्रयास करने वाले विद्युत अधिकारियों एवं कार्मिको को सम्मानित किया। उन्होंने कार्मिकों को सम्मान देने के लिए यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल को फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और उनके कार्यों की प्रशंसा की। विद्युत कार्मिकों के मेहनत एवं लगन से महाकुंभ 2025 की खूबसूरती और लाइटिंग की प्रशंसा पूरी दुनिया ने की है। यहां तक कि अंतरिक्ष स्टेशन से अमेरिकी यात्री ने भी ट्वीट कर महाकुभ मेला क्षेत्र को दुनिया का सबसे प्रकाशवान स्थल बताया। महाकुंभ के दौरान 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु देश दुनिया से प्रयागराज पहुंचे।

सभी ने यहां की विद्युत व्यवस्थाओं और प्रकाश की प्रशंसा की। इसके लिए हमारे सभी विद्युत कार्मिक प्रशंसा एवं सम्मान के पात्र हैं। ऊर्जा मंत्री ने बुधवार को शक्ति भवन में महाकुंभ में अथक परिश्रम करने वाले विद्युत कार्मिकों को सम्मानित किया और उनके कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ मेला क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा 478.05 करोड रुपए की स्थाई एवं अस्थाई कार्य कराए गए। इसमें 132\33 कवि के कई उपकेंद्रों की स्थापना, 52 किलोमीटर 33 केवी लाइन का निर्माण, 66 नए वितरण परिवर्तनों की स्थापना तथा 32 वितरण परिवर्तनों की क्षमता वृद्धि के कार्य कराए गए।

संपूर्ण मेला क्षेत्र में निर्वात विद्युत आपूर्ति हेतु 173 किलोमीटर की 11 केवी लाइन एवं 1405 किलोमीटर की एलटी लाइन का निर्माण किया गया। 250 ट्रांसफार्मर मेला क्षेत्र में लगाए गए तथा 52 हजार विद्युत पोल स्थापित किए गए। मेला क्षेत्र में बेहतर प्रकाश की व्यवस्था के लिए 75 हजार से अधिक एलइडी स्ट्रीट लाइटों की स्थापना कराई गई। निर्वाध विद्युत आपूर्ति के लिए 11\04 केवी उपकेद्रों पर 85 जनरेटर भी स्थापित किए गए तथा 2000 हाइब्रिड सोलर स्ट्रीट लाइट की स्थापना की गयी। विद्युत दुर्घटना को रोकने के लिए विद्युत की सुदृढ़ व्यवस्था की गई।

होली पर दी जाए निर्वाध विद्युत आपूर्तिः शर्मा

- ऊर्जा मंत्री ने की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा, दिये दिशा निर्देश
- गर्मी में बिजली न जाए ऐसी व्यवस्था बनाई जाए
- उपभोक्ताओं की शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली बर्दाश्त नही

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने होली के पर्व पर प्रदेशवासियों को निर्वाध विद्युत आपूर्ति देने के लिए विद्युत कार्मिकों को अभी से सजक एवं सचेत रहने के निर्देश दिए है। कहीं से भी कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। आपूर्ति को लेकर जो भी कमियां हैं उसे शीघ्र ही दुरुस्त कर लिया जाए, किसी कारण से आपूर्ति बाधित होने पर शीघ्र संचालन के लिए ट्राली ट्रांसफार्मर की व्यवस्था उपलब्ध रहे, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया है कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए उनके सुझाव लें।ऊर्जा मंत्री एके शर्मा बुधवार को शक्ति भवन में विद्युत व्यवस्था को लेकर कार्यों की वर्चुअल समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने विद्युत आपूर्ति को लेकर जरूरी निर्देश दिए। इस वर्ष की गर्मी में उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का सामना न करना पड़े, ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, कि बिजली आपूर्ति बाधित न होने पाए। सभी क्षेत्रों को निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप निर्वाध विद्युत आपूर्ति मिले। विद्युत तंत्र को लेकर जो भी कमियां हो उसे शीघ्र ही दुरुस्त कर लिया जाए। अभी से सभी ट्रांसफार्मर में तेल की कमी और अर्थिंग की समस्या को दूर कर लें, जहां कहीं पर भी जर्जर पोल, केबल हो, उसे शीघ्र बदला जाए। विद्युत व्यवस्था के सुधार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 16 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के कार्य आरडीएसएस योजना के तहत कराए जा चुके हैं। बिजनेस प्लान से भी करोड़ों के कार्य हुए हैं।विद्युत व्यवस्था के सुधार को लेकर अभी शिकायतें आना विद्युत कार्मिकों की खराब कार्य संस्कृति को दर्शाता है। उपभोक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की हिलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपभोक्ताओं से बात कर शिकायतों के समाधान का नियमित फीडबैक भी लिया जाए। उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए सम्भव के तहत प्रत्येक जनपद, मंडल एवं डिस्कॉम मुख्यालय स्तर पर जनसुनवाई अधिकारियों द्वारा की जाएगी। उपभोक्ताओं से अपील की है कि शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए उपभोक्ता अपनी शिकायतों को विभाग के टोल फ्री नं 1912 में भी दर्ज कराए। उन्होंने विद्युत दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करने को कहा। विद्युत कार्मिक इसके लिए सेफ्टी कल्चर अपनाये और मुख्यालय स्तर से भी एसओपी जारी की जाए। प्रदेश में जहां कहीं भी लाइन लॉस बढ़ने की समस्याएं आ रही हैं, वहां पर विजिलेंस की कार्रवाई कर विद्युत चोरी रोकने का प्रयास किया जाए। एमडी 70 से 80 प्रतिशत लाइन हानि वाले क्षेत्रों में कार्यरत कार्मिकों के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें। इस वर्ष गर्मी में 100 केवीए के ऊपर के पावर ट्रांसफार्मर के जलने पर संबंधित कार्मिक पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जो भी कार्मिक गलत कार्यों में सम्मिलित हो उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करते हुए एफआईआर भी दर्ज कराए। किसानों को विद्युत कनेक्शन देने में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों को समय से कनेक्शन मिले इसका पूरा ध्यान दिया जाए।अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नरेन्द्र भूषण ने कहा कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा में बिना कटौती के विद्युत प्राप्त हो, इसके लिए सभी प्रबंध किये जाए। कृषि फीडर पर विशेष ध्यान दें। किसानों को सिचाई के लिए पानी की किल्लत न हो। स्मार्ट मीटरिंग में प्राथमिकता के हिसाब से कार्य हो। जनप्रतिनिधियों के सम्पर्क में रहिये तथा 1912 की समस्यायें ससमय हल हो। अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने कहा कि जिन फीडरों पर ज्यादा चोरी है उनके नाम प्रत्येक उपकेन्द्र पर लगाइये और वहाँ के उपभोक्ताओं को बताइये कि चोरी ज्यादा है आप सबको परेशानी होगी। ट्रांसफार्मर एवं उपकेन्द्रों की जॉच कर लीजिये कोई भी ट्रांसफार्मर फुंकेगा तो कार्यवाई होगी। पावर ट्रांसफार्मर फुंकने पर अधीक्षण अभियन्ता एवं मुख्य अभियन्ता पर भी कार्यवाई होगी। जिस फीडर पर 80 प्रतिशत से ज्यादा लाइन हानियॉ हैं वहॉ लाइनमैन को बर्खास्त करिये। उपभोक्ताओं को अपने कनेक्शन का लोड बढ़ाने के लिये अब ऑनलाइन आवेदन करना पड़ेगा। जैसे नये कनेक्शन के लिये होता है। झटपट पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उपभोक्ता की शिकायतें अधिशाषी अभियन्ता से लेकर ऊपर तक के अधिकारी सुनेंगे। शक्ति भवन में निदेशक स्तर का अधिकारी प्रतिदिन दो घण्टे उपभोक्ताओं की समस्या हल करायेगा।बैठक में एसीएस ऊर्जा नरेन्द्र भूषण, चेयरमैन यूपीपीसीएल आशीष गोयल, डीजी विजलेंस, डिस्कॉम के एमडी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

रंगों के साथ ही सुरक्षित और सुविधायुक्त मनाएं होली

उत्तर प्रदेश विद्युत निगम ने जारी की होली एडवाइजरी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के नेतृत्व में त्योहारों को सुरक्षित और निर्बाध बनाने की कवायद तेज हो गई है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने होली के अवसर पर उपभोक्ताओं के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। इस एडवाइजरी में सुरक्षित होली मनाने की अपील के साथ-साथ बिजली बिल की समय पर अदायगी और बकाया वसूली पर भी जोर दिया गया है। योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेशवासियों को त्योहार के दौरान किसी भी तरह की असुविधा न हो और बिजली विभाग का राजस्व संग्रह भी प्रभावी ढंग से हो सके।

सुरक्षित होली के लिए विशेष अपील यूपीपीसीएल ने सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं और आम नागरिकों से अपील की है कि वे बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मरों और लाइनों के नीचे या आसपास होलिका दहन न करें। एडवाइजरी में कहा गया है कि आग की लपटों से एल्यूमिनियम तारों और बिजली के केबलों के जलने या टूटने की स्थिति में गंभीर विद्युत दुर्घटनाएं हो सकती हैं। उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि होलिका दहन बिजली की लाइनों और उपकरणों से सुरक्षित दूरी पर करें ताकि त्योहार का आनंद निर्बाध रूप से उठाया जा सके। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने इस अवसर पर सभी उपभोक्ताओं को होली की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी हैं। यूपीपीसीएल ने कहा कि वह प्रदेशवासियों के साथ मिलकर इस त्योहार को सुरक्षित और खुशहाल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

बिजली बिल जमा करने की सलाहः एडवाइजरी के साथ-साथ यूपीपीसीएल ने उपभोक्ताओं से बिजली बिल समय पर जमा करने की भी अपील की है। बिजली कर्मचारी बकायेदार उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर और फोन के जरिए बकाया जमा करने का अनुरोध कर रहे हैं। यूपीपीसीएल ने चेतावनी दी है कि बिल जमा न करने की स्थिति में कनेक्शन काटे जा सकते हैं, जिससे उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। योगी सरकार ने बिजली विभाग को निर्देश दिए हैं कि राजस्व वसूली के कार्य को तेजी से पूरा किया जाए ताकि विभाग की वित्तीय स्थिति मजबूत हो सके।

निर्बाध बिजली आपूर्ति पर फोकसः योगी सरकार ने होली जैसे त्योहारों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति और सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। इस बार भी सरकार ने यूपीपीसीएल को सख्त निर्देश दिए हैं कि त्योहार के दौरान बिजली कटौती न हो और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, बकाया बिजली बिल की वसूली के लिए चलाए जा रहे अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकार का मानना है कि समय पर बिल भुगतान से न केवल उपभोक्ताओं को सुविधा मिलेगी, बल्कि बिजली विभाग की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी।

मंत्रियों ने प्रदेशवासियों को दी होली की शुभकामनाएं

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले मंत्री आशीष पटेल, कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही और उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व समाज में समरसता, सौहार्द और

उल्लास का प्रतीक है।मंत्रियों ने कहा कि होली भारत की सनातन परंपरा का प्रमुख पर्व है, जो अधर्म, असत्य और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का संदेश देता है। यह पर्व समाज को एकजुट करने, भाईचारे को बढ़ाने और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का माध्यम है। पर्व एवं त्योहारों की यह परंपरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी जीवन मूल्यों को संजोकर रखने का कार्य करती है।

पांच लाख प्रतिमाह कमाई का मिला अवसर

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। प्रयागराज में महाकुम्भ के भव्य आयोजन के बाद अब संगम की रेती में नई संभावनाएं जन्म ले रही हैं। जहां करोड़ों श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगाई, वहीं अब यहां के किसान तरबूज, ककड़ी, खीरे और खरबूजे की फसल से अपनी तकदीर बदलने की तैयारी में हैं। बलुई मिट्टी और गंगा-यमुना के शुद्ध जल से इस क्षेत्र में जायद फसलों की बंपर पैदावार होने की उम्मीद है। खास बात यह है कि इस खेती से हजारों स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। सीएम योगी के निर्देश पर इस बार रिकॉर्ड पानी छोड़ा गया है। जिसकी वजह से सिंचाई की कोई समस्या नहीं होने पाएगी। वैज्ञानिकों के अनुसार बलुई मिट्टी इस फसल के लिए सबसे मुफीद है। महाकुम्भ में अर्थव्यवस्था को मिली मजबूती के बाद अब नए क्षेत्र में संभावनाओं के द्वार खुल गए हैं। बुवाई का काम अब शुरू हो चुका है और किसानों पर मेहरबान गंगा मैया उनकी झोली भरने के लिए तैयार हैं। प्रयागराज के वैज्ञानिक इन किसानों को अधिक उत्पादन की तकनीकें भी सीखा रहे हैं।

अब रेतीली मिट्टी उगलेगी सोना: महाकुम्भ के बाद प्रयागराज के संगम तटों पर स्थानीय किसानों ने बड़े पैमाने पर खेती शुरू कर दी है। गंगा पार, यमुना पार, झूंसी, फाफामऊ और जसरा क्षेत्र में किसानों ने तरबूज, ककड़ी, खीरे और खरबूजे की बुवाई शुरू कर दी है। प्रयागराज के वैज्ञानिक (उद्यान) डॉक्टर हिमांशु सिंह के अनुसार यहां की बलुई मिट्टी इस तरह की फसलों के लिए सबसे उपयुक्त होती है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस बार गंगा, यमुना में रिकॉर्ड मात्रा में पानी छोड़ा गया है। जिससे किसानों को सिंचाई की कोई समस्या नहीं होने पाएगी।

हजारों युवाओं को मिलेगा रोजगार, लाखों की कमाई का अवसरः जायद फसलों की खेती से न केवल किसानों को फायदा होगा, बल्कि हजारों स्थानीय युवाओं को भी रोजगार मिलेगा। इस फसल से किसान एक महीने में पांच लाख रुपये तक की कमाई कर सकते हैं। डॉक्टर हिमांशु के अनुसार खेती के साथ-साथ पैकेजिंग, ट्रांसपोर्ट और मार्केटिंग के भी नए अवसर खुल रहे हैं। जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को और मजबूती मिलेगी।

महाकुम्भ के बाद कृषि क्षेत्र में नए द्वार, संगम की रेती से समृद्धि की बनेगी नई कहानीः महाकुम्भ ने प्रयागराज ही नहीं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। अब इस भूमि से कृषि की एक नई कहानी लिखी जा रही है। संगम तट पर हजारों किसानों ने उम्मीदों की फसल बोई है। जो आने वाले महीनों में उनकी झोली खुशियों से भरने वाली है। इस खेती के लिए बाकायदा किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र प्रयागराज द्वितीय के वैज्ञानिक डॉक्टर अनुराग सिंह विशेष रूप से प्रशिक्षण भी दे रहे हैं।

आयुष्मान भारत योजना में खामियों में सुधार हेतु एकजुट हुए प्राइवेट अस्पताल संचालक

- 18 मार्च को होगी अगली बैठक जिसमें प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को सौंपेंगे ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। आज इंडियन मेडिकल एसोसिएशन लखनऊ के सभागार मे लखनऊ के लगभग 100 हॉस्पिटल के संचालक जो की सरकार के आयुष्मान योजना से जुड़े है एक जुट होकर एक सभा का आयोजन किया स आयुष्मान योजना सरकार की एक सफल योजना है।

जिसमे करोड़ो लाभार्थी जो अपना ईलाज के लिए सक्षम नहीं है उनको सरकार की तरफ से निःशुल्क सुविधा मिलती है और इसके लिए सरकार द्वारा प्राइवेट हॉस्पिटल को भी जोड़ा गया है पर समस्या ये है की प्राइवेट हॉस्पिटल के द्वारा नियम के अनुसार ईलाज करने के बाद भी समय पर पेमेंट नहीं मिल रहा है जिससे हॉस्पिटल संचालक को संचालन मे दिक्कते आ रही है स आज इस समस्या को लेकर प्राइवेट हॉस्पिटल के संचालको के द्वारा पहली बैठक थी स मीटिंग के दौरान एसोसिएशन का नाम और कार्यकारणी के कुछ सदस्यो का चुनाव भी किया गया।

जिसमे अध्यक्ष के लिए डॉ नीरज मिश्रा, सचिव के लिए डॉ श्वेता श्रीवास्तवा, कोषाध्यक्ष के लिए डॉ इरफान खान और संयुक्त सचिव के पद के लिए रिशु सिंह का नाम प्रस्तावित किया गया और उपस्थित सदस्यो द्वारा इसपर मोहर लगी स सभा मे आगामी 18 मार्च को अगली बैठक तय किया गया है और इस दौरान एसोसिएशन के द्वारा ेाभ्भ्ै के सीईओ और प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य को अपना ज्ञापन देना भी तय किया गया है स जल्द ही एसोसिएशन को प्रदेश स्तर पर बड़ा करने के सन्दर्भ मे कार्य किया जाएगा इसकी जानकारी एसोसिएशन के प्रवक्ता डॉ महेश पांडे और अनिकेत अनि ने दी।

सूर्यगढ़ की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में विकसित होंगे तीन हेरिटेज होटलः जयवीर

- रोशन-उद-दौला, छतरमंजिल और चुनार फोर्ट के विकास के लिए एग्रीमेंट
- पर्यटन विभाग का गोल्डन ट्रायंगल फोर्ट एंड पैलेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू साइन

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राज्य की विरासत संपत्तियों को नया स्वरूप देने के साथ ही उसके पुराने वैभव को लौटाने और आय स्रोत को मजबूत करने का प्रदेश सरकार का प्रयास आकार लेने लगा है। लखनऊ में स्थित रोशन-उद-दौला, छतरमंजिल और मीरजापुर जिले में स्थित चुनार फोर्ट के विकास के लिए आज समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। यह एग्रीमेंट पर्यटन विभाग और गोल्डन ट्रायंगल फोर्ट एंड पैलेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ हुआ है। तीनों विरासत संपत्तियों को सूर्यगढ़ जैसलमेर की तर्ज पर हेरिटेज होटल की रूप में विकसित किया जाएगा।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उक्त तीनों प्रापर्टी को गोल्डेन ट्रायंगल, राजस्थान को पीपीपी मोड पर विकसित करने के लिए दिया गया है। गोल्डन ट्रायंगल फोर्ट एंड पैलेस की आतिथ्य इकाई ब्रांड सूर्यागढ़ कलेक्शन, जो जैसलमेर में सूर्यागढ़, बीकानेर में नरेंद्र भवन और बिनसर में मैरी बुडेन एस्टेट का संचालन करती है, अब इन विरासत स्थलों की रूपरेखा तैयार करने, विकसित करने और प्रबंधन का कार्य करेगी। विशेष बात यह कि प्रापर्टी को उसके पुराने स्वरूप में रखते हुए विकास किया जाएगा। पुनरुद्धार का तरीका इतिहास, लोककथाओं की रिसर्च से निकलेगा, जिस पर कल्पना की एक परत जोड़ी जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया में उन सामग्रियों का इस्तेमाल किया जाएगा, जो मूल निर्माण के वक्त इस्तेमाल हुई थीं, लेकिन उन्हें आज के इनोवेशन के साथ अपनाया जाएगा।विभाग की इस पहल से उत्तर प्रदेश में विरासत पर्यटन के साथ डेस्टिनेशन वेडिंग बढ़ेंगे। प्रापर्टी के विकास और संचालन में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया जाएगा। ओडीओपी प्रोडक्ट को प्रमोट किया जाएगा। परंपराओं, पाक-कला, उत्सवों और शिल्प को बढ़ावा देने वाले अनुभव विकसित किए जाएंगे। विरासत संपत्तियों के नजदीक स्थित एककृएक गांव को गोद लेकर वहां का विकास किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में किले, राजमहल और कोठियां हैं। विभाग का प्रयास इन्हें उपयोगी बनाकर पर्यटकों को आकर्षित करना है। पर्यटन विभाग श्विकास भी, विरासत भीश् के मूलमंत्र को आगे बढ़ा रही है। हेरिटेज टूरिज्म विकसित करने का हमारा प्रयास है। पीपीपी मॉडल के तहत आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश के हेरिटेज प्लेसेज, किले, हवेलियां, हॉन्टेड प्लेसेज, कोठी आदि धरोहरों को विकसित करने के लिए यूपी टूरिज्म की सुविधाजनक नीतियां हैं, जो विकास का आधार बनेगी।

प्राकृतिक आपदाओं हेतु उपकर के संबंध में नीति बनाने के लिए मंत्रिसमूह का गठन

लखनऊ। 21 दिसंबर 2024 को हुई जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार राज्यों में प्राकृतिक आपदाओं एवं क्षति की दृष्टिगत सहायतार्थ विशेष उपकर के संबंध में वैधानिक एवं संरचनात्मक नीति बनाने हेतु मंत्रियों के एक समूह का गठन किया गया है।उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को इस मंत्रिसमूह का संयोजक बनाया गया है। वित्त तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री, असम, अजंता नियोग, वित्त मंत्री, छत्तीसगढ़, ओम प्रकाश चौधरी, वित्त एवं ऊर्जा मंत्री, गुजरात, कानू भाई देसाई, वित्त मंत्री, केरल, के एन बालागोपाल, वित्त मंत्री, उत्तराखंड, प्रेमचंद अग्रवाल तथा वित्त मंत्री, पश्चिम बंगाल, चंद्रिमा भट्टाचार्य इस मंत्रिसमूह के सदस्य है।

कारागार मंत्री ने निरुद्ध बंदियों एवं उनके परिजनों को दीं होली की शुभकामनाएँ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने प्रदेशवासियों व कारागारों में निरुद्ध बंदियों एवं उनके परिजनों को होली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। रंगों का यह त्योहार प्रेम, सौहार्द, भाईचारे और सद्भावना का प्रतीक है। होली हमें मतभेदों को भुलाकर एकता और स्नेह के रंगों में सराबोर होने की प्रेरणा देती है। समाज का हर व्यक्ति इस त्योहार का हिस्सा है और कारागार में रह रहे बंदी भी इस समाज का एक अंग हैं। प्रदेश सरकार बंदियों के सुधार और पुनर्वास के लिए लगातार कार्य कर रही है ताकि वे अपनी सजा पूरी कर समाज की मुख्यधारा से जुड़कर एक बेहतर जीवन जी सकें। होली उल्लास और उमंग का पर्व है।इस अवसर पर सभी को मिलकर आपसी प्रेम, शांति और एकता का संदेश देना चाहिए। उन्होंने बंदियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे आत्ममंथन करें, अपने आचरण में सुधार लाएँ और एक अच्छे नागरिक बनने की दिशा में आगे बढ़ें।

अन्नपूर्णा भवनों के पास बनेंगे ग्रामीण हाट बाजार

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग के माध्यम से विभिन्न विकासोन्मुखी योजनाओं का संचालन किये जाने के साथ ही ग्रामीण महिलाओं की आजीविका संवर्धन के बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं।महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे परिवारों के वयस्क सदस्यों को मांग के अनुसार अकुशल श्रम रोजगार उपलब्ध कराते हुए स्थायी परिसम्पत्तियों का सृजन किया जाना राज्य सरकार की महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अन्तर्गत अन्य विभागों के सहयोग से ग्रामीण अवस्थापना संबंधी कार्य खाद्य गोदाम अन्नपूर्णा भवन का सृजन किया जा रहा है। इसके साथ ही मनरेगा योजना के अन्तर्गत रूरल हॉट निर्माण कार्य भी अनुमन्य योजना के अन्तर्गत निर्मित किये जाने वाले खाद्य गोदाम के स्थल के निकट भूमि की उपलब्धता के अनुसार सामर्थ्य मैनुअल में दिये गये डिजाइन के अनुरूप रूरल हॉट का निर्माण कार्य भी कराया जाना है। ग्राम पंचायतों में योजना के अतंर्गत खाद्य गोदाम अन्नपूर्णा भवन के निकट ग्रामीण हाट बाजारों का निर्माण कराये जाने हेतु शासन स्तर से जिलाधिकारियों को निर्देश निर्गत कर दिये गये हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य गोदाम के निकट बनने वाले रुरल हाट बाजार का संचालन राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जाएगा। इससे अन्नपूर्णा भवन के पास ही वस्तुओं को क्रय करने का विकल्प राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की महिलाओं को हो जाने से उनकी आजीविका संवर्द्धन में वृद्धि हो सकेगी। छोटे और निर्धन किसानों को लाभ पहुंचाना तथा उनको उनकी उपज की बिक्री हेतु उचित स्थान मिल सके ,इस उद्देश्य से सरकार द्वारा ग्रामीण हाट बाजारों को विकसित किया जा रहा है। गांवों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम और अन्य सरकारी योजनाओं का उपयोग करके भौतिक बुनियादी ढांचे को मजबूत कर हाट बाजार विकसित किए जा रहे हैं। ये हाट बाजार किसानों को उपभोक्ताओं और थोक खरीदारों को सीधे बिक्री करने की सुविधा प्रदान करने में बहुत ही सहायक सिद्ध हो रहे हैं। मूलभूत सुविधाओं से युक्त हाट बाजार

योजना के अन्तर्गत निर्मित किये जाने वाले खाद्य गोदाम के स्थल के निकट भूमि की उपलब्धता के अनुसार सामर्थ्य मैनुअल में दिये गये डिजाइन के अनुरूप रूरल हाट का निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिये गये हैं। ग्रामीण क्षेत्र में स्थित बाजारों को मूलभूत सुविधाओं से लैश कर हाट बाजारों के रूप में विकसित किया जा रहा है।केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के सामर्थ्य मैनुअल में दिये गये डिजाइन के अनुसार एक रूरल हाट बाजार में 28 दुकानों की व्यवस्था पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय, दो पहिया वाहनों हेतु पार्किंग की व्यवस्था,नाली की व्यवस्था, स्टोर, ऑफिस इत्यादि सुविधाएं देना प्रस्तावित है।

अयोध्या में भाजपा के लोग गरीबों की जमीन जबरिया करा रहे हैं रजिस्ट्री

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार भू-माफिया और अपराधियों को संरक्षण दे रही है। भाजपा सबसे बड़ी भू-माफिया पार्टी है। पूरे प्रदेश में भाजपा के संरक्षण में भू-माफियाओं का आतंक है। जब से भाजपा सत्ता में आयी है, भाजपा के लोग गरीबों को प्रताड़ित कर जगह-जगह जमीनों पर जबरन रजिस्ट्री कराकर कब्जे कर रहे हैं।

अखिलेश ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा है कि भाजपा सरकार के दौरान अयोध्या समेत कई जिलों में हुई जमींनों की रजिस्ट्रियां देख ली जाएं तो पूरी पोल खुल जाएगी। हद तो यह हो गई कि सेना के पूर्व अधिकारी की जमीनों पर भी भू-माफिया कब्जा कर रहे हैं। विरोध करने पर मारपीट करते हैं। धमकी देते हैं। कानून-व्यवस्था की इससे खराब तस्वीर और क्या हो सकती है कि भू-माफियाओं ने सेना के रिटायर्ड ब्रिगेडियर की जमीन पर कब्जा कर लिया और विरोध करने पर जानलेवा हमला किया। पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून-व्यवस्था ध्वस्त है। हत्या, लूट, बलात्कार, जमीनों पर कब्जे की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। विवाद में प्रदेश में हर दिन हत्याएं हो रही है। हालात बद-से-बदतर होती जा रही है। स्थितियां अब और बदहाल होती जा रही है। भाजपा सरकार में हर जिले में तेजी से भू-माफिया पनप रहे हैं। प्रदेश के जिलों-जिलों में दबंगों द्वारा ऐसी तमाम घटनाएं हो रही हैं। अयोध्या समेत कई स्थानों पर सरकार खुद जमीनों को गरीबों, किसानों से कौड़ियों के भाव छीन कर अपने चहेतों को दे रही है। भाजपा सरकार की जमीनों को कब्जाने की नीति से गरीब और किसान परेशान है। इससे पहले अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए मंगलवार को कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण लोगों का त्योहार फीका नजर आ रहा है।

होली बाद होगा बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष का फैसला

- पहले जिलाध्यक्ष, फिर प्रदेश अध्यक्ष और उसके बाद कैबिनेट विस्तार

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। बीजेपी में संगठन से लेकर सरकार तक बदलाव होने वाला है। उत्तर प्रदेश में बीजेपी को जिलाध्यक्षों का चुनाव, प्रदेश अध्यक्ष का चयन और सरकार में कैबिनेट का विस्तार होना है। संगठन से लेकर सरकार तक में चर्चाओं का बाजार गर्म है। जिलाअध्यक्ष की कुर्सी के लिए रस्साकशी चल रही है, भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष कौन बनेगा इसको लेकर भी कयास जारी है। इन दोनों प्रक्रियाओं को पूरी करने के बाद योगी कैबिनेट में भी फेरबदल हो सकता है।सूत्रों की मानें तो कुछ चेहरे कैबिनेट से बाहर होंगे तो कुछ नए चेहरे को भी कैबिनेट में जगह मिल सकती है। कैबिनेट में शामिल मंत्रियों के विभागों में बदलाव होगा।असमंजस की स्थिति सरकार में भी है। जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश में पहले जिलाध्यक्षों की नियुक्ति होगी, उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष का चयन होगा और फिर सरकार कैबिनेट में बदलाव होगा। उत्तर प्रदेश में जिला अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया पूरा कर लिया गया है। लिस्ट केंद्रीय नेतृत्व को भेज दी गई है। केंद्रीय नेतृत्व ने महिला और उम्र को आधार बनाकर लिस्ट में कुछ बदलाव के लिए सूची वापस भेजी थी, इसके बाद इस आधार पर बदलाव कर दोबारा सूची केंद्रीय नेतृत्व को भेज दी गई है। पार्टी नहीं चाहती कि जिलों में पार्टी की कमान संभालने वालों की होली खराब हो।जिलाध्यक्षों की सूची कभी भी जारी हो सकती है, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष का फैसला होली के बाद ही होगा। भाजपा संगठन मजबूत करना चाहती है। ऐसे चेहरों को मौका देना चाहती है जिसका असर 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव पर पड़े इसीलिए जिला अध्यक्षों के साथ ही अध्यक्ष के अध्यक्ष देरी हो रही है।कहा जा रहा है कि पार्टी जाति है और क्षेत्रीय आधार पर ऐसे चेहरे को चुनना चाहती है जो 2027 में सरकार की वापसी की गारंटी बने। सियासी गलियारों में कई नाम चर्चा में है लेकिन दौड़ में सबसे आगे ब्राह्मण चेहरे के तौर पर पूर्वांचल के बस्ती से आने वाले पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी का नाम आगे है। हरीश द्विवेदी संघ के करीबी है ।भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष होने के नाते संगठन में भी उनकी पकड़ है, युवा है और कई राज्यों के प्रभारी के तौर पर काम कर चुके हैं। ब्राह्मण चेहरे के तौर पर दिनेश शर्मा भी चर्चा में है। उपमुख्यमंत्री रह चुके हैं,राष्ट्रीय टीम में उपाध्यक्ष रहे हैं। सदस्यता अभियान के प्रभारी के तौर पर काम किया। भाजपा विश्व की नंबर एक पार्टी बनी सरकार और संगठन में उनको लेकर नकारात्मक सोच नहीं है। ओबीसी चेहरे के तौर पर केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ,बाबूराम निषाद और धर्मपाल सिंह का भी नाम हैं। धर्मपाल सिंह योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। ओबीसी चेहरे के तौर पर संघ संगठन और सरकार में अच्छी पकड़ है। चर्चा में एक नाम रेखा वर्मा का भी है।

संक्षिप्त खबरें

अर्जुनगंज में फर्नीचर के गोदाम में लगी आग

लखनऊ। अर्जुनगंज में मंगलवार को फर्नीचर गोदाम में आग लग गई। आग की लपट देख अफरा- तफरी मच गई। चार दमकल ने दो घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। अर्जुनगंज स्थित अवध टावर में श्री बालाजी होम कांन्सेप्ट फर्नीचर का शोरूम है। बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर फर्नीचर का गोदाम बना है। मंगलवार शाम करीब सात बजे गोदाम से धुंआ निकलने लगा। कर्मचारी भाग कर गए तो गोदाम में आग लगी थी। कुछ ही देर में लपट निकलने लगी। सूचना पर एफएसओ हजरतगंज रामकुमार रावत चार दमकल के साथ मौके पर पहुंचे। दो घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया गया। एफएसओ के मुताबिक गोदाम में लकड़ी का सामान और गद्दे भरे होने से आग तेजी से फैली।शार्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा जताया जा रहा है।

खादी ग्रामोद्योग बोर्ड ने किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ। खादी और ग्रामोद्योग आयोग की स्वरोजगार प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत जिला खादी ग्रामोद्योग बोर्ड ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम जूट फार लाइफ सेंटर, ग्राम भुलभुलपुर कपासी, विकास खंड बक्शी का तालाब, लखनऊ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अग्रणी प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया लखनऊ मनीष पाठक रहे। उन्होंने उद्यमियों को लोन संबंधी कठिनाइयों को दूर करने का आश्वासन दिया और उन्हें पूर्ण सहयोग प्रदान करने की बात कही। इस दौरान खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सहायक विकास अधिकारी प्रथम, अवधेश कुमार गौतम ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। जिला उद्योग केंद्र के सहायक प्रबंधक, गौरव ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान पर चर्चा की।कार्यक्रम में जूट फार लाइफ की संचालिका अंजली सिंह, यशओम फाउंडेशन की अध्यक्ष रामकुमारी त्रिवेदी, खादी उत्पादन केंद्र अमेठी लखनऊ के भानु जायसवाल उपस्थित रहे। पूर्व जिला अग्रणी प्रबंधक एमपी सिंह और शैलेन्द्र सिंह ने भी ग्रामोद्योगी उत्पादों के अधिकाधिक उपयोग पर बल दिया।यह संपूर्ण कार्यक्रम उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी, लखनऊ मंडल, महेंद्र प्रताप के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर लोगों से अधिक से अधिक ग्रामोद्योगी उत्पादों को अपनाने की अपील की गई।

विधानसभा का हुआ सत्रावसान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज विधानसभा के सत्रावसान कर दिया है।उत्तर प्रदेश अट्ठारहवीं विधानसभा का वर्ष 2025 का प्रथम सत्र जो 18 फरवरी के उपवेशन से प्रारंभ हुआ और5 मार्च के उपवेशन की समाप्ति परअनिश्चतकाल के लिए स्थगित हुआ था,का सत्रावसान आज प्रदेश की राज्यपाल ने कर दिया।यह जानकारी प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे ने आज दी है।

इंदिरा नगर में फ्री मेडिकल कैंप, स्वास्थ्य परीक्षण हुआ

लखनऊ। मैक्स अस्पताल, लखनऊ द्वारा बुधवार को इंदिरा नगर के ए-ब्लॉक योग पार्क में निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप सुबह 7 बजे से 10 बजे तक चला। इसमें क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। मेडिकल कैंप में फिजीशियन, दंत चिकित्सक, नेत्र विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट सहित बीपी व अन्य स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। जांच कराने वाले प्रत्येक व्यक्ति को एक विशेष कार्ड जारी किया गया। जिसके माध्यम से वे मैक्स अस्पताल में विशेष छूट प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम के संयोजक सुनील त्यागी ने सभी कॉलोनीवासियों, मैक्स अस्पताल के डॉक्टरों एवं स्टाफका आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि भविष्य में भी मैक्स अस्पताल इसी तरह मेडिकल कैंप आयोजित कर जनता की सेवा करता रहेगा।

राष्ट्रीयकृत बैंकों के मुख्य कार्यालयों पर प्रदर्शन

लखनऊ। बैंक संगठन यूनाइटेड फोरम ऑफबैंक यूनियंस यूएफबीयू के आवाह्न पर 24 एवं 25 मार्च को होने वाली देशव्यापी बैंक हड़ताल के पूर्व आज राष्ट्रीयकृत बैंकों के मुख्य कार्यालयों पर सायंकाल बैंक कर्मियों ने अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन व सभाएं की।फोरम के जिला संयोजक अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि बैंककर्मियों ने पांच दिवसीय बैंकिंग कार्य सप्ताह करने, अस्थाई कर्मचारियों को नियमित करने, सभी संवर्ग में पर्याप्त भर्ती करने, ग्रेच्युटी सीमा 25 लाख करने, स्थाई नौकरियों की आउटसोर्सिंग बंद करने आदि मांगों हेतु प्रदर्शन एवं सभाएं की। आज के प्रदर्शन में स्टेट बैंक मुख्य शाखा गोमती नगर स्थित बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बडौदा, यूनियन बैंक, केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक,हजरतगंज स्थित इंडियन बैंक और जानकीपुरम स्थित पंजाब एंड सिंध आदि बैंकों के जोनल व रीजनल कार्यालयों के सम्मुख हजारों बैंककर्मियों ने प्रदर्शन किया। मीडिया प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया कि दो दिवसीय देशव्यापी बैंक हड़ताल के पूर्व 21 मार्च को सायंकाल बैंककर्मियों की रैली स्टेट बैंक, हेड आफिस से इंडियन बैंक, हजरतगंज तक आयोजित की गई है।

बंद मकान में चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

लखनऊ। लखनऊ की ठाकुरगंज पुलिस ने बुधवार को घरों का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास करीब ढाई लाख रुपए के सोने, चांदी के जेवर बरामद हुए हैं। पुलिस आरोपियों से अन्य घटनाओं के बारे में जानकारी जुटा रही है। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि 18 फरवरी को मल्लपुर में रहने वाले संदीप कुमार रस्तोगी और 9 मार्च को फरीदीपुर में स्थित बंद घर का ताला तोड़कर जेवर और नगदी चोरी की घटना हुई थी। चोरों की तलाश के लिए टीमें लगाई गई थी। सीसीटीवी व सर्विलांस की मदद से बुधवार दोपहर दो आरोपियों को भूहर पुल के नीचे रेलवे लाइन के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान ठाकुरगंज मल्लपुर रिंग रोड निवासी मुन्ना बाबू उर्फ सोनू और उसके साथी तालिब के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब ढाई लाख रुपए के सोने, चांदी के गहने, 21 हजार 500 रुपए, सब्बल, घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। पुलिस आरोपियों से अन्य घटनाओं के बारे में जानकारी जुटा रही है।

मेयर का होली मिलन भी दूर नहीं कर पाया नाराजगी

लखनऊ। मेयर सुषमा खर्कवाल के होली मिलन समारोह में रंग गुलाल और फूल भले ही खूब उड़े, लेकिन पार्षदों की नाराजगी दूर न हो सकी है। मेयर ने मान मनव्वल की खूब कोशिश की, लेकिन एकजुटता का प्रयास फेल हो गया। 110 पार्षदों में करीब 20 पार्षद ही समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे। एक ही पार्टी के अधिकतर पार्षद और मेयर में टकराव की स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि होली पर बधाई देने और एक दूसरे से मिलने से भी परहेज कर रहे। इस दौरान पार्षद कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। हालांकि, दबी जुबान पार्षद यह भी कह रहे कि जब तक वार्ड विकास निधि और जरूरी मुद्दों पर चर्चा नहीं की जाएगी, तब तक कोई बात नहीं की जाएगी। 110 पार्षदों में करीब 20 पार्षद ही मेयर के होली मिलन समारोह में देर शाम तक पहुंचे। इस दौरान कार्यकारिणी से सिर्फ एक सदस्य गिरीश गुप्ता होली मिलन में दिखे। पम्मी तिवारी, नागेंद्र सिंह, अशोक उपाध्याय, अरविंद यादव, गिरीश गुप्ता, सुनील शंखधर, सफीकुर्रहमाना, पार्षद पति राम कुमार वर्मा, अजय दीक्षित, पूजा जसवानी, संदीप शर्मा, अशोक हितैशी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दबंग ने देसी तमंचे से हवा में गोली दागी, पुलिस कर रही जांच

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के बंथरा इलाके में दहशत कायम करने के लिए एक युवक ने तमंचे से फायर किया। फायरिंग का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। पुलिस वीडियो के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। वीडियो में सिर पर कैप पहने एक युवक देसी तमंचे से बेखौफ होकर हवाई फायरिंग करता दिखाई दे रहा है। बताया गया कि युवक दबंग प्रवृत्ति का है और फायरिंग के माध्यम से लोगों में दहशत फैलाने का प्रयास कर रहा है। वीडियो रात के समय का है। सूत्रों के मुताबिक, फायरिंग करने वाले युवक की बंथरा थाने में अच्छी जान पहचान है। बंथरा थाना प्रभारी निरीक्षक राम सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो की जानकारी मिलने के बाद युवक की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा जैसे ही आरोपी की पहचान होगी, उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

एसटीएफ के हत्थे चढ़ी महिला असलहा तस्कर मुस्कान तिवारी

लखनऊ के कैसरबाग से बुर्का में पकड़ाई

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। एसटीएफ की वाराणसी टीम ने अवैध हथियारों की सप्लाई में शामिल महिला तस्कर मुस्कान तिवारी को बुधवार सुबह कैसरबाग बस स्टेशन पर गिरफ्तार कर लिया। वह बुर्का पहन कर बस से कैसरबाग बस अड्डे पर पहुंची थी। उसके पास चार हथियार व सात मैगजीन बरामद हुई हैं। इनमें से एक असलहा पाकिस्तान में बना बताया जा रहा है। यह महिला तस्कर शुभम सिंह गिरोह के लिए काम करती है और पहले भी पकड़ी जा चुकी है। इस समय वह जमानत पर बाहर थी।

एसटीएफ के इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह के मुताबिक गिरफ्तार महिला की पहचान जौनपुर के रुधौली मुस्कान तिवारी के रूप में हुई। पिछले साल 20 नवम्बर को गाजीपुर, करीमुद्दीनपुर निवासी अंकित कुमार पाण्डेय, मुस्कान तिवारी और सत्यम यादव को दो पिस्टल के साथ सुलतानपुर में पकड़ा था। इसमें मुस्कान को जमानत मिल गई थी।

उस समय खुलासा हुआ था कि उनके गिरोह का सरगना जौनपुर के जुडापुर निवासी शुभम सिंह है। इस गिरोह का नेटवर्क पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार व दिल्ली तक फैला हुआ है।

एसटीएफ ने बताया कि मुस्कान जमानत पर छूटने के बाद फिर से गिरोह में सक्रिय हो गई थी। वह चार हथियार लेकर अपनी वेशभूषा बदल कर बस से कैसरबाग पहुंची थी। उसे ये चार पिस्टल मेरठ में उपलब्ध कराई गई थी। इसके लिए उसे 50 हजार रुपये दिए गए थे। हर पिस्टल की कीमत डेढ़ लाख रुपये बताई गई है। मुस्कान का परिचय शुभम से हुआ था। सरगना शुभम सिंह द्वारा योजना बनायी गयी कि दो लोगों के एक साथ असलहा लेने के जाने पर पकड़े जा रहे हैं।

अब आगे से गैंग के सदस्य अकेले ही असलहा लेने-देने के लिए जाएंगे। इसी क्रम में मुस्कान तिवारी अकेले ही मेरठ असलहा लेने गई। शुभम सिंह द्वारा बताया गया कि मेरठ में शोहराबगेट बस स्टेशन के पास एक लड़का 04 पिस्टल लाकर देगा। इसके लिये उसे 50 हजार रुपए मिला था। उसे शाहगंज जनपद जौनपुर में पिस्टल लाकर देना है। इसी योजना के तहत मुस्कान तिवारी मेरठ से पिस्टल लेकर बस से कैसरबाग बस स्टेशन पर आयी थी, यहां से शाहगंज के लिये बस पकड़नी थी।

होली पर 35 डिग्री पार रहेगा पारा, 30 किमी की रफ्तार से चलेगी हवा

लखनऊ। होली पर लखनऊ का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस पार कर जाएगा। करीब 30 किमी की रफ्तार से हवा चलेगी। हालांकि, दिन में हल्के बादल भी छाए रहने की संभावना है। बुधवार को सुबह से लखनऊ का मौसम साफ है। 20 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल रही है। न्यूनतम तापमान 16 डिग्री दर्ज किया गया है, जबकि अधिकतम तापमान 33 डिग्री रहने की संभावना है। मौसम विभाग की मानें तो मार्च के अंत तक हीट वेव का अहसास भी होने लगेगा। होली तक राजधानी में तापमान के 35 डिग्री पार चले जाने के आसार हैं। इसके बाद न्यूनतम तापमान भी 21 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि बुधवार से पछुआ हवा की रफ्तार 30 किमी प्रति घंटे तक जा सकती है। अगले तीन से चार दिनों तक तापमान का धीरे-धीरे बढ़ना जारी रहेगा। 14 मार्च को तेज धूप और उच्च तापमान के कारण लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि दोपहर के समय बाहर निकलने से बचें।

डीसीपी ने अमीनाबाद सराफा बाजार का निरीक्षण

सर्राफा एसोसिएशन ने शांति और सौहार्द का भरोसा दिया

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। होली के त्योहार को देखते हुए डीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने अपनी पूरी टीम के साथ अमीनाबाद सर्राफा मार्केट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान व्यापारी नेता एवं लखनऊ सर्राफा एसोसिएशन के संगठन मंत्री विशाल निगम ने समस्त अमीनाबाद के सर्राफा एवं बर्तन व्यापारियों की ओर से उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान डीसीपी रवीना त्यागी ने व्यापारियों को होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और व्यापारिक क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और यातायात को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने एडीसीपी मनीषा सिंह, एसीपी कैसरबाग रत्नेश एवं अमीनाबाद प्रभारी निरीक्षक सुनील आजाद को विशेष रूप से सुरक्षा एवं यातायात की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर व्यापारी नेता एवं संगठन मंत्री विशाल निगम ने अमीनाबाद के समस्त व्यापारियों की ओर से डीसीपी रवीना त्यागी, एडीसीपी मनीषा सिंह, एसीपी रत्नेश, प्रभारी निरीक्षक सुनील आजाद एवं उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। साथ ही होली के त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न कराने की प्रतिबद्धता जताई।

अधिवक्ता को भेजे अभद्र मैसेज, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। चिनहट कोतवाली में महिला अधिवक्ता ने अनजान नम्बर से अभद्र मैसेज भेज कर प्रताड़ित किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया। आरोपित ने अधिवक्ता के साथ ही उनके पति के नम्बर पर भी मैसेज भेजे हैं। कमता निवासी महिला अधिवक्ता के मुताबिक कई दिनों से एक अनजान नम्बर से मैसेज आ रहे हैं। जिनमें महिला के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया। पीड़िता के पति के नम्बर पर भी लगातार मैसेज किए गए। जिसकी वजह से परिवार मानसिक तनाव में है। कई बार समझाने पर भी आरोपित हरकतों से बाज नहीं आया। एसओ चिनहट भरत पाठक ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

डॉ. वरदा शुक्ला की पुस्तक का विमोचन

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। डॉ. वरदा शुक्ला की पुस्तक ये वह शब्द नहीं का परिचय और चर्चा समारोह हुआ। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आयोजन प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉ. मनमीत सिंह ने किया, जबकि अध्यक्षता डॉ. शिवांकन बाजपेई ने की। पुस्तक ये वह शब्द नहीं नारी जीवन के उन पहलुओं को उजागर करती है, जिन्हें समाज अक्सर अनदेखा कर देता है।

डॉ. वरदा शुक्ला ने अपने चिकित्सकीय अनुभवों और सामाजिक दृष्टिकोण को बारीकी से इस पुस्तक में पिरोया है। यह पुस्तक समाज की सोच और नारी के संघर्ष को बेबाक तरीके से सामने लाती है। डॉ. शुक्ला ने इस अवसर पर बताया कि हर इंसान का एक कार्यक्षेत्र होता है, लेकिन हर किसी की एक अलग हॉबी भी होती है, जो उसे सुकून देती है। मैंने अपने आसपास की परिस्थितियों को देखा और उन्हें शब्दों में ढालने की कोशिश की, यही कारण था कि मैंने यह पुस्तक लिखी।

कार्यक्रम में डॉ. रजनी तिवारी ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. वरदा शुक्ला ने अपनी किताब में जो अनुभव साझा किए हैं, वे न केवल एक चिकित्सक के रूप में, बल्कि एक बेहतरीन लेखिका के रूप में भी प्रभावी हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. वरदा को महिलाओं के स्वास्थ्य और उनकी समस्याओं के बारे में गहरी समझ है, चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं हों या शहरी क्षेत्र की। इस दौरान पंकज प्रसून ने भी पुस्तक की प्रशंसा की और कहा कि जितनी सराहना की जाए उतना कम है।

होलिका दहन पर पड़ी महंगाई की मार

ऐशबाग लकड़ी मण्डी में मंदी का दौर

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। होलिका दहन के लिये लकड़ी के लिये ऐशबाग की लकड़ी मण्डी पिछले दो दिनो से पूरी तरह से सजी हुयी है। और लोग एकत्र चन्दे के हिसाब से लकड़ी की खरीदारी कर रहे है। मंहगाई के कारण हालिका का आकार भी घटता जा रहा है। पहले आठों के मेले तक जलने वाली होलिका मात्र दो दिनों में ही जल कर समाप्त हो जाती है। ऐशबाग की मण्डी के लकड़ी व्यापारी राम सिंह के अनुसार वह पिछले अठारह साल से केवल होलिका दहन के लिये ही लकड़ी जिसे आम भाषा में मुजंर कहा जाता है को बेचने यहॉ आते है। इस बार आम का मुंजर पांच सौ से साढ़े पांच सौ रूपये कुन्तल है जबकि पकरी और गूलर की लकड़ी भी इस बार महंगाई की वजह से तीन सौ रूपये से चार सौ रूपये कुन्तल के हिसाब से बिक रही है।

वही व्यापारी राजेश ने बताया कि वैसे तो आम की ही लकड़ी से होलिका को जलाना चाहिये क्योकि यह पर्यावरण के लिये सही होती है परन्तु सस्ते के चक्कर में लोग पकरी व गूलर के साथ अन्य लकड़ियों से होलिका को जला देते है। वैसे देखा जाय तो जिसे मुजंर कहते है वह पेड़ के नीचे जड़ का ठूँठ होता है जो कई दिनों तक जलता रहता है। हरे पेड़ो की अवैध कटान के बाद यही ठूँठ होली में जलाने के लिये बेच दिया जाता है। वैसे भी होली के मौके पर काफी तादाद में हरे पेड़ यहॉ बिक जाते है। करीब एक दर्जन के आस-पास व्यापारी यहॉ केवल होली की लकड़ी बेचने के लिये आते है। दबी जुबान में व्यापारियों ने बताया कि स्थानीय पुलिस को भी हिस्सा देना पड़ता है बिना उसके यहॉ अपना माल उतार ही नहीं सकते है। हांली के दिन कोनेश्वर मंदिर चौक तथा चौपटिया से निकलने वाले होलिका जुलूस की शोभा बढ़ाने वाले गजराज इस बार भी उपस्थित नहीं हो पायेंगे। बढ़ती महगांई और पशु संबंधी नियम इसकी वजह बताई जा रही है।

दूसरे के प्लॉट को अपना बता ससुर ने दामाद से ऐंठे 11 लाख

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। पारा कोतवाली में युवक ने ममेरे ससुर और साली के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया। आरोपितों ने परिचित की मदद से दूसरे की जमीन को अपना बता कर सौदा किया। निर्माण कार्य शुरू होने पर पीड़ित को दूसरे की जमीन बेचे जाने का पता चला।

तालकटोरा निवासी व्यापारी राजू प्लॉट की तलाश में थे। इस बारे में व्यापारी ने ममेरे ससुर कैलाशपति से सलाह मांगी। आरोपित ने बताया कि नई दिल्ली निवासी राजीव कुमार दुबे का सरोसा में प्लाट है। जिसे वह बेचना चाहते है। कम कीमत में ही प्लॉट का सौदा भी हो जाएगा। ससुर कैलाशपति की बात पर विश्वास कर राजू ने हामी भर दी। इस बीच साली पिंकी ने भी पिता की बात का समर्थन किया। आरोपितों ने जनवरी माह में जमीन दिखाई। सौदा 20 लाख में तय हुआ था। वहीं, राजू ने 11 लाख रुपये अकाउंट में दिए। बचे हुए रुपये रजिस्ट्री के वक्त देने की बात तय हुई थी दो जनवरी को राजू के साथ कैलाशपति, पिंकी और राजीव कुमार मजदूरों को लेकर प्लॉट पर पहुंचे। नींव खुदाई शुरू होते ही अफसर हुसैन आ गया। जिसने प्लॉट पर मालिकाना हक जताया। राजू के पूछताछ करने पर कैलाशपति और राजीव ने फर्जीवाड़े की बात कबूल ली। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

ज्वैलरी लूटने के बाद वृद्धा को उतारा था मौत के घाट

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। बीकेटी थाना अंतर्गत मामपुर गांव रजाना गौतम (65) की हत्या ज्वैलरी लूटने के बाद हुई थी। मंगलवार को सर्विलांस टीम ने बीटीएस सिस्टम की मदद से संदिग्ध को उठाया था। पूछताछ के दौरान आरोपित ने अपना जुर्म स्वीकार किया। बुधवार को पुलिस ने रजाना हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए हत्यारे को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

गौरतलब है कि 09 मार्च को मामपुर गांव के बाहर जंगल में चार दिनों से लापता रजाना गौतम का शव पड़ा मिला था। इसके बाद फूफेरी बहू लक्ष्मी ने दूर के भतीजे के खिलाफ सास की हत्या करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। जिसके बाद पुलिस ने मृतक के भतीजे समेत कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बावजूद इसके नतीजा शून्य रहा। उसके बाद पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज और बीटीएस सिस्टम की मदद ली। बीटीएस सिस्टम के जरिये घटना के वक्त मौजूद एक मोबाइल नेटवर्क को ट्रैक किया गया। इसके आधार पर पुलिस ने मामपुर गांव निवासी तेजबहादूर उर्फ तेजा को उठाया। पूछताछ के दौरान आरोपित इधर-उधर की बातें कर पुलिस को गुमराह करने लगा। उस पर पुलिस का शक और भी गहराता चला गया। सख्ती बतरने पर आरोपित टूट गया। जिसके बाद आरोपित ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपित ने बताया कि 06 मार्च की दोपहर करीब सवा एक बजे रजाना नजदीकी की एक सर्राफा मार्केट में गहने गई थी। उसने वृद्धा को गहने खरीदता देख लूट की योजना बना ली। जब वृद्धा ज्वैलरी खरीद कर लौटने लगी, जिसके बाद आरोपित वृद्धा का पीछा करने लगा। आरोपित ने बताया कि जब वृद्धा अपने घर के समीप बाग के पास पहुंची तब उसने गहने छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपित ने वृद्धा को जमीन पर गिराकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद वह गहने लेकर वहां से भाग निकला। एसीपी अनमोल मुकुट ने बताया कि वृद्धा की हत्या कर आभूषण लूटने के बाद हत्यारे ने पर्स वहीं फेंक दी थी। जहां से वृद्धा ने गहने खरीदे थे, वह पर्स उस सर्राफा कारोबारी ने दी थी। जिस पर सर्राफा कारोबारी का नाम पता और मोबाइल नंबर दर्ज था। पुलिस इस पर्स को लेकर सर्राफा कारोबारी के पास पहुंची और प्रतिष्ठान में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। इस दौरान वृद्धा गहने खरीदती दिखाई पड़ी। वहीं, प्रतिष्ठान के बाहर लगे एक सीसीटीवी कैमरे में तेज बहादूर की भी फुटेज दिखाई पड़ी। इसके आधार पर पुलिस ने तेज बहादूर को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। एसीपी बीकेटी ने बताया कि पुलिस ने हत्यारे पास वृद्धा से लूटी 162 ग्राम की चांदी की पायल बरामद की है।

सीतापुर के पत्रकार हत्याकाण्ड पर त्वरित कार्रवाई की मांग

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के केन्द्रीय नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सशस्त्र बदमाशों ने पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की गोली मार कर हत्या की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए प्रशासन से घटना के तत्काल खुलासे की मांग की है।

विधान सभा मार्ग स्थित हुसैनगंज में मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश त्रिवेदी की अध्यक्षता एवं महासचिव डॉ. अनिल कटियार के संचालन में आपात बैठक संपन्न हुई जिसमें पत्रकारों की सुरक्षा पर बढ़ रहे खतरे पर चिंता व्यक्त की गई। पत्रकारों ने एक स्वर में पत्रकार सुरक्षा कानून की अनिवार्यता पर जोर दिया।

बैठक में दिनेश त्रिवेदी, डॉ. अनिल कटियार, केशव पाण्डेय, उमाकांत बाजपेई, उमा मिश्रा, कोमल पत्रकार, प्रिया भट्टाचार्य, निहाल सिंह जेम्स, मो. रशीद आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसी बीच उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर राजेश त्रिवेदी ने प्रदेश के मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद को ज्ञापन देकर सरकार से राघवेन्द्र हत्याकांड के दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष डाक्टर राजेश त्रिवेदी के साथ प्रदेश सचिव अनुराग शर्मा, मनीष चित्रांश, दीपक कुमार, अर्चना गुप्ता, राकेश कश्यप, भूपेंद्र मणि त्रिपाठी, अनवर हुसैन, देवेश नायक, अजय मिश्र, विवेक कुमार, सुरेन्द्र सिंह यादव, रफीकुल हसन, मोहम्मद रऊफ गुड्डू, प्रदीप यादव, रेहान अली, अली हसन आदि तमाम पत्रकार उपस्थित थे।

त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर भव्य यात्रा में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के एमिटी ग्रीन सिटी में त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा एक भव्य आयोजन के रूप में संपन्न हुई। अयोध्या से आए आचार्य राधा कृष्ण शास्त्री ने प्राण प्रतिष्ठा कराई। इस अवसर पर पूरे इलाके में खुशी का माहौल था। शोभा यात्रा के दौरान रास्ते अबीर-गुलाल से रंग गए। इस मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही एक शानदार यात्रा का आयोजन भी किया गया, जो ग्रीन सिटी से एसटीपी रोड होते हुए मंदिर स्थल तकलगभग 5 किलोमीटर लंबी थी। स्थानीय लोग अबीर और गुलाल के साथ होली खेलते हुए यात्रा में शामिल हुए। डीजे की धुन पर लोग नाचते-गाते हुए यात्रा में शामिल हो रहे थे। स्थानीय निवासी उमेश वर्मा ने बताया, आज का दिन हमारे लिए बहुत खास है। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हमारे लिए एक ऐतिहासिक पल है और हम सबने मिलकर इस यात्रा को सफल बनाया है। अजय मिश्रा ने कहा, यह हमारे लिए सौभाग्य का पल है कि हम सबने मिलकर शिव भोला मंदिर की स्थापना कराई। इस कार्यक्रम की सफलता में उमेश वर्मा, अक्षय लाल यादव, अजय मिश्रा, कृपा शंकर और मानिक वर्मा की अहम भूमिका रही।

मैं की नहीं हम की भावना से करना है सेवा कार्यः चेत नारायण सिंह

लखनऊ। कैंट स्थित आर्म्ड फोर्स ट्रिब्यूनल बार एसोसिएशन के रिटर्निंग ऑफिसर विजय कुमार पाण्डेय ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को प्रमाण पत्र वितरित किया। श्री पांडे ने अध्यक्ष कमल कुमार सिंह, महामंत्री गिरीश तिवारी, आर.के. एस. चौहान, मो. जफर खान, विंग कमांडर एसएन द्विवेदी, संयुक्त सचिव मनोज कुमार अवस्थी एवं धर्मराज सिंह कार्यकारिणी सदस्य राहुल पाल, रमाकांत, शिव कुमार सरोज, रवि कुमार यादव, महेंद्र कुमार सिंह और राकेश कुमार सिंह को उनके पदाधिकारी होने का प्रमाण पत्र सौंपा। इस अवसर पर डॉक्टर चेतनारायण सिंह ने कहा कि हमें मैं की नहीं हम की भावना से सेवा कार्य करना है और बार को प्रदेश और देश स्तर पर पहुंचाना है। इस अवसर पर एआरओ आशीष कुमार सिंह, विष्णु कांत अवस्थी और अमित कुमार बाजपेयी, प्रशासनिक समिति के अध्यक्ष डॉ चेतनारायण सिंह, पूर्व महामंत्री राजीव पाण्डेय, आर सी शुक्ला मौजूद थे।

लोन दिलाने का झांसा देकर फिल्म प्रोड्यूसर से हड़पे पौने चार लाख

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। गोमतीनगर कोतवाली में फिल्म प्रोड्यूसर ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया। आरोपित ने फिल्म के लिए लोन पास कराने का दावा करते हुए करीब तीन लाख 75 हजार रुपये लिए थे।

विशालखंड निवासी खुर्शीद अहमद खान के मुताबिक करीब दो साल पहले मुम्बई कल्यान वेस्ट निवासी जय शिरीष दोषी से मुलाकात हुई थी। फिल्म निर्माण के लिए खुर्शीद को रुपयों की जरुरत थी। यह जानकारी होने पर जय शिरीष ने पीड़ित की मुलाकात मणिगंडन मंजूनाथ से कराई। जिसकी मदद से करीब डेढ़ करोड़ रुपये का फाइनेंस दिलाने का भरोसा दिया। आरोपित ने लोन दिलाने के बदले करीब पांच प्रतिशत कमीशन मांगा था। खुर्शीद ने पहली बार 25 हजार और फिर तीन लाख 50 हजार रुपये अकाउंट में दिए। इसके बाद भी उन्हें लोन नहीं मिला। पूछताछ करने पर आरोपित जय शिरीष ने गाली गलौज की। इंस्पेक्टर गोमतीनगर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

होली के त्यौहार पर निर्धन व्यक्ति के लिए उपलब्ध कराई निःशुल्क खाद्यान्न साम्रगी: मानवेन्द्र

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। समाज सेवी मानवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि व्हाट्सएप्प ग्रुप, इंस्टाग्राम, फ़ेसबुक सोशल मीडिया इत्यादि के माध्यम से मेरे द्वारा एक पोस्ट जारी की गई थी, जिसमें गरीब, असहाय, निर्धन व्यक्ति हो, जो होली का त्यौहार बनाने में असमर्थ हैं उन्हें घर जाकर निःशुल्क खाद्यान्न साम्रगी उपलब्ध कराई जाने हेतु सूचना दी थी, जिसके लिए मेरे मोबाइल नम्बर 97199 72939 पर कई गांवों से व्यक्तियों के द्वारा मुझे जानकारी मिलने पर उन गावों में गरीब, असहाय, निर्धन व्यक्ति हो, जो होली का त्यौहार बनाने में असमर्थ हैं। आज बुधवार दिनांक 12 मार्च 2025 को शाम के समय उनके घर जाकर निःशुल्क खाद्यान्न साम्रगी उपलब्ध कराई। खाद्यान्न साम्रगी पाकर उन सभी के चेहरे पर एक खुशी देखने को मिली, उन लोगों के द्वारा मुझे अपना आशीर्वाद दिया और बोला बेटा आप बहुत ही पुनीत कार्य कर रहे हो। मनु का मानना है जिस प्रकार हम अपना त्यौहार मनाते है, उसी प्रकार ये लोग भी अपना त्यौहार पूर्ण हर्षोउल्लास के साथ मनायें। मनु का सपना है हर ग़रीब के घर मे खुशियाँ हों। इससे पहले भी कई त्यौहारों पर भी मानवेन्द्र सिंह चौहान मनु द्वारा निःशुल्क खाद्यान्न साम्रगी उपलब्ध कराई जा चुकी है। इसी प्रकार इस होली के पावन पर भी उपलब्ध कराई जा रही है।

धूम्रपान निषेध दिवस का किया गया आयोजन

देव मणि शुक्ल

नोएडा। जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र कुमार के मार्ग निर्देशन में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शुभ्रा मित्तल तथा तम्बाकू नियंत्रण प्रभारी जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ डॉक्टर श्वेता खुराना के नेतृत्व में जनपद में धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया गया। धूम्रपान निषेध दिवस के उपलक्ष में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय नोएडा के सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने हस्ताक्षर अभियान, गोष्ठी और शपथ ग्रहण समारोह में प्रतिभाग किया।सभागार में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शुभ्रा मित्तल ने सभी अधिकारी और कर्मचारियों को तंबाकू की लत में न पड़ने के लिए प्रेरित किया और जो लोग धूम्रपान की लत से पीड़ित हैं उन्हें धूम्रपान जैसी आदतों को छोड़ने के लिए प्रेरित किया। अपर मुख्य

चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ललित ने यह आदेश जारी किए कि कार्यालय में यदि कोई भी व्यक्ति धूम्रपान करते हुए पाया जाता है तो उस पर कठोर कार्रवाई की जाए और साथ ही कार्यालय को धूम्रपान रहित कार्यालय घोषित किया। सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने हस्ताक्षर अभियान में प्रतिभाग किया और प्रण लिया कि वह न केवल खुद तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करेंगे बल्कि अपने परिजनों परिचितों और बच्चों को भी तम्बाकू उत्पाद का सेवन न करने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके साथ ही जनपद के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों दादरी ज़ेवर डाडा डासना बिस्तरा बघेल में हस्ताक्षर अभियान और शपथ ग्रहण का आयोजन वृहद स्तर से किया गया, जिसमें अस्पताल ग्रेटर नोएडा ने अपने तंबाकू उन्मूलन केंद्र में आने वाले मरीज़ों के साथ शपथ ग्रहण का आयोजन किया। जिम्स के डॉक्टर सुप्रकाश मंडल और नोडल अधिकारी तम्बाकू उन्मूलन केंद्र ने आने वाले मरीज़ों को तंबाकू की लत से होने वाली हानियों के बारे में अवगत कराया और युवकों में इसकी लत से हो रही बीमारी के बारे में जागरूक किया। जनपद तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉक्टर श्वेता खुराना ने बताया कि इस वर्ष धूम्रपान निषेध दिवस का थीम ÷क्विट एंड विन÷है जिसका मतलब कि यदि आप तंबाकू को छोड़ते हैं तो आप जीवन में जीते हैं। तंबाकू की लत छोड़ने से न केवल स्वास्थ्य बेहतर होता है साथ ही मानसिक रूप से भी आप दृढ़ बनते हैं। धूम्रपान और तंबाकू की लत से पीड़ित व्यक्तियों को कई बीमारियां होती है उन बीमारियों के उपचार में उनका पैसा बर्बाद होता है। उन्होंने बताया कि धूम्रपान छोड़ने के कुछ ही मिनटों के भीतर शरीर ठीक होना शुरू हो जाता है और समय के साथ अन्य गंभीर बीमारियों का ख़तरा भी कम हो जाता है। मानसिक रूप से चिंता, एनजाईटी, स्ट्रेस आदि कम हो जाता है धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर उन्होंने बताया कि धूम्रपान छोड़ने से मानसिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव आते हैं जो लोग तनाव या चिंता से ग्रसित होते हैं वह सिगरेट की लत में आसानी से पड़ जाते हैं लेकिन उसके हानिकारक रसायनों से गंभीर रूप से बीमार पड़ जाते हैं। जबकि धूम्रपान छोड़ने से चिंता कम होती है और आदमी स्वस्थ महसूस करता है , उसे बेहतर नींद आती है और शारीरिक रूप से भी वह स्वस्थ अनुभव करता है।

डॉक्टर श्वेता ने बताया कि लगातार धूम्रपान करने वाले व्यक्ति हर हफ़्ते महीने और साल भर में सिगरेट पर काफ़ी पैसा ख़र्च करते हैं । यह पैसा सिगरेट और तंबाकू जैसे बीमारी पैदा करने वाले उत्पादों पर न ख़र्च करके अन्य जीवनशैली गतिविधियों पर ख़र्च किया जा सकता है।

एक ही दुपट्टे से फंदा लगाकर प्रेमी युगल में दे दी जान



लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। कविनगर के महेंद्र एंक्लेव में प्रेमी युगल ने एक ही दुपट्टे से फंदा लगाकर जान दे दी। दोनों किराए पर रहते थे। कमरे में उनके शव लटके मिले। दोनों एक ही परिवार के थे। उनके बीच चचेरे भाई-बहन का रिश्ता था। मौके पर तीन पेज का सुसाइड नोट भी मिला। इसमें लिखा है, हम चोर नहीं हैं, जो हमें इतना परेशान किया जा रहा है। हम साथ जी नहीं सकते पर एक साथ मर तो सकते हैं।फर्रुखाबाद के अलापुर गांव के निवासी पीयूष (21) और निशा (18) ने घर से भागकर 18 फरवरी को शादी की थी। इसके बाद से महिंद्रा एंक्लेव में किराये पर रह रहे थे। एसीपी कविनगर स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार दोपहर चार बजे तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला। इस पर पड़ोसियों का माथा ठनका। उन्होंने रोशनदान से झांककर देखा तो सन्न रह गए। गाटर से दुपट्टे का फंदा बनाकर लगाया गया था। इसी दुपट्टे से दोनों के शव लटके हुए थे। कमरे से 31.5 हजार रुपये मिले हैं। एसीपी का कहना है कि शव देखकर लग रहा था कि आत्महत्या काफी पहले की गई। हो सकता है कि सोमवार की रात में की गई हो। युवती के परिजनों ने दी थी हत्या की धमकी ¬ कमरे में दोनों के मोबाइल भी बरामद हुए हैं। पीयूष के मोबाइल पर निशा के पिता की धमकी भरी कॉल की रिकार्डिंग मिली हैं। इससे पता चला कि उन्होंने धमकी दी थी। कहा था, मेरे तीन बेटों में एक तुम दोनों की हत्या।

होली मिलन का कमर्शियल सेंटर में हुआ आयोजन

देव मणि शुक्ल

नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एकता और सांप्रदायिक सद्भाव के दिल को छू लेने वाली होली नेक्स वन कमर्शियल सेंटर में मनाई गई इस होली मिलन के अवसर पर हिंदू और मुस्लिम एक साथ हङ्ग-हठुद्द में होली मनाने के लिए आए ।

रंगों का यह जीवंत त्योहार वसीम अहमद अंसारी के उदार प्रायोजन से संभव हुआ, जिन्होंने इस आयोजन के लिए निधि व्यय को वहन किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी नेफोमा नोएडा एक्सटेंशन फ्लैट ऑनर्स मेंबर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अन्नू खान ने उत्सव के उत्साह को और बढ़ा दिया नेफोमा अध्यक्ष अन्नू खान ने सभी को बधाई देते हुए सबका आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा होली रंगों का त्योहार है रंग हमें आपस में जोड़ना सिखाते है होली पर हम सभी भाईचारे की देश में मिशाल कायम करे जो देश में नफरत की राजनीति करना चाहते है ऐसे तत्वों से हमेशा दूरी बना कर रखे यह कार्यक्रम इस बात का एक सुंदर उदाहरण होगा कि कैसे त्यौहार लोगों को धार्मिक सीमाओं को पार करते हुए एक साथ ला सकते हैं। हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के प्रतिभागी उत्सव में शामिल हुए, रंगों से खेले, उपहारों का आदान-प्रदान किया और इस अवसर की खुशी मनाई।

यह उत्सव एकता और समावेशिता की भावना का एक वसीयतनामा होगा जो हमारे समुदाय को परिभाषित करता है। यह दर्शाता है कि हमारे मतभेदों के बावजूद, हम अपनी साझा मानवता का जश्न मनाने के लिए एक साथ आ सकते हैं।

जैसा कि हम बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाते हैं, आइए हम एकता और दोस्ती की शक्ति का भी जश्न मनाएं जो हमारे समुदाय को मजबूत बनाती है।

इस मौके पर नेक्स वन वेल्फेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, महासचिव प्रभात कुमार, वसीम अंसारी, अंकुर, धर्मेन्द्र कुमार भाटी, गौरव छाबड़ा, योगेश कुमार, रेहान खान आदि लोग उपस्थित रहे ।

अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना में आयोजित की पीस कमेटी की मीटिंग

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजकुमार सिंह ने थाना कोतवाली नगर में आयोजित की पीस कमेटी की मीटिंग, सभी धर्मों से जुड़े संभ्रांत व्यक्ति मीटिंग में हुए सम्मिलित, उपस्थित लोगों से कहा शांति एवं सौहार्द से मनाएं त्यौहार।

बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर पर उप जिलाधिकारी नगर जगमोहन गुप्ता तथा क्षेत्राधिकारी नगर अमित कुमार राय की उपस्थिति में पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गयी। सभी धर्मों से जुड़े संभ्रांत व्यक्ति मीटिंग में सम्मिलित हुए। सभी को त्यौहारों से संबंधित जरूरी दिशा निर्देश दिए गए साथ ही शासन द्वारा निर्गत आदेश निर्देशों से अवगत कराया गया। सभी समुदायों से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लोग अपने-अपने त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं।

डीएम ने जनपदवासियों को होली के पावन पर्व पर दी शुभकामनाएं

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व लालता प्रसाद शाक्य, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश ने समस्त जनपदवासियों को रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएं दी हैं। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार जीवन में हर्षोल्लास का प्रतीक है। होली के विविध रंग अनेकता में एकता की संस्कृति के परिचायक है। एक साथ बिखरे हुए रंग हमारी संस्कृति एवं गंगा-जमुनी तहजीब को और मजबूती प्रदान करते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि रंग एवं खुशियों से लबरेज यह त्योहार हमें आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सौहार्द को बढ़ाने की सीख देता है। आइये हम सभी समरसता, आपसी भाईचारे एवं सद्भाव क साथ आगे बढ़ते हुए राष्ट्र की उन्नति में भागीदार बनें। होली का त्योहार हमारे जीवन में नई प्रेरणा और खुशी लेकर आता है। इस होली पर रंग बिरंगे रंगों के साथ प्यार के रंग बिखेर जीवन को सकारात्मक एवं नई दिशा प्रदान करें। एक बार पुनः समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक

एटा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी के अध्यक्षों और वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। इससे पहले, पिछले सप्ताह ईसीआई सम्मेलन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को निर्देश दिया था कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत कर, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के अन्दर हल करें और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

दो पक्षो में फायरिंग गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। विजयनगर के मिर्जापुर में नाली का निर्माण कार्य कराने पहुंची नगर निगम की टीम के सामने मोहम्मद अलीजान और पडोसी असलम खान पक्ष के 25-30 लोगों आमने सामने आ गए। दोनों पक्षों में हवाई फायरिंग हुई। फायरिंग के दौरान अमजद के पेट में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस तीन-चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस दोनों पक्षों के आठ-नौ नामजद और 20-25 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करनी की तैयारी में है। एसीपी नगर कोतवाली रितेष त्रिपाठी ने बताया कि मिर्जापुर की नूरानी मस्जिद के पास नाली निर्माण को लेकर अलीजान और पड़ोसी मोहम्मद असलम ने नगर निगम में शिकायत दर्ज कराई थी। मंगलवार की दोपहर नगर निगम के जेई एसके सरोज एक अन्य कर्मचारी के साथ शिकायत पर नाली निर्माण पर पहुंचे। जहां उन्होंने नियमानुसार पानी का ढलान कराने के निर्देश दिए। इसी बीच अलीजान और मोहम्मद असलम आमने-सामने आ गई और मारपीट के बाद दोनों पक्षों से 20-25 लोग जमा हो गए। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई और लोग लाठी-डंडे और अवैध असलाह निकाल लाए। मौके पर तीन से चार हवाई फायरिंग की गई। इस दौरान अलीजान पक्ष के मोहम्मद अमजन (31) के पेट में गोली जा लगी। गोली लगने से घायल अमजद जमीन पर गिर पड़ा। जिसके बाद दोनों पक्षों के लोग भाग गए। घायल को परिजनों ने एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने दिल्ली रैफर कर दिया है।दोनों पक्षों ने पानी के ढलान को लेकर नगर पालिका की टीम से विरोध जताया।

सरहद पर देश की सेवा के बाद साहित्य और संगीत को दे रहें है सेवा सूबेदार शंभू प्रसाद

- अब तक कहानियों और कविताओं की पाँच किताब लिख चुका है सेना का जवान
- नोएडा मीडिया क्लब में प्रेसवार्ता कर रिटायर्ड सूबेदार शंभू प्रसाद ने साझा की अपने जीवन की यात्रा

देव मणि शुक्ल

नोएडा। 28 वर्षों तक भारतीय सेना में अपनी सेवाएं देने और वर्ष 1965 और 1971 की लड़ाई में हिस्सा लेने वाले सूबेदार शंभू प्रसाद सुयाल ने अब संगीत तथा साहित्य की सेवा करने का बीड़ा उठाया। बुधवार को नोएडा के सेक्टर 29 जिला गंगा शॉपिंग कांप्लेक्स के नोएडा मीडिया क्लब में

भारतीय सेना से रिटायर्ड सूबेदार शंभू प्रसाद सुयाल द्वारा प्रेस वार्ता की गई, प्रेसवार्ता के दौरान शंभू प्रसाद सुयाल ने मीडिया कर्मियों2 को जानकारी देते हुए बताया कि अब तक उनकी पाँच रचनाएं प्रकाशित हो चुकी हैं, जिसमें दो कहानी संग्रह,एक उपन्यास तथा अन्य गीत एवं गद्य की रचनाएं शामिल हैं, उन्होंने बताया की वह अब तक ÷मैं पराई नहीं हूँ, सहारा, समर्पण, योग्यता, मधुरगीत÷ नाम की पाँच पुस्तकें लिख चुके हैं। इसके अलावा भी संगीत में भी बेहद दिलचस्पी रखते हैं प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कई गीत गाकर मीडिया कर्मियों के सामने अपने हुनर का प्रदर्शन भी किया, उन्होंने बताया कि दूरदर्शन में भी समय-समय पर भी अपने कार्यक्रम पेश करते रहते हैं। सेना की नौकरी के बाद केंद्रीय सचिवालय में भी दे चुकें हैं सेवाएं

प्रेसवार्ता के दौरान शंभू प्रसाद सुयाल ने बताया कि उनका जन्म उत्तराखण्ड के पौड़ी गढ़वाल जिले के एक छोटे से गाँव में हुआ था, अपनी प्रारंभिक पढ़ाई लिखाई के बाद उनका वर्ष 1964 चयन भारतीय सेना में हो गया था उन्होंने भारतीय सेना में 28 वर्षों तक सेवा की, इस दौरान उन्होंने वर्ष 1965 तथा 1971 की जंग भी लड़ी तथा पाकिस्तान सेना के छक्के छुड़ा दिए,उनकी इसी वीरता पर उनको कई मेडल भी दिए गए,सेना से रिटायर्ड होने के बाद उन्होंने केंद्रीय सचिवालय में नौकरी ज्वाइन की तथा 13 वर्षों तक सुपरवाइजर के पद पर तैनात रहे। जहाँ से रिटायर होने बाद उन्होंने साहित्य तथा संगीत की सेवा शुरू कर दी।

लगातार जारी है कहानी और कविता लेखन जहां प्रेस वार्ता के दौरान शंभू प्रसाद सुयाल ने अपनी सेना में सेवा के दौरान युद्ध और नौकरी से संबंधित कई किस्से कहानियां मीडिया कर्मियों के साथ साझा की।

फर्जी बीमा करने वाले दो आरोपी क्राइम ब्रांच द्वारा गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी के दो अधिकृत एजेंटों ने चार पहिया वाहनों को दो पहिया दर्शाकर फर्जी बीमा करने वाले चार आरोपियों को क्राइम ब्रांच टीम ने गिरफ्तार किया है। यह गिरोह दो पहिया वाहनों की बीमा फीस दो से तीन हजार रुपये के बदले ट्रक और बस मालिकों से 18 हजार रुपये तक वसूलता था। देशभर में इन्होंने 12 हजार से अधिक फर्जी बीमा किए हैं। इससे कंपनी को करीब 18 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। एडीसीपी अपराध पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी उपनिदेशक संजय ठाकुर ने चार बताया कि कंपनी के मोबाइल एप से चार पहिया वाहनों को दो दर्शाकर फर्जीवाड़ा किया गया है। उन्होंने दो लोगों पर शक जताया था। बताया कि क्राइम ब्रांच टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में इन्होंने अपने नाम विकास कश्यप निवासी रिछपाल पुरी थाना कोतवाली नगर, आकाश सिसौदिया निवासी ग्राम पारपा थाना धौलाना जनपद हापुड़, याकूब और आरिफ निवासी चक्कर की मिलक थाना सिविल लाईंस जनपद मुरादाबाद बताए हैं। पकड़े गए विकास कश्यप का भाई गौरव अभी पुलिस पकड़ से बाहर हैं। बताया कि विकास और गौरव लोम्बार्ड इंश्योरेंस कंपनी के अधिकृत एजेंट हैं। दोनों भाई फर्जी इंश्योरेंस करते थे और आकाश, याकूब और आरिफ ग्राहक लाते थे।

उज्बेकिस्तान की 54-वर्षीय लिवर ट्रांसप्लांट मरीज की फोर्टिस नोएडा में की गई सफल किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी

देव मणि शुक्ल

नोएडा। मेडिकल उत्कृष्टता का असाधारण परिचय देते हुए, फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा के नेफ्रोलॉजिस्ट तथा यूरोलॉजिस्ट की टीम ने उज्बेकिस्तान की 54-वर्षीय मरीज की जीवनरक्षक किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। मरीज किडनी फेलियर की समस्या से ग्रस्त थीं। मरीज का इससे पहले लिवर ट्रांसप्लांट भी किया जा चुका है और उस सर्जरी के लिए भी उनके बेटे ने ही अपने लिवर का एक हिस्सा डोनेट किया था। किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी डॉ अनुजा पोरवाल, डायरेक्टर, नेफ्रोलॉजी तथा डॉ पीयूष वार्ष्णेय, डायरेक्टर, यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट, फोर्टिस नोएडा की कुशल देखरेख में की गई।

मरीज की इससे पहले पहले 2023 में लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी की गई थी और उस मामले में उनका बेटा डोनर था। कुछ ही महीने पहले, उनके किडनी रोग से ग्रस्त होने का भी पता चला और उपचार के लिए दवाएं शुरू हो गईं। लेकिन इसके बावजूद उनकी हालत लगातार बिगड़ती रही।

लिवर ट्रांसप्लांट और इस वजह से इम्युनोसप्रेसिव दवाओं के सेवन के चलते, मरीज का इम्यून सिस्टम काफी कमजोर था, और ऐसे में डायलसिस काफी जोखिमपूर्ण दीर्घकालिक समाधान था। पांच हफ्तों तक डायलसिस के बावजूद, उनकी हालत लगातार नाजुक बनी हुई थी और डायलसिस के कारण ब्लड प्रेशर अचानक कम होने के कारण उनके ट्रांसप्लांटेड लिवर को भी नुकसान पहुंचने का खतरा बढ़ गया था। मरीज के इम्युनो-कॉम्प्रोमाइज़्ड होने की वजह से बार-बार इंफेक्शन का खतरा भी था। ऐसे में किडनी ट्रांसप्लांट एकमात्र विकल्प बचा था, लेकिन उपयुक्त डोनर की तलाश करना किसी चुनौती से कम नहीं था।

इन तमाम चुनौतियों के बीच, मरीज के बेटे ने, जो कि पहले भी अपनी मां की जीवनरक्षा के लिए अपने लिवर का एक हिस्सा डोनेट कर चुके हैं, इस बार अपनी बायीं किडनी डोनेट करने का फैसला किया। फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा में यह ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया गया और अब मां तथा बेटा दोनों सुचारू रूप से रिकवर कर रहे हैं। बेटे को पांच दिनों बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी जिससे एक बार फिर यह साबित हो गया कि उन लोगों के मामले में भी ऑर्गेन डोनेशन पूरी तरह से सुरक्षित होता है जो पहले भी अंगदान कर चुके हैं।

विधायक के होली मिलन समारोह ने लोगों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद । शहर विधायक संजीव शर्मा ने बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। रामलीला ग्राउंड, घंटाघर स्थित अशोक वाटिका में आयोजित शहर विधायक संजीव शर्मा का होली मिलन समारोह शहर में अपनी अमिट छाप छोड गया। समारोह में समाज के हर वर्ग ने भागेदारी कर साबित कर दिया कि संजीव शर्मा शहर की जनता के दिल में बसे हैं। आम से लेकर खास तक होली मिलन समारोह में पहुंचे और विधायक संजीव शर्मा ने स्वयं सबका गुलाल व चंदन का टीका लगाकर स्वागत किया। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरुण व सांसद अतुल गर्ग ने सभी को होली पर्व की बधाई दी। समारोह की शुरुआत श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर के आचार्यो द्वारा मन्त्रोचार, शंखनाद व डमरू बजाकर की। समारोह में भाजपा महानगर के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं, व्यापारियों व उद्यमियों समेत समाज के व्रत्येक वर्ग के लोगों ने उपस्थित होकर होली पर्व का आनंद लिया। संजीव शर्मा ने जिस गर्मजोशी से सभी का स्वागत किया, उसने सभी का दिल जीत लिया।

अज्ञात कारणों से झोपड़ी में लगी आग

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। थाना नयागांव क्षेत्र में किन्ही अज्ञात कारणों के चलते झोपड़ी में आग लगी जिसमें लगभग एक लाख का सामान जलकर राख हो गया साथ ही दो भैंस झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रशासनिक अधिकारी व राजस्व कर्मियों द्वारा मौका स्थल पर पहुंच जांच करवाई की गई। थाना नयागांव के उभई असद नगर निवासी राजाराम पुत्र कुलपत गांव के बाहर झोपड़ी बनाकर रह रहे थे। होली पर्व को लेकर देर रात तक घर में राजाराम की पत्नी ने होली की तैयारी की और पूरे घर को मिट्टी से लीपा था। किन्हीं अज्ञात कारणों के चलते झोपड़ी में आग लग गई जिससे अफरा तफरी मच गई गांव के लोग एकत्रित हो गए और आग को बुझाने का प्रयास किया जब तक आप पर काबू पा पाते तब तक आग नें विकराल रूप धारण कर लिया और झोपड़ी जलकर स्वाहा हो गई जिसमे लगभग एक लाख का सामान जलाकर राख हो गया साथ ही दो भैंस गंभीर रूप से झुलस गई। थाना पुलिस को सूचना दी गई मौके पर नयागांव थाना अध्यक्ष रितेश ठाकुर मय हमराह पुलिस के साथ घटनास्थल पहुंचे साथ ही राजस्व विभाग की टीम भी घटना स्थल पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की गई। वहीं गंभीर रूप से झूलसे मवेशी को डिप्टी सीईओ डॉ रविकांत द्वारा उपचार दिया जा रहा है। पीड़ित परिवार नें शासन प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।थानाध्यक्ष रितेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि किन्हीं अज्ञात कर्म से झोपड़ी में आग लग गई गांव के बाहर यह लोग झोपड़ी बनकर रह रहे थे। घटनाक्रम की जानकारी दी गई।

संक्षिप्त खबरें

समाज कल्याण विभाग में वसूली का आरोप, मंत्री ने दिया जांच का निर्देश

अमेठी। जिले में तैनात जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल पर विभाग के बाबू गोकुल प्रसाद ने रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। बाबू ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि समाज कल्याण अधिकारी द्वारा डरा धमका कर मोबाइल से 40 हज़ार रुपए बलपूर्वक अपनी पत्नी के खाते में ट्रांसफर कराया गया है। मामले की जानकारी मिलते ही समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण ने अयोध्या मंडल के उपनिदेशक को मौके पर भेज के जांच करवाने का निर्देश विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत को दिया है। बाबू गोकुल प्रसाद का आरोप है कि 26 दिसंबर 2024 को समाज कल्याण अधिकारी ने अपने चैंबर में बुलाया और बल पूर्वक मोबाइल लेकर फोन-पे का पासवर्ड प्राप्त कर अपनी पत्नी डॉ. अंजू शुक्ल के खाते में 40 हज़ार रुपए ट्रांसफर कर लिया। बाबू ने अपनी शिकायत में रुपये के लेनदेन का एक साक्ष्य भी दिया है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए समाज कल्याण मंत्री ने 20 मार्च को जांच रिपोर्ट से अवगत कराने का निर्देश दिया है। प्रदेश सरकार ज़ीरो टोलरेंस के तहत भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लगातार प्रहार कर रही है. विभाग में किसी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जांच के बाद दोषी अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति न हो। असीम अरुण मुझ पर लगाए गए आरोप निराधार है,बाबू ही भ्रष्टाचार में लिप्त हैं,समाज कल्याण अधिकारी,मनोज कुमार

न्यायालय का आदेश, नहीं पालन करा रही पुलिस

अमेठी। न्यायालय से स्थगन आदेश के बाद भी दबंग जबरन जबरन निर्माण कर रहे है। रोकने पर मारपीट के लिए आमादा हो जाते हैं। पीड़ित ने एसपी को पत्र देकर दबंगों पर अंकुश लगाने व निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की है। गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव इंटौंजा पश्चिम निवासी रेखा ने सोमवार को एसपी को शिकायती पत्र दिया। जिसमें कहा कि विवादित भूमि का सुल्तानपुर दीवानी न्यायालय द्वारा अस्थग्न आदेश दिया गया है,लेकिन गांव के कई महिला पुरूष दबंग जबरन विवादित भूमि पर निर्माण करा रहे हैं। जबकि फोन करने पर पहुंची 112 डायल पुलिस ने निर्माण न करने के लिए मना किया है। इसके बाद भी दबंग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। मना करने पर मारपीट पर उतारू हो रहे हैं। पीड़ित ने एसपी से निर्माण कार्य बंद कराने के साथ दबंग महिला पुरुषों पर उचित कार्रवाई की मांग किया है। जिससे न्यायालय के आदेश की गरिमा भी कायम रहे।

नगर पंचायत कार्यालय में खेला गया होली गुलाल

बाराबंकी। स्थानीय कार्यालय नगर पंचायत बंकी में होली पर्व के दृष्टिगत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आपसी सौहार्द एंव भाई चारे के संदेश के साथ एक दूसरे को रंग लगाया गया। मौके पर अधिशासी अधिकारी मोहनी केसरवानी व अध्यक्ष प्रतिनिधि इमरान खान द्वारा मौजूद सभी सभासदों, कर्मचारियों को गुलाल का टीका लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ने कहा कि होली पर्व पर सभी लोग गुलाल का प्रयोग करें, गीले रंग का प्रयोग न करें। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सफाई, जलकल, एंव मार्ग प्रकाश व्यवस्था से सम्बन्धित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि होली पर के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होना चाहिए। इसी क्रम में अधिशासी अधिकारी द्वारा गोसाईपुरवा में चल रहे पार्क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के द्वौरान पार्क के अन्दर मिट्टी की लेबिल कराये जाने के साथ-साथ अन्य कमियों को तत्काल सुधार करने हेतु सम्बन्धित ठेकेदार को निर्देशित किया गया।

ललिता किन्नर ने मंदिर का भूमि पूजन कार्यक्रम किया आयोजित

रामनगर, बाराबंकी। महादेवा से लैन रोड किनारे स्थित मुड़कट्टा बाबा आश्रम में ललिता किन्नर द्वारा बुधवार को बागेश्वर बालाजी मंदिर का भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. अंजू बाला ने भूमि पूजन के बाद कहा कि लोधेश्वर महादेव की पावन धरती पर बागेश्वर बालाजी मंदिर का निर्माण एक सराहनीय धार्मिक कार्य है। उत्तर प्रदेश सरकार लगातार सनातन धर्म को बढ़ावा दे रही ।सभी सनातन की मजबूती के लिए कार्य करें।भाजपा नेता रामबाबू द्विवेदी ने मंदिर निर्माण में पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते कहा कि मंदिर में लगने वाली सभी ईंटें वे स्वयं प्रदान करेंगे। प्रमुख ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।इस अवसर पर आयोजित भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण गया। जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी, अशोक शुक्ला,कमलेश गुरु जी,मोनू भास्कर आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या के विरोध पत्रकारों ने दिया ज्ञापन

पाटन, उन्नाव। जनपद सीतापुर में दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की निर्मम हत्या के विरोध में तहसील बीघापुर पत्रकार संघ ने राज्यपाल को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया। बुधवार को तहसील बीघापुर पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने सीतापुर मे पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या के विरोध मे राज्यपाल को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह को दिया। ज्ञापन में हत्या की उच्च स्तरीय जांच, दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही , मृतक पत्रकार के परिवारजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी व प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की। पत्रकारों ने कहा कि जब तक पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के हत्यारों को कड़ी सजा नहीं मिलती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर यतींद्रनाथ मिश्रा,अविनाश बाजपेई, दिनेश दीक्षित, निशाकांत दीक्षित, दिवाकर सिंह, प्रदीप मिश्रा, रामू दादा, मनोज सिंह, प्रशांत तिवारी, फुन्नी दादा, अनिल वर्मा, दुर्गेश सिंह, विजय वर्मा, प्रेम वर्मा, रज्जन तिवारी, कल्लू तिवारी, अविनाश बाजपेई, दिनेश दीक्षित, निशाकांत दीक्षित, दिवाकर सिंह, प्रदीप मिश्रा, रामू दादा, मनोज सिंह, प्रशांत तिवारी, फुन्नी दादा, अनिल वर्मा, दुर्गेश सिंह, सूर्यपाल सहित आधा

डीएम की चौपाल से आम जनता में जगी आस

- करौंदी में लगाई गई चौपाल, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं
- योजनाओं का किया स्थलीय सत्यापन

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। जिले में शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का स्थलीय सत्यापन करने एवं ग्राम वासियों की शिकायतों के निस्तारण हेतु बुधवार को तहसील अमेठी अंतर्गत संग्रामपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत करौंदी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में जिलाधिकारी निशा अनंत ग्रामीणों के मध्य पहुंचकर उनसे सीधा संवाद स्थापित किया एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीणों से लाभ मिलने की जानकारी ली तथा उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं एवं उनके सुझावों को सुना एवं प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। चौपाल में जिलाधिकारी ने एक-एक करके ग्राम वासियों से शासकीय योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी ली, सर्वप्रथम उन्होंने ग्राम वासियों से राशन कार्ड एवं राशन मिलने की जानकारी ली जिस पर ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि कोटेदार द्वारा प्रति यूनिट के हिसाब से पूरा राशन दिया जाता है ग्रामीणों द्वारा कोटेदार की सराहना की गई जिस पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता जाहिर की।

इसके साथ ही उन्होंने पूर्ति निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति हो तो उसका भी राशन कार्ड बनाया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान सीमा यादव से पंचायत भवन बने होने की जानकारी ली तथा उसमें पंचायत सचिव, लेखपाल, पंचायत सहायक के बैठने की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने लेखपाल को निर्धारित तिथियों में पंचायत भवन में बैठकर ग्राम वासियों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए तथा तहसीलदार अमेठी को लेखपालों के आवंटित ग्राम पंचायतों में पंचायतवार रोस्टर जारी करने को कहा। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इसके उपरांत उन्होंने ग्राम वासियों से पेंशन योजना का लाभ मिलने की जानकारी ली, पंचायत सचिव ने बताया कि ग्राम पंचायत में 74 वृद्धावस्था पेंशन, 37 निराश्रित पेंशन के लाभार्थी हैं जिनको पेंशन दी जाती है जिलाधिकारी ने पेंशन के लंबित आवेदनों का परीक्षण करते हुए उन्हें निस्तारित करने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत उन्होंने ग्राम वासियों से गांव में शौचायलयों के निर्माण एवं गांव में साफ सफाई के बारे में जानकारी ली एवं समुचित साफ सफाई कराए जाने के निर्देश ग्राम प्रधान को दिए। वही चौपाल में कुछ ग्राम ग्रामीणों द्वारा आवास ना मिलने की शिकायत की गई जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में नवीन आवास का सर्वे चल रहा है उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की आवास की पात्रता का सर्वे पूरी ईमानदारी से करें जो लोग पात्र हैं उनका ही नाम आवास सूची में सम्मिलित किया जाए तथा पात्रता सूची को पंचायत भवन में चस्पा भी किया जाए।

ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल ना लगाए जाने की शिकायत किया जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम से मामले की जानकारी ली, अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि ग्राम पंचायत में वर्तमान में जल जीवन मिशन का कार्य प्रगति पर है कुछ घरों को छोड़कर प्रत्येक घर में टोंटी लगाई जा चुकी है शेष का कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही ग्राम वासियों द्वारा गांव की छोटी-मोटी समस्याओं से भी जिलाधिकारी को अवगत कराया गया जिसके निस्तारण हेतु डीएम ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। चौपाल में डीएम ने कहा कि सभी लोग मिलकर गांव के विकास के हित में कार्य करें।

विधायक ने सर्विस लेन बनाने के लिया लिखा पत्र

- पूर्वांचल रेलवे से गोण्डा लखनऊ जंक्शन बिन्दौरा जहांगीराबाद ब्लाक सेक्सन में बिन्दौरा रफी नगर हाल्ट स्टेशन के मध्य टू लेन रेल उपरिगामी सेतु निर्माण का निर्माण 20 मार्च 2024 में शुरुआत हुई

लोकमित्र ब्यूरो

मसौली,बाराबंकी। जैदपुर विधायक गौरव रावत ने जिलाधिकारी बाराबंकी को पत्राचार कर बहराइच हाइवे के रफीनगर रेलवे स्टेशन के कोटवा रेलवे क्रासिंग पर सेतु निर्माण इकाई प्रथम लखनऊ द्वारा ओवरब्रिज के निर्माण के दौरान सर्विस लेन बनाए जाने की मांग की है। पूर्वांचल रेलवे से गोण्डा लखनऊ जंक्शन बिन्दौरा जहांगीराबाद ब्लाक सेक्सन में बिन्दौरा रफी नगर हाल्ट स्टेशन के मध्य टू लेन रेल उपरिगामी सेतु निर्माण का निर्माण 20 मार्च 2024 में शुरुआत हुई थी।जिसकी पूर्ण करने की तिथि जून 2026 है।जिसकी लम्बाई 635,55 मीटर लगता करीब 5441,90 लाख है कार्यदाई संस्था सेतु निर्माण इकाई प्रथम लखनऊ कराया जा रहा है।बहराइच हाईवे के मसौली मसौली चौराहा के भयारा मोड़ से देवा शरीफ को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है।जिस मार्ग पर लखनऊ-गोंडा रेलवे लाइन कोटवा गांव के पास क्रास करती है। इन रेलवे लाइन पर अप-डाउन की 200 से अधिक यात्री व मालगाड़ी ट्रेनें गुजरती हैं।

ऐसे में कोटवा रेलवे क्रासिंग का गेट अक्सर बन्द रहता है। इससे यहां जाम भी लगती है। समस्या निदान के लिए यहां ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है ।हरवक्त क्रासिंग के दोनों ओर कार्य चल रहा है। लेकिन ठेकेदार की तरफ से वाहनों को गुजरने के लिए कोई वैकल्पिक रास्ते का निर्माण नहीं किया गया है। यही नही बाराबंकी-बहराइच मार्ग पर कार्य प्रगति पर है अथवा रास्ता बन्द है।जिसका अलर्ट बोर्ड तक नहीं लगाया है। जिसको लेकर वाहनों के आने के बाद वापस होना पड़ता है।

दुर्घटनाओं में जवान सहित तीन की मौत

अमेठी। जिले के थाना क्षेत्रों में हुई तीन अलग-अलग दुर्घटनाओं में पीएसी जवान सहित तीन की मौत हो गई। मुसाफिरखाना में कार की चपेट में आने से पीएसी जवान की मौत हो गई। वहीं मुसाफिरखाना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के सामने कूद कर एक युवक ने जान गवां दिया। तो वहीं कमरौली में स्कार्पियो की टक्कर से साइकिल से स्कूल जा रहे छात्र की मौत हो गई। सभी मामलों में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू की है। बुधवार की सुबह सीतापुर जनपद निवासी 27 वर्षीय पीएसी जवान विकास कुमार वर्मा पुत्र विजय कुमार वर्मा पीएसी की 32वीं बटालियन लखनऊ से सुल्तानपुर होली ड्यूटी के लिए जा रहा था। इसी दौरान विकास कुमार वर्मा थाना क्षेत्र के माया ढाबा के पास लघु शंका के लिए वाहन से नीचे उतरा।वह वाहन पर वापस चढ़ रहा था तभी लखनऊ से सुल्तानपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

विधायक ने जनता के साथ मनाई होली

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। जिले में होली के त्यौहार को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है अब बात करते हैं विधानसभा अमेठी की तो विधायक अमेठी महाराजी प्रजापति द्वारा अपने पैतृक गांव में ग्रामीणों के साथ होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें लोगों को गुझिया खिला कर होली की शुभकामनाएं दी गई इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण एवं उनके कार्यकर्ता उपस्थित रहे, कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रतिनिधि अनुराग प्रजापति ने कहा कि हमारे पिताजी द्वारा समाज सेवा हम लोगों को सिखाया गया है जिसको हम लोग निभाने का प्रयास लगातार कर रहे हैं जनता ही हमारी जनार्दन है, आप लोगों का इसी तरह बना रहे और हम लोग जनता जानता की सेवा करते रहें, यही हम लोगों की अपेक्षा है एवं सभी क्षेत्र वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

कंप्यूटर खोलेंगे कई राज, डीपीआरओ ऑफिस के

- वित्तीय अनियमितता में कर्मचारियों की संलिप्तता होगा पर्दाफाश
- पुलिस ने डीपीआरओ कार्यालय में कार्यरत एक कर्मचारी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं जिन फर्मो को पैसा भेजा गया है। पुलिस उनकी तलाश में लग गई है।

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। जिले में पांच ग्राम पंचायतों से कई लाख की ठगी करने वाले एक कर्मचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं डीपीआरओ कार्यालय के कंप्यूटर खंगालने पर कई और कर्मचारियों पर शिकंजा कस सकता है। ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराने के लिए आए सरकारी धन को साइबर ठगी के जरिए दूसरी फर्मों को भेज दिया गया। सूत्रों की माने तो इसके लिए 40 प्रतिशत का शेयर तय हुआ था। बाजार शुकुलबाजार ब्लाक की तीन व इन्हौना की दो ग्राम पंचायतों से लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आए है।

सरकारी धन को अपने चहेते फर्म को बिना काम कराए ही ट्रांसफर कर दिया गया। जबकि पैसा हस्तांतरित करने के लिए ग्राम प्रधान व सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर वाला डोंगल प्रयोग किया जाता है। जिम्मेदारों ने अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन न करने के लिए डोंगल अपने चहेते कंप्यूटर आपरेटर को दे रखा था। पैसा निकल जाने के बाद ग्राम प्रधान व सचिव की चआंख खुली तो मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने डीपीआरओ कार्यालय में कार्यरत एक कर्मचारी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं जिन फर्मो को पैसा भेजा गया है। पुलिस उनकी तलाश में लग गई है। इतना ही नही इस मामले से संबंधित डीपीआरओ कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों का कंप्यूटर डाटा खंगालने पर अभी और कई का गला फंस सकता है। इस संबंध में डीपीआरओ ने कहा कि जो सरकारी धन की हेराफेरी की गई है। उस मामले में पुलिस जांच कर रही है। जो भी दोषी मिले उस पर कड़ी कार्रवाई होनी जरूरी है। जिससे भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो सके।

अब गौर करने की बात यह है कि अगर जनपद की ग्राम पंचायत को खंगाला जाएगा तो 50त्न ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का जिन्न सामने आएगा।

रामनगर में दिन भर रंग चलता है होली का रंग

- प्रशासन ने कहा जिन्हे रंग पसंद न हो उनको जबरदस्ती न लगाए

लोकमित्र ब्यूरो

रामनगर, बाराबंकी। कस्बा रामनगर में दिन भर होली खेली जाती है । फगुहारो की टोली घर घर पंहुचकर फगुआ गीत गाते शाम को अमर सदन रामनगर पंहुचती है तब जाकर रंग बंद होता है। प्राचीन काल से यह परम्परा चली आ रही है। रामनगर कस्बा रामनगर धमेडी स्टेट था जंहा राजा की कोठी आज भी बनी है। बताते हैं कि यंहा के राजघराने से यह परम्परा शुरु हुई थी जो अनवरत चली आ रही है।दिन भर रंग चलने से सभी रंग से सरोबार कपड़े पहने रहते हैं जिससे अमीर गरीब एक जैसे दिखते हैं। अमीर गरीब के बीच भेद मिटाने के लिए सभी दिन भर रंगे रहते।यदि किसी के पास नए कपड़े नहीं होते तो भी यह त्योहार वह रंग खेलते दिन भर मनाता है। रामनगर के अगल बगल गाँवों में दोपहर तक रंग चलता है इस लिए यदि कोई भूल से नए कपड़े पहन रामनगर आ गया तो बिन रंगे नहीं जाता। दिन भर रंग खेलने की परम्परा को कई बार बंद कराने के प्रयास भी हुए मगर लोगों ने परम्परा बंद नहीं की।आज भी सुबह होते बच्चे सड़क गली में निकल कर रंग खेलने लगते और शाम को फाग निकलने के बाद नहाते हैं।जब राजा स्व अमर कृष्ण नरायण सिंह के हवेली पर फाग पन्हुँचता है तब रंग बिल्कुल बंद हो जाता है। स्थानीय प्रशासन ने लोगो ने अपील की है कि जिनको रंग से परहेज हो उनको जबरदस्ती रंग न डालें और जिन्हे रंग अच्छा न लगता हो वे जरूरी न हो तो घर ही रहें। हंसी खुशी माहौल में शान्ति पूर्ण तरीके से बिना शराब सेवन किए त्योहार मनाने की अपील की है।

राजेश मसाला ने भेंट किया सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। बुधवार को जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निशुल्क सिलेंडर के सापेक्ष दी जा रही सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी निशा अनंत, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्र उपस्थित रहे। वितरण से पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एलईडी टीवी के माध्यम से किया गया जिसका उपस्थित माननीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व लाभार्थियों द्वारा अनुश्रवण किया गया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के समाप्ति के उपरांत जनपद के उज्ज्वला लाभार्थियों को निशुल्क सिलेंडर के सापेक्ष दी जा रही सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक माननीय द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने जन सामान्य के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं जिनका सीधा लाभ उन्हें मिल रहा है उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विशेष कर महिलाओं, बालिकाओं के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं जिसमें एक उज्ज्वला योजना भी है जिसके तहत आज महिलाओं को निशुल्क गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए उपस्थित लोगों को होली पर्व की बधाई दी। जिला पूर्ति अधिकारी शशिकांत ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में जनपद के उज्ज्वला योजना अंतर्गत 150 लाभार्थियों को आमंत्रित किया गया था जिन्हें माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा निशुल्क सिलेंडर के सापेक्ष दी जा रही सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया गया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जनपद में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम चरण में माह अक्टूबर 2024 से दिसंबर 2024 तक तथा द्वितीय चरण में जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक निशुल्क सिलेंडर प्रदान किया जा रहा है।

होलिका दहन के स्थानों पर डाली गई बालू

शुक्लागंज, उन्नाव। नगर पालिका क्षेत्र में हर साल होलिका दहन के दौरान इंटरलॉकिंग सड़कों को नुकसान पहुंचता है। मिश्रा कॉलोनी, चंपापुरवा, आनंद नगर, सुभाष नगर, ऋषि नगर, गोपीनाथ पुरम, नेहरू नगर, अंबिकापुरम, गायत्री नगर, भातूफार्म, आदर्श नगर, कंचन नगर, सर्वोदय नगर, गांधी नगर, प्रेम नगर, रामनगर, डाकतार कॉलोनी, बिंदा नगर, श्रीनगर, गंगानगर, मनोहर नगर, शक्तिनगर, इंद्रानगर, सीताराम कॉलोनी सहित आधा सैकड़ा से अधिक स्थानों पर हर साल होलिका दहन किया जाता है। इससे सड़कों की इंटरलॉकिंग क्षतिग्रस्त हो जाती है। इस समस्या को देखते हुए अधिशासी अधिकारी (ईओ) मुकेश मिश्रा ने नगर के 28 वार्डों में सर्वे कराकर चिन्हित होलिका दहन स्थलों पर बालू डलवाने का काम गुरुवार को शुरू कराया। पहले दिन पालिका कर्मियों ने कई स्थानों पर बालू डालकर आग की तपिश से सड़कों को सुरक्षित रखने की पहल की। अब अन्य वार्डों में भी चिन्हित स्थानों पर बालू डालने का निर्देश दिया गया है।

कैंपस में धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

- गिले शिकवे मिटा कर दें भाईचारा और प्रेम का संदेशः सुधा गुप्ता

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। प्रेम सौहार्द और आपसी भाईचारे का प्रतीक पवित्र पर्व होली के उपलक्ष में बुधवार को नगर पालिका परिषद एटा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जहां पालिका कर्मियों और अधिकारियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया, वहीं पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुधा गुप्ता संग फूलों की होली खेल कर प्रेम सौहार्द के जमकर रंग बिखेरे।

पंडा पार्टी के कलाकारों ने होली के पारंपरिक गीतों की क्षटा अपनी मधुर आवाज में संगीत की धुन पर सुनाकर उपस्थित लोगों को मस्ती में झूमने को विवश कर दिया। होली मिलन समारोह का शुभारंभ होली के मधुर गीत %जिसमें आत्मा और परमात्मा के बीच होली मनाने को लेकर चल रहे द्वंद्व% के छंद लोगों को बहुत पसंद आए। इसके उपरांत पंडा पार्टी के किशन पंडा ने बड़ी दूर से आए हैं, प्यार का तोहफा लाए हैं, गीत सुना कर कार्यक्रम में शमां बांध दिया। रंगो और उमंगों के पर्व होली को लेकर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुधा गुप्ता ने पालिका कर्मियों को संदेश दिया कि रंगो के इस प्रेम सौहार्द के पर्व के बाद शहर में जो स्वच्छता की जिम्मेदारी है, पालिका के सफाई कर्मचारियों और सफाई मित्रों को पूरी निष्ठा से निभानी होगी, ताकि शहर में स्वच्छता और साफ सफाई का वातावरण बना रहे।

उन्होंने कहा कि गत वर्ष की भांति ही इस बार भी उनके अथक प्रयासों से पालिका परिवार के कर्मचारियों को वेतन और बोनस दिलाया गया है, किसी भी कर्मचारी का चाहे वह संविदा पर हो या आउटसोर्सिंग पर सभी को पर्व से पूर्व ही वेतन वितरण किया जा चुका है, आगे भी पालिका परिवार के किसी भी कर्मचारी को वेतन और बोनस संबंधी दिक्कतें सामने नहीं आएंगी।

इसके उपरांत प्रतिनिधि पालिका अध्यक्ष पंकज गुप्ता एडवोकेट एवं अधिशासी अधिकारी उप जिला अधिकारी वेदप्रिय आर्य ने उपस्थित पालिका कर्मियों को संदेश देते हुए आव्हान किया कि होली के पवित्र पारंपरिक प्रेम सौहार्द और आपसी भाईचारे को जीवंत बनाते हुए सभी होली का त्योहार मनाए।

मानवाधिकार आयोग से प्राप्त शिकायत पर जीडीए ने सील किए तीन ओयो होटल

गाजियाबाद। जीडीए के अधिकारियों ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए तीन ओयो होटल व व्यावसायिक उपयोग के लिए बनाये जा रहे हॉल को सील कर दिया। जीडीए वीसी अतुल वत्स ने बताया कि मानवाधिकार आयोग में प्राप्त शिकायत करते हुए जोन चार के प्रवर्तन प्रभारी ने हापुड़ रोड पर स्थित आवासीय भवनों में राम शर्मा द्वारा संचालित ओयो होटल ब्लू इन, अनुज शर्मा द्वारा संचालित ओयो होटल रायल गेस्ट हाउस व शिक्षा देवी द्वारा संचालित होटल प्लाजा को सील किया गया। इसके साथ ही साथ ब्रह्मपाल यादव द्वारा राकेश मार्ग स्थित भूखण्ड संख्या 269/7 पर 400 वर्ग गज में अवैध रुप से पूर्व निर्मित आंतरिक दीवारों को तोड़कर व्यावसायिक उपयोग के लिए हॉल बनाया जा रहा था। जिसको कार्रवाई करते हुए सील कर दिया गया।

बाराबंकी की लड़कियों ने राजधानी में लहराया परचम

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। गुरु गोविंद सिंह स्टेडियम लखनऊ में आयोजित 35वीं राज्य स्तरीय बेसिक खेलकूद प्रतियोगिता में जूनियर क्रिकेट बालिका प्रतियोगिता में अयोध्या मंडल के अंतर्गत बाराबंकी की कंपोजिट विद्यालय सिहाली, फतेहपुर की टीम ने खंड शिक्षा अधिकारी आराधना अवस्थी, टीम मैनेजर सियाराम एवं टीम कोच सत्य प्रकाश वर्मा एवं सहायक कोच रामचंद्र के मार्गदर्शन में गत चैंपियन गोरखपुर को 9 विकेट से शिकस्त दे कर पहली बार राज्य स्तरीय बालिका चैंपियनशिप का खिताब हासिल किया। खेल प्रतियोगिता के समापन पर अपर राज्य परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा एकता सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडे एवं विजयी बालिकाओं को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी निंदुरा श्रीमती सुषमा सेंगर,जिला व्यायाम शिक्षिका ऋतु पाठक एवं जिला व्यायाम शिक्षक श्री अनिल सिंह भी मौजूद रहे।

होली की जगह पर हुआ अवैध कब्जा

- एनटी धौरहरा ने ग्रामीणों से किया अनुरोध
- विद्यालय परिसर में जलेगी होली, एक सप्ताह का मांगा समय

लोकमित्र ब्यूरो

धौरहरा-खीरी। तहसील क्षेत्र के एक गांव में खलिहान के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड भूमि गाटा संख्या 382 व 122 पर हो चुके अवैध कब्जे को देखते हुए प्रशासनिक मशीनरी लाचार दिखाई दी और ग्रामीणों को प्राथमिक विद्यालय की भूमि पर होलिका दहन करने का निवेदन करते हुए एक सप्ताह बाद भूमि खाली कराने का कोरा आश्वासन दिया। जानकारी के मुताबिक धौरहरा तहसील क्षेत्र की लेखपाल सर्किल रमियाबेहढ के ग्राम चहलुवा में गाटा संख्या 382 व 122 खलिहान के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है इसी भूमि पर ग्रामीण सदियों से होलिका दहन करते आ रहे हैं। बीते कुछ वर्षो के दौरान जिम्मेदार अधिकारियों की मेहरबानी से उपरोक्त भूमि पर अवैध कब्जे व निर्माण हो गये।जिसकी शिकायत ग्रामीण लगभग छः माह से तहसील स्तरीय अधिकारियों से करते आ रहे हैं। होलिका दहन भूमि विवाद की भनक लगने पर सक्रिय हुए नायब तहसीलदार धौरहरा बीरेंद्र यादव व उप निरीक्षक ब्रह्मानंद यादव ने मंगलवार को ग्रामीणों को शांत कराते हुए विद्यालय परिसर में होली जलाने का निवेदन करते हुए एक सप्ताह बाद उपरोक्त भूमि को खाली कराने का मौखिक आश्वासन दिया।अब सवाल यह उठता है कि लगभग छः माह पूर्व से हो रही शिकायतों पर तहसील प्रशासन ने कार्यवाही क्यों नहीं की।

बार-बार अवगत कराने के बावजूद भी मीट के खोखे जब्त नहीं किये जा रहे हैं: अरविंद

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। गौ रक्षा विभाग विश्व हिन्दू परिषद की एक आवश्यक बैठक का आयोजन कैम्प कार्यालय शान्ति नगर एटा पर बुधवार शाम 6 बजे किया गया।बैठक की अध्यक्षता गौ रक्षा विभाग ब्रज प्रान्त के प्रान्त अध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने की।बैठक में विना लाइसेंस की मीट की दुकानों को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए अरविंद चौहान ने कहाँ कि बिना लाइसेंस चल रही दुकानो 24 जनवरी को विरोध किया गया तो वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा ने तत्काल संज्ञान लेकर बन्द करा दी तथा उनके खोखे नहीं हटाये गये तो उन्होंने 4 मार्च को फिर अपना खोमचा जमा लिया तथा 7 मार्च 25 को पुनः संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा ने फिर मीट के खोखे बन्द कराये लेकिन वह खोखे वही पर रखे रहते है जिसके कारण वह बार-बार मना करने के कुछ दिन बाद पुनः स्थापित कर लेते है। जब कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट आदेश है कि कोई भी बिना लाइसेंस के मीट की दुकाने संचालित नहीं होगी।

इसके बावजूद भी जनपद में मीट की दुकानें खुलेआम धड़ल्ले से चल रही है कासगंज रोड पर आई.टी.आई.के सामने तथा कासगंज रोड से रेलवे रोड की तरफ अंडरपास के पास खोखे मे मीट की दुकानें विना लाइसेंस के संचालित हो रही हैं तथा अन्डर पास रेलवे रोड पर नाबालिक लडके मीट काटते हैं।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा तो मुख्यमंत्री के आदेशों का खुलेआम धडल्ले से पालन कर रहे है। लेकिन नगर पालिका के इओ साहब को बार-बार अवगत कराया जा रहा हैं उसके बावजूद भी मीट के खोखे जब्त नहीं किये जा रहे हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा बार-बार संज्ञान ले रहे हैं तथा शासन की मंशा के अनुरूप ही जनपद में कार्य को अंजाम दे रहे हैं लेकिन इओ साहब क्यो संज्ञान नहीं ले रहे हैं समझ से परह है। अरविंद चौहान ने कहाँ कि मेरा जिलाधिकारी से आग्रह है कि शहर में जो विना लाइसेंस की दुकानें चल रही हैं इनके खिलाफ अभियान चलवाकर अन्डर पास रेलवे रोड एटा पर इनके खोखे जब्त कराये जाये तथा इनके खिलाफ कडी कार्यवाही की जाये ताकि ऐसे लोग भविष्य में पुनरावृत्ति न करें। बैठक में,जितेन्द्र कुमार,मोहित कुमार,हिमांशु बर्मा, हरिओम सिंह, आशीष कुमार, विनोद कुमार,आशीष फौजी,आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गन्ने के खेत में दिखे हिसंक तेंदुए के शावक

- रेंज कार्यालय से एक किलोमीटर दूर है गन्ना खेत
- वन विभाग निगरानी करने में लगा। वन विभाग की अपील लोग सतर्क रहें।

लोकमित्र ब्यूरो

धौरहरा-खीरी। वन रेंज धौरहरा में एक किसान के गन्ने के खेत में हिसंक पशु तेंदुए के शावक मिलने से सनसनी फ़ैल गई जिसकी सूचना किसान द्वारा वन क्षेत्राधिकारी धौरहरा को दे दी गई। प्राप्त विवरण के मुताबिक नगर पंचायत क्षेत्र धौरहरा के मोहल्ला अटल नगर निवासी किसान आशाराम मिश्रा के वन रेंज कार्यालय से बामुश्किल एक किलोमीटर दूर उत्तर पूरब धूसाकंला में लगे गन्ने के खेत में बुधवार को दिन में एक बजे तेंदुए के शावक देखें गये।शावक देखें जाने की सूचना किसान ने वन विभाग को दे दी है।इस दौरान किसान के साथ अन्य लोगों ने बताया कि 3/4 दिन पूर्व पड़ोसी किसान मेवालाल के खेत में हम लोगों द्वारा तेंदुए को देखा गया था। खैर शावक देखें जाने की जानकारी होते ही खेतों में काम कर रहे लोग सतर्क हो गए हैं।

इस मामले में जानकारी देते हुए फारेस्टर राजेश दिक्षित ने बताया कि विभाग की तरफ से निगरानी जारी है सभी लोगों को सतर्क किया गया है।

घर से निकले 30 वर्षीय युवक का दूसरे दिन शव बरामद

धौरहरा-खीरी। मंगलवार को अपने घर से खाना खाकर निकलें युवक का शव बुधवार को कफारा लोहरी पुर मार्ग के किनारे लगे पेड़ से कोतवाली पुलिस ने बरामद करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र पढुआ के ग्राम पंचायत जटपुरवा के मजरा माधोपुरवा निवासी 30 वर्षीय युवक लालबहादुर पुत्र छत्रपाल मंगलवार को घर से दिन में 11 बजे खाना खाने के बाद निकला था।उसका शव बुधवार को कफारा चौकी क्षेत्र के कफारा लोहरीपुर मार्ग के किनारे पेड से लटकते पाएं जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस मामले में जानकारी देते हुए चौकी प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि मृतक अविवाहित था शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया। मामले की जांच जारी है।

म्यांमार से छुड़ाकर लाए गए बंधक बनाकर रखे गए 530 आईटी पेशेवर

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। म्यामांर में बंधक बनाकर रखे गए 530 भारतीय आईटी पेशेवरों को छुड़ाकर लाया गया है। विशेष विमान से पहले सोमवार को 283 और फिर मंगलवार को 247 हिंडन एयरपोर्ट लाए गए। इन सभी को साइबर अपराधियों ने कैद कर रखा था। अपराधी इनसे ही साइबर ठगी के लिए कॉल कराते थे। इनके पासपोर्ट समेत सभी दस्तावेज जब्त कर लिए गए थे। जो साइबर अपराध करने का विरोध करता, उसे यातनाएं दी जातीं। इसकी जानकारी मिलने पर विदेश मंत्रालय के सहयोग से भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने इनकी वतन वापसी कराई है। सभी से गाजियाबाद स्थित सीबीआई अकादमी में पुलिस, सीबीआई और अन्य सुरक्षा एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं। सोमवार की शाम लाए गए सभी आईटी पेशेवर को मंगलवार को उनके घर भेज दिया गया। मंगलवार की रात साढ़े सात बजे पहुंचे लोगों से पूछताछ की जा रही है। ये 530 लोग 17 राज्यों के रहने वाले हैं। इनमें 14 महिलाएं हैं। यूपी के कुल लोगों की संख्या 53 है। सभी लोगों को म्यामांर म्यावाड़ी शहर में रखा गया था। कोई एक साल से बंधक था तो कोई छह महीने से। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी सभी को छुड़ाने के बाद पहले विमान से थाईलैंड के माईसोत शहर ले गए। वहां से सी-17 जहाज से हिंडन एयरपोर्ट लाया गया। हिंडन पर सुरक्षा के तगड़े बंदोबस्त किए गए थे डीसीपी नगर राजेश कुमार के नेतृत्व में गाजियाबाद पुलिस के साथ सीआरपीएफ को भी लगाया गया था। एयरपोर्ट से सभी को बस से सीबीआई अकादमी ले जाया गया। पूछताछ पूरी होने के बाद घर भेजा जा रहा है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पहले दिन लाए गए 283 लोगों ने पूछताछ में बताया कि उन्हें आईटी क्षेत्र में ही नौकरी देने के बहाने म्यांमार बुलाया गया था। इसके लिए साइबर अपराधियों की एक एजेंसी काम करती है। एजेंसी म्यांमार में साइबर सिक्योरिटी आफिसर, डाटा विश्लेषक, एआई एक्सपर्ट जैसे पद बताकर नौकरी के लिए बुलाती है।

वहां पहुंचते ही बंधक बना लिया जाता है। सबसे पहले दस्तावेज छीन लिए जाते हैं। इसके बाद साइबर अपराध कराया जाता है। जो मना करे, उसे भूखा-प्यासा रखा जाता है। राजी होने तक यातनाएं दी जाती हैं। परिवार से भी बात नहीं करने देते थे। कुछ लोगों ने किसी तरह इसकी शिकायत भारतीय सुरक्षा एजेंसियों से की। इसके बाद इन्हें बंधन मुक्त कराकर वतन वापसी कराने का आपरेशन शुरू हुआ।

40 दिन दी डिजिटल अरेस्ट करने की दी ट्रेनिंग पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि उन्हें यातनाएं देकर साइबर अपराध करने के लिए राजी किया गया। इसके बाद 40 दिन की ट्रेनिंग दी गई।

एटीएम का कार्ड बदल कर 50 हजार की ठगी,पता चलने पर पुलिस को दी तहरीर

बांगरमऊ,उन्नाव। नगर के हरदोई उन्नाव रोड स्थित आईसीआईसीआई बैंक शाखा के एटीएम बूथ में अज्ञात ठगों ने धोखे से एक युवक का एटीएम कार्ड बदलकर उसके बैंक खाते से 50 हजार रुपए झटक लिए। जानकारी होने पर पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है। नगर के मोहल्ला पंजाबी टोला निवासी नसीम पुत्र सलीम ने चौपहिया वाहन खरीदने के लिए बैंक से ऋण स्वीकृत कराया था। बैंक ने स्वीकृत धनराशि उसके बैंक खाते में भेज दी थी। आज नसीम एटीएम कार्ड लेकर आइसीआइसीआइ बैंक की स्थानीय शाखा के एटीएम बूथ पर रुपए निकालने गया था।

अज्ञानता अथवा तकनीकी कारण के चलते नसीम एटीएम बूथ से रुपए नहीं निकल पा रहा था। तभी वहां मौजूद दो अज्ञात युवकों ने नसीम से कहा कि अपना एटीएम कार्ड मुझे लाइए। मैं देखता हूं कि इसमें क्या खराबी है। नसीम ने अपना एटीएम कार्ड युवक के हवाले कर दिया। इसी दौरान युवक ने नसीम का एटीएम कार्ड बदल लिया।

ईआरओ ने की विस स्तर पर राजनीतिक दलों संग बैठक

- आयोग ने ईआरओ, डीईओ, सीईओ स्तर पर मांगे राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल तक सुझाव

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि मा. भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सूचित किया गया कि भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। आज राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी के अध्यक्षों और वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है।

इससे पहले, पिछले सप्ताह ईसीआई सम्मेलन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को निर्देश दिया था कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत कर, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के अन्दर हल करें और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया।

उन्होंने बताया कि संविधान और वैधानिक ढ़ांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले वैधानिक ढांचे के अनुसार आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में से एक प्रमुख हितधारक हैं। आयोग ने राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में यह भी कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; मतदाताओं का पंजीकरण नियम, 1960; चुनाव संचालन नियम, 1961; माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है। ईआरओ ने की राजनीतिक दलों संग बैठक, आयोग के निर्देशों से कराया अवगत

इस संदर्भ में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर 11 मार्च, 2025 को सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनको भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा दिए गए निर्देशों से अवगत कराते हुए अनुरोध किया गया कि वे बूथ लेवल एजेंट को नियुक्त करते हुए निर्वाचक नामावली में सुधार एवं सुझाव के अनुसार सहयोग प्रदान करें जिससे निर्वाचक नामावली एवं निर्वाचन से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण कार्य में किसी प्रकार की कोई कढ़िनाई न उत्पन्न हो।

एक दिन के लिये धौरहरा कोतवाल बनी लक्ष्मी

- संविलियन विद्यालय धौरहरा में कक्षा 5 की छात्रा
- कोतवाल व क्षेत्राधिकारी ने पुलिस के काम करने के तौर-तरीकों को किया साझा
- मिशन शक्ति फेज 5 के तहत कार्यक्रम

लोकमित्र ब्यूरो

धौरहरा;खीरी। बुधवार होली के त्योहार के पहले सविलियन विद्यालय कस्बा धौरहरा में अध्ययनरत छात्रों के एक दल ने क्षेत्राधिकारी धौरहरा कार्यालय व प्रभारी निरीक्षक कार्यालय का भ्रमण कर पुलिस विभाग के काम काज के बारे में जानकारी हासिल की इसके साथ ही प्रभारी निरीक्षक द्वारा उपरोक्त विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 5 की छात्रा को एक दिन के लिए अपना पद सौंपा।

प्राप्त विवरण के अनुसार शासन व उच्चाधिकारियों से निर्देश के कृम में बुधवार को सविलियन विद्यालय कस्बा धौरहरा के 70 छात्र व छात्राओं का एक दल पुलिस की कार्यप्रणाली व उनके काम करने के तौर-तरीकों को समझने के लिए क्षेत्राधिकारी धौरहरा प्रीतम पाल सिंह के कार्यालय गये। सभी बच्चो को आवश्यक जलपान कराने के बाद क्षेत्राधिकारी ने पुलिस के काम करने तौर-तरीकों पर विस्तार से जानकारी साझा की। इसके बाद सभी बच्चो ने प्रभारी निरीक्षक सुरेश मिश्रा से कार्यालय में मुलाकात करते हुए निरीक्षक ने लक्ष्मी पुत्री पकंज को एक दिन के लिए थाना प्रभारी बनाया।

इस दौरान चौकी प्रभारी बीरेंद्र सिंह टीचर राम-लखन, नूरुल हसन, जुबेर, मुकेश, प्रदीप कुमार सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।

इस बार कर होली पर 100 वर्ष बाद बन रहे हैं कई शुभ योगः आचार्य दीपक तेजस्वी

गाजियाबाद। आचार्य दीपक तेजस्वी ने कहा कि रंगों का पर्व होली इस बार बहुत खास रहेगी क्योंकि इस बार होली पर 100 वर्ष के बाद कई शुभ योग का संगम हो रहा है। इन योग के चलते इस बार की होली बहुत ही शुभ होगी। होली पर चंद्रग्रहण भी लग रहा है, मगर भारत में दिखाई ना देने के कारण उसका कोई असर नहीं पडेगा। चंदग्रहण के सुतक जैसे नियम भी भारत में लागू नहीं होंगे। आचार्य दीपक तेजस्वी ने कहा कि ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार इस बार होली पर्व पर मीन राशि में सूर्यए बुध और शुक्र की युति होगी। इसी से बुधादित्य योगए लक्ष्मीण्नारायण योग और त्रिग्रही योग बन रहे हैं। ये शुभ योग 100 वर्ष के बाद होली के पर्व पर बन रहे हैंए जिससे होली का पर्व और भी खास हो गया है। बुधादित्य योगए लक्ष्मी-नारायण योग और त्रिग्रही योग में भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी की पूजा.अर्चना करने से धन की कमी नहीं रहती है और जीवन में हमेशा सुख.समृद्धि व खुशहाली बनी रहती है।

स्कूल मे छात्र-छात्राओं ने मनाया होली महोत्सव

- अबीर गुलाल लगाकर एक दूजे को दी होली की शुभकामनाएं छोटी-छोटे बच्चों ने संस्कृति कार्यक्रम किए प्रस्तुत

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। विकासखंड अलीगंज क्षेत्र के जीडी इंटरनेशनल स्कूल में होली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये साथ ही एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वही अध्यापकों द्वारा होली महोत्सव के बारे में विस्तार से बताया गया। मंच संचालन का कार्यक्रम विकास, अभयदीप ने किया। जी. डी. इंटरनेशनल स्कूल अलीगंज में होली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनता इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डी. के. सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर माँ सरस्वती की पूजन अर्चना कर किया। विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनकों अभिभावकों व शिक्षकों ने खूब सराहा। विद्यालय में बच्चे एक दूसरे के ऊपर रंग गुलाल उड़ाकर होली मिले। इस मौके पर विद्यालय के प्रबन्धिका श्रीमती सुधा यादव तथा प्रबंधक सुल्तान सिंह यादव विद्यालय के अध्यापक एवं अध्यापिकाए ने होली मनाए जाने की महत्वपूर्ण जानकारियां बच्चों को दी। विद्यालय की सुधा यादव प्रधानाचार्य डॉ. त्रिपुरेश कुमार पांडे तथा उप प्रबंधक यश ने होली को मनाया जाने का पारम्परिक और वैज्ञानिक कारण भी बच्चों को बताया। विद्यालय की अध्यापिका ज्योति गुप्ता, नीलम सिंह, एवम अध्यापक विकास ने समस्त कार्यक्रमो की रुप रेखा तैयार की। विद्यालय के संस्थापक सुल्तान सिंह ने अपने भाषण के माध्यम से उपस्थित सभी छात्रो, अभिभावको तथा अध्यापक-अध्यापिकाओ को होली की शुभकामनाए दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य त्रिपुरेश कुमार पांडेय, उप प्रधानाचार्य एस. पी. सिंह, प्रदीप सिंह, प्राइमरी सेक्शन की इंचार्ज श्रीमती नीलम राठौर विद्यालय के सभी अध्यापक गण जैसे दीपक कुमार, विनय गुप्ता, अभय चौहान, ललित पाठक, अभयदीप, विजय बहादुर, अक्षय कुमार , अमन पाण्डेय, शौर्य वर्धन सिंह, आशीष, अभिषेक गंगवार, सिल्की, कुलदीप, वरुण शुक्ला, नीरू यादव सहित अन्य शिक्षक शिक्षकाएं उपस्थित रहे।

होली ईर्ष्या, कपट को भष्म करने एवं गले मिलकर कटुता समाप्त करने का पर्व

बांगरमऊ,उन्नाव। कल (आज़) गुरुवार को रात्रि 10:35 बजे भद्रा काल है। इसलिए भद्रा काल के बाद ही होलिका दहन उचित मुहूर्त है। जबकि अगले दिन शुक्रवार को आम के बौर का प्रासन, विभूति धारण और होली मिलन शुभ है। ज्योतिष एवं संस्कृत भाषा के विद्वान क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर निवासी आचार्य रामदेव तिवारी ने बताया कि शिशिर ऋतु गमन और बसंत ऋतु आगमन अर्थात संवत्सर को नवीन स्वरूप देने के लिए अपने अंदर समाहित ईर्ष्या, द्वेष व छल-कपट आदि बुराइयों को भस्म करना है और विभूति को भगवान शिव पर अर्पण कर स्वयं का अंग लेपन करना एवं सभी बंधु-बांधवों से गले मिलकर कटुता समाप्त करना ही वास्तविक होली त्योहार है। उन्होंने बताया कि पुराणों के अनुसार कुवृत्ति रूपी हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन के द्वारा परमात्मा के परमभक्त प्रहलाद को अग्नि में प्रवेश कराया। किंतु असद्वृत्ति जलकर भस्म हो गई।

गोपाल नमो सेवा केंद्र ने किया मेगा निःशुल्क आयुष्मान कार्ड शिविर आयोजित

देव मणि शुक्ल

नोएडा। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल के नेतृत्व में गोपाल नमो सेवा केंद्र÷ द्वारा नोएडा सेक्टर 36 में एक विशाल निःशुल्क आधार एवं आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य नागरिकों को महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों के निर्माण और सुधार में सहायता प्रदान करना है, ताकि वे सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठा सकें।

गोपाल नमो सेवा केंद्र द्वारा अब तक 16 से अधिक जनकल्याणकारी शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इस केंद्र के माध्यम से हर वर्ग के नागरिकों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। बच्चों और बड़ों के लिए आधार कार्ड शिविर, तथा बुजुर्गों के लिए आयुष्मान कार्ड योजना, ई श्रम कार्ड, विश्व कर्मा योजना जैसे महत्वपूर्ण अभियानों के अंतर्गत निरंतर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। गोपाल नमो सेवा केंद्र द्वारा यह दस दिवसीय अब तक का सबसे बड़ा शिविर आयोजित किया गया है। यह विशाल निःशुल्क शिविर 10 मार्च से 20 मार्च 2025 तक नोएडा के सेक्टर 36, कम्युनिटी सेंटर में संचालित होगा। इसमें हर वर्ग के नागरिक, चाहे वे मजदूर, किसान, व्यापारी, विद्यार्थी या बुजुर्ग हों, निःशुल्क आधार और आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

सबका साथ, सबका विकास की दिशा में एक और कदमः इस अवसर पर गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा हमारी मोदी सरकार की प्राथमिकता है कि देश का हर नागरिक तक सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सके। आधार और आयुष्मान कार्ड हर भारतीय के लिए आवश्यक दस्तावेज हैं, जो कई सरकारी लाभों को सुलभ बनाते हैं। यह सेवा शिविर गौतमबुद्ध नगर की आम जनता के लिए समर्पित है, ताकि उन्हें कोई असुविधा न हो और वे सरल प्रक्रिया के माध्यम से अपने दस्तावेज़ प्राप्त कर सकें। आज के उद्घाटन समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष दीनबंधु, आर डब्ल्यू ए अध्यक्ष अनीता, समिति के अध्यक्ष गुप्ता जी, केनरा बैंक के मैनेजर सूर्यबली सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं आर डब्ल्यू ए अध्यक्ष ने कहा÷ ÷गोपाल नमो सेवा केंद्र लगातार आम लोगों के बीच कार्य कर रहा है और हर वर्ग के नागरिकों को लाभ पहुंचा रहा है। मोदी जी की जनकल्याणकारी नीतियों को आम जन तक पहुँचाने का यह सराहनीय प्रयास है।

महिला से दुष्कर्म, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को किया गिरफ्तार

बांगरमऊ,उन्नाव। एक दलित महिला रात के समय अपने घर में दो अबोध बच्चों के साथ सो रही थी। तभी एक युवक दीवार फांद कर घर के अंदर दाखिल हो गया था और मुंह में कपड़ा ठूंस कर जबरन महिला के साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर दुष्कर्मी को गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्यवाही कर उसे न्यायालय भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की दलित महिला द्वारा बीते सोमवार को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि बीते 22 फरवरी को उसका पति मजदूरी करने बाहर चला गया था और उसके बड़े बच्चे गांव की बारात में चले गए थे। वह दो अबोध बच्चों के साथ अपने घर में सो रही थी। तभी रात के समय ग्राम फतेहपुर खालसा निवासी रिजवान उर्फ मुनौनू पुत्र इशाक दीवार फांद कर घर में घुस आया था और मुंह में कपड़ा ठूंस कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया था आरोपी ने धमकी भी दी थी।

धनगर जाति प्रमाण पत्रः बहती गंगा में नेताओं ने भी हाथ धो लिए

- चकबंदी लेखपाल ने किया खेल, तहसीलदार ने दिखाया मुकदमा

अशोक अग्निहोत्री

आगरा। भला ऐसा कौन होगा जो बहती गंगा में हाथ नहीं धोना चाहेगा। फतेहाबाद तहसील से जारी हुए 18 धनगर जाति प्रमाण पत्रों के मामले का जो खुलासा हुआ है, उसके लाभार्थियों में भाजपा, और कांग्रेस के नेता भी हैं। कोई सदर क्षेत्र का निवासी है तो कोई एत्मादपुर तहसील का रहने वाला है। इन सभी को फतेहाबाद के वाजिदपुर गांव का निवासी बताकर अनुसूचित जाति के धनगर जाति प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए। फतेहाबाद के तहसीलदार आशीष कुमार त्रिपाठी ने इस मामले में फतेहाबाद थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। रिपोर्ट में इस सारे फर्जीवाड़े के लिए फतेहाबाद तहसील के तत्कालीन चकबंदी लेखपाल राजीव कुमार को तो लपेटा ही गया है, उन नामों का खुलासा किया गया है, जिन्होंने लेखपाल से मिलीभगत कर स्वयं को फतेहाबाद क्षेत्र के गांव का निवासी दर्शाकर धनगर जाति प्रमाण पत्र हासिल किए हैं। रिपोर्ट में जिन लोगों के द्वारा फर्जी तरीके से जाति प्रमाण पत्र हासिल करने का आरोप लगाया गया है, उनमें भाजपा नेता प्रेम सिंह बघेल भी हैं। प्रेम सिंह बघेल सदर तहसील के नगला तलफी (दयालबाग) गांव के निवासी हैं और बसपा सरकार में मंत्री रहे स्व. सेठ किशन लाल बघेल के पुत्र हैं। इनका गांव नगला तलफी है और आगरा शहर में रहते हैं। प्रेम सिंह बघेल बसपा के अलावा सपा में भी रह चुके हैं और आजकल भाजपा में हैं। इन्हें फतेहाबाद के वाजिदपुर गांव का निवासी दर्शाकर धनगर जाति प्रमाण पत्र जारी हुआ है। यही नहीं प्रेम सिंह बघेल की पुत्री खुशी का भी धनगर प्रमाण पत्र यहीं से बना है। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष तेज सिंह बघेल एडवोकेट का धनगर जाति प्रमाण पत्र भी वाजिदपुर गांव का निवासी बताकर फतेहाबाद तहसील से बनाया गया है। तेज सिंह बघेल मूल रूप से धनौली के निवासी हैं।

संक्षिप्त खबरें

प्रमुख स्थानों पर लगेंगे डिस्प्ले कियोस्क, अभी चार स्थानों पर लगेंगे

अयोध्या। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्या में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एक नई पहल शुरू की है। प्रमुख स्थानों पर डिस्प्ले कियोस्क लगाए जाएंगे, जिससे श्रद्धालु राम मंदिर और हनुमानगढ़ी समेत अन्य मठ-मन्दिरों के खुलने की टाइमिंग से लेकर उनकी दूरी तक आसानी से जान सकेंगे।

इस पहल के तहत, चार महत्वपूर्ण जगहों पर डिस्प्ले कियोस्क लगाए जाएंगे, जिनमें रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट शामिल हैं। ये कियोस्क वास्तविक समय के अपडेट और निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करते हुए ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन संबंधी जानकारी प्रदान करेंगे।

श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद ने इस परियोजना को लागू करने के लिए काम शुरू कर दिया है। सफलता मिलने पर अन्य स्थानों पर भी डिस्प्ले कियोस्क लगाए जाएंगे। यह परियोजना अयोध्या के श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी सुविधा साबित होगी।

एक कियोस्क की कीमत 2.5 लाख

इस परियोजना के बारे में बात करते हुए श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के सीईओ संतोष शर्मा ने बताया कि ÷हमारा उद्देश्य अयोध्या के श्रद्धालुओं को एक सुविधाजनक और सूचनात्मक अनुभव प्रदान करना है। डिस्प्ले कियोस्क लगाने से श्रद्धालु आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और अपने यात्रा को अधिक सुविधाजनक बना सकेंगे। यह परियोजना अयोध्या के पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा देने में मदद करेगी। डिस्प्ले कियोस्क पर्यटकों को अयोध्या के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे और उन्हें शहर के विभिन्न आकर्षणों के बारे में बताएंगे।

योगी सरकार की यह नई पहल अयोध्या के श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक बड़ी सुविधा साबित होगी। यह परियोजना शहर के पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा देने में मदद करेगी। एक कियोस्क की ढाई लाख के करीब है।

ऐसे होगा कियोस्क का संचालन

कियोस्क पर एक टच स्क्रीन इंटरफेस होगा, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक अपनी आवश्यकताओं के अनुसार जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। कियोस्क पर वॉइस कमांड की सुविधा भी हो सकती है, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक अपनी आवश्यकताओं के अनुसार जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा कियोस्क पर एक क्यूआर कोड स्कैनर भी हो सकता है, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक अपने मोबाइल फोन के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इंटरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा होगी, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक ऑनलाइन जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। कियोस्क पर एक पॉवर बैकअप सिस्टम होगा, जिससे बिजली कटौती की स्थिति में भी कियोस्क संचालित रहेगा। कियोस्क पर एक सुरक्षा सिस्टम होगा, जिससे कियोस्क को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों को रोका जा सकेगा। कियोस्क पर नियमित अपडेट किए जाएंगे, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक को नवीनतम जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस वितरण अभियान का शुभारंभ

अयोध्या। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल वितरण के लिए 1890 करोड़ रुपये का व्यय भार निर्धारित किया गया है। इस अभियान का शुभारंभ प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में किया। इस अवसर पर रसोई गैस सिलेंडर रिफिल वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया गया, जिसे अयोध्या में महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, जिपं रोली सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, राम चन्द्र यादव, चन्द्रभानु पासवान और जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने देखा।

इस कार्यक्रम के दौरान अयोध्या जनपद के 10 उज्ज्वला योजना से लाभान्वित महिलाओं को डमी चेक के माध्यम से गैस सिलेंडर रिफिल वितरित किया गया। जनप्रतिनिधियों ने इस पहल को राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना बताया, जिसमें उज्ज्वला योजना के तहत दिवाली और होली जैसे प्रमुख त्योहारों पर लाभार्थियों को मुफ्त गैस सिलेंडर प्रदान किए जाते हैं। इससे पहले, दिवाली के अवसर पर भी मुफ्त सिलेंडर वितरित किए गए थे, जो गरीब परिवारों के लिए राहत का कारण बने थे।

जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि अयोध्या जनपद में 2,27,205 परिवारों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन प्रदान किया गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपयुक्त खाद्य अयोध्या मंडल, जिला आपूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी और उज्ज्वला योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में जनप्रतिनिधियों ने जनपदवासियों को होली की शुभकामनाएं दी और शांति एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की।

मण्डलायुक्त राम पथ सौंदर्यीकरण और कार्यालय भवन के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

अयोध्या। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पांडेय के साथ प्राधिकरण द्वारा रामपथ के दोनों ओर अवशेष रिक्त भूमि के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सहादतगंज बाईपास के समीप रामपथ के किनारे अवशेष राजकीय भूमि पर लैंडस्केपिंग और कॉबल ब्लॉक लगाने के कार्य का अवलोकन किया। मण्डलायुक्त ने कहा कि इसी पैटर्न का अनुसरण करते हुए रामपथ के समस्त अवशेष रिक्त भूमि पर कॉबल ब्लॉक लगाए जाएं और शेष कार्य को तीव्र गति से पूरा किया जाए।

इसके बाद मण्डलायुक्त ने अयोध्या विकास प्राधिकरण और नगर निगम अयोध्या के संयुक्त कार्यालय भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से कहा कि शेष बचे फिनिशिंग कार्यों को निर्धारित समय में पूरी कार्यकुशलता के साथ संपन्न किया जाए और फ्लोर वाइज डेडिकेटेड टीम लगाकर कार्य को तेज किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि भवन परिसर में सीसी रोड का ही प्रावधान रहे, और कहीं भी इंटरलॉकिंग ईट का प्रयोग न किया जाए।

निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने कार्यालय भवन के परिसर के बाहर स्थित खाली पड़ी भूमि का भी अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित विभाग को जर्जर कर्मचारी आवासों के जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कहा कि जनपद मुख्यालय पर स्थित सभी कर्मचारियों के आवासीय भवनों की वर्तमान स्थिति का सर्वेक्षण कर उनका जीर्णोद्धार प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाए।

इस दौरान उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण ने कार्यों की प्रगति और अन्य संबंधित विवरणों के बारे में मण्डलायुक्त को विस्तृत जानकारी दी।

भोले बाबा संग राधा कृष्ण ने उड़ाए अबीर गुलाल

बच्चों ने रंगों और भक्तिमय सुरों पर मचाई धूम

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। शहर के पूरा ब्लाक के अंतर्गत स्थित टी आर पब्लिक स्कूल ऐमी आलापुर रसूलाबाद में होली महोत्सव इस सत्र एक बार फिर से अलग अंदाज में मनाया गया ।इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण भोले बाबा और राधा कृष्ण की मनमोहक झांकी रही। विद्यालय परिवार हमेशा से अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेकों प्रकार के व विभिन्न रूपों में सांस्कृतिक आयोजित करने के लिए क्षेत्र में जाना जाता रहा है उसी क्रम में इस सत्र के समाप्ति के पूर्व आयोजित अंतिम सांस्कृतिक कार्यक्रम होली महोत्सव को बड़े ही अनोखे अंदाज में मनाया और छात्र छात्राओं को पर्व के महात्यम से चिर परिचित भी कराया।उन्हें स्कूल प्रांगण के साथ साथ अपने घरों पर भी सौहार्दपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से होली खेलने के लिए प्रेरित किया। राधा कृष्ण के प्रतिरूप बने आदिति सिंह और आराध्या उपाध्याय ,आराध्या वर्मा, व अन्य आयुषी सिंह, काव्या, शगुन सिंह, आस्था, वैष्णवी, तृप्ति, शिवम ,प्रणव पांडे, कृष्णा, तथा कक्षा 5 के शिवा कुमार ने अपने नाम के अनुसार ही भगवान शिव जी का मनमोहक प्रतिरूप बनकर उपस्थित लोगो के आकर्षण के केंद्र बने।

कार्यक्रम की मुख्य रूपरेखा व तैयार कराने में मुख्य भूमिका में संगीताध्यापक आलोक यादव तथा सफल आयोजन में प्रतिभा ,सौरभ बादल,सी सी ए इंचार्ज विद्या भूषण पाण्डेय,आनंद सिंह, डी पी सिंह,सोनम, आदि सभी अध्यापक अध्यापिका का मुख्य योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक अजय दूबे जी तथा प्रधानाचार्य डी एम त्रिपाठी ने उपस्थित समस्त विद्यालय परिवार के सदस्यों सहयोगियों, अभिभावक गण,छात्र छात्राओं तथा हाल मे यूपी बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए सभी परीक्षार्थी को होली की शुभकामनाएं देते हुए अपने विद्यालय परिवार के नए सत्र में प्रवेश आरंभ की घोषणा करते हुए बताया कि इस सत्र में हिंदी माध्यम में सभी कक्षाओं में निःशुल्क प्रवेश रहेगा।

होली में हाई अलर्ट पर रहेगी एंबुलेंस सेवा

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। होली के त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए 108 नंबर पर डायल करें, और इमरजेंसी की एंबुलेंस सेवा कुछ ही मिनटों में पहुंच जाएगी। होली के अवसर पर एंबुलेंस सेवाओं को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

108 एवं 102 नंबर की एंबुलेंस सेवा 24 घंटे निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। जिले में इन सेवाओं का संचालन ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज द्वारा किया जा रहा है। सेवा के प्रोग्राम मैनेजर ने बताया कि इस बार होली को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं।

108 नंबर की एंबुलेंस चिन्हित स्थानों, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों और थानों के नजदीक तैनात रहेगी, जिससे आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस समय पर पहुंच सके। सभी एंबुलेंस में जीवन रक्षक दवाओं के साथ इमरजेंसी सुविधाएं और प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद रहेगा।

राज्य महिला आयोग की सदस्य 19 मार्च को करेंगी जनसुनवाई

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती प्रियंका मौर्या 19 मार्च 2025 को अयोध्या में जनसुनवाई और निरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन करेंगी। कार्यक्रम के अनुसार, श्रीमती मौर्या 19 मार्च को पूर्वाह्न 11ः00 बजे सर्किट हाउस में महिला जनसुनवाई करेंगी, जिसमें महिला संबंधित मामलों पर सुनवाई की जाएगी।

इसके बाद, वह महिला बंदी गृहों, बालिका और महिला गृहों और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण भी करेंगी। यह कार्यक्रम आयोग के सदस्य की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा।

महिला आयोग के इस कार्यक्रम से स्थानीय महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के संरक्षण और समस्याओं के समाधान में सहायता मिल सकेगी

ओ एन एकेडमी में हर्षोल्लास से मनाया गया रंगों का पर्व होली

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या।ओ एन एकेडमी में होली के शुभ अवसर पर विद्यालय परिसर रंगों की खुशबू और उल्लास से सराबोर हो गया। विद्यालय में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हर्षोल्लास के साथ एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली के आनंद को साझा किया। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों की उपस्थिति में बच्चों ने भाईचारे, प्रेम और सौहार्द्र के इस पर्व को पूरे उमंग और उत्साह के साथ मनाया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों को होली के धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर मार्गदर्शन देने से हुई। शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक भी है। इस अवसर पर बच्चों को होलिका दहन की पौराणिक कथा सुनाई गई और समझाया गया कि हमें जीवन में हमेशा सत्य और धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए।जैसे ही रंगों की होली शुरू हुई, विद्यालय का माहौल उल्लास से भर उठा। बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर अपनी खुशियों को साझा किया। पूरे परिसर में रंगों की बौछार से वातावरण मनमोहक हो गया। छात्रों ने मिलकर होली के पारंपरिक गीत भी गाए, जिससे आयोजन में और भी आनंद की अनुभूति हुई। विद्यालय के प्रांगण में बच्चों की खिलखिलाहट और रंगों की छटा ने होली के इस पर्व को अविस्मरणीय बना दिया।

इस मौके पर ओ एन एकेडमी के प्रबंधक धर्मपाल पांडे ने कहा, ÷होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह प्रेम, भाईचारे और सौहार्द्र का प्रतीक है। यह पर्व हमें सभी मतभेदों को भूलकर एकता और सद्भावना से रहने की प्रेरणा देता है। बच्चों के बीच इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों से न केवल उनका मनोबल बढ़ता है, बल्कि वे अपनी परंपराओं और मूल्यों से भी परिचित होते हैं। विद्यालय परिवार हमेशा प्रयासरत रहेगा कि छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की भी सीख मिले, ताकि वे बेहतर नागरिक बन सकें।÷

विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने समझाया कि होली खेलते समय हमें जल की बर्बादी से बचना चाहिए और हानिकारक रसायनिक रंगों के बजाय प्राकृतिक रंगों का उपयोग करना चाहिए, जिससे किसी को कोई नुकसान न हो। साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों को आपसी प्रेम और एकता का संदेश दिया, जिससे यह पर्व अपने असली स्वरूप में मनाया जा सके।

विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी छात्रों और शिक्षकों को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं और इस अवसर पर सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। अंत में, सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर समूह चित्र खिंचवाया और इस खूबसूरत क्षण को यादगार बना दिया। ओ एन एकेडमी में आयोजित यह होली उत्सव केवल रंगों की मस्ती तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विद्यार्थियों को हमारी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से भी जोड़ा। इस कार्यक्रम ने बच्चों के जीवन में खुशियों के रंग भर दिए और उन्हें भाईचारे, प्रेम और सौहार्द्र का महत्व समझाने का सुनहरा अवसर प्रदान किया। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी इस तरह के आयोजन करने की प्रतिबद्धता जताई, जिससे विद्यार्थी न केवल शिक्षित हों, बल्कि नैतिक मूल्यों को भी आत्मसात कर सकें।

सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव छठवीं बार नई दिल्ली में होंगे सम्मानित

अयोध्या । जनपद पुलिस उपनिरीक्षक और समाजसेवी ÷खाकी वाले गुरुजी÷ के नाम से प्रसिद्ध रणजीत यादव को भारतीय जन सेवा मिशन द्वारा 16 मार्च 2025 को नई दिल्ली में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। वे यह सम्मान अपने उत्कृष्ट कार्य और सेवा भावना के लिए प्राप्त करेंगे। देशभर के 40 प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को इस सम्मान से नवाजा जाएगा। रणजीत यादव ने 2021 से अयोध्या के जयसिंह वार्ड की मलिन बस्ती के 75 बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने का कार्य शुरू किया। इसके साथ ही बच्चों को आवश्यक सामग्री जैसे कॉपी, किताब, पेंसिल, वस्त्र, और चप्पल भी मुहैया कराए गए। इसके अलावा, उन्होंने इन बच्चों को भिक्षावृत्ति से बाहर निकालने के लिए उनके माता-पिता को जागरूक किया और 28 बच्चों का एडमिशन सरकारी स्कूल में करवाया।उनकी कड़ी मेहनत और समाज सेवा को देखते हुए अयोध्यावासी उन्हें सम्मानपूर्वक ÷खाकी वाले गुरुजी÷ के नाम से बुलाते हैं। रणजीत यादव ने इस पुरस्कार को अपने माता-पिता, गुरुजनों और मित्रों के आशीर्वाद का परिणाम बताया और स्कूल के सहयोगियों को धन्यवाद दिया।

51 प्रगतिशील किसान हुए सम्मानित

अयोध्या । मां कामाख्या धाम महोत्सव में आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व विधायक रामचंद्र यादव द्वारा प्रगतिशील किसान बुधराम, तुंग बहादुर सिंह,काशीराम,ऋषिकेश सिंह, राजेंद्र कुमार, जंग बहादुर, परमेश्वर प्रसाद, लल्लन, शेर बहादुर सिंह, सीमा,यशिमता, जमुना देवी, इंद्रकला किरण, उमाशंकर सिंह, बाबादीन, हरिभान, राजेश कुमार,जगन्नाथ, सत्रोहन, रामनरेश, शिव शंकर तिवारी, राममिलन, गया प्रसाद, राकेश कुमार, सहित अन्य किसानों को खेती के विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य को लेकर सम्मानित किया गया। महोत्सव न्यास के मुख्य संरक्षक बीजेपी विधायक रामचंद्र यादव ने महोत्सव के समापन पर क्षेत्रवासियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।जिसमे जिले से लेकर प्रदेश व देश के कई नामचीन कलाकार और नेता अभिनेता ने इस महोत्सव में आकर इस महोत्सव कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।जिसमें भोजपुरी के सुपर स्टार पवन से लेकर दिनेश लाल यादव निरहुआ ने भी महोत्सव के मंच पर अपनी प्रस्तुति दिए।सभी का धन्यवाद आभार।

मानदेय न दीपावली में न होली में कोई उम्मीद- अमरदीप गौड

10 ब्लाकों 6 माह व मसौधा मे 18 महीने से नहीं मिल सका रोज़गार सेवकों को मानदेय

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। ग्राम रोज़गार सेवक जो कि मनरेगा की रीड है जो 12 महीने काम निरंतर कराते हैं लेकिन मानदेय प्रतिमाह नहीं मिलता है ।दीपावली गुजर गयी है,होली आने वाली है ।6 महीने तो मसौधा मे 16 माह का मानदेय नहीं दिया गया है ।ऐसे में काम करने वाले रोज़गार सेवकों को मानदेय जनरेट 5 प्रतिशत कंटीजेंसी (प्रशासनिक मद) से दिया जाता है ।यह कंटीजेंसी मनरेगा के बजट पर निर्धारित होती है ।

ज़िले मे मनरेगा का लगभग लेबर बजट 4017474 हो चुका है जबकि श्रमिकों का 3 माह की मज़दूरी बाक़ी है । ऐसे में लगभ 96 करोड़ रूपये का 5 प्रतिशत कंटीजेंसी बननी चाहिए,जो विभाग से नहीं बनायी गयी है ।

23 मार्च तक सभी ब्लाको में तैयार प्रशासनिक मद से मानदेय के अतिरिक्त बची प्रशासनिक मद को ज़िले पर भेजने का शासनादेश है जिसमें स्पष्ट लिखा है कि यदि ग्राम रोज़गार सेवकों के मानदेय में प्रशासनिक मद की कमी होती है तो क्षेत्र पंचायत से व ज़िले के प्रशासनिक मद से सर प्लस कर सर्वप्रथम मानदेय का भुगतान किया जाए किन्तु अधिकारियों की उदासीनता के कारण रोज़गार सेवकों सहित मनरेगा कार्मिको का मानदेय बकाया रह जाता है ।

यदि प्रशासनिक मंद निर्धारित हो जाता तो सभी मनरेगा कर्मचारियों को मानदेय मिल सकता है ।

ज़िले में कई ब्लाको में प्रशासनिक मद के भुगतान में भी खेल हुआ है? ज़िले मे 663 रोज़गार सेवक हैं जिनके जिम्मे मनरेगा का कार्य है कड़ी मेहनत के बाद भी इन कर्मचारियों को मानदेय समय से नहीं दिया जाता है । रोज़गार सेवकों का मानदेय 10 हज़ार रुपये प्रतिमाह मानदेय है लेकिन इसमें से 2212 ईपीएफ (भाविष्य नीधि)मे कटने के बाद 7788 रूपये मानदेय दिया जाता है ।

मानदेय न मिलने से ईपीएफ की कटौती भी नहीं हो पाता है ।

ग्राम रोज़गार सेवक संघ के ज़िला अध्यक्ष अमरदीप गौड़ ने बताया कि समय से रोज़गार सेवकों को ही मानदेय नहीं मिलता है,

जबकि सभी कर्मचारी और अधिकारियों को समय पर वेतन मिलता रहता है । बिना मानदेय के कहा तक रोज़गार सेवक काम करेगे।

> कंटीजेंसी से रोज़गार सेवकों को मानदेय मिलता है,लेकिन 6 माह से प्रशासनिक मद में पैसा नहीं आया जो आया भी अधिकारियों के उदासीनता के कारण डोगल नहीं लग पाया ऐसे मे बिकास खण्ड हरिग्टनगंज मे 6 माह का मानदेय नहीं मिला है ।अब परिवार चलना भी मुश्किल हो गया है
>
> **सोनू आज़ाद ज़िला महामंत्री**

> प्रत्येक रोज़गार सेवक को मनरेगा मे श्रमिकों की संख्या बढ़ाने का लक्ष्य रहता है ।जब बेहतर कार्य कर दिया जाता है,तब भी मानदेय नहीं दिया जाता है,जबकि मनरेगा मे बजट खर्च करने मे यू.पी. देश में अव्वल है
>
> **रामू निषाद प्रदेश कोषाध्यक्ष**

> मानदेय न मिलने से ईपीएफ भी नहीं जमा हो सका है ।परेशानी तो हो ही रही है ।होली में ख़रीदारी करना भी मुश्किल है ।घर कैसे चलेगा,इसकी चिंता है,क्योंकि मानदेय मिले काफ़ी दिन हो गए हैं
>
> **शैलेंद्र कुमार तिवारी तारून ज़िला उपाध्यक्ष**

> आठ माह से मानदेय नहीं मिला है ।बच्चों की फ़ीस जमा नहीं हो पा रही हैं ।होली और ईद का त्योहार आ गया है और मानदेय मिलने की कोई सूचना नहीं है ।इसी तरह से दीपावली बीत गयी थी ,अब होली-ईद का त्योहार फीका ही बीतेगा
>
> **अमरदीप गौड़ ज़िला अध्यक्ष**
> **ग्राम रोज़गार सेवक संघ अयोध्या।**

मां कामाख्या धाम महोत्सव में किसानों को किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

रुदौली -अयोध्या । रूदौली विधानसभा में चल रहे सात दिवसीय माँ कामाख्या धाम महोत्सव के समापन पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही पहुचे कामाख्या धाम।कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व विधायक रामचंद्र यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।महोसत्व में आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी,जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित का महोत्सव न्यास के मुख्य संरक्षक विधायक रामचंद्र यादव व अध्यक्ष रविकांत तिवारी मोनू ने माता जी की प्रतिमा व चुनरी भेंटकर स्वागत किया।मुख्य अतिथि ने प्रगतिशील किसानों व कृषि विभाग द्वारा लगाए विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया।दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान गोष्ठी के समापन के अवसर पर कृषि मंत्री श्री शाही ने सपा सरकार पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि सपा सरकार में किसानों का दो साल तक भी गन्ना भुगतान नहीं होता था।और किसानों के करोड़ो रुपए का गन्ना भुगतान रुका हुआ था।बीजेपी सरकार ने सत्ता में आने के बाद सभी किसानों का समय पर गन्ने का भुगतान किया। गन्ना मीलों की क्षमता में वृद्धि की है। कृषि मंत्री ने कहा कि सपा सरकार में एमएसपी पर 7 मीट्रिक टन फसल की खरीदारी होती थी और हमारी सरकार ने एमएसपी पर 52 हजार मीट्रिक टन फसल की खरीदारी की, जिससे किसानों की आय दोगुनी हुई।

कृषि मंत्री ने बताया कि कृषि विभाग ने विगत वर्षों में किसानों को ज्वार, बाजरा, रागी,कोदो और सावा जैसी फसलों के मिनीकिट निःशुल्क वितरित किए। साथ ही, उन्होंने दलहन और तिलहन के उत्पादन और क्षेत्रफल में वृद्धि के निर्देश भी दिए। विधायक रामचंद्र यादव ने कहा सरकार किसानों को समृद्ध करने के लिए कई योजनाएं लेकर आई है, और किसानों को इनका भरपूर लाभ उठाना चाहिए। मेले में कृषि और सहकारी विभाग द्वारा विशेष स्टाल लगाए गए हैं, जो किसानों को नवीनतम तकनीकों और योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं।

जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्रा ने किसानों को धान, मोटा अनाज सहित विभिन्न फसलों की जानकारी दी।उन्होंने जैविक खेती और खरीफ फसलों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस दौरान सब्जी, सोलर पंप और कृषि को उन्नत बनाने के तरीकों पर भी चर्चा की गई। किसानों ने उत्साह के साथ मेले में भाग लिया और खेती-बाड़ी से संबंधित सवाल पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान किया।इस मौके पर कृषि विभाग के वैज्ञानिकों ने भी किसानों को विस्तृत जानकारी दिया।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व बीजेपी विधायक रामचंद्र यादव ने किसानों को ट्रैक्टर की चाभी,अनाज मिनी किट व उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों सहित प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया।माँ कामाख्या धाम महोसत्व न्यास के अध्यक्ष रविकांत तिवारी मोनू ने आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए सबका धन्यवाद ज्ञापित किया।इस मौके पर बीकापुर विधायक इन्द्रप्रताप तिवारी खब्बू जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सिंह आलोक ,उपनिदेशक पीके कन्नौजिया,जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र प्रताप सिंह,उपाध्यक्ष कमलेश यादव, संयोजक शीतला प्रसाद शुक्ला,अजय शुक्ला,तेज तिवारी,ड्रोन दीदी सबीना खातून,माधुरी सिंह,निर्मल शर्मा,आलोक चन्द्र यादव,सचिन कसौधन,राघवेंद्र शर्मा,राज किशोर सिंह, बब्बन शुक्ला,आशीष शर्मा,किशोरीलाल भारती,बृजेश यादव,आदि लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

किन्नर समाज की अपील, यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

बांदा। एआरटीओ प्रशासन ने जिले के लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए किन्नर समाज का सहयोग लिया। बुधवार को किन्नर समाज ने शहर के बाबूलाल चौराहा और कालूकुआं चौराहा में लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया।

किन्नर समज के लोगों ने बाबूलाल चौराहे और कालूकुआं चौराहे पर वाहन चालकों को हेलमेट लगाने, तीन सवारी न बैठाने, शराब, पीकर वाहन न चलाने, नाबालिग बच्चों से गाड़ी न चलवाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट उपयोग करने के लिए किन्नर समाज के द्वारा सभी अपील की गई। कहा गया कि अपने भाई, बहन, पति को जब वह घर से बाहर निकलें तो हेलमेट पहने की बात कहें। दो बस चालकों को ब्रीथ एनालाइजर मशीन से चेक किया गया कि वह नशे में तो नहीं हैं। किसी भी प्रकार का नशे का प्रयोग न करें। साथ ही होली के त्यौहार में ओवरलोड सवारी न भरें। अपने जीवन को सुरक्षित बनाएं। इस अभियान में शंकरजी सिंह के नेतृत्व में पीटीओ रामसुमेर यादव, यातायात प्रभारी अनूप दुबे, सुनील सक्सेना सदस्य जिला सड़क दुर्घटना समिति के साथ किन्नर समाज से अंजना, किशोरी बबली, मुन्नी, पूजा, वर्षा समेत किन्नर व आरटीओ विभाग, यातायात पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। एआरटीओ शंकरजी सिंह ने बताया कि जहां किन्नर समाज सभी को बधाई देने का कार्य करता है, उसी के अनुसार वे जहां-जहां भी बधाई देने जाते हैं, वहां पर हेलमेट व शील्ड बेल्ट लगाने लिए माता ,बहनों, बुजुर्गो, बच्चो को हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित करने का प्रयास करें, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और सरकार के द्वारा दुर्घटना में कमी लाने की योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके।

केन जल आरती में होली पर्व शांति से मनाने की अपील

बांदा। विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति और गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में केन जल आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान आरती में शामिल लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही शांतिपूर्ण तरीके से होली का त्योहार मनाए जाने का आह्वान किया।

विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति व गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में भूरागढ़ क्षेत्र के केन घाट पर प्रत्येक मंगलवार की भांति इस बार भी श्रद्धालुओं ने केन जल आरती संपन्न की। इस दौरान कार्यक्रम के पश्चात सभी को आगामी होली पर्व की बधाईयां प्रेषित की गईं। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी एवं मुंह मीठा कराया। समिति के जिलाध्यक्ष व गंगा समग्र के जिला संयोजक महेश कुमार प्रजापति ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए एक महत्वपूर्ण संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि होली पर्व को सभी शकुशल एक दूसरे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं और पानी बर्बाद न करें। कार्यक्रम में आम जनमानस को पानी के महत्व को बताते हुए इसे बर्बाद न करने की अपील की गई। साथ ही केन मां को स्वच्छ व संरक्षित रखने के लिए एक दूसरे का सहयोग देने के लिए सहमति जताई गई, जिससे सभी लोग मिलकर इस कार्य को और बेहतर बनाएंगे। इस दौरान कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मातृशक्ति पार्वती गुप्ता जिला अध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोष्ठ दीपक शुक्ला आरती देवी पुष्पा देवी रीना कश्यप विनीता कौशल किरण सेठी शिवानी सिंह गौतम वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक कुमार त्रिपाठी जीतू जिला सह प्रभारी आलोक कुमार निगम जिला उपाध्यक्ष आलोक प्रजापति प्रेमचंद गुप्ता नगर अध्यक्ष बृजकिशोर द्विवेदी नगर उपाध्यक्ष रामकरण पाल जिला प्रचार मंत्री रजनीश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

मुकदमे से परेशान युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी

बबेरू। दहेज उत्पीड़न के मुकदमे से परेशान युवक ने कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बबेरू कोतवाली क्षेत्र के पतवन गांव निवासी 26 वर्षीय सुशील पुत्र छिदद्दू ने मंगलवार की रात कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। रात करीब साढे नौ बजे बहन खाना लेकर पहुंची देखा तो दरवाजे बंद थे। उसने कुड़ी खटखटाई लेकिर अंदर से कोई हरकत नही हुई। बहन ने घर के बाहर बैठे पिता को दरवाजा न खोलने की जानकारी थी। पिता सीढी लगाकर छप्पर के ऊपर पहुंचा छप्पर हटा कर देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। परिजन छप्पर तोड़कर कमरे के अंदर पहुंचे फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे ले लिया। मृतक के पिता ने बताया कि उसकी शादी 2023 में हुई थी। उसकी पत्नी नीतू ने पिछले अगस्त माह में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराने के बाद मायके डिगवाही चली गई। सुशील दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। मुकदमो की तारीख के चलते वह बाहर कही कमाने के लिए नही जा पा रहा था। आए दिन पड़ने वाली तारीखो से वह खासा परेशान था। 19 मार्च को तारीख लगी थी। इसी तनाव के चलते उसने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

एक-दूसरे को लगाया गुलाल, बही फाग गीतों की बयार

बांदा। एकल विद्यालय और बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण संघर्ष समिति के संयुक्त अभियान के तहत बुधवार को ग्राम प्रेमपुर ब्लाक महुआ में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पूजन रमेशचन्द्र दुबे संयोजक बुन्देलखण्ड राज्य संघर्ष समिति अधिवक्ता अपर मुख्य अधिकारी व एकल विघालय अभिमान के तिन्दवारा संच के अध्यक्ष ने किया।अबीर और गुलाल से एकल विघालय के पदाधिकारी और ग्रमीण लोगों होली खेली और फाग गीत सुनाए। एकल विद्यालय अभियान के साथ बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण की आवश्कता में प्रकाश डाला गया। समारोह में महोबा अचल प्रमुख कौशल किशोर, गिरवां संच प्रमुख ओमप्रकाश, तिन्दवारा संच प्रमुख भगवानदीन, ग्राम समिति के सदस्य बच्चे और आचार्य उपस्थित रहे।

एक लाख 45 हजार से अधिक परिवारों को दी गई गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी

कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ कार्यक्रम का आयोजन, लखनऊ से हुआ सीधा प्रसारा दिखाया

»जल शक्ति राज्यमंत्री के अलावा आयुक्त, डीएम कार्यक्रम के दौरान रहे शामिल

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 145829 परिवारो को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस दौरान जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, मंडलायुक्त अजीत कुमार, डीएम जे. रीभा और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। लखनऊ लोक सभागार से कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया जिसे लाभार्थियों और अधिकारियों समेत जनप्रतिनिधियों ने देखा।

जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा गरीब व वंचित बचे लाभार्थियों को मुफ्त गैस सिलेण्डर होली के त्यौहार पर देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में इस योजना का शुभारम्भ किया गया था, जिससे गरीब महिलाओं को खाना बनाने में धुएं व अन्य होने वाली परेशानियों से मुक्ति मिल सके। बुधवार को 145829 लाभार्थियों को उनके खाते में फ्री उज्जवला गैस सब्सिडी रुपये 511 प्रति लाभार्थी ऑनलान माध्यम से दी गई। इस योजना से सभी पात्रों को बिना किसी भेदभाव के समान रूप से गैस सिलेण्डर निशुल्क दिये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के हितों में व उनको सशक्त बनाने के लिए कन्य सुमंगला योजना, मातृ वन्दना योजना, जननी सुरक्षा योजना, बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ योजना तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित अन्य योजनायें संचालित की हैं, जिनका लाभ गरीब व पात्र लोगों को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत आगामी अप्रैल माह से एक लाख रूपये की धनराशि दी जायेगी। जनपद में इस योजना के प्रथम चरण में 173650 लाभार्थियों को लाभ दिया जा चुका है। द्वितीय चरण में 73472 उज्जवला गैस कनेक्शन वितरित किये गये हैं। इस प्रकार जनपद में कुल 2,47,122 उज्जवला कनेक्शन लाभार्थियों को दिये गये हैं। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने संयुक्त रूप से उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 511 के डेमोचेक का वितरण किया।

उन्होंने धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर उपस्थित लोगों को धूम्रपान व तम्बाकू मुक्त बनाये रखने के महाभियान में सच्चे मन के साथ भाग लेने व व्यक्तिगत स्वास्थ्य व जन स्वास्थ्य के दृष्टिगत तम्बाकू का सेवन नही करने, अपने कार्यालयों को धूम्रपान व तम्बाकू मुक्त बनाये रखने के लिए संकल्प लेने की शपथ दिलायी।

इस मौके पर चेयरमैन मालती बासू, सीडीओ वेदप्रकाश मौर्य, अपर आयुक्त प्रशासन अमरपाल सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी उबैर्दुरहमान सहित योजना की पात्र महिला लाभार्थी मौजूद रहे।

धोखाधड़ी कर रुपया निकालने वाला मैनेजर प्रयागराज से गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। 60 हजार रुपये के बांड में धोखाधड़ी कर रुपये निकालने वाले फेंचाइजी के मैनेजर को कमासिन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब हो कि थाना कमासिन क्षेत्र के ग्राम पछौहा के रहने वाले प्रेमसागर पाण्डेय ने 22 मई 2024 को थाना कमासिन पर सूचना दी कि उसने 7 दिसंबर 20217 को एक बैंक फेन्चाइजी शाखा कमासिन से उसने 16-16 हजार रुपए के तीन बांड, 12 हजार रुपए का एक बाण्ड (कुल 60 हजार रुपये) खरीदा था। उसे बैंक फेन्चाइजी शाखा कमासिन के बैंक मैनेजर जगदीश प्रसाद यादव द्वारा 10 जनवरी 2019 को फर्जी तरीके से धनराशि निकाल ली गई। इस संबंध में थाना कमासिन में अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। थाना कमासिन पुलिस ने अभियुक्त को प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि अभियुक्त जगदीश प्रसाद यादव के विरुद्ध पूर्व में भी धोखाधड़ी व गबन के मामलें दर्ज हैं, वह जमानत पर चल रहा था। पुलिस टीम में थाना प्रभारी कमासिन अजीत प्रताप सिंह, दुर्विजय सिंह चौकी प्रभारी दांदौघट, कांस्टेबल हिमांशु सिंह मौजूद रहे।

लक्ष्मण शक्ति और रावण वध लीला का हुआ मंचन

बांदा। राघव सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय रामलीला के अंतिम दिन रामेश्वरम स्थापना, लक्ष्मण शक्ति व रावण वध का मंचन हुआ। रामलीला देखने को दर्शकों की भीड़ जुटी। रामलीला समापन पर दर्शकों ने आयोजन स्थल पर हर-हर महादेव व जय श्रीराम के जयकारे लगाए।

राघव सेवा समिति के तत्वाधान में महुआ ब्लाक क्षेत्र के पतौरा गांव में आयोजित रामलीला के अंतिम दिन सेतुबंध रामेश्वरम की स्थापना की लीला हुई। रामलीला में हनुमान जी सीता माता की खोज कर श्रीराम के पास आकर चूरामणि देते हैं। सुग्रीव श्रीराम के निर्देश पर वानर सेना को सुसज्जित कर लंका पर चढ़ाई करते है। समुद्र पार करने के लिए नल नील द्वारा डाले गए पत्थरों से समुन्द्र पर पुल का निर्माण करते है। विभीषण शरणागति होती है। सेतुबंध रामेश्वरम की स्थापना श्रीराम द्वारा की जाती है। रामलीला मैदान में आयोजित रामेश्वरम स्थापना के दौरान ग्राम प्रधान विनीता त्रिपाठी ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। इसके अलावा रामलीला में लक्ष्मण शक्ति लीला में कलाकारों की प्रस्तुतियां देखकर दर्शकों की आंखों नम हो गईं। तड़के रामलीला में रावण वध मंचन होते ही पूरा पंडाल जय श्रीराम व हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। राम की भूमिका आशीष द्विवेदी व लक्ष्मण का अभिनय रजनीश तिवारी ने निभाई। हास्य कलाकार की भूमिका योगेश तिवारी ने अदा की। राघव सेवा समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी ने सभी का आभार जताया। इस दौरान समिति कोषाध्यक्ष शिवकिशोर त्रिपाठी, पूर्व विधायक राजकरन कबीर, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेमस्वरूप द्विवेदी दद्दू, रामदेव दीक्षित समेत तमाम ग्रामीण व दर्शक उपस्थित रहे।

सुरक्षा के मामले में फेल साबित हो रही सरकार

पत्रकार राघवेंद्र की हत्या पर जताया दुख, राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार दुबे के नेतृत्व में बुधवार को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। कहा गया कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हो रहे प्राण घातक हमले बहुत ही दुखद हैं। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा वर्तमान सरकार सुरक्षा की दृष्टिकोण से फेल है, जिसका जीता जागता उदाहरण लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या है। उन्होंने कहा आए दिन प्रदेश के अंदर पत्रकारों का उत्पीड़न किया जा रहा है। इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में पत्रकार स्वतंत्र होकर अपना कार्य नहीं कर पा रहे। अगर किसी भ्रष्टाचार को उजागर किया जाता है तो उनकी हत्याएं तक कराई जा रही हैं। कांग्रेस पदाधिकारियों ने राज्यपाल से मांग की है कि परिवार की सुरक्षा की जाए और मृतक आश्रितों को एक करोड़ की आर्थिक सहायता दी जाए। मृतक परिजनों को सरकारी नौकरी देते हुए हत्यारोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। इस मौके पर शहर अध्यक्ष अफशाना शाह, महामंत्री सत्यप्रकाश द्विवेदी, संकटा प्रसाद त्रिपाठी, केपी सेन, अशोक वर्धन कर्ण आदि उपस्थित रहे।

पौधरोपण के लिए जमीन चिन्हित कर प्रस्तुत करें कार्ययोजना

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। जिला वृक्षारोपण समिति व जिला पर्यावरण समिति की बैठक में जिलाधिकारी जे. रीभा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पौधरोपण के लिए स्थलों का चयन करें और कार्ययोजना प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में नदियों के किनारे पौधरोपण कराया जाए। प्रतिबंधित प्लास्टिक व थर्माकोल को रोकने के लिए सघन चेकिंग की जाए।

बैठक को संबोधित करते हुए डीएम ने वर्ष 2025 में रोपित किये जाने वाले वृक्षारोपण के लक्ष्य के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण के लिए चयनिय स्थालों की सूचना शीघ्र जिला वनाधिकारी को वृक्षारोपण की कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करें। उन्होंने नदियों के किनारे वृक्षारोपण कराये जाने के संबंध में खण्ड विकास व राजस्व अधिकारियों को अपने क्षेत्र की नदियों के किनारे के गॉवों में वृक्षारोपण के लिए जमीन को चिन्हित करते हुए डीएफओ को सूचना उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सघन वृक्षारोपण के अन्तर्गत इण्टर कॉलेजों, प्राथमिक विद्यालयों में खाली भूमि में भी वृक्षारोपण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रतिबन्धित प्लास्टिक व थर्माकोल को रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही करते हुए सघन चेकिंग कराये जाने के निर्देश अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत व सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने आरआरसी सेन्टर को सुचारू रूप से संचालित कराते हुए कूडे का उचित निस्तारण कराये जाने के सम्बन्ध में डीपीआरओ को निर्देशित किया। उन्होंने बॉयो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेन्ट का भी उचित निस्तारण किये जाने के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सभी सरकारी अस्पतालों व अन्य चिकित्सालयों का बायो मेडिकल बेस्ट नियमित रूप से निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ठोस अपशिष्ट एवं प्लास्टिक अपशिष्ट के नियमानुसार प्रबन्धन हेतु समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत को निर्देश दिये। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अधिकारी को जनपद के प्रमुख नालों के पानी के प्रदूषण/बायोरैमिडिएशन की जांच किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये। उन्होंने ईओ व सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़क व नदी के किनारे कूड़े का डम्पिंग नही होना चाहिए। कूड़े का उचित निस्तारण कराया जाए। उन्होंने नदियों के किनारे जैविक व प्राकृतिक खेती किये जाने के लिए किसानों को जागरूक करने, नदी के किनारे गांवों में स्वच्छता अभियान चलाये जाने के भी निर्देश दिये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, जिला वनाधिकारी अरविंद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत व संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मंडल वासियों को आयुक्त ने दी बधाई

बांदा। चित्रकूटधाम मंडलायुक्त अजीत कुमार ने बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा जनपदवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी से होली का पर्व आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। कहा कि यह त्योहार प्रेम, सद्भावना और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जिसे हमें मिल-जुलकर उल्लासपूर्वक मनाएं। आयुक्त ने नागरिकों से आग्रह किया कि वह किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का पूरा सहयोग करें। साथ ही, उन्होंने अनुरोध किया कि होली खेलते समय प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें और अनावश्यक जल व ध्वनि प्रदूषण से बचें, ताकि यह पर्व सभी के लिए सुखद और आनंदमय बन सके।

उद्यमियों की समस्याओं के समाधान खोजेगी लघु उद्योग भारती

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। उद्यमियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर कार्य करने वाली लघु उद्योग भारती ने बुंदेलखंड क्षेत्र में अपने संगठन का विस्तार तेज कर दिया है। अभियान को गति देते हुए लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य की अगुवाई में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनपद में संगठन की मजबूती के लिए इकाई के शीघ्र गठन पर जोर दिया गया।

शहर के पीली कोठी स्थित एक होटल में आयोजित लघु उद्योग भारती की बैठक में सर्वसम्मति से शहर के व्यवसायी सुरेश गुप्ता कान्हा को जिला संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। शीघ्र ही जिले की कार्यकारिणी का ऐलान करने की नसीहत दी गई। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य लाड़ली जी ने बताया कि लघु उद्योग भारती लघु उद्योगों के विकास और उद्यमियों की समस्याओं के समाधान पर काम करता है। उनका संगठन सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगों के हित में काम करता है और लघु उद्योगों को सशक्त बनाने के साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करता है। कानपुर महिला विंग की अध्यक्ष सुभाषिनी खन्ना ने बताया कि संगठन उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पुरजोर प्रयास करता है और समस्याओं का हल कराकर ही दम लेता है। उन्होंने बुंदेलखंड क्षेत्र में संगठन की मजबूती का आह्वान करते हुए यहां उद्यमियों को आगे आने की अपील की। कहा कि बुंदेलखंड में उद्योगों की असीम संभावनाएं हैं और देश-प्रदेश की सरकारें भी बुंदेलखंड को उद्योग हब बनाने की ओर अग्रसर हैं। ऐसे में इस क्षेत्र में उद्योगों के विकास और उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण के लिए संगठन की मजबूती बहुत आवश्यक है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र मुर्जानी, कानपुर संभाग अध्यक्ष अमन घई, कानपुर अध्यक्ष संदीप अरोड़ा, इंडस्ट्री एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डा.मनोज कुमार शिवहरे, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अमित सेठ भोलू, सुनील सिंह गौतम, ऋषिमोहन गुप्ता, श्यामकृष्ण ओमर, अंजू दमेले, संजय ओमर आदि शामिल रहे।

पिता पुत्र समेत चार पर कुल्हाड़ी से हमला

बांदा। जमीन में कब्जा करने को लेकर हुए विवाद में खानदानियो ने पिता पुत्र समेत चार लोगो के ऊपर कुल्हाड़ी और लाठी से हमला कर दिया। जिससे सभी लोग घायल हो गए। शोर गुल सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसियो ने किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस ने घायलो का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया है।

कमासिन थाना क्षेत्र के अमलोखर गांव निवासी जोगजीत पुत्र रामकिशोर की खेत में एक बीघा की बंधी है। उस पर पारिवारिक भाई श्रीनारायन जबरन निर्माण करवा रहा था। बुधवार को जोगजीत को जानकारी हुई। वह खेत पहुंच गया। निर्माण कर रहे श्रीनारायन को मना किया। इसी बात को लेकर दोनो में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया। कि चार लोगो ने 48 वर्षीय जोगजीत के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। पिता को पिटता देख 20 वर्षीय पुत्र शुभम, 17 वर्षीय भतीजा शिवम पुत्र सुशील, 40 वर्षीय सुशील पुत्र रामकिशोर बचाने आए तो उनके ऊपर भी कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे सभी लोग लहूलुहान हो गए। शोर गुलसुनकर खेतो में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंच गए। किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत करा दिया। सभी घायलो को पीएचसी कमासिन लाया गया। हालत ठीक न होने पर सभी घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है।